# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2023-2024)

कक्षा : बारहवीं

# राजनीति विज्ञान

मार्गदर्शनः

**श्री अशोक कुमार**

सचिव (शिक्षा)

**श्री हिमांशु गुप्ता**

निदेशक (शिक्षा)

**डा० रीता शर्मा**

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*समन्वयक:*

| श्री संजय सुभाष कुमार | श्रीमती रितु सिंघल | श्री राज कुमार | श्री कृष्ण कुमार |
|---|---|---|---|
| उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) |

उत्पादन मंडल

अनिल कुमार शर्मा

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में राजेश कुमार, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स अरिहन्त ऑफसेट, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

अशोक कुमार ,भा.प्र.से
सचिव ( शिक्षा )
**ASHOK KUMAR, IAS**
**Secretary (Education)**

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890187 टेलीफैक्स: 23890119
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187, Telefax : 23890119
e-mail : secyedu@nic.in

D.O. NO. : DE.5/228/Exam/Message/SM/2018/1095
Dated : 24.11.2023

## Message

**"Children are like wet cement, whatever falls on them makes an impression."**

**Haim Ginott**

Embracing the essence of this quote, the Directorate of Education, GNCT of Delhi is unwavering in its commitment to its core mission of delivering high-quality education to all its students. With this objective in mind, DoE annually develops support materials meticulously tailored to suit the learning needs of students from classes IX to XII.

Every year, our expert faculty members shoulder the responsibility of consistently reviewing and updating the Support Material to synchronize it with the latest changes introduced by CBSE. This continuous effort is aimed at empowering students with innovative approaches and techniques, fostering their problem-solving skills and critical thinking abilities. I am confident that this year will be no exception, and the Support Material will greatly contribute to our students' academic success.

The support material is the result of unwavering dedication of our team of subject experts. The Support Material has been specially curated for our students, with the belief that its thoughtful and intelligent utilization will undoubtedly elevate the standards of learning and will continue to empower our students to excel in their examinations.

I wish to congratulate the entire team for their invaluable contribution in creating a highly beneficial and practical Support Material for our students.

I extend my best wishes to all our students for a promising and bright future.

24.11.23

**(Ashok Kumar)**

**HIMANSHU GUPTA, IAS**
Director, Education & Sports

No. PS/DE/2023/349
Dated: 29/11/2023

सत्यमेव जयते

Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi
Room No. 12, Civil Lines
Near Vidhan Sabha,
Delhi-110054
Ph.: 011-23890172
E-mail : diredu@nic.in

**MESSAGE**

It brings me immense pleasure to present the support material for students of classes IX to XII, meticulously crafted by our dedicated subject experts. Directorate of Education is committed to empower educators and students alike by providing these resources free of cost for students of all government and government aided schools of Delhi.

The support material is an appreciable effort to align the content with the latest CBSE patterns. It has been carefully designed as a resource to facilitate the understanding, acquisition and practice of essential skills and competencies outlined in the curriculum.

The core of this support material lies in providing a framework for adopting an analysis-based approach to learning and problem-solving. It aims to prompt educators to reflect on their teaching methodologies and create an interactive pathway between the child and the text.

In the profound words of Dr A.P.J. Abdul Kalam, **"Educationists should build the capacities of the spirit of inquiry, creativity, entrepreneurial and moral leadership among students and become their role model."**

The journey of education is ongoing; it's the process, not just the outcome, which shapes us. This support material endeavours to be that catalyst of change for eachstudent of Directorate of Education.

Let us embark on this transformative journey together, ensuring that every student feels equipped not only with the knowledge but also, with the skills and mindset to thrive in the 21st century.

I wish you all the best for all your future endeavours.

**(HIMANSHU GUPTA)**

**Dr. RITA SHARMA**
Additional Director of Education
(School/Exam)

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Ph.: 23890185

D.O. No. DE.5/228/Exam/Message/SM/2018/1096
Dated: 24.11.2023

## MESSAGE

The persistent efforts of the Directorate in making the course material more accessible and student-friendly are evident in the conscientious preparation of the Support Material. Our team consistently adapts to the evolving educational landscape, ensuring that the Support Material for the various subjects of classes 9 to 12 align with the latest CBSE guidelines and syllabi prescribed for the annual examinations.

The Support Material encapsulates crucial subject-specific points and facts, tailored to suit the students, all presented in a lucid language. It is our firm belief that these resources will significantly augment the academic prowess of our students, empowering them to excel in their upcoming examinations.

I extend my heartfelt congratulations to the diligent officials and teachers whose dedication and expertise have played a pivotal role in crafting this invaluable content/resource.

I convey my best wishes to all our students for a future brimming with success. Remember, every page you read is a step towards an enlightened tomorrow.

Rita Sharma

**(Dr Rita Sharma)**

शिक्षा निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## सहायक सामग्री
## ( 2023-2024)

# राजनीति विज्ञान

## कक्षा : बारहवीं

## (हिन्दी माध्यम)

निःशुल्क वितरण हेतु

---

दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

# भारत का संविधान

*भाग 4क*

# नागरिकों के मूल कर्तव्य

**अनुच्छेद 51 क**

**मूल कर्तव्य** - भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हों;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू सके; और

(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# Constitution of India

Part IV A (Article 51 A)

# Fundamental Duties

It shall be the duty of every citizen of India —

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wildlife and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

*(k) who is a parent or guardian, to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

---

**Note:** The Article 51A containing Fundamental Duties was inserted by the Constitution (42nd Amendment) Act, 1976 (with effect from 3 January 1977).

*(k) was inserted by the Constitution (86th Amendment) Act, 2002 (with effect from 1 April 2010).

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1][**संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य**] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में**

व्यक्ति की गरिमा और [2][**राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता**] सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

---

1. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''राष्ट्र की एकता'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।

# Support Material : 2023-24

## Class-12

## Subject : Political Science (028)

## Team Members of Review Committee

| S.No. | Name | Designation | School | School ID |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Ms. Anju Kumari** (Group Leader) | **Vice Principal** | **SKV B-3, Paschim Vihar, Delhi -110063** | **1617011** |
| 2. | **Dr. Shaifali Gupta** | Lecturer Political Science | SKV Mandoli, Delhi -110093 | 1106019 |
| 3. | **Ms. Madhu Bahuguna** | Lecturer Political Science | SKV Anand Vihar, Delhi - 110092 | 1001009 |
| 4. | **Ms. Nidhi Agarwal** | Lecturer Political Science | RPVV B-1, Vasant Kunj, Delhi -110070 | 1720031 |
| 5. | **Ms. Swati Walia** | Lecturer Political Science | SV FU Block Pitampura Delhi-110034 | 1411008 |
| 6. | **Sh. Pradeep Kumar** | Lecturer Political Science | SBV B-27, Trilokpuri, Delhi-110091 | 1002177 |
| 7. | **Ms. Shahina Faiz** | Lecturer Political Science | SKV Bulbuli Khana, Delhi-110006 | 2127021 |

**शिक्षा निदेशालय**
**पाठ्यक्रम (सत्र: 2023-24)**
**कक्षा-12**
**विषय- राजनीति विज्ञान (028)**

| अध्याय संख्या | पाठ्यक्रम सामग्री |
|---|---|
| | **भाग- ए : समकालीन विश्व राजनीति** |
| | **परियोजना कार्य (Project work) की तैयारी।** |
| 1. | **दो ध्रुवीयता का अंत**<br>सोवियत प्रणाली। गोर्बचेव और विघटन। सोवियत संघ के विघटन के कारण और परिणाम। शॉक थेरपी और इसके परिणाम। विश्व राजनीति में नई संस्थाएं-रूस, बाल्कन राज्य, मध्य एशियाई राज्य, भारत के रूस और पूर्व साम्यवादी देशों के साथ संबंध। |
| 2. | **सत्ता के समकालीन केंद्र**<br>यूरोपीयन संघ। दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ (आसियान)। एक आर्थिक शक्ति के रूप में चीन का उदय। अन्य पूर्व साम्यवादी देशों के साथ संबंध। |
| 3. | **समकालीन दक्षिण एशिया**<br>पाकिस्तान और बांग्लादेश में सेना और लोकतन्त्र। नेपाल में राजशाही और लोकतन्त्र। श्रीलंका में जातीय संघर्ष और लोकतन्त्र। भारत-पाकिस्तान संघर्ष। भारत और इसके पड़ोसी देश। शांति और सहयोग। |
| 4. | **अंतर्राष्ट्रीय संगठन**<br>अंतर्राष्ट्रीय संगठन का अर्थ और महत्व। संयुक्त राष्ट्र का विकास। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की संरचना और कार्य। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग। शीत युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र में सुधार। संयुक्त राष्ट्र की संरचनाओं, प्रक्रियाएँ और क्षेत्राधिकार में सुधार। भारत और संयुक्त राष्ट्र सुधार। प्रमुख एजेंसियाँ- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतर्राष्ट्रीय आणविक ऊर्जा एजेंसी, गैर-सरकारी संगठन-एमनेस्टी इंटरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का निहितार्थ और भविष्य। |
| 5. | **समकालीन विश्व में सुरक्षा**<br>सुरक्षा का अर्थ और प्रकार। सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा। सुरक्षा की गैर-पारंपरिक अवधारणा। खतरे के नए स्रोत। सहयोगात्मक सुरक्षा। भारत की सुरक्षा की रणनीति। |
| 6. | **पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन**<br>पर्यावरण संबंधी चिंताएँ। ग्लोबल कॉमन्स। सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व। भारत का पर्यावरण के मुद्दों पर रुख। पर्यावरणीय आंदोलन। भू-संसाधनों की राजनीति। मूल निवासियों के अधिकार। |
| 7. | **वैश्वीकरण**<br>वैश्वीकरण की अवधारणा, वैश्वीकरण के कारण और परिणाम। भारत और वैश्वीकरण। वैश्वीकरण का प्रतिरोध। भारत और वैश्वीकरण का प्रतिरोध। |

| | भाग-बी: स्वतंत्र भारत में राजनीति |
|---|---|
| 1. | **राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ**<br>नए राष्ट्र के लिए चुनौतियाँ- तीन चुनौतियाँ, विभाजन: विस्थापन और पुनर्वास- विभाजन के परिणाम। रियासतों का एकीकरण-समस्या, सरकार का दृष्टिकोण, हैदराबाद, मणिपुर। राज्यों का पुनर्गठन। |
| 2. | एक दल के प्रभुत्व का दौर<br>लोकतन्त्र के निर्माण की चुनौती, पहले तीन आम चुनावों में काँग्रेस का दबदबा-काँग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, सामाजिक और वैचारिक गठबंधन के रूप में काँग्रेस, गुटों में सहिष्णुता और प्रबंधन। विपक्षी दलों का उदय। |
| | • पाठ्यक्रम से योग्यता आधारित बहु-विकल्पीय/ केस स्टडी आधारित / स्रोत आधारित/ कार्टून और मानचित्र आधारित कार्य कराना अपेक्षित है।<br>• **15 सितम्बर 2023** तक मध्यावधि परीक्षा का पाठ्यक्रम पूरा किया जाना.<br>• पुनरावृत्ति<br>• मध्यावधि परीक्षा<br>• मध्यावधि प्रश्नपत्र पर चर्चा |
| 3. | **नियोजित विकास की राजनीति**<br>राजनीतिक प्रतिद्वंदिता - विकास के विचार, नियोजन, योजना आयोग, प्रारम्भिक पहल- प्रथम पंचवर्षीय योजना, तीव्र औद्योगीकरण। |
| 4. | **भारत के विदेश संबंध**<br>अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ, गुट-निरपेक्षता की नीति- नेहरू की भूमिका, दो गुटों से दूरी, अफ्रीकी-एशियाई एकता। चीन के साथ शांति और संघर्ष, 1962 में चीन का आक्रमण, पाकिस्तान के साथ युद्ध और शांति, बांग्लादेश युद्ध 1971, भारत की परमाणु नीति। |
| 5. | **काँग्रेस प्रणाली: चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना**<br>राजनीतिक उत्तराधिकार की चुनौती- नेहरू से शास्त्री तक, शास्त्री से इन्दिरा गांधी तक। 1967 का चौथा आम चुनाव-चुनाव का संदर्भ, गैर-काँग्रेसवाद-चुनावी फैसले, गठबंधन, दलबदल। काँग्रेस में विभाजन- इन्दिरा बनाम सिंडिकेट, 1969 का राष्ट्रपति चुनाव। 1971 का चुनाव और काँग्रेस की पुनर्स्थापना-पुनर्स्थापना के बाद के परिणाम। |
| 6. | **लोकतान्त्रिक व्यवस्था का संकट**<br>आपातकाल की पृष्ठभूमि-आर्थिक संदर्भ, गुजरात और बिहार के आंदोलन, न्यायपालिका के साथ संघर्ष। आपातकाल की घोषणा-संकट और प्रतिक्रिया, परिणाम। आपातकाल के सबक। आपातकाल के बाद की राजनीति-1977 के लोक सभा चुनाव, जनता सरकार, विरासत। |
| 7. | **क्षेत्रीय आकांक्षाएँ**<br>क्षेत्र और राष्ट्र-भारतीय दृष्टिकोण, तनाव के क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर, समस्या की जड़ें, बाहरी और आंतरिक विवाद, 1948 से राजनीति, उग्रवाद -2022 के बाद। पंजाब-राजनीतिक संदर्भ, हिंसक-चक्र, शांति का मार्ग। पूर्वोत्तर-स्वायत्ता की मांग, अलगाववादी आंदोलन, बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन, असम और राष्ट्रीय एकीकरण। |

| | |
|---|---|
| 8. | **भारतीय राजनीति : नए बदलाव**<br>1990 का संदर्भ, गठबंधन का युग-गठबंधन की राजनीति। पिछड़े वर्ग का राजनीतिक उदय- मंडल आयोग का लागू किया जाना, राजनीतिक नतीजे, साम्यवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतन्त्र-अयोध्या विवाद, विध्वंस और उसके बाद। नई सहमति का उदय, 2004 का लोक सभा चुनाव, बढ़ती सहमति। |
| | • पाठ्यक्रम से योग्यता आधारित बहु-विकल्पीय/ केस स्टडी आधारित / स्रोत आधारित/ कार्टून और मानचित्र आधारित कार्य कराना अपेक्षित है\|<br>• **दिसम्बर 2023** तक वार्षिक परीक्षा का पाठ्यक्रम पूरा किया जाना.<br>• पुनरावृत्ति<br>• परियोजना कार्य (Project Work) के मूल्यांकन के लिए परियोजना कार्य और मौखिक परीक्षा की तैयारी।<br>• प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी।<br>• प्री-बोर्ड परीक्षा पर चर्चा।<br>• वार्षिक परीक्षा की तैयारी। |

**संदर्भित पुस्तकें:**

1.समकालीन विश्व राजनीति, कक्षा-12, NCERT द्वारा प्रकाशित।

2.स्वतंत्र भारत में राजनीति, कक्षा-12, NCERT द्वारा प्रकाशित।

3. CBSE की वेबसाईट पर दी गयी संदर्भित सामग्री (Reference Material)।

**नोट:**

- संदर्भित सामग्री (Reference Material) कक्षा में प्रयोग के लिए है। बोर्ड की परीक्षाओं में इससे मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- अधिक जानकारी के लिए दिये गए लिंक पर क्लिक करें या क्यू आर कोड का प्रयोग करें।

https://drive.google.com/file/d/1fsW65xFgwM[illegible]/view?usp=sharing
https://cbseacademic.nic.in/web_material/Curriculum/Main24/SrSec/PoliticalScience_SrSec_2023-24.pdf

तर्कसंगत 2023-24 एनसीआरटी राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों के लिए लिंक:
https://ncert.nic.in/textbook.php?lhps1=1-7
https://ncert.nic.in/textbook.php?lhps2=0-8

**कक्षा-12**
**पाठ्यक्रम संरचना**
**विषय- राजनीति विज्ञान (028)**

| अध्याय संख्या | भाग- ए : समकालीन विश्व राजनीति | अंक |
|---|---|---|
| 1. | दो ध्रुवीयता का अंत | 6 |
| 2. | सत्ता के समकालीन केंद्र | 6 |
| 3. | समकालीन दक्षिण एशिया | 6 |
| 4. | अंतर्राष्ट्रीय संगठन | 6 |
| 5. | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 6 |
| 6. | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 6 |
| 7. | वैश्वीकरण | 4 |
| | **Total** | **40** |
| | **भाग-बी: स्वतंत्र भारत में राजनीति** | |
| 1. | राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ | 6 |
| 2. | एक दल के प्रमुत्व का दौर | 4 |
| 3. | नियोजित विकास की राजनीति | 2 |
| 4. | भारत के विदेश संबंध | 6 |
| 5. | काँग्रेस प्रणाली: चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना | 4 |
| 6. | लोकतान्त्रिक व्यवस्था का संकट | 4 |
| 7. | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ | 6 |
| 8. | भारतीय राजनीति : नए बदलाव | 8 |
| | **Total** | **40** |
| | **Grand Total** | **80** |

**Project Work-20 Marks**

## प्रश्न–पत्र डिजायन

| क्र.सं. | दक्षतायें | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान और स्मरणः पहले सीखी गई सामग्री को याद करके स्मृति प्रदर्शित करें<br>तथ्य, शर्तें, बुनियादी अवधारणाएँ। | 22 | 27.5% |
| 2. | समझः आयोजन, तुलना, व्याख्या करके तथ्यों और विचारों को समझना,<br>मुख्य विचारों का वर्णन करना और बताना। | 24 | 30% |
| 3. | लागू करनाः एक स्थिति की व्याख्या करने के लिए अधिग्रहीत ज्ञान, तथ्यों को लागू करके<br>समस्याओं को हल करें/<br>कार्टून/कतरन/स्रोत/मानचित्र | 22 | 27.5% |
| 4. | विश्लेषण और मूल्यांकनः वर्गीकृत करें, तुलना करें, विपरीत करें या बीच में अंतर करें<br>सूचना का भागः विभिन्न स्रोतों से व्यवस्थित ओर/या एकीकृत करें; परीक्षण करना,<br>जानकारी को भागों में संश्लेषित करें और उद्देश्यों या कारणों की पहचान करें। अनुमान लगाओ<br>और खोजो<br>सामान्यीकरण का समर्थन करने के लिए साक्ष्य। | 12 | 15% |
| | | 80 | 100% |

नोटः शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए योग्यता आधारित प्रश्न बारहवीं कक्षा में 40% होंगे

| किताब | उद्देश्य टाइप/एमसीक्यू (1 अंक) | लघु उत्तरीयो टाइप-I (2 अंक) | लघु उत्तरीय टाइप-II (4 अंक) | पेसेज/मानचित्र/ कार्टून आधरित (4 अंक) | दीर्घ उत्तरीय टाइम (6 अंक) | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तक 1 समकालीन विश्व राजनीति | 6 | 3 | 3 | 1 | 2 | 40 |
| पुस्तक 2 स्वतंत्र भारत में राजनीति | 6 | 3 | 2 | 2 (कार्टून और नक्शा) | 2 | 40 |
| पोजंक्ट अंक | | | | | | 20 |
| | 1 × 12 = 12 | 2 × 6 = 12 | 4 × 5 = 20 | 4 × 3 = 12 | 6 × 4 = 24 | 80+20=100 |

- विकल्पों की योजना:
  - प्रश्न पत्र पांच भागों (ए, बी, सी, डी और ई) में होगा। भाग सी (लघु उत्तर प्रकार II) में एक आंतरिक विकल्प होगा एक या दो प्रश्न) और भाग-इ (उत्तरीय प्रश्नों) के सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प होगा।
  - शिक्षार्थियों की विभिन्न मानसिक क्षमताओं का आकलन करने के लिए, प्रश्न पत्र पर आधारित प्रश्नों को शामिल करने की संभावना है

    मार्ग, दृश्य जैसे नक्शे, कार्टून। प्लस में दी गई जानकारी पर कोई तथ्यात्मक सवाल नहीं पूछा जाएगा पाठ्यपुस्तकों में (+) बॉक्स।
  - नक्शा प्रश्न पुस्तक 2 (आजादी के बाद से भारत में राजनीति) के किसी भी पाठ से लिया जा सकता है। लेकिन अध्यायों का भार सबक अपरिवर्तित रहना चाहिए।
  - कार्टून और पेसेज आधारित प्रश्न किसी भी पाठ्यपुस्तक से पूछे जा सकते हैं, लेकिन पाठों का वेटेज अपरिवर्तित होना चाहिए।

# विषय सूची


| क्र. सं. | विषय वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | पाठ्यक्रम एवं प्रश्न-पत्र डिज़ायन | xiv-xx |
| | **भाग-एः समकालीन विश्व राजनीति** | |
| 1. | दो ध्रुवीयता का अंत | 3 |
| 2. | सत्ता के समकालीन केंद्र | 17 |
| 3. | समकालीन दक्षिण एशिया | 38 |
| 4. | अंतर्राष्ट्रीय संगठन | 59 |
| 5. | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 77 |
| 6. | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 91 |
| 7. | वेश्वीकरण | 106 |
| | **भाग – बीः स्वतंत्र भारत में राजनीति** | |
| 1. | राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ | 120 |
| 2. | एक दल के प्रमुत्व का दौर | 136 |
| 3. | नियोजित विकास की राजनीति | 148 |
| 4. | भारत के विदेश संबंध | 155 |
| 5. | काँग्रेस प्रणालीः चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना | 173 |
| 6. | लोकतान्त्रिक व्यवस्था का संकट | 190 |
| 7. | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ | 207 |
| 8. | भारतीय राजनीतिः नए बदलाव | 221 |
| • | सी. बी. एस. ई. द्वारा दी गई संदर्भित सामग्री | 237 |
| • | सी. बी. एस. ई. आदर्श प्रश्न पत्र-(2023-24) हल सहित | 257 |
| • | अभ्यास प्रश्न पत्र-1 (हल सहित) | 270 |
| • | अभ्यास प्रश्न पत्र-2 | 284 |

# राजनीति विज्ञान

कक्षा – बारहवीं

# समकालीन विश्व राजनीति

प्रथम पुस्तक

## भाग - 1

अध्याय – 1

# दो ध्रुवीयता का अंत

- ★ शीत युद्ध के प्रतीक को दर्शाती वर्ष 1961 में बनी बर्लिन की दीवार को 9 नवंबर 1989 को जनता के द्वारा गिरा दिया गया।
- ★ 25 दिसंबर 1991 को सोवियत संघ का विघटन 15 गणराज्यों के रूप में हो गया।

## सोवियत संघ का जन्म, सोवियत व्यवस्था (प्रणाली)

- ★ वर्ष 1917 की रूसी बोल्शेविक क्रांति के बाद समाजवादी सोवियत गणराज्य संघ अस्तित्व में आया।
- ★ सोवियत संघ में समतावादी समाज के निर्माण के लिए एक केंद्रीकृत योजना, राज्य के नियंत्रण पर आधारित और साम्यवादी दल द्वारा निर्देशित व्यवस्था सोवियत प्रणाली के नाम से पहचानी गई।

## सोवियत प्रणाली की विशेषताएं–

- ★ सोवियत प्रणाली पूंजीवादी व्यवस्था के विरोध तथा समाजवाद के आदर्शों से प्रेरित थी।
- ★ सोवियत प्रणाली में नियोजित अर्थव्यवस्था थी।
- ★ साम्यवादी पार्टी का दबदबा था।
- ★ न्यूनतम जीवन स्तर की सुविधा सभी नागरिकों को उपलब्ध थी।
- ★ बेरोजगारी का अभाव था।
- ★ उन्नत संचार प्रणाली।
- ★ मिल्कियत का प्रमुख रूप राज्य का स्वामित्व।
- ★ उत्पादन के साधनों पर राज्य का नियंत्रण।

## दूसरी दुनिया

पूर्वी यूरोप के देशों को समाजवादी प्रणाली की तर्ज पर ढ़ाला गया था, इन समाजवादी देशों को ही दूसरी दुनिया की संज्ञा दी गई।

**मिखाईल गोर्वाचेव और सुधार–** 1980 के दशक में मिखाईल गोर्वाचेव ने राजनीतिक सुधारों तथा लोकतांत्रिकरण को अपनाया। मिखाईल गोर्वचिव ने पुनर्रचना (पेरेस्ट्रोइका) ओर खुलेपन (ग्लास्नोस्त) के नाम से आर्थिक सुधार लागू किए।

सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा– 25 दिसंबर 1991 में वोरिस येल्तसिन के नेतुत्व में पूर्वी यूरोप के देशों ने तथा रूस, यूक्रेन एवं बेलारूस ने सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा की।

**स्वतंत्र राज्यों का राष्ट्रकुल (CIS)**

सोवियत संघ के विघटन के बाद 15 नए देशों का उदय हुआ और इन सभी देशों ने एक अंतः–सरकारी संगठन का निर्माण किया जिसकी सदस्यता स्वेच्छिक थी, इसे ही स्वतंत्र राज्यों का राष्ट्रकुल (CIS) कहा गया। यह एक ऐसा संघ है जो अपने सदस्य देशों के बीच व्यापार, श्रम और वस्तुओं की आवाजाही बनाए रखता है।

**एक ध्रुवीय विश्व–** वर्ष 1991 में सोयित संघ के विघटन के बाद विश्व में एकमात्र महाशक्ति के रूप में अमेरिका ही बचा रहा और सभी शक्तियों का केंद्रीकरण अमेरिका के इर्द-गिर्द होने लगा। इस तरह से विश्व एक ध्रुवीय विश्व में परिवर्तित हो गया। एक ध्रुवीय विश्व के बनने के बाद कई सारे परिणाम देखने को मिले जैसे अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संबंधों में बदलाव, पूंजीवादी व्यवस्था का प्रचार-प्रसार, साम्यवादी व्यवस्था का कमजोर होना, उदारवादी लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत होना इत्यादि।

**सोवियत संघ के विघटन के प्रमुख कारण**

★ नागरिकों की आकांक्षाओं का पूरा ना हो पाना।

★ सोवियत प्रणाली पर नोकरशाही का शिकंजा।

★ साम्यवादी पार्टी का राजनीति पर अंकुश।

★ संसाधनों का अधिकतम उपयोग परमाणु हथियारों पर।

★ प्रोद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में पश्चिम के देशों की तुलना में पीछे होना।

★ रूस का वर्चस्वशाली होना।

★ गोर्वाचेव द्वारा किए गए सुधारों का विरोध होना।

★ अर्थव्यवस्था का गतिरूद्ध होना और उपभोक्ता वस्तुओं की कमी।

* राष्ट्रवादी भावनाओं और संप्रभुता की इच्छा का उभार।
* सोवियत प्रणाली का सत्तावादी होना।
* साम्यवादी पार्टी का जनता के प्रति जवाबदेह ना होना।

**सोवियत संघ के विघटन के परिणाम**

* शीत युद्ध का संघर्ष समाप्त हो गया।
* एक ध्रुवीय विश्व अर्थात अमेरिकी वर्चस्व का उदय।
* हथियारों की होड़ की समाप्ति।
* सोवियत गुट का अंत और 15 नए देशों का उदय।
* रूस सोवियत संघ का उत्तराधिकारी बना।
* विश्व राजनीति में शक्ति संबंधों में परिवर्तन।
* समाजवादी विचारधारा पर प्रश्नचिन्ह लग गया।
* पूंजीवादी उदारवादी व्यवस्था का वर्चस्व।

**शॉक थेरेपी–** शॉक थेरेपी का शाब्दिक अर्थ है आघात पहुंचा कर उपचार करना। साम्यवाद के पतन के बाद पूर्व सोवियत संघ के गणराज्य एक सत्तावादी समाजवादी व्यवस्था से लोकतांत्रिक पूंजीवादी व्यवस्था तक के कष्टप्रद संक्रमण से हाकर गुजरे। रूस, मध्य एशिया के गणराज्य और पूर्वी यूरोप के देशों में पूंजीवादी की ओर संक्रमण का एक खास मॉडल अपनाया गया जिसे शॉक थेरेपी कहा गया। यह मॉडल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक द्वारा निर्देशित था।

**शॉक थेरेपी की विशेषताएं**

* मिल्कियत का प्रमुख रूप निजी स्वामित्व।
* राज्य की संपदा का निजीकरण।
* सामूहिक फार्म की जगह निजी फार्म।
* मुक्त व्यापार व्यवस्था को अपनाना।
* मुद्राओं की आपसी परिवर्तनीयता।
* पश्चिमी देशों की आर्थिक व्यवस्था से जुड़ाव।

* पूंजीवाद के अतिरिक्त किसी भी वैकल्पिक व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया गया।

**शॉक थेरेपी के परिणाम**

* रूस का औद्योगिक ढांचा चरमरा गया।
* आर्थिक परिणाम अनुकूल नही रहे।
* रूसी मुद्रा रूबल में भारी गिरावट।
* समाज कल्याण की पुरानी व्यवस्था का अंत।
* विश्व की सबसे बड़ी गराज सेल। (90% उद्योगों को निजी हाथों में ओने-पोने दामों में बेचा गया।)
* आर्थिक विषमता में वृद्धि।
* खाद्यान्नों का संकट।
* माफिया वर्ग का उदय।
* लोकतांत्रिक संस्थाओं के निर्माण ना होने के कारण कमजोर संसद व राष्ट्रपति को अधिक शक्तियां जिससे सत्तावादी राष्ट्रवादी राष्ट्रपति शासन का उदय।

**संघर्ष और तनाव के क्षेत्र–** पूर्व सोवियत संघ के अधिकांश गणराज्य संघर्ष की आशंका वाले क्षेत्र बने रहे और इन देशों में बाहरी ताकतों की दखलअंदाजी भी बढ़ी। रूस के दो गणराज्य चेचन्या और दागिस्तान में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले। पूर्वी यूरोप में चेकोस्लोवाकिया दो भागों चेक और स्लोवाकिया में बंट गया।

**वाल्कन क्षेत्र–** बाल्कन गणराज्य यूगोस्लाविया गृह-युद्ध के कारण कई प्रांतों में बंट गया जिसमें शामिल वोस्त्रिया-हर्जेगोविना, स्लोवेनिया तथा क्रोएशिया ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया।

**बाल्टिक क्षेत्र–** बाल्टिक क्षेत्र के लिथुआनिया ने मार्च 1990 में स्वयं को स्वतंत्र घोषित किया। एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया वर्ष 1991 में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य बने और वर्ष 2004 में नाटो में शामिल हुए।

**मध्य एशिया–** मध्य एशिया के देश ताजिकिस्तान में 10 वर्षों तक अर्थात 2001 तक गृह युद्ध चलता रहा। अजरवेजान, आर्मेनिया, यूक्रेन, किर्गिस्तान और जॉर्जिया में भी गृह-युद्ध की स्थिति है।

मध्य एशियाई गणराज्यों में पेट्रोल के विशाल भंडार हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र बाहरी ताकतों और तेल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा भी बन गया है।

## रूस और अन्य पूर्व साम्यवादी देशों के साथ भारत के संबंध

★ पूर्व साम्यवादी देशों के साथ भारत के संबंध अच्छे हैं, रूस के साथ विशेष रूप से प्रगाढ़ हैं।

★ रूस और भारत दोनों का सपना बहुध्रुवीय विश्व का है।

★ दोनों ही देश सहअस्तित्व, सामूहिक सुरक्षा, क्षेत्रीय संप्रभुता, स्वतंत्र विदेश नीति, अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों का वार्ता द्वारा हल, संयुक्त राष्ट्र संघ के सुदृढ़ीकरण तथा लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं।

★ वर्ष 2001 में भारत और रूस द्वारा 80 द्विपक्षीय समझोतों पर हस्ताक्षर किए गए।

★ भारत रूसी हथियारों का एक बड़ा खरीददार है।

★ रूस से तेल का आयात किया जाता है।

★ परमाणिवक योजना और अंतरिक्ष योजना में रूस की मदद मिलती है।

★ कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ ऊर्जा आयात को बढ़ाने के प्रयास हुए हैं।

★ उज्वेकिस्तान में भारतीय कलाकारों को विशेषतः पसंद किया जाता है।

## एक अंकीय प्रश्न

1. सोवियत प्रणाली के संदर्भ में इनमें से कोन-सा कथन सही हैं?

   (a) खराब संचार प्रणाली।

   (b) बेरोजगारी का होना।

   (c) पूंजीवादी व्यवस्था।

   (d) न्यूनतम जीवन स्तर की सुविधा।

2. निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालक्रमानुसार सजाइए।

   (i) सोवियत संघ का विघटन।

(ii) बर्लिन दीवार का गिरना।

(iii) रूसी क्रांति।

(iv) अफगान संकट।

विकल्प

(a) (i), (ii), (iv), (iii)

(b) (iii), (ii), (i), (iv)

(c) (i), (ii), (iv), (iii)

(d) (iii), (iv), (ii), (i)

3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सोवियत संघ के विघटन का कारण है?

(a) अर्थव्यवस्था का गतिहीन होना।

(b) जनता की आकांक्षाओं का पूरा होना।

(c) उन्नत सचार प्रणाली

(d) समाज कल्याण की व्यवस्था।

4. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | सैन्य समझोता। | (i) | बोरिस येल्तसिन |
| (B) | सुधारों की शुरूआत। | (ii) | वारसा पेक्ट |
| (C) | रूस के राष्ट्रपति। | (iii) | शॉक थेरेपी |
| (D) | आर्थिक मॉडल। | (iv) | मिखाईल गोर्बाचेव |

विकल्प

(a) (A)–(ii), (B)–(iv), (C)–(i), (D)–(iii)

(b) (A)–(i), (B)–(ii), (C)–(iii), (D)–(iv)

(c) (A)–(iv), (B)–(iii), (C)–(ii), (D)–(i)

(d) (A)–(iv), (B)–(i), (C)–(iii), (D)–(ii)

5. मध्य एशिया का कौन सा देश 10 वर्षो तक अर्थात् वर्ष 2001 तक गृह-युद्ध की चपेट में रहा?

(a) तुर्कमेनिस्तान। (b) अजरबेजान।

(c) आर्मेनिया। (d) ताजिकिस्तान।

6. शॉक थेरेपी का मॉडल इनमें से किस संस्था/किन संस्थाओं के द्वारा बनाया गया था ?

(a) विश्व बैंक। (b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष।

(c) विश्व व्यापार संगठन। (d) विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष।

प्रश्न संख्या 7 और 8 के लिए निर्देश: नीचे दिए गए प्रश्नों में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिहित किया गया है। इन कथनों को चहिए और दिए गए विकल्पों में से एक सही उतर चुनिए-

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत हैं लेकिन कारण (R) सही है।

7. अभिकथन (A): सोवियत संघ का विघटन दिसंबर 1991 में 15 गणराज्यों के रूप में हो गया।

कारण (R): सोवियत संघ के विघटन के बाद विश्व के शक्ति संबंधों में बदलाव आए।

8. अभिकथन (A): शॉक थेरेपी के मॉडल के माध्यम से साम्यवादी देशों को लोकतांत्रिक पूंजीवादी व्यवस्था में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया।

कारण (R): शॉक थेरेपी के कारण रूस की आर्थिक स्थिति चरमरा गई और औद्योगिक ढांचा भी ध्वस्त हो गया।

**दो अंकीय प्रश्न-**

1. सोवियत प्रणाली से आप क्या समझते हैं ?
2. सोवियत प्रणाली के दो दोषों का वर्णन कीजिए।
3. स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल से आप क्या समझते हैं ?
4. अफगानिस्तान संकट से क्या अभिप्राय है ?
5. दूसरी दुनिया शब्द से आप क्या समझते हैं ?
6. भारत और रूस के मध्य मधुर संबंधों को दर्शाने वाले दो तत्त्वों का वर्णन कीजिए।
7. बर्लिन की दीवार किस बात का प्रतीक थी ?

8. मध्य एशियाई गणराज्य बाहरी ताकतों के लिए किस प्रकार एक अखाड़े के रूप में परिवर्तित हो गए?

**चार अंकीय प्रश्न**

1. सोवियत प्रणाली की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. शॉक थेरेपी अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हो सकी। कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।
3. सोवियत संघ के विघटन के बाद संपूर्ण विश्व एक ध्रुवीय विश्व में परिवर्तित हो गया। व्याख्या कीजिए।
4. पूर्व सोवियत संघ के गणराज्य संघर्ष और तनाव की स्थिति बनी हुई है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? यदि हां तो अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।
5. पूर्व साम्यवादी देशों के साथ भारत के संबंधों का परीक्षण कीजिए।

**छह अंकीय प्रश्न–**

1. सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं छः परिणामों की व्याख्या कीजिए।
2. सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।
3. शॉक थेरेपी की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
4. द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात सोवियत संघ के विश्व शक्ति बनने के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों की व्याख्या कीजिए।

**गद्यांश आधारित प्रश्न–**

नीचे दिए गस अवतरण को ध्यान से पढ़िए और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए–

**गद्यांश–1**

पूर्व सोवियत संघ के अधिकांश गणराज्य संघर्ष की आशंका वाले क्षेत्र हैं। अनेक गणराज्यों ने गृह युद्ध और बगावत को झेला है। इसके साथ-साथ इन देशों में बाहरी ताकतों की दखल भी बढ़ी है। इससे स्थिति और भी जटिल हुई है। रूस के दो गणराज्य चेचन्या और दागिस्तान में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले।

(i) CIS का पूर्ण रूप क्या है?

(a) स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल

(b) स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रकुल

(c) स्वतंत्र राज्यों का संगठन

(d) स्वतंत्र राज्यों का समझौता

(ii) इनमें से कौन सा देश CIS का सदस्य नहीं है?

(a) तुर्कमेनिस्तान (b) उज्बेकिस्तान

(c) अजरबेजान (d) पाकिस्तान

(iii) पूर्व सोवियत संघ के किस देश में दस वर्षों तक गृह-युद्ध चलता रहा?

(a) युगोस्लाविया (b) ताजिकिस्तान

(c) उज्बेकिस्तान (d) चेचन्या

(iv) निम्नलिखित में से रूस के किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले?

(a) बेलारूस-रूस (b) यूक्रेन-रूस

(ब) जॉर्जिया-आर्मेनिया (d) चेचन्या-दागिस्तान

**गद्यांश-2**

यह व्यवस्था इतनी कमजोर कैसे हुई और अर्थव्यवस्था में गतिरोध क्यों आया? इसका उत्तर काफी हद तक साफ है। इस सिलसिले में एक बात एकदम स्पष्ट है कि सोवियत संघ ने अपने संसाधनों को अधिकांश परमाणु हथियार और सैन्य साजो सामान पर लगाया। उसने अपने संसाधन पूर्वी यूरोप के अपने पिछलग्गु देशों के विकास पर भी खर्च किए ताकि वे सोवियत नियंत्रण में बने रहे।

(i) सोवियत संघ में किस प्रकार की व्यवस्था स्थापित थी?

(a) साम्यवादी (b) पूंजीवादी

(c) मिश्रित (d) राजशाही।

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा सोवियत प्रभावों का एक सकारात्मक पक्ष/पहलू था

(a) साम्यवादी पार्टी की तानाशाही (b) सीमित स्वतंत्रता

(c) रूस को अधिक महत्त्व (d) बेरोजगारी का अभाव

(iii) सोवियत प्रणाली की एक प्रमुख विशेषता इनमें से कौन सी है?

(a) साम्यवादी व्यवस्था

(b) पूंजीवाद का समर्थन

(c) पिछड़ी संचार प्रणाली

(d) उत्पादन के साधनों पर बाजार का नियंत्रण

(iv) सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका उत्तराधिकारी कौन बना ?

(a) यूक्रेन (b) बेलारूस

(c) रूस (d) जॉर्जिया

**कार्टून/आधारित प्रश्न-**



1. उपरोक्त चित्र में दर्शाई गई दीवार किस देश से संबंधित है ?
2. यह दीवार किस बात का प्रतीक थी ?
3. शीत युद्ध से आप क्या समझते है ?

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर-**

1. (d) न्यूनतम जीवन स्तर की सुविधा
2. (d) (iii), (iv), (ii), (i)
3. (a) अर्थव्यवस्था का गतिहीन होना।
4. (a) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii),
5. (d) ताजिकिस्तान।
6. (d) विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष।

7. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

8. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर-**

1. सोवियत संघ में समतावादी समाज के निर्माण के लिए कए केंद्रीकृत योजनाबद्ध और राज्य द्वारा नियंत्रित व्यवस्था को अपनाया गया जिसमें साम्यवादी दल का निर्देशन और नियंत्रण था। इस व्यवस्था को ही सोवियत प्रणाली कहा गया।

2. सोवियत प्रणाली के दो प्रमुख दोष इस प्रकार हैं-

   (i) सोवियत प्रणाली में साम्यवादी पार्टी का दबदबा था।

   (ii) सोवियत प्रणाली में 15 गणराज्यों में रूस सर्वाधिक शक्तिशाली था।

3. साम्यवादी सोवियत गणराज्य के विघटन के बाद नए स्वतंत्र हुए देशों ने एक संगठन का निर्माण किया जिसे स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल का नाम दिया गया।

4. वर्ष 1979 में सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में अपनी सेना भेजकर वहां हस्तक्षेप किया जिसका पश्चिमी गुट के द्वारा विरोध किया गया और अमेरिका ने सोवियत संघ को अफगानिस्तान में हस्तक्षेप ना करने के लिए भी चेताया। इस घटना को अफगानिस्तान संकट के नाम से जाना जाता है।

5. पूर्वी यूरोप के साम्यवादी देशों के गुट को समाजवादी खेमा या दूसरी दुनिया के नाम से जाना जाता है।

6. भारत और रूस के मध्य बहुत ही मधुर संबंध है। इन संबंधों को हम निम्नलिखित बिंदुओं से समझ सकते हैं-

   (i) भारत ने वर्ष 2001 में रूस के साथ 80 द्विपक्षीय समझोतों पर हस्ताक्षर किए थे।

   (ii) भारत रूस से हथियार खरीदता है तथा रूस ने भारत को परमाण्विक ऊर्जा और अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी पर्याप्त सहयोग दिया है।

7. वर्ष 1961 में बर्लिन की दीवार का निर्माण किया गया और इस दीवार ने बर्लिन को दो हिस्सों में बांट दिया। बर्लिन की दीवार शीत युद्ध का प्रतीक मानी जाती थी।

8. (i) यह क्षेत्र पेट्रोल के विशाल भंडार से समृद्ध है।

(ii) इस क्षेत्र में अमेरिका और चीन दोनों ही अपना आधिपत्य बनाना चाहते हैं।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. सोवियत प्रणाली की चार विशेषताएं इस प्रकार हैं-

(i) सोवियत प्रणाली में उन्नत संचार व्यवस्था थी।

(ii) बेरोजगारी का अभाव।

(iii) साम्यवादी पार्टी का वर्चस्व।

(iv) न्यूनतम जीवन स्तर की सुविधा।

2. शॉक थेरेपी पूरी तरह से असफल रही थी जिसके लिए निम्नलिखित तर्क दिए जा सकते हैं-

(i) रूस का औद्योगिक ढांचा पूरी तरह चरमरा गया।

(ii) बड़े-बड़े उद्योगों को औने-पौने दामों में बेचा गया।

(iii) समाज की पुरानी कल्याणकारी व्यवस्था का अंत।

(iv) रूसी मुद्रा रूबल में गिरावट।

3. (i) विश्व में केवल एक ही महाशक्ति बची।

(ii) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शक्तियों का केंद्रीकरण अमेरिका के इर्द-गिर्द होने लगा।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी संबंधों में बदलाव होने लगा।

(iv) अमेरिका को टक्कर देने वाली शक्ति का अभाव।

4. पूर्व सोवियत संघ के गणराज्य में संघर्ष और तनाव की स्थिति को हम इस प्रकार समझ सकते हैं-

(i) ताजिकिस्तान में 10 वर्षों तक गृह-युद्ध की स्थिति बनी रही।

(ii) रूस के दो गणराज्य चेचन्या और दागिस्तान में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले।

(iii) अजरबेजान और आर्मेनिया में भी हिंसा और तनाव की स्थिति है।

(iv) यूक्रेन, किर्गिस्तान और जॉर्जिया में मौजूदा शासन को उखाड़ फेंकने के लिए आंदोलन चल रहे हैं।

(v) इन गणराज्यों में नदी जल के सवाल पर भी आपस में भारी संघर्ष है।

5. पूर्व साम्यवादी देशों के साथ भारत के संबंध-
   (i) भारत और रूस के मध्य वर्ष 2001 में 80 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर।
   (ii) उज्बेकिस्तान में भारतीय सिनेमा को बहुत पसंद किया जाता है।
   (iii) भारत रूस से हथियार खरीदता है और तेल भी आयात करता है।
   (iv) सोवियत संघ ने कश्मीर मामले में भारत का समर्थन किया है।

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर-**

1. (i) शीत युद्ध का अंत।
   (ii) हथियारों की होड़ समाप्त।
   (iii) सोवियत संघ का विघटन 15 गणराज्यों में हो गया।
   (iv) स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल (CIS) का उदय।
   (v) अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संबंधों में बदलाव।
   (vi) उदार लोकतांत्रिक पूंजीवादी व्यवस्था मजबूत हुई।
   (vii) रूस सोवियत संघ का उत्तराधिकारी बना।

2. (i) लोगों की आकांक्षाओं का पूरा ना हो पाना।
   (ii) सोवियत प्रणाली पर नोकरशाही का शिकंजा।
   (iii) संसाधनों का प्रयोग हथियारों के निर्माण में।
   (iv) गोर्बाचेव के सुधारों का विरोध।
   (v) रूस का वर्चस्वशाली होना।
   (vi) अर्थव्यवस्था का गतिहीन होना।
   (vii) राष्ट्रवादी और संप्रभुता की भावना का उभार।
   (viii) साम्यवादी पार्टी का जनता के प्रति जबावदेह ना होना।

3. (i) मिल्कियत का प्रमुख रूप-निजी स्वामित्व।
   (ii) राज्य की संपदा का निजीकरण।
   (iii) मुक्त व्यापार व्यवस्था।
   (iv) सामूहिक फार्म की जगह निजी फार्म।

(v) मुद्राओं का आपसी लेनदेन।

(vi) पूंजीवादी व्यवस्था को प्रमुखता।

(vii) पश्चिमी देशों से जुड़ाव।

4. (i) परमाणु शक्ति संपन्नता।

(ii) विकसित अर्थव्यवस्था।

(iii) उन्नत संचार व्यवस्था।

(iv) उत्पादन में आत्मनिर्भरता।

(v) वारसा पेक्ट पर नियंत्रण।

(vi) विशाल ऊर्जा भंडार।

(vii) व्यवस्थित परिवहन सुविधाएं।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर-**

**गद्यांश-1**

(i) (a) स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल

(ii) (d) पाकिस्तान

(iii) (b) ताजिकिस्तान

(iv) (c) चेचन्या-दागिस्तान

**गद्यांश-2**

(i) (a) साम्यवादी

(ii) (d) बेरोजगारी का अभाव।

(iii) (a) साम्यवादी व्यवस्था।

(iv) (c) रूस

**कार्टून/चित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर-**

1. जर्मनी
2. बर्लिन की दीवार शीत युद्ध का प्रतीक थी।
3. सोवियत संघ और अमेरिका के बीच विचारों और विचारधाराओं की लड़ाई को शीत युद्ध का नाम दिया जाता हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1991 तक यह माहोल बना रहा।

## अध्याय - 2

# सत्ता के समकालीन केन्द्र

### सत्ता के समकालीन केन्द्र का अर्थः

शीत युद्ध के पश्चात विश्व में विश्व पटल पर कुछ ऐसे संगठनों तथा देशों ने प्रभावशाली रूप से अंतराष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना प्रारम्भ किया, जिससे यह स्पष्ट होने लगा कि यह संगठन तथा देश अमेरिका की एक ध्रुवीयता के समक्ष विकल्प के रूप में देखे जा सकते हैं। विश्व राजनीति में दो ध्रुवीय व्यवस्था के टूटने के बाद स्पष्ट हो गया कि राजनैतिक और आर्थिक सत्ता के समकालीन केंद्र कुछ हद तक अमेरिका के प्रभुत्व को सीमित करेंगे।

### यूरोपीय संघ

* अमरीका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन के लिए बहुत मदद की थी। इसे मार्शल योजना के नाम से जानते है।
* 1948 में मार्शल योजना के तहत यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना की गई। जिसके माध्यम से पश्चिमी यूरोप के देशों को आर्थिक मदद की गई।
* 1949 में गठित यूरोपीय परिषद राजनैतिक सहयोग के मामले में अगला कदम साबित हुई।
* 1957 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय का गठन किया।
* 7 फरवरी 1992 में मास्ट्रिस्ट संधि के द्वारा यूरोपीय संघ का गठन हुआ।
* वर्तमान में सदस्य देशों की संख्या 27 है।

### यूरोपीय संघ के सदस्य देश

**यूरोपीय संघ के पुराने सदस्य :** ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलेंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलेंड, इटली, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलेंड, पुर्तगाल, स्वीडन, स्पेन।

ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ से जून 2016 में एक जनमत संग्रह के द्वारा अलग होने का निर्णय किया जिसे ब्रेक्जिट कहा जाता है अब यह यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है। जनवरी 2020 में यह यूरोपीय संघ से अलग हो गया। यह पुराने सदस्यों में से एक सदस्य देश था।

**यूरोपीय संघ के नए सदस्य :** एस्तोनिया, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, चेक गणराज्य, रोमानिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोशिया, बुल्गारिया, साइप्रस, स्लोवेनिया।

यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की वर्तमान में संख्या 27 है।

**यूरोपीय संघ के गठन के उद्देश्य :-**

-- एक समान विदेश नीति व सुरक्षा नीति।

-- आंतरिक मामलों तथा न्याय से जुड़े मामलों पर सहयोग।

-- एक समान मुद्रा का चलन।

-- वीजा मुक्त आवागमन।

**यूरोपीय संघ की विशेषताएँ :-**

1. यूरोपीय संघ ने आर्थिक सहयोग वाली संस्था से बदलकर राजनैतिक संस्था का रूप ले लिया है।
2. यूरोपीय संघ एक विशाल राष्ट्र-राज्य की तरह कार्य करने लगा है।
3. इसका अपना झंडा, गान, स्थापना दिवस और अपनी एक मुद्रा है।
4. अन्य देशों से संबंधों के मामले में इसने काफी हद तक साझी विदेश और सुरक्षा नीति बना ली है।
5. यूरोपीय संघ का झंडा 12 सोने के सितारों के घेरे के रूप में वहाँ के लोगों की पूर्णता, समग्रता, एकता और मेलमिलाप का प्रतीक है।
6. 2003 में यूरोपीय संघ ने साझा संविधान बनाने की कोशिश की जो नाकामयाब रही।

**यूरोपीय संघ को ताकतवर बनाने वाले कारक या विशेषताएँ :-**

**यूरोपीय संघ के आर्थिक प्रभावः**

-- 2016 में यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी और इसका सकल घरेलू उत्पादन 17000 अरब डालर से ज्यादा था जो अमरीका के ही लगभग है।

-- इसकी मुद्रा यूरो, अमरीकी डॉलर के प्रभुत्व के लिए खतरा बन गई है।

-- विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से तीन गुना ज्यादा है।

-- इसकी आर्थिक शक्ति का प्रभाव यूरोप, एशिया और अफ्रीका के देशों पर है।

-- यह विश्व व्यापार संगठन के अंदर एक महत्वपूर्ण समूह के रूप में कार्य करता है।

**यूरोपीय संघ के राजनैतिक प्रभावः-**

-- इसका एक सदस्य देश फ्रांस सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

-- यूरोपीय संघ के कई और देश सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य हैं।

**यूरोपीय संघ के सैन्य प्रभावः-**

-- यूरोपीय संघ के पास दुनिया की सबसे बड़ी दूसरी सेना है।

-- इसका कुल रक्षा बजट अमरीका के बाद सबसे अधिक है।

-- यूरोपीय संघ के सदस्य देश फ्रांस के पास परमाणु हथियार हैं।

-- अंतरिक विज्ञान और संचार प्रोद्योगिकी के मामले भी यूरोपीय संघ का दुनिया में दूसरा स्थान है।

**यूरोपीय संघ की कमजोरियाँ या सीमाएँः-**

1.) इसके सदस्य देशों की अपनी विदेश नीति और रक्षा नीति है जो कई बार एक-दूसरे के खिलाफ भी होती हैं। जेसे-इराक पर हमले के मामले में।

2.) यूरोप के कुछ हिस्सों में यूरो मुद्रा को लागू करने को लेकर नाराजगी है।

3.) डेनमार्क और स्वीडन ने मास्ट्रिस्स संधि और साझी यूरोपीय मुद्रा यूरो को मानने का विरोध किया।

4.) यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश अमरीकी गठबंधन में थे।

5.) ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थेचर ने ब्रिटेन को यूरोपीय बाजार से अलग रखा।

6.) ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ से जून 2016 मे एक जनमत संग्रह के द्वारा अलग होने का निर्णय किया। जिसे ब्रेक्जिट कहा जाता है। ब्रिटेन अब यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है।

**दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) -**

**आसियान के सदस्य देश**

- **संस्थापक देश**
  - इंडोनेशिया
  - मलेशिया
  - फिलीपींस
  - सिंगापुर
  - थाईलेंड
- **नए सदस्य देश**
  - ब्रूनेई दारुस्सलाम
  - वियतनाम
  - लाओस
  - म्यानमार
  - कंबोडिया

★ अगस्त 1967 में इस क्षेत्र के पाँच देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस, सिंगापुर ओर थाईलेंड ने बैंकांक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके 'आसियान' की स्थापना की। इन पाँच देशों को आसियान का संस्थापक देश कहा जाता है।

★ बाद में ब्रुनई दारूस्लाम, वियतनाम, लाओस, म्यांमार ओर कंबोडिया को शक्ति को शामिल किया गया और इनकी सदस्या संख्या 10 हो गई है।

**आसियान की स्थापना के मुख्य उद्देश्य :-**

1) सदस्य देशों के आर्थिक विकास को तेज करना।

2) इसके द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हासिल करना।

3) कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों का पालन करके क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना।

**आसियान शैली :-**

अनौपचारिक, टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल-मिलाप का नया उदाहरण पेश करके आसियान ने काफी यश कमाया है। इसे ही 'आसियान शैली' कहा जाने लगा।

**आसियान समुदाय के प्रमुख स्तंभ**

1. आसियान सुरक्षा समुदाय
2. आसियान आर्थिक समुदाय
3. सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय

- ★ आसियान सुरक्षा समुदाय क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर आधारित है।
- ★ आसियान आर्थिक समुदाय का उद्देश्य आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना तथा इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करना है।
- ★ आसियान सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय का उद्देश्य है कि आसियान देशों के बीच टकराव की जगह बातचीत और सहयोग को बढ़ावा दिया जाए।

**आसियान क्षेत्रीय मंचः-**

1994 में आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य सदस्य देशों की सुरक्षा और विदेश नीतियों में तालमेल बनाना है।

**आसियान की उपयोगिता या प्रासंगिकता :-**

1. आसियान की मौजूदा आर्थिक शक्ति खासतौर से भारत और चीन जैसे तेजी से विकसित होने वाले एशियाई देशों के साथ व्यापार और निवेश के मामले में प्रदर्शित होती है।
2. आसियान ने निवेश, श्रम और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर भी ध्यान दिया है।
3. अमरीका तथा चीन ने भी मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने में रूचि दिखाई है।
4. 1991 के बाद भारत ने 'पूरब की ओर देखो' की नीति अपनाई है और 2014 से "ACT East" की नीति अपनाई। जिसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है।
5. भारत ने आसियान के सदस्य देशों सिंगापुर, थाईलेंड और मलेशिया के साथ मुक्त व्यापार का समझोता किया है।
6. 2009 में भारत ने आसियान के साथ 'मुक्त व्यापार समझोता किया। जो 1 जनवरी 2010 से लागू हुआ।
7. आसियान की असली ताकत अपने सदस्य देशों, सहभागी सदस्यों और बाकी गैर-क्षेत्रीय संगठनों के बीच निरंतर संवाद और परामर्श करने की नीति में है।
8. यह एशिया का एकमात्र ऐसा संगठन है जो एशियाई देशों और विश्व शक्तियों को राजनैतिक और सुरक्षा मामलों पर चर्चा के लिए मंच उपलब्ध कराता है।

9. आसियान ने कंबोडिया के टकराव को समाप्त किया।

10. आसियान ने पूर्वी तिमोर के संकट को संभाला।

**चीनः–**

1949 में माओ के नेतृत्व में साम्यवादी क्रांति के बाद चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई। शुरूआत में यहाँ अर्थव्यवस्था सोवियत प्रणाली पर आधारित थी।

**माओ के नेतृत्व में चीन का विकास :–**

चीन ने विकास का जो मॉडल अपनाया उसमें खेती से पूँजी निकालकर सरकारी नियंत्रण में बड़े उद्योग खड़े करने पर जोर था।

1) चीन ने समाजवादी मॉडल खड़ा करने के लिए विशाल औद्योगिक अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने सारे संसाधनों को उद्योग में लगा दिया।

2) चीन अपने नागरिको को रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ देने के मामले में विकसित देशों से भी आगे निकल गया लेकिन बढ़ती जनसंख्या विकास में बाधा उत्पन्न कर रही थी।

3) कृषि परम्परागत तरीकों पर आधारित होने के कारण वहाँ के उद्योगों की जरूरत को पुरा नहीं कर पा रही थी।

**चीनी अर्थव्यवस्था का उत्थानः–**

**चीन में सुधारों की पहल :–**

1) चीन ने 1972 में अमरीका से संबंध बनाकर अपने राजनैतिक और आर्थिक एकांतवास को खत्म किया।

2) 1973 में प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने कृषि, उद्योग, सेवा और विज्ञान-प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे।

3) 1978 में तत्कालीन नेता देंग श्याओपेंग ने चीन में आर्थिक सुधारों और **'खुले द्वार की नीति'** का घोषणा की।

4) 1982 में खेती का निजीकरण किया गया।

5) 1998 में उद्योगों का निजीकरण किया गया। इसके साथ ही चीन में विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्पेशल इकॉनामिक जोन-SEZ) स्थापित किए गए।

6) चीन 2001 में विश्व व्यापार संगठन में शामिल हो गया। इस तरह दूसरे देशों के लिए अपनी अर्थव्यवस्था खोलने की दिशा में चीन ने एक कदम और बढ़ाया हैं।

7) चीन के पास अब विदेशी मुद्रा का विशाल भंडार है।

**चीनी सुधारों का नकारात्मक पहलू :-**

1) वहाँ आर्थिक विकास का लाभ समाज के सभी सदस्यों को प्राप्त नहीं हुआ।

2) चीन में बेरोजगारी बढ़ी है और 10 करोड़ लोग रोजगार की तलाश में हैं।

3) वहाँ महिलाओं के रोजगार और काम करने के हालात संतोषजनक नहीं है।

4) गाँव व शहर के और तटीय व मुख्य भूमि पर रहने वाले लोगों के बीच आय में अंतर बढ़ा है।

5) विकास की गतिविधियों ने पर्यावरण को काफी हानि पहुँचाई है।

6) चीन में प्रशासनिक और सामाजिक जीवन में भ्रष्टाचार बढ़ा है।

**चीनः विश्व की नई उभरती शक्ति के रूप में :**

1) क्षेत्रफल के हिसाब से विशाल आकार

2) 2001 में विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बना

3) विश्व की यह एक बड़ी अर्थव्यवस्था है

4) जापान, अमरीका, आसियान और रूस- सभी व्यापार के आगे चीन से बाकी विवादों को भुला चुके हैं।

5) 1997 के वित्तीय संकट के बाद आसियान देशों की अर्थव्यवस्था को टिकाए रखने में चीन के आर्थिक उभार ने काफी मदद की है।

6) चीन परमाणु शक्ति संपन्न देश है।

7) चीन सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य भी हैं।

8) चीन द्वारा लातिनी अमेरिका और अफ्रीका में निवेश तथा सहायता की इसकी नीतियां दर्शाती है कि चीन विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है।

**चीन के साथ भारत के संबधः**

**विवाद के क्षेत्रः**

1. 1950 में चीन द्वारा तिब्बत को हड़पने तथा भारत चीन सीमा पर चीन द्वारा बस्तियाँ बनाने से दोनों देशों के संबंध एकदम बिगड़ गए।

2. अरूणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों और लद्दाख के अक्साई चिन क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धी दावे के चलते 1962 में भारत-चीन युद्ध हुआ।

3. 1962 के युद्ध में भारत की सैनिक पराजय हुई और भारत चीन संबंधों पर इसका दीर्घकालीक असर हुआ।

4. 1976 तक दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध समाप्त ही रहे।

5. दोनों देशों के बीच हाल के समय हुए सीमा-विवाद से भी संबंधों में गिरावट आई है।

6. पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम में चीन मददगार है।

7. बांग्लादेश, म्यांमार से चीन के सैनिक संबंधों को दक्षिण एशिया में भारत के हितों के खिलाफ माना जाता है।

8. संयुक्त राष्ट्रसंघ भारत के आतंकवादी प्रस्ताव के विरु) चीन वीटो शक्ति का प्रयोग कर पाकिस्तान को समर्थन देता है।

9. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा, चीन और भारत के संबंधों में गिरावट लाता है।

**सहयोग के क्षेत्रः–**

1. 1970 के दशके के उत्तरार्द्ध में चीन के राजनैतिक नेतृत्व बदलने से चीन की नीति में अब परिवर्तन हुआ। चीन ने वैचारिक मुद्दों के स्थान पर व्यवहारिक मुद्दे प्रमुख किए इसलिए चीन भारत के साथ विवादास्पद मामलों को छोड़ संबंध सुधारने को तैयार हो गया।
2. दोनों देशों के संबंधों का राजनीतिक ही नहीं आर्थिक पहलू भी है।
3. दोनों देश एशिया की राजनीति में और अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं।

4. दिसम्बर 1988 में राजीव गांधी द्वारा चीन का दौरा कर संबंधों को सुधारने का प्रयास किया।

5. दोनों देशों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विज्ञान तकनीक के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और व्यापार के लिए सीमा पर पोस्ट खोलने के समझोते किए।

6. 1999 से भारत-चीन व्यापार लगभग 30 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है।

7. 1992 में भारत-चीन के बीच 33 करोड़ 80 लाख डालर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।

8. 2017 में बढ़कर यह 84 अरब डालर का हो गया।

9. विदेश में ऊर्जा सोदा हासिल करने के मामले में भी दोनों देश सहयोग के लिए तैयार है।

10. परिवहन और संचार मार्गों की बढ़ोतरी, समान आर्थिक हित के कारण संबंध सकारात्मक हो रहे है।

11. चीन और भारत के नेता और अधिकारी अब अक्सर दिल्ली और बीजिंग का दौरा करते हैं।

**जापानः-**

- ★ एशिया महाद्वीप के पूर्व में स्थित एक द्वीपीय देश
- ★ परमाणु बम की विभीषिका झेलने वाला एकमात्र देश
- ★ जापान के संविधान के अनुच्छेद 9 के अनुसार अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने में बल प्रयोग का हमेशा के लिए त्याग

**जापान सत्ता के समकालीन (उभरते) केंद्र के रूप में**

1. जापान के पास प्राकृतिक संसाधन कम है और कच्चे माल का आयात करता है, इसके बावजूद उच्च प्रौद्योगिकी के उत्पाद बनाने में प्रसिद्ध है सोनी, पैनासोनिक होंडा, सुजुकी प्रसिद्ध जापानी ब्रांड है।

2. 1964 में जापान OECD का सदस्य बना।

3. जापान की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

4. एशिया के देशों में अकेला जापान ही समूह 7 का सदस्य है।
5. आबादी के लिहाज से जापान का विश्व में 11वां स्थान है।
6. संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में अंशदान करने के लिहाज से जापान दूसरा सबसे बड़ा देश है।
7. सैन्य व्यय के लिहाज से विश्व में जापान का सातवां स्थान है।
8. 1951 से जापान का अमरीका के साथ सुरक्षा गठबंधन है।

**दक्षिण कोरिया :-**

* कोरियाई प्रायद्वीप को द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में दक्षिण कोरिया (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) तथा उत्तरी कोरिया (डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोरिया) में विभाजित किया गया था।
* यह एशिया महाद्वीप में स्थित है।
* रिपब्लिक ऑफ कोरिया (दक्षिण कोरिया) की राजधानी सियोल है, जहां से हान नदी होकर गुजरती है।

**दक्षिण कोरिया सत्ता के समकालीन (उभरते) केंद्र के रूप में :-**

1. 1960 के दशक से 1980 के दशक के बीच दक्षिण कोरिया का आर्थिक शक्ति के रूप में तेजी से विकास हुआ जिसे "हान नदी पर चमत्कार" कहा जाता है।
2. 1996 में दक्षिण कोरिया OECD का सदस्य बना।
3. 2017 में दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्था विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
4. सैन्य व्यय के लिहाज से विश्व में दक्षिण कोरिया का दसवां स्थान है।
5. मानव विकास रिपोर्ट 2016 के अनुसार विश्व में दक्षिण कोरिया का HDI रैंक 18वां है।
6. दक्षिण कोरिया के उच्चमानव विकास के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों में सफल भूमि सुधार, ग्रामीण विकास, व्यापक मानव संसाधन विकास, तीव्र न्यायसंगत आर्थिक वृद्धि शामिल हैं।
7. दक्षिण कोरिया उच्च प्रौद्योगिकी के लिए प्रसिद्ध है। सैमसंग, एलजी, हुंडई भारत में प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई ब्रांड है।

**एक अंकीय प्रश्न–**

1. तेजी से हुए आर्थिक शक्ति का विकास 'हान नदी पर चमत्कार' निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?

   (a) उत्तरी कोरिया (b) दक्षिणी कोरिया

   (c) चीन (d) जापान

2. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–

   (i) चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा

   (ii) यूरोपीय संघ की स्थापना

   (iii) आसियान की स्थापना

   (iv) चीन में कृषि का निजीकरण

   विकल्प

   (a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (i), (iv), (ii), (iii)

   (c) (i), (iii), (iv), (ii) (d) (ii), (iii), (i), (iv)

नीचे दिए गए **प्रश्न संख्या 3 एवं प्रश्न संख्या 4** में दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

3. **अभिकथन (A):** यूरोपीय संघ के झंडे पर सोने के रंग के 12 सितारों का घेरा है।

   **कारण (R):** बारह की संख्या वहां पारंपरिक रूप से पूर्णता, समग्रता और एकता का प्रतीक मानी जाती है।

4. **अभिकथन (A):** 1967 में दक्षिण पूर्व एशिया के दस देशों ने बैंकाक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर आसियान की स्थापना की।

**कारण (R):** आसियान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मुख्य रूप से आर्थिक विकास को तेज करना था।

5. निम्नलिखित रिक्त स्थान को नीचे दिए गए किसी एक विकल्प से भरिये-

आसियान ने 'आसियान शैली' द्वारा ............... के टकराव को समाप्त किया।

(a) कंबोडिया (b) जापान

(c) दक्षिण कोरिया (d) चीन

6. यूरोपीय संध की मुद्रा का नाम क्या है?

(a) डॉलर (b) पोण्ड

(c) रूबल (d) यूरो

7. निम्न कथनों में कौन सा सत्य है?

(a) आसियान की स्थापना 10 देशों ने मिलकर की है।

(b) वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या 15 है।

(c) आसियान के कामकाज में राष्ट्रीय सार्वभोमिकता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है।

(d) 1992 में आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई।

8. तिथि के हिसाब से इन सबको क्रम दीजिए-

(i) चीन का विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश।

(ii) चीन में खेती का निजीकरण।

(iii) चीन ने खुले द्वार की नीति अपनाई।

(iv) चीन ने राजनेतिक ओर आर्थिक एकांतवास की समाप्ति की।

**सही विकल्प का चयन कीजिए-**

(a) (iv), (iii), (ii), (i) (b) (iii), (ii), (i), (iv)

(c) (i), (ii), (iv), (iii) (d) (iii), (iv), (i), (ii)

9. सुमेलित कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | अमरीका द्वारा यूरोप के पुर्नगठन की आर्थिक सहायता | (i) | डेनमार्क और स्वीडन |
| (B) | बैंकाक घोषणा द्वारा स्थापना | (ii) | फ्रांस |
| (C) | मुद्रा यूरो को मानने से इंकार | (iii) | मार्शल योजना |
| (D) | संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य | (iv) | आसियान |

**सही विकल्प का चुनाव कीजिए-**

(a) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

(b) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)

(c) A-(i), B-(iii), C-(iv), D-(ii)

(d) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. क्षेत्रीय संगठन का अर्थ बताइये ?
2. सत्ता के समकालीन केन्द्र से क्या अभिप्राय हे ?
3. मार्शल योजना क्या थी ?
4. आसियान के किन्हीं चार संस्थापक देशों का नाम लिखिए।
5. 1970 के दशक में चीन ने कौन से दो नीतिगत निर्णय लिए ?
6. 1973 में चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने किन चार क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के प्रस्ताव रखें ?
7. चीन द्वारा अपनाई गई खुले द्वार की नीति क्या थी ?

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. क्षेत्रीय संगठनों के बनाने के मुख्य उद्देश्य क्या है ?
2. यूरोपीय संघ को क्या चीजे एक कमजोर क्षेत्रीय संगठन बनाती हे ?
3. चीन की नई आर्थिक नीति ने किन चार तरीको से चीन की अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाया हैं ?

4. सत्ता के समकालीन केन्द्रो द्वारा विभिन्न देशों में समृद्धशाली अर्थव्यवस्थाओं का रूप देने में निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए।

5. आसियान विजन 2020 की मुख्य विशेषताएँ क्या है? (IMP)

**6 अंकीय प्रश्न**

1. आसियान समुदाय के तीन मुख्य स्तंभों एवं उनके एक-एक उद्देश्य की व्याख्या कीजिए।

2. चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए।

3. यूरोपीय संघ के एक आर्थिक संगठन से अधिकारिक राजनीतिक संगठन में विकसित होने की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

4. '21वीं सदी का जापान एक नए शक्ति के केन्द्र के रूप में उभर रहा है।' कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए।

5. 'चीन तथा भारत बड़ी आर्थिक शक्तियों के रूप में उभर रहे हैं।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कोई तीन तर्क देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**गद्यांश 1**

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **($4 \times 1 = 4$)**

सोनी, पेनासोनिक, केनन, सुजुकी, होंडा और माजदा जैसे प्रसिद्ध जापानी ब्रांडो के नाम आपने जरूर सुने होंगे। उच्च प्रौद्योगिकी के उत्पाद बनाने के लिए इनके नाम मशहूर हैं। जापान के पास प्राकृतिक संसाधन कम है और वह ज्यादातर कच्चे माल का आयात करता है इसके बावजूद दूसरे विश्व युद्ध के बाद जापान ने बड़ी तेजी से प्रगति की। 2017 में जापान की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आबादी के लिहाज से विश्व में जापान का स्थान ग्यारहवां है। परमाणु बम की विभीषिका झेलने वाला एकमात्र देश जापान है। जापान संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में 10% का योगदान करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में अंशदान करने के लिहाज से जापान दूसरा सबसे बड़ा देश है। 1951 से जापान का अमेरिका के साथ सुरक्षा- गठबंधन है। (1+1+1+1)

(i) परमाणु बम की विभीषिका झेलने वाला विश्व का एकमात्र देश .............. है।

(a) अमेरिका (b) जर्मनी

(c) जापान (d) रूस

(ii) 2017 में किस देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ?

(a) फ्रांस (b) जर्मनी

(c) इटली (d) जापान

(iii) जापान का किस देश के साथ सुरक्षा गठबंधन है ?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) चीन

(c) रूस (d) अमेरिका

(iv) आबादी के लिहाज से जापान को विश्व में कोन सा स्थान प्राप्त है ?

(a) 10वां (b) 11वां

(c) 12वां (d) 13वां

**कार्टून आधारित प्रश्न :** **(1+1+2=4)**

नीचे दर्शाए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए एवं कार्टून पर आधारित दिए गए प्रश्नों में उत्तर के सही विकल्प का चयन किजिए।




1. दिए गए कार्टून में साइकिल का प्रतीक किस देश की अर्थव्यवस्था को दर्शाता है ?

2. 1972 में चीन ने किस देश के साथ संबंध बनाकर अपना राजनैतिक और आर्थिक एकांतवास समाप्त किया?

3. साइकिल के आगे के पहिये में दिया गया प्रतीक चिन्ह किस विचारधारा को दर्शा रहा है? और पीछे के पहिए में दिया गया प्रतीक चिन्ह किस देश की मुद्रा को दर्शा रहा है।

नीचे दिए गए मानचित्र में चार देशों को (A), (B), (C) तथा (D) द्वारा चिन्हित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए तथा उनके सही नाम, क्रम संख्या तथा संबधित अक्षर तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

| उपयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |




(i) यूरोपीय संघ का एक पुराना सदस्य देश।

(ii) यूरोपीय संघ का एक नया सदस्य देश।

(iii) यूरोपीय संघ का वह देश जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

(iv) वह देश जिसने 2016 में हुए जनमत संग्रह के पश्चात यूरोपीय संघ से अलग होने का निर्णय लिया।

## एक अंकीय प्रश्न के उत्तर

1. (b) दक्षिणी कोरिया

2. (c) i, iii, iv, ii चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा, आसियान की स्थापना, चीन में कृषि का निजीकरण, यूरोपीय संघ की स्थापना।

3. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

4. (d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

5. (a) कंबोडिया

6. (d) यूरो

7. (c)

8. (a) iv, iii, ii, i

9. (a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

**द्वि अंकीय उत्तर :-**

1. क्षेत्रीय संगठन प्रभुसत्ता सम्पन्न देशों के बीच स्वेच्छिक सहयोग की एक संधि है, (i) जो निश्चित क्षेत्र के भीतर हो तथा (ii) उन देशों का सम्मिलित हित हो।

2. सोवियत संघ के विभाजन के बाद विश्व में अमेरिका का वर्चस्व कायम हो गया है। कुछ देशों के संगठनों का ओर राष्ट्रों का उदय सत्ता के नए केन्द्र के रूप में हुआ है। ये संगठन और राष्ट्र अमरीका के प्रभुत्व को सीमित करेंगे क्योंकि ये संगठन और राष्ट्र राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो रहे है।

3. द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के पश्चात अमरीका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुर्नगठन के लिए जबरदस्त मदद की। इसे मार्शल योजना के नाम से जाना जाता है।

4. इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलेंण्ड । (कोई भी चार लिखें)

5. i) 1972 में अमरीका से राजनीतिक व आर्थिक संबंध बनाए।

   ii) 1978 में खुले द्वार की नीति की घोषणा की।

6. कृषि, उद्योग, सेना और विज्ञान-प्रोद्योगिकी के क्षेत्र। (विस्तार सहित लिखिए)

7. विदेशी पूँजी और प्रोद्योगिकी के निवेश से उच्चतर उत्पादकता को प्राप्त किया जाए। 1978 में तत्कालीन नेता देगे श्याओपेंग ने इसकी घोषणा की

**चार अंकीय उत्तर :-**

1. (i) सदस्य देशों में एकता की भावना का मजबूत होना।

   (ii) क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा।

(iii) सदस्यों के बीच आपसी व्यापार को बढ़ाना।

(iv) क्षेत्र में शांति और सोहार्द को बढ़ाना।

(v) विवादों को आपसी बातचीत द्वारा निपटाना।

2. (i) कभी-कभी सदस्य देशो द्वारा विदेश और रक्षानीति का एक दूसरे के खिलाफ प्रयोग करना।

(ii) एक संविधान बनाने का प्रयास असफल।

(iii) डेनमार्क व स्वीडन द्वारा मास्ट्रिस्ट संधि व यूरो का विरोध।

(iv) कई सदस्य देश अमरीकी गठबंधन में थे।

3. (i) जड़ता को समाप्त करके खुलेद्वार की नीति

(ii) कृषि के निजीकरण से।

(iii) व्यापार के नए नियम और नए विशेष आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण द्वारा

(iv) ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निजी बचत का परिणाम बढ़ा।

4. (i) एक ध्रुवीय विश्व में अमेरिकी वर्चस्व को सीमित करने के लिए सत्ता के समकालीन केन्द्रों का होना आवश्यक है।

(ii) यूरोपीय संघ, आसियान, गुटनिरपेक्ष आन्दोलन तथा दक्षेस जेसे नए केन्द्रों ने क्षेत्रीय स्तर पर अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्धशाली अर्थव्यवस्था का रूप देने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

5. (i) अंर्तराष्ट्रीय समुदाय में आसिमान की बर्हिमुखी भूमिका को प्रमुखता दी गई है।

(ii) टकराव की जगह बातचीत को बढ़ावा देने की नीति

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. आसियान ने तीन स्तम्भों के आधार पर आसियान समुदाय बनाने की दिशा में कदम उठाए। 2003 में आसियान ने (i) आसियान सुरक्षा समुदाय (ii) आसियान आर्थिक समुदाय और (iii) आसियान सामजिक सांस्कृतिक नामक तीन स्तम्भ बनाए

**आसियान सुरक्षा समुदाय का उद्देश्य**-क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर आधारित

**आसियान आर्थिक समुदाय का उद्देश्य**- आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना, क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहायता करना।

**आसियान सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय का उद्देश्य**-इस क्षेत्र में टकराव की जगह बातचीत और सहयोग को बढ़ावा।

2. चीन में सुधारों की पहल में से उत्तर लिखिए।

3. यूरोपीय संघ की विशेषताएं, आर्थिक एवं राजनैतिक प्रभाव में से उत्तर लिखिए।

4. जापान के सत्ता के समकालीन (उभरते) केंद्र के रूप में से उत्तर लिखिए।

5. **चीन के संदर्भ में**

- वैश्विक स्तर पर चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। जापान, अमरीका, रूस के साथ अपने मतभेदों को कुछ हद तक सुलझा लिया है।
  - लेटिन अमेरिका व अफ्रीकी देशों में निवेश।
  - विश्व व्यापार संगठन का सदस्य।

**भारत के संदर्भ में**

- भारत परमाणु शक्ति से सम्पन्न है।
- अंर्तराष्ट्रीय राजनीति में भी भारत की प्रमुख भूमिका है।
- भारत ब्रिक्स का सदस्य देश है।
- भारत ने कोविड महामारी में बांग्लोदश, भूटान आदि देशों को वैक्सीन भेजकर सहायता की और अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर महामारी की रोकथाम में सहायता की।

1. **गद्यांश आधारित चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

(i) c. जापान

(ii) d. जापान

(iii) d, अमरीका

(iv) b, 11वां

**कार्टून पर आधारित प्रश्न के उत्तर**

1. चीन की अर्थव्यवस्था
2. अमरीका
3. साम्यवाद, अमरीका

**मानचित्र पर अधारित प्रश्न के उत्तर**

| उपयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | C | आयरलेण्ड |
| (ii) | A | पोलेण्ड |
| (iii) | B | फ्रांस |
| (iv) | D | ब्रिटेन |

अध्याय – 3

# समकालीन दक्षिण एशिया




-- दक्षिण एशिया विश्व का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसमें शामिल सात देशों-भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, तथा मालद्वीव के लिए दक्षिण एशिया पद का इस्तेमाल किया जाता है। इस क्षेत्र की चर्चा में अफगानिस्तान ओर म्यांमार को भी शामिल किया जाता है।

-- चीन को दक्षिण एशिया का देश नहीं माना जाता।

-- उत्तर की विशाल हिमालय पर्वत श्रृंखला, दक्षिण का हिंद महासागर, पश्चिम का अरब सागर और पूरब में मौजूद बंगाल की खाड़ी दक्षिण एशिया को भौगोलिक विशिष्टता प्रदान करते हैं।

**दक्षिण एशिया के देशों की राजनीतिक प्रणाली:-**

★ भारत और श्रीलंका में आजादी के बाद से लोकतंत्र है।

★ पाकिस्तान और बांग्लादेश में कभी लोकतंत्र और कभी सैन्य शासन रहा है।

★ नेपाल में 2006 तक संवैधानिक राजतंत्र था और 2008 में लोकतंत्र की बहाली हुई है।

★ भूटान 2008 में संवैधानिक राजतंत्र बना।

★ मालदीव सन् 1968 तक सल्तनत हुआ करता था। अब यहाँ लोकतंत्र है।

-- दक्षिण एशिया के लोग लोकतंत्र को अच्छा मानते है और प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की संस्थाओं का समर्थन करते हैं।

-- दक्षिण एशिया के लोकतंत्र के अनुभवों से लोकतंत्र के बारे में प्रचलित यह भ्रम टूट गया कि 'लोकतंत्र सिर्फ विश्व के धनी देशों में फल-फुल सकता हैं।'

**पाकिस्तान में सेना और लोकतंत्रः-**

-- पाकिस्तान के पहले संविधान बनने के बाद देश के शासन की बागडोर जनरल अयूब खान ने अपने हाथों में ली और जल्दी ही अपना निर्वाचन करा लिया।

-- उनके शासन के खिलाफ जनता का गुस्सा भड़का और जनरल याहिया खान ने शासन की बागडोर संभाली और सैनिक शासन स्थापित किया।

-- याहिया खान के सैनिक शासन के दौरान पाकिस्तान को बांग्लादेश संकट का सामना करना पड़ा और 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ।

-- पूर्वी पाकिस्तान टूटकर एक स्वतंत्र देश बना और बांग्लादेश कहलाया।

-- 1971-1977 जुल्फिकार अली भुट्टो के नेतृत्व में निर्वाचित सरकार बनी।

-- जनरल जिया उल-हक ने 1977 में इस सरकार को गिरा दिया और सैनिक शासन स्थापित किया।

-- 1982 के बाद जनरल जिया उल-हक को लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन का सामना करना पड़ा और 1988 में बेनजीर भुट्टो के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार बनी।

-- निर्वाचित लोकतंत्र की व्यवस्था 1999 तक कायम रही।

-- 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को हटा दिया। 2001 में परवेज मुशर्रफ ने अपना निर्वाचन राष्ट्रपति के रूप में किया।

-- 2008 से पाकिस्तान में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए नेता शासन कर रहे हैं।

**पाकिस्तान में लोकतंत्र के स्थायी ना रह पाने के कारण :-**

1. यहां सेना, धर्मगुरु और भूस्वामी अभिजनों का सामाजिक दबदबा है जिसकी वजह से निर्वाचित सरकारों को गिराकर सैनिक शासन कायम हुआ।
2. पाकिस्तान की भारत के साथ तनातनी रहती है जिसकी वजह से सेना समर्थक समूह ज्यादा मजबूत है।

3. अंतरराष्ट्रीय समर्थन का भी अभाव है ।

4. अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों ने अपने स्वार्थों से गुजरे वक्त में पाकिस्तान में सैनिक शासन को बढ़ावा दिया है ।

**पाकिस्तान में लोकतंत्र का जज्बा मजबूती से कायम रहने के कारण :-**

1. पाकिस्तान में स्वतंत्र और साहसी प्रेस मौजूद है।

2. पाकिस्तान में मानवाधिकार आंदोलन भी काफी मजबूत है ।

**बांग्लादेश**

★ 1947 से 1971 तक बांग्लादेश पाकिस्तान का अंग था।

★ 1947 से 1971 तक इसे पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था।

★ अंग्रेजी राज के समय के बंगाल और असम के विभाजित हिस्सों से पूर्वी पाकिस्तान का यह क्षेत्र बना था।

★ इस क्षेत्र के लोग पश्चिमी पाकिस्तान के दबदबे और अपने ऊपर उर्दू भाषा को लादने के खिलाफ थे।

★ इस क्षेत्र के लोगों ने बंगाली संस्कृति और भाषा के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ विरोध जताना शुरू कर दिया।

★ इस क्षेत्र की जनता ने राजनैतिक सत्ता में समुचित हिस्सेदारी की मांग उठाई।

★ इस क्षेत्र की जनता ने प्रशासन में भी अपने न्यायोचित प्रतिनिधित्व की मांग उठाई।

★ पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व के खिलाफ जन संघर्ष का नेतृत्व शेख मुजीब उर रहमान ने किया।

★ 1970 के चुनावों में शेख मुजीबुर रहमान की नेतृत्व वाली आवामी लीग को पूर्वी पाकिस्तान की सारी सीटों पर विजय मिली।

★ आवामी लीग को संपूर्ण पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित संविधान सभा में बहुमत हासिल हो गया।

★ लेकिन सरकार पर पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं का दबदबा था और सरकार ने इस सभा को आहूत करने से इंकार कर दिया।

★ शेख मुजीब को गिरफ्तार कर लिया गया।

* जनरल याहिया खान के सैनिक शासन में पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान की जनता के आंदोलन को कुचलने की कोशिश की।
* हजारों लोग पाकिस्तानी सेना के हाथों मारे गए।
* पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में लोग भारत पलायन कर गए।
* भारत के सामने शरणार्थियों को संभालने की समस्या आन खड़ी हुई।
* भारत की सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान के लोगों की आजादी की मांग का समर्थन किया और उन्हे वित्तीय और सैन्य सहायता दी।
* परिणाम स्वरूप 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया।
* युद्ध की समाप्ति पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना के आत्मसर्पण तथा एक स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश के निर्माण के साथ हुई।
* बांग्लादेश ने अपना संविधान बना कर उसमें अपने को एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक तथा समाजवादी देश घोषित किया।
* 1975 में शेख मुजीबुर्रहमान ने संविधान में संशोधन कराया और संसदीय प्रणाली के स्थान पर अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली को मान्यता मिली।
* शेख मुजीबुर्रहमान ने अपनी पार्टी आवामी लीग को छोड़ शेष अन्य पार्टियों को समाप्त कर दिया।
* 1975 के अगस्त में सेना ने शेख के खिलाफ बगावत कर उनकी हत्या कर दी।
* नए सैनिक-शासक जियाउर्रहमान ने अपनी बांग्लादेश नेशनल पार्टी बनाई और 1979 के चुनाव में विजयी हुए।
* जियाउर्रहमान की हत्या हुई और लेफ्टिनेंट जनरल एच. एम. इरशाद के नेतृत्व में सैनिक शासन स्थापित हुआ बाद में लोकतंत्र के समर्थन के आंदोलन के बाध्य होकर चुनाव कराए और 5 वर्षों के लिए राष्ट्रपति जनरल इरशाद बन गए।
* 1970 में जनता के व्यापक विरोध के कारण जनरल इरशाद को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा।
* 1991 में चुनाव के बाद से बांग्लादेश में बहुदलीय चुनावों पर आधारित प्रतिनिधि मूलक लोकतंत्र कायम है।

**नेपाल में राजतंत्र और लोकतंत्रः-**

-- नेपाल में लम्बे समय तक राजा ओर लोकतंत्र समर्थकों में जद्दोजहद चलती रही है। अब वहाँ की राजनीति में माओवादी भी बहुत प्रभावी हो गये हैं।

-- नेपाल में राजा की सेना, लोकतंत्र समर्थको ओर माओवादियों के बीच लम्बा संघर्ष चला।

-- मजबूत लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दबाव में राजा ने 1990 में नए लोकतांत्रिक संविधान की माँग मान ली।

-- 2008 में नेपाल राजतंत्र को समाप्त करने के बाद लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया।

-- 2015 में नया संविधान अपनाया।

**श्रीलंका में जातीय संघर्ष और लोकतंत्रः-**

-- श्रीलंका को 1948 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

-- श्रीलंका को उन दिनों सिलोन कहा जाता था।

-- श्रीलंका की राजनीति पर बहुसंख्यक सिंहली समुदाय का दबदबा था।

-- सिंहली समुदाय भारत छोड़कर श्रीलंका आ बसी एक बड़ी तमिल आबादी के खिलाफ हैं।

-- तमिलों द्वारा श्रीलंका में अलग राष्ट्र की माँग ओर संसाधनों पर अधिकार के कारण सिंहली समुदाय से संघर्ष शुरू हुआ।

-- 1983 के बाद उग्र तमिल संगठन (लिबरेशन टाइगरस ऑफ तमिल ईलम) (लिट्टे) ने श्रीलंकाई सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष किया।

-- 1987 में भारतीय सरकार श्रीलंका के तमिल मसले में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुई।

-- भारतीय शांति सेना को शांति स्थापित करने की आशा में श्रीलंका भेजा गया।

-- 1989 में भारत ने अपनी 'शांति सेना' बिना लक्ष्य प्राप्त किए वापिस बुला ली।

-- नार्वे ओर आइसलेंड जेसे स्केंडिनेविाई देशों ने अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

-- अंततः सशस्त्र संघर्ष समाप्त हुआ क्योंकि 2009 में लिट्टे (LTTE) को खत्म कर दिया गया।

-- जनसंख्या की वृद्धि दर पर सफलतापूर्वक नियंत्रण करने वाले विकासशील देशों में श्रीलंका प्रथम है।

-- दक्षिण एशिया के देशों में सबसे पहले अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया।

**मालदीव में सल्तनत और लोकतंत्रः-**

★ मालदीव 1968 तक सल्तनत हुआ करता था।

★ 1968 में यह एक गणतंत्र बना और शासन की अध्यक्षात्मक प्रणाली अपनाई गई।

★ 2005के जून में मालदीव की संसद ने बहुदलीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में एक मत से मतदान दिया।

★ मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एम डी पी) का देश के राजनीतिक मामलों में प्रभुत्व है।

★ 2005 के चुनावों के बाद मालदीव में लोकतंत्र मजबूत हुआ है क्योंकि इस चुनाव में विपक्षी दलों को कानूनी मान्यता दे दी गई।

**भूटान में संवैधानिक राजतंत्रः-**

★ भूटान 2008 में संवैधानिक राजतंत्र बन गया।

★ राजा के नेतृत्व में यह बहुदलीय लोकतंत्र के रूप में उभरा।

**भारत के पड़ोसी देशों से संबधः**

**भारत और पाकिस्तान के मध्य विवाद के प्रमुख मुद्दे :-**

1. सरक्रीक रेखा, सियाचिन ग्लेशियर और कश्मीर दोनों के मध्य विवाद का क्षेत्र है।
2. दोनो देशों की सरकारे एक दूसरे को संदेह की दृष्टि से देखता है।
3. पाकिस्तान पर यह भी आरोप है कि वह कश्मीरी उग्रवादियों को हथियार, प्रशिक्षण और धन देता है।
4. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (ISI) पर बांग्लादेश और नेपाल के गुप्त ठिकानों से पूर्वोत्तर भारत में भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है।
5. भारत पर आतंकवादी हमले के लिए पाकिस्तान आतंकवादियों को सुरक्षा प्रदान करता है।
6. इसके जवाब में पाकिस्तान की सरकार भारतीय सरकार और उसकी खुफिया एजेंसियों पर सिंध और बलूचिस्तान में समस्या भड़काने का आरोप लगाती हैं।

**भारत और पाकिस्तान (सहयोग के क्षेत्र):-**

1. 1960 में विश्व बैंक की सहायता से भारत और पाकिस्तान ने सिंधु जल नदी पर हस्ताक्षर किए
2. करतारपुर गलियारे से दोनों देशों के संबंधों में सुधार की उम्मीद है।

**भारत-नेपाल मधुर संबंध**

★ भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय संधि है जो दोनों देशों के बीच नागरिकों और वस्तुओं की मुक्त आवाजाही की अनुमति देती है। इस संधि के तहत दोनों देशों के नागरिक एक दूसरे के देश में बिना पासपोर्ट और बीजा के आ-जा सकते हैं और काम कर सकते हैं।

★ भारत, नेपाल को आपदा प्रबंधन के साथ-साथ तकनीकी और मानवीय सहायता भी प्रदान करता है।

**भारत नेपाल (विवाद के बिंदु)**

★ नेपाल की चीन के साथ दोस्ती को लेकर भारत सरकार ने अप्रसन्न्ता जतायी है। नेपाल सरकार भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ कदम नही उठाती।

★ चारों ओर जमीन से घिरे नेपाल को लगता है कि भारत उसको अपने भू-क्षेत्र से होकर समुद्र तक जाने से रोकता है।

★ नेपाल के लोगों का मानना है कि भारत सरकार नेपाल के अंदरूनी मामलों में दखल दे रही है।

★ उनका कहना है कि भारत नेपाल के नदी जल और पन बिजली पर आँख गढाए है।

**भारत बांग्लादेश संबंध (सहयोग के क्षेत्र):-**

★ आपदा प्रबंधन, विकास, आर्थिक सहयोग से संबंधित मामलों में दोनों एक दूसरे के निकट हैं।

★ बांग्लादेश भारत की "LOOK East" और 2014 से "ACT EAST" नीति का हिस्सा है।

★ पर्यावरण के मसले पर भी सहयोगात्मक रवैया है।

★ भारत ने बांग्लादेश को कोविड-19 के दौरान वेक्सीन देने में भी सहयोग किया है।

**भारत-बांग्लादेश (असहयोग या विवाद के क्षेत्र):-**

- ★ ढाका का भारत को प्राकृतिक गैस निर्यात ना करने का फैसला
- ★ भारतीय सेना को पूर्वोत्तर भारत में जाने के लिए अपने इलाके से बांग्लादेश का रास्ता देने से इनकार, भारत विराधी इस्लामी कट्टरपंथी जमातों का समर्थन
- ★ गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी पर जल विवाद
- ★ बांग्लादेश सरकार भारत की सरकार पर चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में विद्रोह को हवा देने, बांग्लादेश के प्राकृतिक गैस में सेंधमारी करने और व्यापार में बेईमानी करने का आरोप लगाती है

**भारत-श्रीलंका मधुर संबंध:-**

भारत-श्रीलंका के मध्य सांस्कृतिक, बोद्धिक, धार्मिक और भाषायी संबंध प्राचीन काल से हैं।

- ★ भारत ने श्रीलंका के साथ मुक्त व्यापार समझोते पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे व्यापारिक संबंध दृढ़ हुए हैं।
- ★ श्रीलंका में 'सुनामी से हुई तबाही में भारत ने पुर्न निर्माण कार्यो में सहायता की।'

**भारत-श्रीलंका (विवाद के क्षेत्र)**

- ★ श्रीलंका और भारत की सरकारों के संबध में तनाव श्रीलंका में जातीय संघर्ष को लेकर है।
- ★ 1987 में भारत के शांति सेना को श्रीलंका भेजने के बाद से भारत सरकार श्रीलंका के अदरूनी मामलों में असलंग्नता की नीति पर अमल कर रही है।

**भारत-भूटान संबध:-**

- ★ संबध मधुर है
- ★ पूवेत्तिर भारत के उग्रवादियों और गुरिल्लो को भूटान ने अपने क्षेत्र से खदेड़ कर भगाया।
- ★ भारत भूटान की पनबिजली की बड़ी योजनाओं में हाथ बँटा रहा है।
- ★ भारत भूटान को विकास कार्यो के लिए अनुदान भी देता है।

**भारत-मालदीव (सहयोग के क्षेत्र)**

- ★ मालदीव के साथ भारत के संबंध सोहार्दपूर्ण तथा गर्म जोशी से भरे हैं।
- ★ 1988 में मालदीव में भाड़े के सैनिकों द्वारा किए गए षडयंत्र को नाकाम करने के लिए भारत ने वहाँ सेना भेजी।
- ★ भारत ने मालदीव के आर्थिक विकास, पर्यटन और मत्स्य उद्योग में भी सहायता की है।

**दक्षेस (साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल को-ऑपरेशन)**

**स्थापना :** 8 दिसम्बर, 1985

**सदस्य देश :** भारत, बांग्लादेश, भूटान, पाकिस्तान, नेपाल, श्री लंका, मालदीव, अफगानिस्तान (अफगानिस्तान 2005 में सदस्य बना)




**उद्देश्य :-**

1. क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा।
2. आर्थिक सहयोग।
3. दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना।
4. सांस्कृतिक विकास

**SAFTA (दक्षिणी एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) :-**

-- जनवरी 2004 में आयोजित 12वें शिखर सम्मेलन में सार्क देशों ने ऐतिहासिक दक्षिणी एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA) समझौते पर हस्ताक्षर किये, जो 1 जनवरी 2006 से प्रभावी हुआ। इस समझौते के दो मुख्य उद्देश्य हैं:-

  (i) दक्षिण एशियाई क्षेत्र में मुक्त व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करना।

  (ii) व्यापार में लगने वाले सीमाशुल्क को कम करना।

-- भारत के अपने पेड़ोसी देशों के साथ जिनमें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका प्रमुख है, इनमें से यदि पाकिस्तान को छोड़ दिया जाये तो बाकी राष्ट्रों के साथ भारत के संबंध कमोबेश मधुर बने हुए हैं।

**सार्क की उपलब्धियाँ :-**

1. साफ्टा को बनाकर व्यापार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।
2. पर्यावरण, आर्थिक विकास व ऊर्जा आदि क्षेत्रों में सहयोग की बात की है।

**भारत और दक्षिण एशिया (भारत की दक्षिण एशिया क्षेत्र में भूमिका):-**

1. दक्षिण एशिया के भूगोल में भारत बीच में स्थित है और बाकी देश भारत की सीमा के इर्द-गिर्द पड़ते हैं।
2. कुछ छोटे देशों का मानना है कि SAFTA की ओट लेकर भारत उनके बाजार में सेंध मारना चाहता है।
3. छोटे देशों को भय है कि भारत उनके समाज और राजनीति पर असर डालना चाहता है।
4. भारत का मानना है कि SAFTA से इस क्षेत्र के हर देश को लाभ होगा ।
5. भारत का मानना है कि इस क्षेत्र में मुक्त व्यापार बढ़ने मे राजनीतिक मसलों पर सहयोग ज्यादा बेहतर होगा ।
6. भारत नहीं चाहता है कि दक्षिण एशिया के देशों में अस्थिरता पेदा हो क्योंकि ऐसी स्थिति में बाहरी ताकतों को इस क्षेत्र में प्रभाव जमाने में मदद मिलेगी।

**चीन और अमेरिका की दक्षिण एशिया की राजनीति में भूमिका:-**

* चीन और अमेरिका की दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका है।
* पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के संबंध बेहतर हुए हैं।

* चीन की रणनीतिक साझेदारी पाकिस्तान के साथ है, यह भारत चीन संबंधों में एक बड़ी कठिनाई है।
* अमरीका ने शीत युद्ध के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ संबंध बेहतर किए हैं।
* इस क्षेत्र की जनसंख्या और बाजार दोनों का आकार बड़ा है अतः इस क्षेत्र की सुरक्षा और शांति के भविष्य से अमेरिका के हित भी बंधे हैं ।

**एक अंक वाले प्रश्न**

1. भारत और नेपाल के संबंधो के बारे में निम्नलिखित में कौन सा कथन सही नहीं है? (CBSE 2023)
   (a) भारत और नेपाल के बीच एक दूसरे देश में बिना बीजा के यात्रा और काम करने के संबंध में एक विशेष सन्धि है।
   (b) भारत, नेपाल से आने वाली नदियों के जल को साझा करता है।
   (c) दोनों देशों में लोकतांत्रिक प्रणाली है।
   (d) नेपाल सदेव भारत की नीतियों का अनुसरण करता है।
2. दक्षिण एशिया का वह कौन सा देश है जिसकी स्वतंत्रता में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है?
   (a) श्रीलंका (b) नेपाल
   (c) भूटान (d) बांग्लादेश

**नीचे दिए गए प्रश्न संख्या (3 एवं 4) में दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**

**विकल्प**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

3. **अभिकथन (A):** 1990 के दशक के संवेधानिक राजतंत्र के दौरान नेपाल की राजनीतिक पार्टियाँ और आम जनता अधिक खुली और उत्तरदायी शासन प्रणाली चाहते थे। (CBSE 2023)

**कारण (R):** राजा सेना की सहायता से सरकार पर पूर्ण नियंत्रण बनाए हुए था और उसने नेपाल में लोकतंत्र के विस्तार को प्रतिबंधित किया।

4. **अभिकथन (A):** दक्षिण एशिया हर अर्थ में विविधता का प्रतीक है, फिर भी दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों में एक जैसी राजनैतिक प्रणाली है।

**कारण (R):** कई समस्याओं और सीमाओं के बावजूद, सभी दक्षिण एशियाई देशों की जनता लोकतंत्र की आकांक्षाओं की सहभागी है। (CBSE 2023)

5. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-

(i) दक्षेस (सार्क) की स्थापना

(ii) स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण

(iii) भूटान में संवेधानिक राजतंत्र की स्थापना

(iv) भारत द्वारा श्रीलंका में शांति सेना भेजना

**विकल्प**

(a) (ii), (i), (iv), (iii) (b) (iii), (iv), (i), (ii)

(c) (ii), (iv), (i), (iii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)

6. निम्नलिखित रिक्त स्थान को नीचे दिए उपर्युक्त विकल्प से भरिये-

ग्रामीण क्षेत्र में छोटी बचत और सहकारी ऋण की व्यवस्था के कारण ............... में गरीबी को कम करने में मदद मिली है।

(a) बांग्लादेश (b) मालदीव

(c) भूटान (d) नेपाल

7. उस देश की पहचान कीजिए जिसने दक्षिण एशिया में सबसे पहले अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया।

(a) भारत (b) पाकिस्तान

(c) श्रीलंका (d) नेपाल

8. उस देश की पहचान कीजिए, जो संवैधानिक राजतंत्र है और चारों तरफ से भूमि से घिरा हुआ है। (CBSE 2023)

(a) नेपाल (b) अफगानिस्तान

(c) म्यांमार (d) भूटान

9. बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों के बारे में सही कथन का चयन कीजिए।

(a) बांग्लादेश और भारत के बीच गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी के जल में हिस्सेदारी पर मतभेद है।

(b) बांग्लादेश ने भारतीय सेना को पूर्वोत्तर भारत में जाने के लिए अपने इलाके से रास्ता देने में सहयोग किया।

(c) बांग्लादेश भारत के 'लुक ईस्ट' और 2014 से 'एक्ट ईस्ट' नीति का हिस्सा नही है।

(d) बांग्लादेश, भारत-विरोधी इस्लामी कट्टरपंथी जमातों का विरोध करता है।

10. निम्नलिखित में से किस देश को दक्षिण एशिया को अंग नहीं माना जाता?

(a) मालदीव (b) चीन

(c) भूटान (d) बांग्लादेश

11. सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) जातीय संघर्ष झेलने वाला देश | (I) अमेरिका |
| (B) दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाला देश | (II) मालदीव |
| (C) वह देश जो 1968 तक एक सल्तनत था | (III) पाकिस्तान |
| (D) सिंधु नदी जल समझोते से संबंधित देश | (IV) श्रीलंका |

**सही विकल्प का चुनाव कीजिए-**

(a) A-I, B-II, C-III, D-IV (b) A-IV, B-III, C-I, D-II

(c) A-IV, B-I, C-II, D-III (d) A-I, B-IV, C-III, D-II

**दो अंकीय प्रश्न**

1. भारत और पाकिस्तान के संबंधों को सुधारने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। (CBSE 2023)
2. 'दक्षिण एशिया के लोकतंत्र के अनुभवों' से लोकतंत्र की वैश्विक कल्पना का दायरा बढ़ा है।' कथन की पुष्टि कीजिए। (CBSE 2023)
3. दक्षेस की सफलता में आई किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।
4. दक्षिण एशिया के क्षेत्र में शांति व सहयोग को बढ़ाने के कोई दो उपाय सुझाइए।

**चार अंकीय प्रश्न**

1. दक्षिण एशिया के छोटे देशों और भारत के पारस्परिक संबंधों का विश्लेषण कीजिए। (CBSE 2023)
2. पाकिस्तान में लोकतंत्र को कमजोर करने वाले कारण लिखिए।
3. नेपाल में राजशाही से लोकतंत्र के संक्रमण की व्याख्या कीजिए। (CBSE 2019)
4. दक्षिण एशियाई देशों के समक्ष प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए। इन चुनौतियों को दूर करने के कोई दो उपाय सुझाइए।

**छः अंकीय प्रश्न**

1. भारत द्वारा श्रीलंका में शांति सेना भेजने के कारण की व्याख्या कीजिए। शांति सेना को बिना लक्ष्य प्राप्त किए वापिस क्यों बुलाया गया? स्पष्ट कीजिए।
2. बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं का आंकलन कीजिए। (CBSE)
3. भारत के लिए दक्षेस के महत्त्व का आंकलन कीजिए।
4. दक्षिण एशिया की राजनीति में चीन तथा अमेरिका की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

   या

   दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करने वाली बाहरी शक्तियों का दो उदाहरणों के साथ विश्लेषण कीजिए।

5. एशिया में शक्ति और सहयोग को बढ़ावा देने में सार्क (दक्षेस) की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (CBSE 2023)

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

कोई भी क्षेत्र हवा में नहीं होता। चाहे कोई क्षेत्रा अपने को गेर इलाकाई ताकतों से अलग रखने की जितनी भी कोशिश करें उस पर बाहरी ताकतो और घटनाओ का असर पड़ता ही है। चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछले दस वर्षों में भारत और चीन के संबंध बेहतर हुए है। चीन की रणनीतिक साझेदारी पाकिस्तान के साथ है और यह भारत-चीन संबंधो में बड़ी कठिनाई है। विकास की जरूरत और वेश्वीकरण के कारण एशिया महादेश के ये बड़े देश नजदीक आये है। सन् 1991 के बाद से इनके आर्थिक संबंध ज्यादा मजबूत हुए हैं।

(i) इस गद्यांश में किस क्षेत्र की चर्चा की गई है?

(a) पूर्वी एशिया (b) दक्षिण पूर्व एशिया

(c) दक्षिण एशिया (d) दक्षिण अफ्रीका

(ii) किन दो देशों को 'बाहरी ताकतों' से सम्बोधित किया गया है?

(a) चीन और अमेरिका

(b) चीन और पाकिस्तान

(c) अमेरिका और पाकिस्तान

(d) भारत और चीन

(iii) एशिया महादेश के दो बड़े देश कौन से हैं?

(a) भारत और पाकिस्तान

(b) भारत और चीन

(c) चीन और रूस

(d) अमेरिका और रूस

(iv) चीन की पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी किस देश के लिए एक बड़ी अड़चन बनी हुई है?

(a) भारत (b) बांग्लादेश

(c) श्रीलंका (d) म्यांमार

**कार्टून आधारित प्रश्न :-**

नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए एवं इस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प का चयन कीजिए। (1+1+2=4)




(i) उपरोक्त कार्टून किस देश से संबधित है?

(ii) दिए गए चित्र में दिखाए गए व्यक्ति कौन है?

(iii) दिए गए चित्र में बाघ किस समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहा हैं? और सिंह किस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

**मानचित्र आधारित प्रश्न :-**

दिए गए मानचित्र में चार देशों को A,B,C तथा D से दर्शाया गया है। नीचे दी गयी जानकरी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और इनके सही नाम, प्रयोग की

गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबधित अक्षर तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (1+1+1+1=4)

| क्रम संख्या एवं दी गई जानकारी | वर्णमाला का अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |




(i) चारों ओर स्थल से घिरा देश।

(ii) वह देश जहाँ जातीय संघर्ष हुआ।

(iii) वह देश जहाँ आजादी के बाद अधिकांश समय तक सैनिक शासन रहा।

(iv) 1971 में एक स्वतंत्र देश बना।

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (a) | 4. | (d) |
| 5. | (a) | 6. | (a) | 7. | (c) | 8. | (d) |
| 9. | (a) | 10. | (b) | 11. | (c) | | |

**दो अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-**

1. (i) दोनों देश युद्ध के जोखिम कम करने के लिए विश्वास बहली के उपाय करें।

   (ii) नियमित शिखर सम्मेलन किए जाएं, जहाँ विभिन्न समस्याओं के हल खोजे जाए। (या अन्य कोई प्रासंगिक सुझाव)

2. (i) दक्षिण एशिया की जनता लोकतंत्र की आकांक्षाओं में सहभागी है।

   (ii) दक्षिण एशिया में किए गए सर्वे से यह स्पष्ट होता है कि यहाँ लोकतंत्र को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। (या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु)

3. (i) सदस्य देशों के मध्य राजनीतिक मतभेद

   (ii) कुछ छोटे देश मानते हैं कि भारत 'साफ्टा' (SAFTA) की आड़ लेकर उनके बाजार में सेंध मारना चाहता है तथा इसके जरिये उनके समाज ओर राजनीति पर असर डालना चाहता है।

4. (i) नियमित शिखर सम्मेलन/वार्षिक शिखर सम्मेलन हो ताकि शीर्ष नेता समस्याओं के समाधान बातचीत द्वारा हल कर सके।

   (ii) इस क्षेत्र के सदस्य देशों के मध्य विश्वास बहाली।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. भारत की भोगोलिक स्थिति दक्षिण एशिया के मध्य में है। भारत की सीमाएं अधिकांश दक्षिण एशियाई देशों से मिलती है। भारत का आकार बड़ा है ओर वह शक्तिशाली है। इसकी वजह से अपेक्षाकृत छोटे देश भारत को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। दूसरी ओर, भारत सरकार को अक्सर महसूस होता है कि उसके पड़ोसी देश बेवजह उसका फायदा उठाते हैं। भारत नहीं चाहता कि इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो। छोटे देशों को लगता है कि भारत दक्षिण एशिया में अपना दबदबा कायम करना चाहता है।

2. पाकिस्तान में लोकतंत्र स्थायी न रह पाने के कारण:

   (दिए गए इस शीर्षक से उत्तर लिखिए।)

3. नेपाल (दिए गए इस) शीर्षक से उत्तर लिखिए।

4. (i) दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सुरक्षा

(ii) भारत पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध

(iii) दक्षिण एशियाई देशों के मध्य जलबंटवारे पर विवाद है, सीमा विवाद है और

(iv) इस क्षेत्र के छोटे देशों को भय है कि भारत इस क्षेत्र पर अपना दबदबा बनाना चाहता है।

**उपायः–**

सार्क का वार्षिक शिखर सम्मेलन, जहाँ शीर्ष नेता आपस में विचार करें, नदी जल बँटवारे, सीमा विवाद और आतंकवाद की समस्याओं को सुलझाएँ।

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. श्रीलंका की समस्या भारतवंशी लोगों से जुड़ी है। भारत की तमिल जनता का भारतीय सरकार पर दबाव था कि वह तमिलों के हितो की रक्षा करे। भारत सरकार ने समय समय पर श्रीलंका सरकार से बातचीत की। लेकिन 1987 में भारतीय सरकार तमिल मसले पर प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुई। भारत सरकार ने श्रीलंका सरकार और तमिलों के बीच रिश्ते सामान्य करने के लिए एक समझोते के तहत भारतीय शांति सेना (IPKF) को श्रीलंका भेजा।

   भारतीय सेना की उपस्थिति को श्रीलंका की जनता ने कुछ खास पसंद नहीं किया और यह समझा कि भारत श्रीलंका के अंदरूनी मामालों में दखलअंदाजी कर रहा है। 1989 में भारत ने अपनी 'शांति सेना' बिना लक्ष्य प्राप्त किए वापिस बुला ली।

2. भारत और बांग्लादेश के संबंध शीर्षक से स्वयं उत्तर लिखिए।

3. (i) भारत दक्षेस के सदस्य देशों के मध्य में स्थित है और इसकी सीमाएं अधिकांश सदस्य देशों से मिलती है।

   (ii) (SAARC) दक्षेस इस क्षेत्र में विश्वास बहाली और शांति निर्माण में निर्णायक भूमिका लिया सकता है।

   (iii) यदि इस क्षेत्र के सभी देश मुक्त व्यापार करें, तो सभी देशों को वास्तविक आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे।

4. चीन और अमेरिका दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका निभाते है। विकास की जरूरत और वेश्वीकरण के कारण एशिया के दोनों देश चीन और भारत नजदीक आए है।

(i) अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनो से अपने संबंध शीतयुद्ध के बाद बेहतर किए है।

(ii) दोनों देशों में आर्थिक सुधार हुए। उदारवादी नीतियाँ अपनाई गई। इससे दक्षिण एशिया में अमेरिकी भागीदारी और गहरी हुई।

(iii) अमेरिका में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों की संख्या अधिक है दक्षिण एशिया क्षेत्र में जनसंख्या अधिक है और बाजार का आकार बड़ा है। इस कारण इस क्षेत्र की सुरक्षा और शांति के भविष्य से अमेरिका के हित भी बँधे हैं।

5. (i) सार्क (SAARC) बहुपक्षीय साधनों के माध्यम से सहयोग विकसित करने के लिए एशियाई राज्यों द्वारा की गई एक प्रमुख क्षेत्रीय पहल है।

(ii) सदस्यों के बीच (SAFTA) समझौते पर हस्ताक्षर जिसका उद्देश्य व्यापार शुल्क कम करना और सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार बढ़ाना।

(iii) भारत-पाकिस्तान संबंधों के तनाव में (SAARC) की सफलता को बाधित किया।

(iv) एशिया के छोटे देश अपने बाजार पर कब्जा रकने के लिए भारत पर संदेह करते हैं।

(v) दुर्भाग्य से राजनीतिक मतभेदों के कारण यह अधिक सफलता प्राप्त नहीं कर सका है।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तरः- (Competency Based) प्रश्नों के उत्तर**

(i) (c) दक्षिण एशिया

(ii) (a) चीन और अमरीका

(iii) (b) भारत और चीन

(iv) (a) भारत

**कार्टून आधारित प्रश्न के उत्तर संकेत :-**

(i) (d) श्रीलंका

(ii) (b) राजपक्षे

(iii) (b) सिंहली, तमिल

**मानचित्र आधारित प्रश्न के उत्तर**

| क्रम संख्या | अक्षर | देश |
|---|---|---|
| (i) | D | नेपाल |
| (ii) | C | श्रीलंका |
| (iii) | B | पाकिस्तान |
| (iv) | A | बांग्लादेश |

## अध्याय - 4

# अंतर्राष्ट्रीय संगठन

★ अंतर्राष्ट्रीय संगठन अपने उद्देश्यों में व्यापक होते हैं। जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवादों के समाधान तथा शांति व सुरक्षा स्थापित करने में व विभिन्न देशों के मध्य सोहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता




### संयुक्त राष्ट्र संघ का विकास

★ प्रथम विश्व युद्ध के बाद युद्ध रोकने के लिए बनी संस्था राष्ट्रसंघ (लीग-आफ-नेशन्स) के असफल होने के कारण एवं 1939 से 1945 तक चले द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा स्थापित करने के लिए पुनः एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता महसुस की गई। अतः 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई। स्थापना के समय संयुक्त राष्ट्र संघ में 51 सदस्य थे, भारत भी इसके संस्थापक सदस्यों में शामिल था। मई 2013 तक इसके सदस्यों की संख्या 193 हो गयी है। 193वाँ सदस्य दक्षिणी सूडान है।

## संयुक्त राष्ट्र संघ का संरचना




## संयुक्त संघ राष्ट्र के विभिन्न अंग और उनके कार्य

| अंगो के नाम | सदस्य संख्या | मुख्यालय | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| सुरक्षा परिषद् | 5 स्थायी + 10 अस्थायी | न्यूयार्क | शांति एवं सुरक्षा कायम रखना। शीघ्र कार्यवाही करना। |
| महासभा | 193 | न्यूयार्क | सदस्य प्रवेश व निष्कासन एवं बजट पारित करना। |
| ट्रस्टीशिप काउंसिल | महासभा द्वारा चयनित सदस्य | न्यूयार्क | विशेष क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक उन्नति 1994 में पलाऊ के स्वतंत्र होने पर स्थगित। |
| अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय | 15 न्यायाधीश | हेग | देशों के पारस्परिक विवाद आपसी झगड़े क्षेत्रीय व सीमा विवाद पर विचार। |
| सचिवालय | महासचिव + अन्य कर्मचारी | न्यूयार्क | संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न कार्यों का संचालन |
| आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् | 54 | न्यूयार्क | आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा स्वास्थ्य पर विचार कर महासभा को रिपोर्ट भेजेगा। |

## शीत युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधार

★ इसका सबसे शक्तिशाली अंग सुरक्षा परिषद् है इससे कुल 15 सदस्य है इसमें पांच स्थायी सदस्य (अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन) तथा दस अस्थायी सदस्य है जो दो वर्षो की अवधि के लिए चुने जाते है। स्थायी सदस्यों को वीटो (निषेधाधिकार) की शक्ति प्राप्त है।

★ शीत युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र में इसके ढाँचे एवं कार्य करने की प्रक्रिया दोनों में सुधार की मांग जोर पकड़ने लगी। सुरक्षा परिषद् में स्थायी व अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्तगरीबी, भूखमरी, बीमारी, आतंकवाद, पर्यावरण मसले एवं मानवाधिकार आदि मुद्दो पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को ओर अधिक सक्रिय बनाने पर बल दिया गया।

* महासचिव संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतिनिधि होता है। वर्तमान महासचिव का नाम **एंटोनियो गुटेरेस (पुर्तगाल)** है।

## भारत और संयुक्त राष्ट्र संघ

* भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यक्रमों में अपना योगदान लगातार देता रहा है। चाहे वह शांति सुरक्षा का विषय हो, निःशस्त्रीकरण हो, दक्षिण कोरिया संकट हो, स्वेज नहर का मामला हो या इराक का कुवैत पर आक्रमण हो। इसके अतिरिक्त, मानवाधिकारों की रक्षा, उपनिवेशवाद व रंगभेद का विरोध तथा शैक्षणिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भारत की भूमिका बनी रहती है।
* संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी के प्रमुख आधार-
  - सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश।
  - लोकतंत्र का स्थाई होना और मानव अधिकारों का सम्मान करना।
  - तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था।
  - संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में नियमित योगदान।
  - शांति स्थापित करने में भारत का योगदान।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और इसके विस्तार की आवश्यकता

सुरक्षा परिषद का गठन 1945 में किया गया था। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत सुरक्षा परिषद की प्राथमिक ज़िम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का रखरखाव है इसमें कुल 15 सदस्य हैं जिनमें 5 स्थाई और 10 अस्थाई सदस्य है। भारत ने जनवरी 2021 से सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में आठवीं बार अपना कार्यकाल पूरा किया है। मौजूदा स्थाई सदस्यों में प्रत्येक के पास सुरक्षा परिषद के निर्णयों पर वीटो का अधिकार है। सुरक्षा परिषद का एकमात्र सुधार 1965 में हुआ था। तब इसमें अस्थाई सदस्यों की संख्या 6 से बढ़ाकर 10 की गई।

## सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकताः-

1992 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की आम सभा में एक प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। यह प्रस्ताव सुरक्षा परिषद के विस्तार और सुधार की आवश्यकता को भी दर्शाता है। इसके अनुसार-

1- सुरक्षा परिषद अब राजनीतिक वास्तविकताओं की नुमाइंदगी नहीं करती।

2- इसके फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों और हितों की छाप होती है। और इन फैसलों पर चंद देशों का दबदबा होता है।

3- सुरक्षा परिषद में बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है।

इन मांगों के फलस्वरूप एक जनवरी 1997 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के उस समय के महासचिव कोफ़ी अन्नान ने जांच शुरू कराई कि सुधार कैसे कराए जाएँ। इसके बाद के सालों में सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थाई सदस्यता के लिए निम्नलिखित मानदंड सुझाए गए-

-- आबादी के दृष्टिकोण से बड़ा राष्ट्र।

-- स्थिर लोकतंत्र व मानवाधिकारों के प्रति निष्ठा।

-- उभरती हुई आर्थिक ताकत।

-- संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में लगातार योगदान।

-- शांति बहाली में योगदान

-- ऐसा देश जो लोकतंत्र और मानवाधिकारों का सम्मान करता हो।

-- ऐसा देश अपने भूगोल, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के लिहाज से विश्व की विविधता की नुमाइंदगी करता हो।

भारत इन सभी शर्तो को पूरा करता है।

संक्षेप में, सभी विकसित व विकासशील देश सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन करते हैं और इसके स्थाई व अस्थाई सदस्यों की संख्या में वृद्धि करना चाहते हैं। परंतु, विकसित देशों का मानना है कि विकासशील देश संयुक्त राष्ट्रसंघ के बजट में अपना अंशदान अधिक करें और नए स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार देने पर उनकी सहमति नहीं है। जबकि विकासशील देश स्थायी सदस्यता के साथ ही वीटो के अधिकार की भी मांग करते हैं।

* 1 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2022 तक भारत ने आठवीं बार सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपना कार्यभार पूरा किया है।

* **संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्य एवं सिद्धान्त**

1) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा को बनाये रखना।
2) राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधो को बढ़ाना।
3) आपसी सहयोग द्वारा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा मानवीय ढंग की अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं को हल करना।
4) अंतर्राष्ट्रीय संधियों एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को सम्मानपूर्वक लागू करवाना।
5) राष्ट्रों की प्रादेशिक अखंडता और राजनीति स्वतंत्रता का आदर करना।

* **संयुक्त राष्ट्र संघ को एक ध्रुवीय विश्व में अधिक प्रासंगिक बनाने के उपाय।**

1) शांति संस्थापक आयोग का गठन।
2) मानवाधिकार परिषद की स्थापना।
3) सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य को प्राप्त करने पर सहमति।
4) एक लोकतंत्र कोष का गठन।
5) आतंकवाद के सभी रूपों की भर्त्सना।

* **संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसियाँ**

1. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो उन वित्तीय संस्थानों व विनियमों को बनाता है जो वैश्विक स्तर पर कार्य करते है। इसमें 189 सदस्य देश है लेकिन सभी को बराबरी का अधिकार नहीं है। G-7 के सदस्य देशों यूएसए, जापान, फ्रांस, यूके इटली और कनाडाऋ के पास 41.29% वोट है। चीन, भारत, रूस, ब्राजील और सऊदी अरब भी इसके प्रमुख सदस्यों में से एक है।

2. **विश्व बैंक**

विश्व बैंक की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में हुई थी। इसकी गतिविधियाँ विकासशील देशों पर केंद्रित हैं। यह प्रदूषण में कमी के रूप में मानव विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सिंचाई, सरकारी सेवाओं, पर्यावरण संरक्षण जैसे ग्रामीण विकास के लिए काम करता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर (सड़क, शहरी उत्थान, बिजली और शासन 'भ्रष्टाचार विरोधी, कानूनी संस्थानों का

विकास)। यह सदस्य देशों को ऋण और अनुदान प्रदान करता है। इस प्रकार यह विकासशील देशों की आर्थिक नीतियों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है।

### 3. विश्व व्यापार संगठन

विश्व व्यापार संगठन एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो वैश्विक व्यापार के लिए नियम निर्धारित करता है। इस संगठन की स्थापना ''ट्रेड एंड टैरिफ पर जनरल एग्रीमेंट'' के उत्तराधिकारी के रूप में की गई थी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनाया गया, इसमें 164 सदस्य हैं। सभी निर्णय मंत्री स्तरीय सम्मेलन द्व ारा लिए जाते हैं, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान जैसी प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने अपने हितों को आगे और विश्व व्यापार के नियमों को बनाने के लिए इसका उपयोग करने में कामयाबी हासिल की है।

### 4. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (I.L.O)

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) संयुक्त राष्ट्र संघ का एक निकाय है जिसकी स्थापना स्विटज़रलैंड के जिनेवा में अक्टूबर 1919 में की गई थी। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय की कुशल स्थितियों को प्रोन्नत करने तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर श्रमिकों के लिए कार्य करना है। इसके अतिरिक्त महिलाओं तथा पुरूष श्रमिकों को उत्पादक कार्य में संलग्न करने के लिए प्रोत्साहन तथा कार्य स्थल पर उनके लिए सुरक्षा समता तथा स्वाभिमान की स्थिति बनाना भी इसी संगठन के कार्य हैं।

### 5. अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (IAEA)

अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेन्सी की स्थापना 1957 में हुई थी। इसका मुख्यालय आस्ट्रिया के वियना में है। इस मुख्य कार्य अमेरिकी राष्ट्रपति ड्विट आइजनहॉवर के प्रस्ताव "शांति के लिए परमाणु" को लागू करना है। यह परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना और सैन्य उद्देश्यों के लिए इसके प्रयोग को रोकने के लिए कार्य करता है।

## गैर सरकारी संगठन

### 1. एमनेस्टी इंटरनेशनल

एमनेस्टी इंटरनेशनल एक ऐसी संस्था है जो पूरी दुनिया में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाता है। यह मानव अधिकारो की सार्वभौम

घोषणा में सभी मानव अधिकारों के लिए सम्मान को बढ़ावा देता हैं यह मानता है कि मानवाधिकार अन्योन्याश्रित और अविभाज्य हैं। यह मानव अधिकारों पर रिपोर्ट तैयार और प्रकाशित करता है।

**2. ह्यूमन राइट्स वॉच**

ह्यूमन राइट्स वॉच एक अन्य अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है जो मानव अधिकारों के अनुसंधान और वकालत में शामिल है। यह अमेरिका में सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन है। यह मानवाधिकारों के हनन की ओर वैश्विक मीडिया का ध्यान आकर्षित करता है। इसने बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाने वाले अभियानों, बाल सैनिकों के उपयोग को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना जैसे कार्यों में मदद की है।

**अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का निहितार्थ और भविष्य–**

हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ में थोड़ी कमियाँ अवश्य है, लेकिन इसके बिना दुनिया और बदहाल होगी। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं उपरोक्त वर्णित सभी आर्थिक संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों ने पारस्परिक निर्भरता को बढ़ाया है, जिससे इन संस्थाओं का उत्तदायित्व बढ़ता जा रहा है। बदलते वैश्विक परिवेश हमें संयुक्त राष्ट्र एवं इन अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समर्थन और उपयोग के तरीके तलाशने होंगे।

**एक अंकीय प्रश्न**

**निर्देशः प्रश्न संख्या 1 से 4 तक, दो कथन क्रमशः अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किये गए है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और अधोलिखित विकल्पों में से किसी एक को सही उत्तर के रूप मे चुनिए–**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

1. **अभिकथन (A):** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सन् 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।

**कारण (R):** शीत युद्ध के बाद, वास्तविकताएँ बदल गई है, अतः संयुक्त राष्ट्र में भी सुधार जरूरी है।

2. **अभिकथन (A):** सुरक्षा परिषद में पाँच स्थाई और दस अस्थाई सदस्य है।

**कारण (R):** दो साल की अवधि तक अस्थाई सदस्य रहने के बाद लगातार किसी देश को इस पद के लिए दुबारा नहीं चुना जा सकता।

3. **अभिकथन (A):** निषेधाधिकार (वीटो पॉवर) एक नकारात्मक शक्ति है।

**कारण (R):** सुरक्षा परिषद के फैसलों से असंतुष्ट होनेपर महासचिव इसका प्रयोग कर सकता है।

4. **अभिकथन (A):** अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेन्सी (IAEA) की स्थापना, संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्देशानुसार सन् 1957 में की गई।

**कारण (R):** इस संगठन के अधिकारी नियमित रूप से विश्व की परमाण्विक सुविधाओं की जाँच करते है ताकि नागरिक परमाणु संयंत्रों का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए न हो।

5. निम्नलिखित में संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य अंग नहीं है-

(a) आम सभा (b) सचिवालय

(c) विश्व बैंक (d) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

6. भारत की सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के विषय में सही तर्कों का चयन कीजिए:-

(a) संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में अपना योगदान देने में भारत हमेशा लड़खड़ाया है।

(b) विश्व मंच पर भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है।

(c) भारत अपने परमाणु हथियारों के जखीरे में लगातार वृद्धि कर रहा है।

(d) संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना में भारत ने अपनी सेना भेजने में आनाकानी की है।

7. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य उदेश्य है-

(a) ताकतवर देशों द्वारा, कमजोर देशों के शोषण को रोकना।

(b) अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों को रोकना।

(c) जनसंख्या वृद्धि नियन्त्रित करना।

(d) विश्व व्यापार के नियमों को बनाना।

8. निम्नलिखित में से सही मिलान का चयन कीजिए-

| | संगठन | मुख्यालय |
|---|---|---|
| (a) | UNO | जिनेवा |
| (b) | WTO | पेरिस |
| (c) | IMF | वाशिंगटन डी.सी. |
| (d) | IAEA | न्यूयॉर्क |

9. निम्नलिखित एजेन्सी का उनके कार्यों से मिलान कीजिए-

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | रेडक्रास सोसायटी | (I) | विश्व व्यापार को नियमित करना |
| (B) | एमनेस्टी इंटरनेशनल | (II) | युद्ध पीड़ितों की मदद करना |
| (C) | विश्व व्यापार संगठन | (III) | विकास कार्यों के लिए ऋण देना |
| (D) | विश्व बैंक | (IV) | मानवाधिकारों की रक्षा करना |

(a) A-II, B-IV, C-I, D-III

(b) A-I, B-II, C-III, D-IV

(c) A-IV, B-III, C-I, D-I

(d) A-III, B-IV, C-II, D-I

10. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के विषय में सत्य कथन का चयन कीजिए।

(a) ILO की स्थापना सन् 1945 में हुई।

(b) इसका मुख्यालय जिनवा में है।

(c) उद्योगों के कल्याण हेतु नियम बनाना।

(d) यह उद्योगों को सस्तीदर पर ऋण उपलब्ध करवाता है।

**दो अंक वाले प्रश्न**

1) निषेधाधिकार किसे कहते है?

2) विश्व बैंक के कोई दो मुख्य कार्य बताइए।

3) सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के नाम लिखिये।

4) मानवाधिकारों की रक्षा में सक्रिय दो संगठन कोन से है?

5) विश्व व्यापार संगठन के कोई दो कार्य बताइए।

**चार अंक वाले प्रश्न :-**

1. बदलती परिस्थितियों में प्रभावी एंव सुचारू ढंग से कार्य करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रक्रिया व ढाँचे में सुधार के कोन-कोन से प्रस्ताव सुझाये गये है?

2. संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिकी वर्चस्व का सामना करने में असफल सिद्ध हुआ है। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है?

3. सुरक्षा परिषद मुख्य के कार्य लिखिए।

4. भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष का समर्थन आप केसे करेगें? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध कीजिए। (IMP)

5. ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल क्या है? इसके कोई दो कार्य लिखिए।

6. संयुक्त राष्ट्र के मुख्य सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

**गद्यांश आधारित प्रश्न**

**निम्नलिखित गद्यांश की ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर दीजिए-**

"संयुक्त राष्ट्र संघ में थोड़ी कमियाँ है लेकिन इसके बिना दुनिया ओर बदलाव होगी। आज विभिन्न समाजों और मसलों के बीच आपसी तार जुड़ते जा रहे है। इसे पारस्परिक निर्भरता का नाम दिया जाता है। इसे देखते हुए यह कामना करना कठिन है कि संयुक्त राष्ट्र संघ जेसे संगठन के बिना विश्व के सात अरब से भी ज्यादा लोग केसे रहेंगे।"

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की सीमा (कमी) है-

(a) निर्णय लेने की शक्ति, सभी सदस्यों के पास है।

(b) यह प्रभावकारी और लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से निर्णय लेता है।

(c) यह अपने बजट के लिए अपने सदस्य देशों के योगदान पर निर्भर नहीं है।

(d) यह संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन आदि देशों के बढ़ते वर्चस्व को रोकने में असमर्थ रहा है।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश में 'पारस्परिक निर्भरता' से अभिप्राय है-

(a) पृथ्वी पर सभी जीवधारियों की पारस्परिक निर्भरता

(b) विश्व में सभी देशों की पारस्परिक निर्भरता

(c) सौर मंडल में सभी ग्रहों की पारस्परिक निर्भरता

(d) दो देशों के मध्य मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना

(iv) यदि संयुक्त राष्ट्र ना हो, तो दुनिया और बदहाल होगी, क्योंकि-

(a) संयुक्त राष्ट्र के बिना चारों ओर अव्यवस्था होगी।

(b) विभिन्न राज्यों और समाजों के मध्य कोई जुड़ाव नहीं होगा।

(c) विश्व के सात अरब लोगों का प्रबन्धन मुश्किल होगा।

(d) समाजों और मुद्दों के बीच बढ़ते संबंधों और कड़ियों का प्रबंधन मुश्किल/कठिन होगा।

(iv) वर्ष 2019 के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में सर्वाधिक योगदान देने वाला देश है-

(a) जापान

(b) चीन

(c) भारत

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

**कार्टून आधारित प्रश्न**




(i) प्रस्तुत कार्टून में दिखाया गया व्यक्ति किस देश को इंगित कर रहा है?

(ii) कार्टून में दिखाए व्यक्ति के दाएँ हाथ में किसका चिह्न है।

(iii) आम सभा के कोई दो कार्य बताइये।

**छः अंकों वाले प्रश्न :-**

1. अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता स्पष्ट कीजिए।
2. संयुक्त राष्ट्र संघ को ओर अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए कोन-कोन से कदम उठाने का निर्णय लिया गया है?
3. संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के योगदान पर चर्चा कीजिये।
4. बदलते परिवेश में सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है? (IMP)
5. वीटों पावर क्या है? वीटों पॉवर में बदलाव का प्रस्ताव अभी तक सफल क्यों नही हुआ है?

6. वेश्विक राजनीति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं एवं संगठन किस हद तक लोकतांत्रिक व जवाबदेह है ?

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है

2. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है

3. (c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है।

4. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

5. (c) विश्व बैंक

6. (b) विश्व मंच पर भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है।

7. (b) अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों को रोकना

8. (c) IMF–वाशिंगटन डी.सी.

9. (a) A-II, B-IV, C-I, D-III

10. (b) इसका मुख्यालय जिनेवा में है।

**दो अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. सुरक्षा परिषद का कोई भी स्थायी सदस्य सुरक्षा परिषद द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को रोक सकता है, यही वीटो का अधिकार है।

2. i) कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए काम करता है।

   ii) सदस्य देशों को अनुदान के लिए काम करता है।

3. ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, रूस, चीन।

4. i) ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल।

   ii) ह्यूमन राइट्स वॉच।

5. i) वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करना।

ii) सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

**चार अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (i) सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाना।

(ii) वीटो पावर (निषेधाधिकार) की समाप्ति।

(iii) विकसित देशों के प्रभाव को समाप्त करना।

(iv) कार्यप्रणाली को ज्यादा लोकतांत्रिक बनाना।

2. अमेरीकी वर्चस्व का सामना करने में संयुक्त राष्ट्र के असफल होने के कारणः-

(i) अमेरिका सबसे बड़ा वित्तीय योगदान देने वाला देश।

ii) UNO का मुख्यालय अमेरिका के भू क्षेत्र में स्थित है।

iii) UNO में अधिकत्तर कर्मचारी अमेरिका के है।

iv) कोई प्रस्ताव अपने या साथी राष्ट्रों के हितों के अनुकूल न होने पर अपने वीटो से रोक सकता है।

उपरोक्त तथ्यों के बावजूद अमेरीका से वार्ता करने एवं उसपर दबाव बनाने के लिए UNO एक मंच के रूप में अवश्य उपलब्ध है।

3. सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्य निम्नलिखित है :-

(i) विश्व में शांति स्थापित करना।

(ii) किसी भी देश द्वारा भेजी गयी शिकायत पर विचार करना।

(iii) अपने निर्णयों को लागू करवाने की कार्यवाही करना।

(iv) झगड़ों का निपटारा करना।

4. भारत की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की दावेदारी के कारण निम्नलिखित है:

(i) UNO का संस्थापक देश

(ii) सबसे बड़ा लोकतान्त्रिका देश

(iii) तेजी से उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति

(iv) सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश

5. ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल मानवाधिकारों की रक्षा करने वाला एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन मानवाधिकारों की रक्षा से जुड़ी रिपोर्ट तैयार और प्रकाशित करता है। उसकी ये रिपोर्ट मावाधिकारों से संबंधित अनुसंधान और तरफदारी में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

6. संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य सिद्धान्त निम्नलिखित है-
   (i) अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और शांति को बनाये रखना।
   (ii) राष्ट्रों के बीच मैत्री संबंधों को बढ़ाना।
   (iii) आपसी सहयोग द्वारा युद्ध व आंतकवाद जैसे मुद्दों को सुलझाने को प्रयास करना।
   (iv) अंतर्राष्ट्रीय संधियों और कानूनों को सम्मानपूर्वक लागू करवाना।
   (v) राष्ट्रों की प्रादेशिक अखंडता और राजनीतिक स्वतंत्रता का आदर करना।

**गद्यांश आधारित प्रश्नोत्तर**

(i) (d) यह संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन आदि देशों के बढ़ते हुए वर्चस्व को रोकने में असमर्थ रहा हैं।

(ii) (b) विश्व के सभी देशों की पारस्परिक निर्भरता

(iii) (a) समाजों और मुद्दों के बीच बढ़ते संबंधों और कड़ियों का प्रबंधन मुश्किल होगा।

(iv) (d) संयुक्त राज्य अमेरिका।

**कार्टून आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) चित्र में खड़ा व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

(ii) इस व्यक्ति के दायें हाथ में संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतीक चिन्ह् और बायें हाथ में युद्ध की संभावित परिस्थितियाँ दी गई है।

(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा के दो कार्य निम्नलिखित है-
   (a) यह सभी 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करती है।
   (b) मुख्य निर्णय 2/3 सदस्यों की सहमति से तथा सामान्य स्थितियों पर निर्णय बहुमत से लिये जाते हैं।

**छः अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता
   * युद्ध और शांति के मामलों में मदद करना।
   * विभिन्न देशों के मध्य विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में सहायक।
   * नए चुनौतीपूर्ण मुद्दे जेसे- वेश्विक तापन, कोविड-19 जेसी महामारियां आंतकवाद आदि परस्पर सहयोग से ही सुलझायें जा सकते हे।
   * राष्ट्रों की क्षेत्रीय अखण्डता और राजनीतिक स्वतन्त्रता का सम्मान करना।
   * बातचीत अथवा वार्ता के लिए विश्व मंच के रूप में कार्य
2. संयुक्त राष्ट्र संघ को ओर अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए निम्नलिखित कार्य किए जाने चाहिए-
   * सुरक्षा परिषद की संरचना में सुधार।
   * सुरक्षा परिषद की स्थाई और अस्थाई सदस्य संख्या में वृद्धि।
   * वीटो पॉवर की समाप्ति/बदलाव
   * सुरक्षा परिषद को ओर अधिक लोकतांत्रिक, जवाबदेह ओर सहभागी बनाना जिससे सभी विश्व व्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय शांति ओर सुरक्षा संबंधी नियमों का समान आदर करें।
   * सुरक्षा परिषद की कार्य प्रणाली में सुधार।
   * नए मुद्दे जेसे भुखमरी, वेश्विक निर्धनता, वेश्विकतापन आदि का सामना करना।
3. संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के योगदान को निम्नलिखित रूपों में समझा जा सकता हे-
   * भारत अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण कर्ता के रूप में उभरा हे।
   * भारत आठ बार सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका हे।
   * आम सभा की अध्यक्षता के दोरान भी भारत का योगदान सराहनीय रहा हे।

* यह भारत के इस कथन से भी सिद्ध होता है कि भारत न केवल दक्षिण एशिया में अपितु सभी लोकतंत्र प्रिय देशों के लिए गर्व की वजह है।
* सुरक्षा परिषद में अपने कार्यकाल के दौरान भारत ने, परिषद का ध्यान समुद्री सुरक्षा, शांति सेनिकों की सुरक्षा आदि मुद्दों पर पुनः केन्द्रित किया।

4. निम्नलिखित कारणों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता महसूस हो रही है:-

   (i) सुरक्षा परिषद अब राजनैतिक वास्तविकताओं की नुमांइदंगी नहीं करती।

   (ii) इसके फेसलों पर पश्चिमी मूल्यों व हितों का प्रभाव दिखता है।

   (iii) सुरक्षा परिषद् में बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है।

   (iv) इसके फेसलों पर चंद देशों का दबदबा है, विशेषकर उन देशों का जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में ज्यादा योगदान देते है।

5. वीटो पॉवर एक निषेधात्मक शक्ति है।

   सुरक्षा परिषद के पाँच स्थाई सदस्य (P-5) के पास, वीटो पॉवर है। कोई एक स्थाई सदस्य इसका प्रयोग करके, सुरक्षा परिषद के निर्णय को निरस्त कर सकता है। पूर्व सोवियत संघ वर्तमान रूस ने सर्वाधिक बार इसका प्रयोग किया है। वीटो पॉवर को समाप्त/संशोधित करने के प्रस्ताव निम्न कारणों से असफल रहे-

   (i) स्थाई सदस्य वीटो पॉवर में बदलाव/समाप्ति के इच्छुक नहीं है।

   (ii) यदि इसे समाप्त कर दिया जाए तो बड़े ताकतवर देशों की इस संगठन में रूचि समाप्त हो जाएगी।

6. अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का लोकतांत्रिक एवं उनकी जवाबदेयता के पक्ष में तर्क:-

   (i) महासभा में विश्व के सभी राष्ट्रों की समान सदस्यता।

   (ii) आर्थिक विकास के लिए कई इकाईयां स्थापित।

   (iii) राष्ट्रों में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र निरन्तर तत्पर।

(iv) संगठन की इकाईयां मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति कार्यरत।

(v) मानव विकास (शिक्षा, चिकित्सा) आदि पर बल।

(vi) पर्यावरण की रक्षा पर बल।

उपरोक्त तथ्यों के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में कुछ राष्ट्रों का निरंतर दबदबा बना रहता है। चाहे वो सुरक्षा परिषद् के आकार को न बढ़ाने का निर्णय हो अथवा सुरक्षा परिषद् में वीटो का प्रयोग हो, ये कुछ तथ्य है जो संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं के लोकतांत्रिक होने पर प्रश्नचिह्न लगाते है।

## अध्याय – 5

# समकालीन विश्व में सुरक्षा

★ सुरक्षा मानव जीवन का प्रमुख घटक है। अपने नागरिकों की सुरक्षा के विषय पर विश्व के लगभग सभी देशों की चिंता एक समान है।

★ सुरक्षा का अर्थ है मानव जीवन में व्याप्त खतरों को दूर करना ताकि मनुष्य शांतिपूर्ण जीवन यापन कर सके

**सुरक्षा की धारणाएँ**

- पारंपरिक धारणा
  - बाहरी खतरा
    - सैन्य हमला
    - जनसंहार
    - शक्ति-संतुलन
    - गठबंधन
    - शस्त्रीकरण
  - आंतरिक खतरा
    - कानून व्यवस्था
    - अलगाववाद
    - गृहयुद्ध
- गैर पारंपरिक धारणा
  - मानवता की सुरक्षा
    - (व्यापक अर्थ में भूख/महामारी और प्राकृतिक विपदा से सुरक्षा
  - विश्व सुरक्षा
    - नवीन चुनौतियों, आतंकवाद, बीमारियों, जलवायु संकट से सुरक्षा शामिल है।

### बाहरी सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा

★ खतरे का स्त्रोत कोई दूसरा मुल्क होता है जो सैन्य हमले की धमकी देकर संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता जैसे किसी देश के केंद्रीय मूल्यों के लिए खतरा उत्पन्न करता है।

★ सुरक्षा नीति का संबंध युद्ध की आशंका को रोकने से होता है जिसे 'अपरोध' कहा जाता है।

★ देश शक्ति संतुलन अपने पक्ष में रखने के लिए सैन्य शक्ति के साथ आर्थिक व प्रोद्योगिकी ताकत बढ़ाने में लगे रहते हैं।

* किसी देश अथवा गठबंधन की तुलना में अपनी ताकत का असर बढ़ाने के लिए देश गठबंधन भी बनाते है। गठबंधन राष्ट्रीय हितों पर आधारित होते हैं। राष्ट्रीय हित बदलने पर गठबंधन भी बदल जाते हैं।
* आंतरिक सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा - इस अवधारणा में देश की आन्तरिक शांति और कानून व्यवस्था मुख्य कारक होती है। एशिया एवं अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के समक्ष आंतरिक सैन्य संघर्ष, अलगाववादी आंदोलन और गृहयुद्ध की समस्याएं रही है।
* सुरक्षा के पारंपरिक तरीके निशस्त्रीकरण, अस्त्र नियंत्राण तथा विश्वास की बहाली।
* सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा सैन्य खतरों के साथ-साथ मानव अस्तित्व पर आने वाले खतरों से संबंधित है।
* सुरक्षा के पारंपरिक तरीके निशस्त्रीकरण, अस्त्र नियंत्रण तथा विकास की बहाली।
* सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा सैन्य खतरों के साथ-साथ मानव अस्तित्व पर आने वाले खतरों से संबंधित है।
* सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा के अंतर्गत मानवीय अस्तित्व पर चोट करने वाले व्यापक खतरों और आशंकाओं को शामिल किया जाता है। जैसे अकाल, महामारी, वैश्विक तापवृद्धि और आतंकवाद आदि।
* सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा के दो पक्ष हैं-मानवता की सुरक्षा और विश्व सुरक्षा। सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा के अंतर्गत विश्व की सुरक्षा के समक्ष प्रमुख खतरे कुछ इस प्रकार है- आतंकवाद, मानव अधिकार, वैश्विक निर्धनता, शरणार्थियों की समस्या, बीमारियां जैसे एड्स, बर्ड फ्लू एवं सार्स SARS (सिवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री सिंड्रोम)।
* सहयोगमूलक सुरक्षा की अवधारणा अपारंपरिक खतरों से निपटने के लिए सैन्य संघर्ष की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से रणनीतियां तैयार करने पर बल देती है। यद्यपि अंतिम उपाय के रूप में बल प्रयोग किया जा सकता है।
* सहयोगमूलक सुरक्षा में विभिन्न देशों के अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन (संयुक्त राष्ट्र संघ UNO, विश्व बैंक आदि), स्वयंसेवी संगठन (रेड क्रॉस, एमनेस्टी

इंटरनेशनल आदि), व्यवसायिक संगठन व प्रसिद्ध हस्तियां (जेसे नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा आदि) शामिल हो सकती है।

★ भारत की सुरक्षा नीति के घटक - भारत की सुरक्षा नीति के चार प्रमुख घटक है।




★ आतंकवाद- आतंकवाद से तात्पर्य क्रूर हिंसा के व्यवस्थित प्रयोग से है जिससे समाज में भय का वातावरण बनता है। इसका उपयोग प्रमुखता से राजनीतिक पार्टी के उद्देश्यों के अतिरिक्त कई अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

★ आतंक का एक व्यवस्थित प्रयोग प्रायः हिंसक, विशेष रूप से दबाव के साधन के रूप में।

★ हिंसात्मक कार्य जिनका उद्देश्य एक निश्चित आर्थिक, राजनीतिक और वेचारिक लक्ष्य के लिए भय (आतंक) उत्पन्न करना तथा विदित रूपेण नागरिकों की सुरक्षा को लक्षित करना तथा उनकी अवहेलना करना है।

★ अवेधानिक हिंसा तथा युद्ध का प्रयोग।

**एक अंकीय प्रश्न**

1. निम्नलिखित संधियों को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।

   (a) रासायनिक जेविक हथियार संधि

   (b) परमाणु अप्रसार संधि

(c) जेविक हथियार संधि

(d) एंटी बेलिस्टिक मिसाइल संधि

**विकल्प–**

(a) (i), (ii), (iv), (iii) (b) (ii), (iii), (iv), (i)

(c) (ii), (i), (iv), (iii) (d) (iii), (iv), (ii), (i)

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | शरणार्थी | (i) | कश्मीरी पंडित |
| (B) | परंपरागत सुरक्षा | (ii) | दलाई लामा |
| (C) | आंतरिक विस्थापित जन | (iii) | मानव सुरक्षा और विश्व सुरक्षा |
| (D) | अपरंपरागत सुरक्षा | (iv) | सैन्य शक्ति के संदर्भ में बाहरी और आंतरिक खतरों से सुरक्षा |

**विकल्प–**

(a) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)

(b) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)

(c) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)

(d) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

3. निम्नलिखित में से कोन-सा भारत की सुरक्षा रणनीति का एक प्रमुख घटक है?

(a) हथियारों की होड़ में शामिल होना।

(b) संयुक्त राष्ट्र संघ में विश्वास न होना।

(c) आर्थिक विकास तेज करना

(d) युद्धों में शामिल होना

4. निम्नलिखित में से कोन-सा सुरक्षा की परंपरागत अवधारणा से संबंधित है?

(a) वैश्विक ताप वृद्धि (b) आतंकवाद

(c) सैन्य हमला (d) महामारियां

5. अस्त्र-नियंत्रण के अंतर्गत अमेरिका और सोवियत संघ ने निम्नलिखित में से कौन-कौन सी संधियां की थीं? उचित विकल्प का चयन कीजिए।

(a) सामरिक अस्त्र परिसीमन संधि-II (SALT-II)

(b) रासानियक हथियार संधि।

(c) जेविक हथियार संधि।

(d) परमाणु अप्रसार संधि।

6. एशिया और अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के सामने सुरक्षा की प्रमुख चुनौतियां कौन-सी थी?

(a) पड़ोसी देशों से सैन्य हमले का डर

(b) विकास करना।

(c) हथियार बनाना।

(d) विदेश संबंध।

7. निम्नलिखित में से किन विकल्पों को आप सुरक्षा के परंपरागत खतरे का दर्जा देंगे।

(a) सैन्य हमला (b) आतंकवाद

(c) महामारी (d) वैश्यिक निर्धनता

8. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सुरक्षा के परंपरागत तरीके/तरीकों में शामिल किया जा सकता है?

(a) अस्त्र-नियंत्रण

(b) मानवाधिकारों की सुरक्षा।

(c) महामारियों से सुरक्षा।

(d) आतंकवाद से बचाव।

**प्रश्न संख्या 9 और 10 के लिए निर्देश–**

नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए-

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

9. अभिकथन (A): सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा में सैन्य खतरे को किसी देश के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है।

कारण (R): इस खतरे का स्त्रोत कोई दूसरा मुल्क होता है जो सैन्य हमले की धमकी देकर संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता जैसे किसी देश के केंद्रीय मूल्यों के लिए खतरा उत्पन्न करता है।

10. अभिकथन (A): सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा सिर्फ सैन्य खतरों से संबद्ध नहीं है।

कारण (R): सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा के दो पक्ष है-मानवता की सुरक्षा और विश्व सुरक्षा।

**दो अंकीय प्रश्न**

1. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा के अनुसार किसी देश की सुरक्षा के समक्ष किन्हीं दो खतरों को उजागर कीजिए।
2. सुरक्षा के लिए खतरों के नए-नए स्त्रोत कौन-कौन से हैं?
3. निरस्त्रीकरण से क्या अभिप्राय हैं?
4. पारंपरिक सुरक्षा के किन्हीं दो तरीकों का वर्णन कीजिए।
5. अप्रवासी और शरणार्थी में अंतर स्पष्ट कीजिए।
6. 'अपरोध' शब्द से आप क्या समझते हैं?
7. सुरक्षा की दो मुख्य अवधारणाएं कौन-सी हैं?
8. 'मानवीय सुरक्षा' से आपका क्या अभिप्राय है?
9. पारंपरिक सुरक्षा नीति के एक तत्व के रूप में गठबंधन बनाने से क्या अभिप्राय है?
10. 'सहयोगमूलक सुरक्षा' की परिभाषा लिखिए।

**चार अंकीय प्रश्न**

1. भारत की सुरक्षा रणनीति के प्रमुख घटकों का वर्णन कीजिए।
2. कुछ ऐसे अंतर्राष्ट्रीय चुनोतीपूर्ण मसलों का वर्णन कीजिए जिनसे तभी निपटा जा सकता है जब सभी देश साथ मिलकर कार्य करें।
3. प्रति व्यक्ति आय तथा जनसंख्या वृद्धि, विश्व में आर्थिक असमानता को कैसे प्रभावित करते हैं? गरीबों तथा अमीरों के बीच वैश्विक स्तर पर आर्थिक अंतर को कम करने के लिए कोई दो उपाय सुझाइये।
4. सुरक्षा के लिए एक नए खतरे के रूप में आतंकवाद की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से कीजिए।
5. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा और अपारंपरिक अवधारणा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**छह अंकीय प्रश्न**

1. सुरक्षा की अपारंपरिक अवधारणा से क्या अभिप्राय है? मानवता की सुरक्षा संबंधी संकीर्ण तथा व्यापक अर्थों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. प्रत्येक के लिए एक-एक उदाहरण देकर सुरक्षा की किन्हीं तीन नई चुनोतियों का वर्णन कीजिए।
3. तीसरी दुनिया के लोगों के समक्ष आने वाले खतरे किस प्रकार पहली दुनिया में रहने वाले लोगों के खतरों से अलग हैं? अपने उत्तर के पक्ष में उदाहरण दीजिए।
4. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते आतंकवाद के पीछे क्या कारण है?
5. बाहरी खतरों से सुरक्षा के परंपरागत विचार के चार घटक क्या हैं? प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए-

**गद्यांश**

"सिर्फ राज्य ही नही व्यक्तियों और समुदायों या कहें कि समूची मानवता को सुरक्षा की जरूरत है।" यद्यपि इस बात पर मतभेद है कि ठीक-ठाक ऐसे कोन से खतरे हैं

जिनसे व्यक्तियों को बचाया जाना चाहिए। संकीर्ण अर्थों में व्यक्तियों और समुदायों को खून-खराबे से बचाना मानवता की सुरक्षा है जबकि व्यापक अर्थों में यह अभाव से मुक्ति और भय से मुक्ति है।

(i) सुरक्षा की जरूरत किसे हैं?

(a) राज्य को

(b) व्यक्ति को

(c) समुदाय को

(d) समूची मानवता को

(ii) संकीर्ण अर्थों मे सुरक्षा का क्या अर्थ है?

(a) समुदायों को खून-खराबे से बचाना

(b) व्यक्ति और समुदायों को खून-खराबों से बचाना

(c) व्यक्ति को खुन-खराबे से बचाना

(d) शरणार्थियों की सुरक्षा।

(iii) समूची मानवता को किन खतरों से सुरक्षा की आवश्यकता है?

(a) प्राकृतिक आपदा

(b) कानून व्यवस्था

(c) अलगाववाद

(d) सैन्य गठबंधन

(iv) व्यापक अर्थों में सुरक्षा का क्या मतलब है?

(a) भय से मुक्ति

(b) अभाव से मुक्ति

(c) अभाव और भय से मुक्ति

(d) हिंसा से मुक्ति

**कार्टून आधारित प्रश्न**




1. उपरोक्त कार्टून में सुरक्षा के किन खतरों को दर्शाया गया है?
2. सुरक्षा के इन खतरों से किस प्रकार निपटा जा सकता है?
3. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा में प्रमुख खतरे कौन-से हैं?

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (b) (ii), (iii), (iv), (i)
2. (c) (A)-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)
3. (c) आर्थिक विकास तेज करना।
4. (c) सैन्य हमला
5. (a) सामरिक अस्त्र परिसमिन संधि-II (SALT-II)
6. (a) पडोसी देशों से सैन्य हमले का डर
7. (a) सैन्य हमला।
8. (a) अस्त्र नियत्रंण।
9. (a) अभिकथन (A) ओर कारण (R) दोनो सहीं है तथा कारण (A) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
10. (a) अभिकथन (A) ओर कारण (R) दोनो सहीं है तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. आंतरिक खतरा-

   (i) गृह-युद्ध

   (ii) अलगाववाद

   बाहरी खतरा-

   (i) सैन्य हमला

   (ii) जनसंहार

2. आतंकवाद, वैश्विक निर्धनता, आपदा और महामारी, वैश्विक तापवृद्धि और शरणार्थियों की समस्या।

3. निरस्त्रीकरण का साधारण अर्थ है विध्वंसकारी शस्त्रों को ना बनाना, उन्हें कम करना और उन पर नियंत्रण करना।

4. (i) विश्वास की बहाली।

   (ii) अस्त्र-नियंत्रण।

   (iii) निरस्त्रीकरण।

5. अप्रवासी- अप्रवासी ऐसे लोगों को कहा जाता है जो अपनी इच्छा से अपना देश छोड़कर किसी अन्य देश छोड़कर किसी अन्य जगह पर रहने को मजबूर होते हैं।

   शरणार्थी-शरणार्थी ऐसे लोगे होते हैं जो युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीडन के कारण देश छोड़कर किसी अन्य जगह पर रहने को मजबूर होते हैं।

6. जब कोई देश सुरक्षा नीति के अंतर्गत युद्ध की आशंका को रोकने का प्रयास करता है तो इसे अपरोध कहा जाता है।

7. (i) सुरक्षा की परंपरागत अवधारणा।

   (ii) सुरक्षा की अपरंपरागत अवधारणा।

8. समाज में सुरक्षित जीवन यापन करना ही मानवीय सुरक्षा है। वर्तमान समय में मनुष्य का जीवन विभिन्न खतरों से भरा रहता है। मनुष्य को इन विभिन्न खतरों से सुरक्षित रखना ही मानवीय सुरक्षा कहलाता है।

9. पारंपरिक सुरक्षा नीति के एक तत्व के रूप में गठबंधन बनाने से अभिप्राय है विभिन्न देशों का एक साथ समझौता या संधि करना जो कि किसी विशेष सैन्य हमले को रोकने या अपनी रक्षा करने से संबंधित होता है।

10. वर्तमान समय में खतरे के बहुत सारे नए स्त्रोत विश्व के सामने आए हैं। इन विभिन्न खतरों में आतंकवाद, आपदा और महामारी, वैश्विक निर्धनता, मानव अधिकार, वैश्विक तापवृद्धि आदि शामिल हैं। इन खतरों से मिलकर ही लड़ा जा सकता है इसलिए वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों का एक साथ आना और सहयोग करना ही 'सहयोगमूलक सुरक्षा' कहलाता है।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर

1. (i) सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना
   (ii) अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना।
   (iii) आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपटना।
   (iv) आर्थिक विकास को तीव्र करना।

2. (i) आतंकवाद
   (ii) वैश्विक निर्धनता
   (iii) वैश्विक तापवृद्धि
   (iv) मानव अधिकारों का हनन

3. उच्च प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या वृद्धि के कारण धनी देश अथवा सामाजिक समूहों को और अधिक धनी बनने में मदद मिलती है जबकि निम्न प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या की तीव्र वृद्धि एक साथ मिलकर गरीब देशों और सामाजिक समूह को और अधिक गरीब बना देते हैं।

   **सुझाव–**

   (i) जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के द्वारा ही वैश्विक स्तर पर आर्थिक अंतर को कम किया जा सकता है।

   (ii) प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के द्वारा ही आर्थिक विकास में गति लाई जा सकती है।

4. (i) आतंकवाद सुरक्षा के लिए एक नया खतरा है। इसमें निर्दिष्ट राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।

(ii) आतंकवाद राजनीतिक हिंसा को संदर्भित करता है जो नागरिकों को जानबूझकर और भेदभाव तरीके से अपना शिकार बनाता है।

(iii) आतंकवाद का तात्पर्य क्रूर हिंसा के सोचे-समझे प्रयोग से समाज में भय का वातावरण उत्पन्न करना होता है।

(iv) आतंकवादी समूह उस राजनीतिक संदर्भ में स्थिति को बलपूर्वक बदलना चाहते हैं जिसे वे पसंद नहीं करते हैं।

5. सुरक्षा की परंपरागत और अपरंपरागत अवधारणा में प्रमुख अंतर इस प्रकार हैं-

(i) पारंपरिक सुरक्षा में सैन्य हमले का खतरा सर्वाधिक होता है जबकि अपारंपरिक सुरक्षा में सैन्य हमले का खतरा नहीं होता।

(ii) पारंपरिक सुरक्षा के खतरों से अलगाववाद, गृह-युद्ध और सैन्य हमला आते है जबकि अपारंपरिक सुरक्षा के खतरों में आतंकवाद, मानव अधिकार, शरणार्थियों की समस्या, वैश्विक निर्धनता आदि आते हैं।

(iii) परंपरागत सुरक्षा के उपाय में विश्वास बहाली, निरस्त्रीकरण और अस्त्र-नियंत्रण आते हैं जबकि अपारंपरिक सुरक्षा के उपायो में सहयोगमूलक सुरक्षा का प्रयोग होता है।

(iv) पारंपरिक सुरक्षा के खतरों में सैनिकों के साथ-साथ कभी-कभी जनता भी शिकार होती है जबकि अपारंपरिक सुरक्षा के खतरों से संपूर्ण मानवता और विश्व को खतरा होता है।

**छह अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. सुरक्षा की अपांरपरिक धारणा केवल सैन्य खतरों से ही सम्बद्ध नहीं है। इस अवधारणा में मानवीय अस्तित्व पर चोट पहुंचाने वाले खतरों और आशंकाओं के साथ-साथ वैश्विक सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले खतरों और आशंकाओं को शामिल किया जाता है। जैसे आतंकवाद, मानव अधिकार, शरणार्थियों की समस्या, वैश्विक निर्धनता, वैश्विक तापवृद्धि आदि।

मानवता की सुरक्षा संबंधित संकीर्ण अवधारणा - इस अवधारणा में मनुष्य को हिंसक खतरों अर्थात खून-खराबे से बचाना या व्यक्तियों और समुदायों को अंदरूनी खून-खराबे से बचाना होता है।

मानवता की सुरक्षा संबंधी व्यापक अवधारणा - इस अवधारणा में संपूर्ण मानवता को खतरों से बचाना होता है और इस प्रकार के खतरों में अकाल, महामारी, प्राकृतिक आपदा आदि शामिल होते हैं।

2. (i) आतंकवाद, उदाहरण - विमान अपहरण, बम विस्फोट।
   (ii) मानवाधिकारों का हनन, उदाहरण - श्रीलंका में हिंसा, गाजा पट्टी में हिंसा।
   (iii) महामारियां, उदाहरण - कोरोना, इबोला वायरस, एचआईवी, सार्स आदि।

3. (i) पड़ोसी देश से सैन्य हमले की आशंका।
   (ii) अलगाववादी आंदोलन का भी खतरा।
   (iii) आंतरिक सैन्य संघर्ष की आशंका।
   (iv) पड़ोसी देशों के बीच सीमा रेखा और भू-क्षेत्र अथवा आबादी पर नियंत्रण को लेकर भी संघर्ष था।

4. (i) आधुनिक हथियारों तक पहुँच।
   (ii) तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी।
   (iii) यातायात के साधनों का विकास।
   (iv) विभिन्न देशों द्वारा अप्रत्यक्ष समर्थन।

5. (i) अपरोध।
   (ii) सैन्य शक्ति।
   (iii) शक्ति संतुलन।
   (iv) गठबंधन।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) (d) समूची मानवता को

(ii) (b) व्यक्ति और समुदायों को खून-खराबों से बचाना

(iii) (a) प्राकृतिक आपदा।

(iv) (c) अभाव और भय से मुक्ति

**कार्टून आधारित प्रश्नों के उत्तर**

1. उपरोक्त कार्टून में सुरक्षा के नए खतरों को दर्शाया गया है।
2. सहयोगमूलक सुरक्षा के तरीके अपनाकर इन खतरों से निपटा जा सकता है।
3. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा में प्रमुख खतरे कुछ इस प्रकार हैं-सैन्य हमला, अलगाववाद, कानून व्यवस्था इत्यादि।

## अध्याय - 6

# पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन

★ पर्यावरण :- परि (ऊपरी) + आवरण (वह आवरण जो वनस्पति तथा जीव जन्तुओं को ऊपर से ढके हुए है। हमारे आस-पास के विभिन्न प्रकार के वातावरण को पर्यावरण कहा जाता है।

प्राकृतिक संसाधन - प्रकृति से प्राप्त मनुष्य के उपयोग के साधन।

★ वर्तमान वैश्विक राजनीति में पर्यावरण का ह्रास एक गंभीर समस्या एवं चिन्तन का विषय बनकर उभरा है, जिसका मुख्य कारण कृषि भूमि की कमी, चारागाह एवं मत्स्य भंडार का अपक्षय, जलीय प्रदूषण एवं जल की कमी, वनों की कटाई है जिसके कारण समाप्त होती जैव विविधता, ओजोन परत की हानि तथा समुद्र तटीय इलाकों में बढ़ता प्रदूषण है।



**पर्यावरण की सुरक्षा के कुछ वैश्विक प्रयास**

| स. | वर्ष | प्रयास | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 1972 | 'क्लब ऑव रोम' ने 'लिमिट्स टू ग्रोथ' पुस्तक प्रकाशित की। | इसमें बढ़ती जनसंख्या के आलोक में प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के अंदेशों को बताया गया है। |
| 2. | 1972 | स्टॉकहोम सम्मेलन | 'मानव पर्यावरण सम्मेलन' कराया गया जिसमें एक ही धरती' की अनुगूंज सुनायी दी। |
| 3. | 1970 का दशक | UNEP द्वारा आयोजित का विभिन्न कार्यक्रम | पर्यावरण की समस्याओं पर ज्यादा कारगर और ज्यादा सुलझी हुई पहलकदमियों की शुरूआत हुई। |
| 4. | 1987 | बर्टलेंड रिपोर्ट 'अवर कॉमन फ्यूचर) | इसमें चेताया गया था कि आर्थिक विकास के चालू तौर तरीके आगे चलकर टिकाऊ साबित नहीं होगें। |
| 5. | 1992 | ब्राजील (रियो-डि-जेनेरियो) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन | ★ 170 देशों, हजारों स्वयंसेवी संगठनों तथा अनेक बहुराष्ट्रीय निगमों ने भाग लिया।<br>★ पर्यावरण सुरक्षा को लेकर विकसित व विकासशील देशों के बीच अंतर था। विकसित देशों की चिंता ओजोन परत के क्षय एवं वैश्विक ताप को लेकर थी। विकासशील देश अपने तथा पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए चिंतित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | थे। **एर्जेडा-21** इसमें विकास के तौर तरीके के सुझाए गये। यह कहा गया कि आर्थिक वृद्धि का तरीका ऐसा होना चाहिए जिसे पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुँचे। इसे ही **'टिकाऊ विकास'** भी कहा गया। |
| 6. | 1997 | क्योटो प्रोटोकॉल | ओद्योगिक देशों के लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। |
| 7. | 2002 | जोहांसबर्ग (दक्षिण अफीका) दूसरा पृथ्वी सम्मेलन | * मूलरूप से दीर्घकालिक विकास पर केन्द्रित था।<br>* तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने इसका बहिष्कार किया था।<br>* चीन व रूस में 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल को सहमति दे दी थी।<br>* ब्राजील ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 2010 तक विश्व भर मे कुल ऊर्जा के इस्तेमाल का 10% गैर परम्परागत स्रोतों से होने का लक्ष्य रखा था। |
| 8. | 2010 | कानकुन सम्मेलन (COP-16) | ग्रीन हाउस उत्सर्जन में कटोती की बात भी कही गई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | 2012 | रियो + 20 रियो डी-जेनेरियो | ★ प्रथम पृथ्वी सम्मलेन के 20 वर्ष बाद रियों में यह सम्मेलन हो रहा था। इसलिए रियो + 20 कहा गया।<br>★ सतत विकास के लिए नवीकृत राजनैतिक प्रतिबद्वता सुनिश्चित की गई।<br>★ नई उभरती चुनौतियों का समाधान करना उदेश्य था। रियो सम्मेलन का मूल्यांकन किया गया। |
| 10. | 2015 | पेरिस समझौता (COP-19 Conference of Parties) | ★ यह 2020 से लागू हुआ।<br>★ वेश्विक तपमान में बढ़ोतरी को 2°c के भीतर सीमित करना।<br>★ भारत ने 2 अक्टूबर 2016 को हस्ताक्षर किये ओर 2030 तक अपनी उत्सर्जन तीव्रता को 2015 के मुकाबले 33-35% तक कम करने का लक्ष्य रखा है।<br>★ अमेरिका ने स्वयं को इस समझोते से अलग रखा है। |
| 11. | 2016 | COP-22 माराकेश (मोरक्को) | ★ विकासशील देशों द्वारा निर्धारित अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान को प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना इसका मुख्य विषय था। |

★ **साझी संपदा** :- साझी संपदा उन संसाधनो को कहते हैं जिन पर किसी एक का नहीं बल्कि पूरे समुदाय का अधिकार होता है। जेसेः संयुक्त परिवार का चूल्हा, चारागाह, मैदान, कुआँ या नदी। इसमें पृथ्वी का वायुमंडल, अंटार्कटिका,

समुद्री सतह और बाहरी अंतरिक्ष भी शामिल है इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण समझौते जेसे अंटार्कटिका संधि (1959) मांट्रियल न्यायाचार (1987) और अंटार्कटिका पर्यावरणीय न्यायाचार (1991) हो चुके है।

**साझी संपदा, भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियाँ**

★ वेश्विक साझी संपदा की सुरक्षा को लेकर भी विकसित एवं विकासशील देशों का मत भिन्न है। विकसित देश इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी देशों में बराबर बाँटने के पक्ष में है। परन्तु विकासशील देश दो आधारों पर विकसित देशों की इस नीति का विरोध करते है, पहला यह कि साझी संपदा को प्रदूषित करने में विकसित देशो की भूमिका अधिक है दूसरा यह कि विकासशील देश अभी विकास की प्रक्रिया में है। अतः साझी संपदा की सुरक्षा के संबंध में विकसित देशों की जिम्मेवारी भी अधिक होनी चाहिए तथा विकासशील देशों की जिम्मेदारी कम की जानी चाहिए।

★ भारत ने भी पर्यावरण सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपना योगदान दिया है :-

1) 2002 क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर एवं उसका अनुमोदन।
2) 2005 में जी-8 देशों की बेठक में विकसित देशों द्वारा की जा रही ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी पर जोर।
3) नेशनल ऑटो-फ्यूल पॉलिसी के अंर्तगत वाहनों में स्वच्छ ईंधन का प्रयोग।
4) 2001 में उर्जा संरक्षण अधिनियम पारित किया।
5) 2003 में बिजली अधिनियम में नवीकरणीय उर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया।
6) भारत में बायोडीजल से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन पर कार्य चल रहा है।
7) भारत SAARC के मंच पर सभी राष्ट्रों द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा पर एक राय बनाना चाहता है।
8) भारत में पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 2010 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) की स्थापना की गई।
9) भारत विश्व का पहला देश है जहाँ अक्षय उर्जा के विकास के लिए अलग मन्त्रालय है।

10) कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में प्रति व्यक्ति कम योगदान (अमेरिका 16 टन, जापान 8 टन, चीन 06 टन तथा भारत 01.38 टन।

11) 1. भारत ने पेरिस समझोते पर 2 अक्टूबर 2016 हस्ताक्षर किये हैं 2. 2030 तक भारत ने उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के मुकाबले 33-35: कम करने का लक्ष्य रखा है।

12) 1. COP-23 में भारत वृक्षारोपण व वन क्षेत्र की वृद्धि के माध्यम से 2030 तक 2.5 से 3 विलियन टन $CO_2$ के बराबर सिंक बनाने का वादा किया है।

2. भारत कर्क व मकर रेखा के बीच स्थित सभी देशों के एक वैश्विक सोर गठबंधन के मुखिया के रूप में कार्य करेगा।

13) पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर विभिन्न देशों की सरकारों के अतिरिक्त विभिन्न भागों में सक्रिय पर्यावरणीय कार्यकताओ ने अन्तर्राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर कई आंदोलन किये है जेसे :-

1) दक्षिणी देशों मेक्सिकों, चिले, ब्राजील, मलेशिया, इण्डोनेशिया, अफ्रीका और भारत के वन आंदोलन।

2) ऑस्ट्रेलिया में खनिज उद्योगों के विरोध में आन्दोलन।

3) थाइलेण्ड, दक्षिण-अफ्रीका, इण्डोनेशिया, चीन तथा भारत में बड़े बाँधों के विरोध में आंदोलन जिनमें भारत का नर्मदा बचाओ आंदोलन प्रसिद्ध है।

★ **संसाधनों की भू-राजनीति :-** यूरोपीय देशों के विस्तार का मुख्य कारण अधीन देशों का आर्थिक शोषण रहा है। जिस देश के पास जितने संसाधन होगें उसकी अर्थव्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी।

1) इमारती लकड़ी :- पश्चिम के देशों ने जलपोतों के निर्माण के लिए दूसरे देशों के वनों पर कब्जा किया ताकि उनकी नोसेना मजबूत हो और विदेश व्यापार बढ़े।

2) तेल भण्डार :- विश्व युद्ध के बाद उन देशों का महत्व बढ़ा जिनके पास यूरेनियम और तेल जैसे संसाधन थे। विकसित देशों ने तेल की निर्बाध आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गो पर सेना तैनात की।

3) जल :- पानी के नियन्त्रण एवं बँटवारे को लेकर लड़ाइयाँ हुई। जार्डन नदी के पानी के लिए चार राज्य दावेदार है इजराइल, जार्डन, सीरिया एवम् लेबनान।

★ **मूलवासी एवं उनके अधिकारः-** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1982 में ऐसे लोगों को मूलवासी बताया जो मोजूदा देश में बहुत दिनों से रहते चले आ रहे थे तथा बाद में दूसरी संस्कृति या जातियों ने उन्हें अपने अधीन बना लिया, भारत में 'मूलवासी' के लिए जनजाति या आदिवासी शब्द का प्रयोग किया जाता है 1975 में मूलवासियों का संगठन World Council of Indigeneous People बना।

★ मूलवासियों की मुख्य माँग यह है कि इन्हें अपनी स्वतंत्र पहचान रखने वाला समुदाय माना जाए, दूसरे आजादी के बाद से चली आ रही परियोजनाओं के कारण इनके विस्थापन एवं विकास की समस्या पर भी ध्यान दिया जाए।

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और संरक्षण का उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने के लिए वनस्पतियों और जीवों की रक्षा और संरक्षण करना है।

मूलवासियों के निवास वाले स्थान दक्षिण अमरीका, अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया तथा भारत में है जहाँ इन्हे आदिवासी या जनजाति कहा जाता है।

**निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये**

1. रियो सम्मेलन कब हुआ ?

   (a) 1992 (b) 1997

   (ब) 2002 (d) 2004

2. इन दो देशों के बीच पानी को लेकर हिंसक संघर्ष हुआ है-

   (a) भारत-पाकिस्तान (b) भारत-चीन

   (c) जॉर्डन-ईजराइल (d) चीन-पाकिस्तान

3. रियो डी जनेरियो में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन को यह भी कहा जाता है-

   (a) पर्यावरण सम्मेलन (b) पृथ्वी सम्मेलन

   (c) वैश्विक सम्मेलन (d) विश्व सम्मेलन

4. 'पहली दुनिया' के देशों को आमतौर पर कहा जाता है-

(a) ग्लोबल नार्थ (b) विकसित उत्तर

(c) ग्लोबल साउथ (d) पश्चिमी देश

5. वैश्विक संपदा का उदाहरण-

(a) अंटार्कटिक (b) अलास्का

(c) हिमालय (d) गंगा नदी

6. वैश्विक पर्यावरण संबंधी संधियों का मिलान व उनके वर्ष से कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | मांट्रियल न्यायाचार | (i) | 1987 |
| (B) | अंटार्कटिका संधि | (ii) | 1959 |
| (C) | अंटार्कटिका पर्यावरण न्यायाचार | (iii) | 1991 |
| (D) | क्योटो प्रोटोकॉल | (iv) | 1997 |

(a) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(b) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)

(c) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(iv)

(d) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

7. साझी संपदा के कम होने का कारण-

(a) वनीकरण

(b) गहनतर खेती

(c) मृदा संरक्षण

(d) वर्षा जल संचयन

8. भारत की नेशनल ऑटो-फ्युल पॉलिसी के अंतर्गत-

(a) स्वच्छतर वायु शहरों के लिए

(b) स्वच्छतर ऊर्जा घरों के लिए

(c) वाहनों के लिए स्वच्छतर ईंधन

(d) उपयोगों के लिए स्वच्छतर जल

9. बीसवीं सदी के अधिकांश समय में विश्व की अर्थव्यवस्था ........... पर निर्भर रहीं।

(a) जल (b) तेल

(c) वन (d) वायु

10. वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनस पीपल का गठन कब हुआ?

(a) 1975 (b) 1991

(c) 1985 (d) 1955

11. 2003 के बिजली अधिनियम के तहत किसका उपयोग प्रोत्साहित करता है?

(a) जल ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा

(c) परमाणु ऊर्जा (d) नवीकरणीय ऊर्जा

**दो अंकीय वाले प्रश्नः-**

1. 'एजेण्डा-21' क्या है?
2. रियो सम्मेलन के किन्हीं दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।
3. भारत और चीन को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट देने का क्या कारण था?
4. धरती के ऊपरी वायुमंडल में क्या परिवर्तन आ रहे है?
5. मूलवासियों के अस्तित्व को सबसे बड़ा खतरा क्या है?
6. विश्व की सांझी सम्पदा के आकार में निरन्तर कमी के कोई दो कारण लिखिये।
7. जलवायु परिवर्तन के संबंध में अमेरिका की नीति में क्या परिवर्तन आया है?

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. विश्व की साझी विरासत का क्या अर्थ है? इसका दोहन और प्रदूषण कैसे होता है।
2. साझी संपदा की सुरक्षा के संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किये गये प्रयासों की विवेचना कीजिए।
3. पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में साझी जिम्मेदारी लेकिन अलग-अलग भूमिका के विषय में भारतीय दृष्टिकोण क्या है?

4. मूलवासी कौन है? उनके अधिकारो पर टिप्पणी कीजिए।

5. टिकाऊ विकास क्या है? इसको केसे लागू किया जा सकता है?

**कार्टून आधारित प्रश्न :-**

नीचे दर्शाये गये कार्टून का अध्ययन कीजिए एवं इस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन कीजिए। (1 + 1 + 2 = 4)




1. पृथ्वी में किस संसाधन की कमी हो रही है?
2. कौन सा प्राकृतिक संसाधन 'साझा संसाधन' माना जाता है?
3. वे मध्य एशिया के देश जिनके बीच जल के लिए हिंसक संघर्ष हुआ एवम किन कराणों से पेय जल की कमी हो रही हैं?

**गद्यांश आधारित प्रश्न**

पृथ्वी के पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित तथा पोषित करने के लिए राज्य विश्व भागीदारी की भावना के आधार पर सहयोग करेगें। पर्यावरण को खराब करने से संबंधित असमान भागीदारी को ध्यान में रखते हुऐ राज्य साझे परन्तु भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियों को निभायेंगें।

i) गद्यांश में लिखी गई बातें कब और कहाँ कही गई हैं?

   (a) पृथ्वी सम्मेलन 1992

   (b) स्टॉकहोम सम्मेलन 1972

(c) कोपनहेगन सम्मेलन 2009

(d) पेरिस समझोता 2015

ii) राज्यों को सांझी परंतु भिन्न भिन्न जिम्मेदारियां निभाने को क्यों कहा जा रहा है।

(a) पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में विकसित देशों की भूमिका अधिक है

(b) पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में विकासशील देशों की भूमिका अधिक है।

(c) सभी राष्ट्रों का समान योगदान है

(d) पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी की नहीं हैं।

iii) पर्यावरण संरक्षण को अधिक प्रोत्साहन मिलने का क्या आधार है?

a) निरंतर घटती ग्लोबल वार्मिंग

b) निरंतर कृषि भूमि में होती बढ़ोत्तरी

c) वायुमंडल में ओजोन गैस की मात्रा में लगातार कमी

d) नये जल स्त्रोत मिलना

iv) रियो डी जेनेरियो (1992) सममेलन को किस नाम से पुकारा जाता है?

a) पृथ्वी सम्मेलन

b) जल सम्मेलन

c) आर्थिक सम्मेलन

d) वायु सम्मेलन

**छः अंकों वाले प्रश्न :-**

1. वेश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता अपरिहार्य है। स्पष्ट करें। (IMP)

2. विश्व में पर्यावरण प्रदूषण के क्या कारण है ओर इसका संरक्षण केसे किया जा सकता है? विचार प्रकट करे।

3. "सांझी जिम्मेदारी लेकिन अलग-अलग भूमिकाएँ" से क्या अभिप्राय है? हम इस विचार को केसे लागू कर सकते है? (IMP)

4. पृथ्वी को बचाने के लिए जरूरी है कि विभिन्न देश सुलह ओर सहकार की नीति अपनाएँ, पर्यावरण के सवाल पर उत्तरी ओर दक्षिणी देशों के बीच जारी वार्ताओं की रोशनी में इस कथन की पुष्टि करें।

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तरः**

1. (a) 1992
2. (b) जॉडर्न-इजराइल
3. (b) पृथ्वी सम्मेलन
4. (a) ग्लोबल नॉर्थ
5. (a) अंटार्कटिक
6. (a) A-I, B-II, C-III, D-IV
7. (b) गहनतर खेती
8. (c) वाहनों के लिए स्वच्छतरन ईंधन
9. (b) तेल
10. (a) 1975
11. (d) नवीकरणीय उर्जा

**दो अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. रियो सम्मेलन में सतत विकास के कुछ तौर-तरीके सिखाये गये इसे ही एजेण्डा-21 कहा गया।
2. (i) ग्लोबल वार्मिंग मुख्य चिन्ता के विषय के रूप में उभरा।

   (ii) टिकाऊ विकास पर जोर।
3. क्योंकि ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में इनका योगदान अधिक नहीं था।
4. ओजोन परत में छेद जिसके कारण मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को खतरा हुआ।
5. जंगल गायब हो रहे है तथा वन्य जीवन जन्तुओं की संख्या घट रही हैं
6. अंधाधुंध संसाधनों का दोहन, बढ़ती जनसंख्या
7. राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में अरबों डॉलर की सहायता वेश्विक ताप की समस्या से निपटाने के लिए दी गयी थी जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर कि ऐसा करने से अमेरिका की GDP अगले 10 साल 2500 अरब डॉलर से घटकर और कमजोर हो जाएगी अमेरिका को पेरिस समझोते से अलग कर लिया है।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. ऐसी संपदा जिस पर किसी एक व्यक्ति या समुदाय का अधिकार नहीं वरन् संपूर्ण वेश्विक समुदाय का अधिकार हो, वेश्विक साझी संपदा कहलाती है।

    -- दोहन एवं प्रदूषण के कारण :-

    i) निजीकरण

    ii) गहनतर खेती

    iii) आबादी की वृद्धि

    iv) परिस्थितिकी तंत्र की गिरावट।

    v) कार्बन गैसों का अत्याधिक उत्तर्सजन।

2. स्मरणीय बिन्दु देखें: UNEP द्वारा कार्यक्रम, वेश्विक तापवृद्धी में कमी करना, सभी देशों को जिम्मेदारी से साथ काम करना।

3. भारत का विचार है कि ग्रीन हाऊस गैसों की उत्सर्जन दर में कमी करने की अधिक जिम्मेदारी विकसित देशों की है, क्योंकि इन देशों ने लम्बी अवधि तक इन गैसों का ज्यादा उत्सर्जन किया है तथा विलासिता एवं आवश्यकता में अन्तर होना चाहिए।

4. स्मरणीय बिन्दु देखें: मूलवासी ऐसे लोगों का वंशज जो किसी मोजूदा देश में बहुत दिनों से रहते चले आ रहे हैं, बराबरी का दर्जा देना, स्वतंत्र पहचान की रक्षा आदि।

5. अर्थ के लिए स्मरणीय बिन्दु देखें, : विकास की वह नीतियां जहां मानव की न केवल वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति हो वरन् अनन्त काल मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

    लागू करने के तरीके।

    i) अपरिग्रह की भावना (आवश्यकताओं में कमी)

    ii) आवश्यकता अनुसार उत्पादन करना।

    iii) प्राकृतिक सह अस्तित्व।

    iv) प्राकृतिक साधनों का उचित एवं पूर्ण प्रयोग

1. कार्टून आधारित प्रश्न के उत्तर

   1. विश्व में स्वच्छ पानी की कमी हो रही है।
   2. पानी एक साझा संसाधन है।
   3. इजरायल, जार्डन, सीरिया।
   4. बढ़ती जनसख्या, जल-वायु परिवर्तन घटता भू-जल स्तर आदि।

**गद्यांश पर आधरित प्रश्नों के उत्तर**

i) a) पृथ्वी सम्मेलन 1992

ii) a) पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में विकसित देशों की भूमिका अधिक है

iii) c) वायु मंडल में ओजोन गैस की मात्रा

iv) a) पृथ्वी सम्मेलन

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. निम्न कारणों से वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता अपरिहार्य है :-

   i) बढ़ता प्रदूषण ii) ओजोन परत में छेद iii) स्वच्छ पेयजल की कमी। iv) जेव विविधता को खतरा v) उपजाऊ जमीन, मस्त्य भंडार, चारगाह का तेजी से घटना vi) जल चक्र गड़बड़ाने का खतरा vii) प्राकृतिक संसाधनों का दोहन viii) जनसंख्या विस्फोट

2. विश्व में पर्यावरण प्रदूषण के उत्तरदायी कारक :-

   i) जनसंख्या वृद्धि ii) वनो की कटाई iii) उपभोक्तावादी संस्कृति को बढ़ावा iv) संसाधनों का अत्याधिक दोहन v) औद्योगिकीकरण को बढ़ावा। vi) परिवहन के अत्यधिक साधन।

   **संरक्षण के उपाय :-** i) जनसंख्या नियंत्रण ii) वन संरक्षण iii) पर्यावरण मित्र तकनीक का प्रयोग iv) प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित प्रयोग। v) परिवहन के सार्वजनिक साधनों का प्रयोग vi) जन जागरूकता कार्यक्रम vii) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग।

3. ''साझी जिम्मेदारी भूमिकाएँ अलग-अलग :- स्मरणीय बिन्दु देखें।

विचार को लागू करने के उपाय :-

i) पर्यावरण संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय कानून विकासशील देशों के अनुकूल हो।

ii) पर्यावरण संरक्षण हेतु संयुक्त कोष।

iii) व्यक्तिगत, क्षेत्रीय, राजकीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास।

iv) साझी संपदा तथा संसाधनों पर अनुसंधान कार्य।

4. स्मरणीय बिंदु देखें: विकसित देश द्वारा प्रोद्योगिकी ट्रास्फर, हरित निधि-स्थापना ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कटौती।

अध्याय – 7

# वैश्वीकरण

- वैश्वीकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें हम अपने निर्णयों को दुनिया के एक क्षेत्र में कार्यान्वित करते हैं, जो दुनिया के दूरवर्ती क्षेत्र में व्यक्तियों के व्यवहार के निर्धारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- एक अवधारणा के रूप में वैश्वीकरण का बुनियादी तत्व प्रवाह है। प्रवाह कई प्रकार के होते है जैसे वस्तु, पूंजी, श्रम और विचारों का विश्व के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में मुक्त प्रवाह।
- वैश्वीकरण को भूमंडलीकरण भी कहते हैं और यह एक बहुआयामी अवधारणा है। यह ना तो केवल आर्थिक परिघटना है और ना ही सिर्फ सांस्कृतिक या राजनीतिक परिघटना।

## वैश्वीकरण के कारण

- उन्नत प्रोद्योगिकी एवं विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव।
- टेलीग्राफ, टेलीफोन एवं अन्य सुचना तकनीकी साधनों ने विश्व के विभिन्न भागों के बीच संचार क्रांति कर दिखाई है।
- पर्यावरण की वैश्विक समस्याओं जैसे सुनामी, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापवृद्धि से निपटने हेतु अंतर्राष्ट्रीय सहयोग।

## वैश्वीकरण की विशेषताएं

- पूंजी, श्रम, वस्तु एवं विचारों का गतिशील एवं मुक्त प्रवाह।
- पूंजीवादी व्यवस्था एवं विश्व व्यापार में वृद्धि।
- देशों के बीच आपसी जुड़ाव एवं अंतःनिर्भरता।
- विभिन्न आर्थिक घटनाएं जैसे मंदी और तेजी तथा महामारियों जैसे एंथ्रेक्स, कोविड-19, इबोला, एचआईवी एड्स, स्वाइन फ्लू जैसे मामलों में वैश्विक सहयोग एवं प्रभाव।

## वैश्वीकरण के उदाहरण

- विभिन्न विदेशी वस्तुओं की भारत में उपलब्धता।
- युवाओं के केरियर के विभिन्न नए अवसरों का मिलना।

* किसी भारतीय का अमेरिकी केलेंडर एवं समयानुसार सेवा प्रदान करना।
* फसल के खराब हो जाने से कुछ किसानों द्वारा आत्महत्या कर लेना।
* अनेक खुदरा (रिटेल) व्यापारियों को डर है कि रिटेल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लागू होने से बड़ी रिटेल कंपनियां आएगी और उनका रोजगार छिन जाएगा।
* लोगों के बीच आर्थिक असमानता में वृद्धि। यह उदाहरण सकारत्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकृति के हो सकते हैं।

**वैश्वीकरण की अभिव्यक्तियाँ– राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक।**

**वैश्वीकरण के प्रभाव**

| आर्थिक | | राजनीतिक | | सांस्कृतिक | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सकारात्मक** | **नकारात्मक** | **सकारात्मक** | **नकारात्मक** | **सकारात्मक** | **नकारात्मक** |
| * आर्थिक प्रवाह में तेजी<br>* व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि<br>* आर्थिक विकास | * अमीर व गरीब के बीच अंतर बढ़ा<br>विकसित देशों को अधिक लाभ<br>* आर्थिक उपनिवेशवाद | * प्रौद्योगिकी व सूचना की तीव्रता से राज्यों की कार्यकुशलता में वृद्धि<br>* सुरक्षा के वैकल्पिक साधन उपलब्ध | न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य<br>* MNCs में वृद्धि<br>* बाजार अर्थव्यवस्था का निर्धारक | * सांस्कृतिक समरूपता आई है<br>* बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों से पसंदी का क्षेत्र बढ़ा | * प्रत्येक देशी की संस्कृति की मौलिकता समाप्त<br>* कम ताकतवर समाजों की संस्कृति का लोप |
| | | * राज्यों की भूमिका कम जरूर हुई है पर समाप्त नहीं | * राज्यों की प्रभुसत्ता प्रभावित व लोक कल्याण कारी राज्य की भूमिका कम | | अल्पविकसित व विकासशील देशों की संस्कृति का पाश्चत्यीकरण |

**वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभाव**

* वैश्वीकरण से राज्य की क्षमता में कमी आई है। राज्य अब कुछ मुख्य कार्यों जैसे कानून व्यवस्था बनाना तथा सुरक्षा तक ही सीमित है। अब बाजार आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का मुख्य निर्धारक है।
* राज्य की प्रधानता बरकरार है तथा उसे वैश्वीकरण से कोई खास चुनोती नहीं मिल रही है।

* इस पहलू के अनुसार वैश्वीकरण के कारण अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के आधार पर राज्य अपने नागरिकों के बारे में सूचनाएं जुटा सकते हैं और कारगर ढंग से कार्य कर सकते हैं। अतः राज्य अधिक ताकतवर हुए हैं।

**वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव**

* अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा आर्थिक नीतियों का निर्माण। इन संस्थाओं में धनी प्रभावशाली एवं विकसित देशों का प्रभुत्व।
* आयात प्रतिबंधों में अत्यधिक कमी।
* पूंजी के प्रवाह से पूंजीवादी देशों को लाभ परंतु श्रम के निर्बाध प्रवाह ना होने के कारण विकासशील देशों को कम लाभ।
* विकसित देशों द्वारा बीजा नीति द्वारा लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध।
* वैश्वीकरण के कारण सराकरें अपने सामाजिक सरोकारों से मुंह मोड़ रही हैं जिसके लिए सामाजिक सुरक्षा कवच की आवश्यकता है।
* वैश्वीकरण के आलोचक कहते हैं कि इससे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है।

**वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभाव**

* सांस्कृतिक समरूपता द्वारा विश्व में पश्चिमी संस्कृति को बढ़ावा।
* खाने-पीने एवं पहनावे के विकल्पों में वृद्धि।
* लोगों में सांस्कृतिक परिवर्तन पर दुविधा।
* संस्कृतियों की मौलिकता पर बुरा असर।
* सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण जिसमें प्रत्येक संस्कृति कहीं ज्यादा अलग और विशिष्ट हो रही है।

**भारत और वैश्वीकरण**

* आजादी के बाद भारत में संरक्षणवाद की नीति अपनाकर अपने घरेलू उत्पादों पर जोर दिया ताकि भारत आत्मनिर्भर बन पाए।
* 1991 में लागू की गई नई आर्थिक नीति द्वारा भारत वैश्वीकरण के लिए तैयार हुआ और खुलेपन की नीति अपनाई।

- ★ वेश्वीकरण के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर में 7.5 प्रतिशत वार्षिक की बढ़ोतरी हुई जो 1990 में 5.5 प्रतिशत वार्षिक थी।
- ★ भारत के अनिवासी भारतीय विदेशों में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं।
- ★ भारत के लोग कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में अपना वर्चस्व स्थापित करने में कामयाब रहे हैं।
- ★ आज भारतीय लोग वेश्विक स्तर पर उच्च पदों पर आसीन होने में सफल हुए हैं।

## वैश्वीकरण का प्रतिरोध

| विश्व द्वारा | भारत द्वारा | |
|---|---|---|
| | वामपंथी | दक्षिणपंथी |
| 1. 1999 में सिएटल में WTO की मंत्रिस्तरीय बैठक के समय यह कहा गया कि विकासशील देशों के हितों की उपेक्षा हुई है।<br>2. वैश्वीकरण का प्रतिरोध WSF (विश्व सामाजिक मंच) द्वारा भी किया जा रहा है। इसकी निम्नलिखित बैठकें हुई हैं-<br>प्रथम 2001 - पोर्ट अल्गोर<br>चौथी 2004 - मुंबई<br>सातवीं 2007 - नैरोबी (केन्या) | धनी व्यक्तियों को अधिक धनी और गरीब को और अधिक गरीब बनाती है | राजनैतिक आर्थिक व सांस्कृतिक प्रभावों को लेकर चिंतित है -<br>1. राजनैतिक क्षेत्र में चाहते हैं कि राज्य की भूमिका बढ़े।<br>2. आर्थिक क्षेत्र में संरक्षणवाद की नीति अपनाना चाहते हैं।<br>3. सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी संस्कृति की सुरक्षा चाहते हैं। |

## वैश्वीकरण का विरोध

- ★ वामपंथी विचारक इसके विभिन्न पक्षों की आलोचना करते हैं।
- ★ राजनीतिक अर्थों में उन्हें राज्य के कमजोर होने की चिंता है।
- ★ आर्थिक क्षेत्र में वे कम से कम कुछ क्षेत्रों में आर्थिक निर्भरता एवं संरक्षणवाद का दौर कायम करना चाहते हैं।

- ★ सांस्कृतिक संदर्भ में इनकी चिंता है कि परंपरागत संस्कृति को हानि होगी और लोग अपने सदियों पुराने जीवन मूल्य तथा तौर तरीकों को भूल जायेंगे।
- ★ वर्ल्ड सोशल फोरम, नव उदारवादी वेश्वीकरण के विरोध का एक विश्वव्यापी मंच है इसके तहत मानव अधिकार कार्यकर्ता, पर्यावरणवादी, मजदूर, युवा और महिला कार्यकर्ता आते हैं।
- ★ 1999 में, सिएटल में विश्व व्यापार संगठन की मंत्री-स्तरीय बैठक का विरोध किया गया जिसमें विरोध करते हुए कहा गया कि आर्थिक रूप से ताकतवर देश व्यापार के अनुचित तौर-तरीके अपनाते हैं।

**एक अंकीय प्रश्न**

1. निम्नलिखित विकल्पों में से कोन सा विकल्प वेश्वीकरण के संदर्भ में सही है ?
   - (a) वेश्वीकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है।
   - (b) वेश्वीकरण विश्व व्यापार को कम करता है।
   - (c) वेश्वीकरण केवल राजनीतिक परिघटना है।
   - (d) वेश्वीकरण केवल एक आर्थिक परिघटना है।
2. इनमें से कौन-सा कारक वेश्वीकरण के लिए उत्तरदायी है ?
   - (a) जनसंख्या (b) उन्नत प्रौद्योगिकी
   - (c) संधियाँ (d) युद्ध और तनाव
3. वेश्वीकरण के सांस्कृतिक परिणामों में निम्नलिखित में से कौन-से सही हैं ?
   - (a) सांस्कृतिक समरूपता।
   - (b) आयात शुल्क में कमी।
   - (c) व्यापार में वृद्धि।
   - (d) राज्य की शक्ति में कमी।
4. वेश्वीकरण का विरोध इनमें से किन आधारों पर किया जाता है ?
   - (a) विश्व व्यापार में वृद्धि।
   - (b) आयात प्रतिबंधों में कमी।
   - (c) आर्थिक असमानता में वृद्धि।
   - (d) रोजगार में वृद्धि।

5. निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।

(i) भारत द्वारा वेश्वीकरण को अपनाना।

(ii) विश्व सामाजिक मंच की पहली बेठक।

(iii) विश्व सामाजिक मंच की चोथी बेठक।

(iv) विश्व व्यापार संगठन की सिएट्ल में आयोजित बेठक।

(a) (i), (iv), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (i), (iv)

(c) (ii), (i), (iii), (iv) (d) (iii), (ii), (i), (iv)

6. निम्नलिखित में कोन-सी वेश्वीकरण की विशेषता हे ?

(a) विश्व व्यापार में कमी

(b) आयात शुल्क में वृद्धि

(c) वस्तु, पूंजी, श्रम और विचारों का मुक्त प्रवाह

(d) प्रत्पक्ष विदेशी निवेश में कमी।

**प्रश्न संख्या 7 और 8 के लिए निर्देश-**

नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया हे। इन कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए-

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता हे।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं हे।

(c) अभिकथन (A) सही हे परन्तु कारण (R) गलत हे।

(d) अभिकथन (A) गलत हे परन्तु कारण (R) सही हे।

7. **अभिकथन (A):** वेश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा हे।

**कारण (R):** वेश्वीकरण के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव होते हें।

8. **अभिकथन (A):** वेश्वीकरण के परिणाम विश्व भर में एक समान देखने को मिले हें।

**कारण (R):** वैश्वीकरण से विश्व के धनी देशों को जहां बहुत अधिक फायदा हुआ है वहीं दूसरी तरपफ विकासशील और अविकसित देशों को उतना फायदा नहीं हुआ है।

**दो अंकीय प्रश्न**

1. वैश्वीकरण के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।
2. सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण की परिभाषा दीजिए।
3. भारत में वैश्वीकरण के खिलाफ अलग-अलग सामाजिक और दबाव समूह ने कैसे विरोध किया है?
4. वर्ल्ड सोशल फोरम क्या है? इसका क्या उद्देश्य है?
5. प्रौद्योगिकी में हुई उन्नति ने वैश्वीकरण को किस प्रकार प्रभावित किया है?
6. वैश्वीकरण के किन्हीं दो राजनीतिक परिणामों का उल्लेख कीजिए।
7. कल्याणकारी राज्य का स्थान बाजार ले रहा है। इस परिवर्तन के कारण का विश्लेषण कीजिए।
8. वामपंथी वैश्वीकरण का प्रतिरोध किन आधारों पर करते हैं? विश्लेषण कीजिए।
9. संरक्षणवाद क्या है? भारत में संरक्षणवाद की नीति को कब छोड़ा?

**चार अंकीय प्रश्न**

1. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है? वैश्वीकरण के किन्हीं दो कारणों को उजागर कीजिए।
2. वैश्वीकरण के किन्हीं दो सकारात्मक तथा दो नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।
3. वैश्वीकरण के विरुद्ध दुनिया भर में उठने वाले किन्हीं चार तर्कों का परीक्षण कीजिए।
4. वैश्वीकरण के संदर्भ में राज्य की बदलती भूमिका का विश्लेषण कीजिए।
5. वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।
6. वैश्वीकरण के विरोध को लेकर भारत के अनुभवों की व्याख्या कीजिए।
7. आर्थिक वैश्वीकरण के समर्थकों द्वारा दिए गए किन्हीं दो तर्कों की व्याख्या कीजिए।

8. भारत पर वेश्वीकरण के राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक प्रभावों का आकलन कीजिए।

9. वेश्वीकरण की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

10. वेश्वीकरण के किन्हीं चार नकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

**गद्यांश आधारित प्रश्न**

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए।

**गद्यांश**

वेश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है। इसके राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अवतार है और इनके बीच ठीक-ठीक भेद किया जाना चाहिए। यह मान लेना गलत है कि वेश्वीकरण केवल आर्थिक परिघटना है। ठीक इसी तरह यह मान लेना भी भूल होगी कि वेश्वीकरण एकदम सांस्कृतिक परिघटना है।

वेश्वीकरण का प्रभाव बड़ा विषम रहा है- यह कुछ समाजों को बाकियों की अपेक्षा ओर समाज के एक हिस्से को बाकी हिस्सों की अपेक्षा ज्यादा प्रभावित कर रहा है।

(i) वेश्वीकरण एक ............ अवधारणा है।

(a) एक आयामी (b) द्वि आयामी

(c) बहु आयामी (d) त्रि आयमी

(ii) भारत में वेश्वीकरण की प्रक्रिया को किस वर्ष अपनाया?

(a) 1990 (b) 1991

(c) 1992 (d) 1993

(iii) वेश्वीकरण के कोन-कोन से परिणाम देखने को मिलते हैं?

(a) आर्थिक (b) राजनीतिक

(c) सांस्कृतिक (d) उपरोक्त सभी

(iv) वेश्वीकरण की एक प्रमुख विशेषता निम्नलिखित में से कोन-सी है?

(a) वस्तु और पूंजी का मुक्त प्रवाह।

(b) श्रम और विचारों का मुक्त प्रवाह।

(c) व्यापार में वृद्धि।

(d) उपरोक्त सभी।

**कार्टून आधारित प्रश्न**



1. उपरोक्त कार्टून में वैश्वीकरण के किस प्रभाव को दर्शाया गया है?
2. मेकडोनाल्डीकरण किस देश की संस्कृति को परिलक्षित करता है?
3. वैश्वीकरण का विरोध इनमें से किन आधारों पर किया जाता है?

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (a) वैश्वकिरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है।
2. (b) उन्नत प्रौद्योगिकी
3. (a) सांस्कृतिक समरूपता।
4. (c) आर्थिक असमानता में वृद्धि।
5. (a) (i), (iv), (ii), (iii)
6. (c) वस्तु, पूंजी, श्रम और विचारों का मुक्त प्रवाह।
7. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
8. (d) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (i) वस्तुओं की गुणवत्ता और विकल्पों में वृद्धि।

   (ii) विदेशी व्यापार में वृद्धि।

2. वैश्वीकरण से प्रत्येक संस्कृति विशिष्ट और विविधतापूर्ण होती जा रही है। संस्कृति की इसी विविधतापूर्ण बनने की प्रक्रिया को सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण कहा जाता है।

3. (i) आर्थिक उदारीकरण का विरोध वामपंथियों द्वारा किया गया है।

   (ii) मजदूर संघ और किसान संघ ने वैश्वीकरण का विरोध किया है।

4. विश्व सामाजिक मंच एक ऐसा मंच है जिसमें नव उदारवादी वैश्वीकरण का विरोध किया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य मानव अधिकार कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, मजूदर, युवा और महिला कार्यकर्ताओं को एकजुट करके नव उदारवादी वैश्वीकरण का विरोध करना है।

5. (i) प्रौद्योगिकी में उन्नति से संचार, यातायात और सूचना के क्षेत्र में क्रांति आ गई है।

   (ii) यातायात के तीव्रगामी साधनों ने विश्व को बहुत अधिक निकट ला दिया है।

6. (i) वैश्वीकरण के कारण राज्य की कल्याणकारी छवि कमजोर हुई है।

   (ii) तकनीकी प्रगति से राज्य की क्षमता में बहुत वृद्धि हुई है।

7. कल्याणकारी राज्य का स्थान अब बाजार ले रहा है क्योंकि वैश्वीकरण के कारण सरकार अपने कल्याणकारी कार्यों से मुंह मोड़ रही है। संपूर्ण विश्व में कल्याणकारी राज्य की धारणा अब पुरानी हो चुकी है। राज्य अब केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा उपलब्ध कराने तक ही सीमित रह गया है।

8. (i) आर्थिक असमानता में वृद्धि करता है।

   (ii) मजदूर और किसानों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

9. राज्य द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विदेशी निर्यात को प्रतिबंधित कर देता है तो इस प्रकार की नीति को संरक्षणवाद कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य घरेलू उत्पादकों को मजबूत करना होता है। भारत ने 1991 में संरक्षणवाद की नीति को त्याग दिया और वैश्वीकरण को अपना लिया।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर

1. वैश्वीकरण का साधारण अर्थ है विश्व में वस्तु, पूंजी, श्रम और विचारों का मुक्त प्रवाह। वैश्वीकरण के माध्यम से एक देश अपनी अर्थव्यवस्था को दूसरे देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ जोड़ता है।

**वैश्वीकरण के कारण–**

(i) प्रौद्योगिकी क्रांति

(ii) वैश्विक पारस्परिक अंतःनिर्भरता।

(iii) प्राकृतिक आपदा और महामारी।

(iv) टेलीफोन, टेलीग्राफ, माइक्रोचिप, इंटरनेट एवं अन्य सूचना साधनों का विकास।

2. **सकारात्मक प्रभाव**

(i) लोगों का जीवन स्तर अच्छा हुआ है।

(ii) वस्तुओं और सेवाओं के विकल्पों में वृद्धि हुई है।

**नकारात्मक प्रभाव**

(i) आर्थिक असमानता में वृद्धि।

(ii) पश्चिमी संस्कृति का अधिरोपण।

3. (i) वर्तमान में वैश्वीकरण अमीरों को अधिक अमीर और गरीबों को अधिक गरीब बना रहा है।

(ii) गरीबों के हितों की रक्षा करने में राज्य की क्षमता का कमजोर होना।

(iii) पांरपरिक मूल्यों की क्षति।

(iv) विकासशील देशों को पर्याप्त महत्व ना मिलना।

4. (i) राज्य की क्षमताओं में कमी आई है।

(ii) राज्य पहले की तुलना में अधिक ताकतवर हुए हैं।

(iii) राज्य की भूमिका में कोई बदलाव नहीं आया है।

(iv) राज्य अपने कल्याणकारी कार्यों में कमी कर रहे हैं।

(v) बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने राज्य के कार्यों में हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है।

(vi) राज्य की नीतियों को प्रभावित करने में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका बढ़ गई है।

5. (i) सांस्कृतिक एकरूपता का उदय।

(ii) विश्व पर पाश्चात्य संस्कृति का अधिरोपण।

(iii) सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा मिला है।

(iv) संस्कृतियों की मौलिकता पर बुरा असर।

6. (i) आर्थिक वैश्वीकरण के खिलाफ वामपंथी तेवर की आवाज में राजनीतिक दलों की तरफ से उठी "नीम" को अमेरिकी और यूरोपीय फर्मों द्वारा पेटेंट कराने का विरोध किया गया।

(ii) दक्षिणपंथी खेमों ने वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों का विरोध किया जिसमें टीवी चेनलों पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रम, नए त्योहार जैसे वैलेंटाइन-डे इत्यादि का विरोध किया गया।

7. (i) विश्व में आर्थिक संबंधों में वृद्धि।

(ii) आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देता है।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का निर्माण हुआ है।

(iv) व्यापार में बहुत तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

(v) आर्थिक वैश्वीकरण अपरिहार्य है।

(vi) अनविनियमन के कारण समाज को लाभ होता है।

8. (i) सूचना प्रोद्योगिकी के कारण अधिकांश व्यवसायियों को अमेरिका की सिलिकॉन वेली में रोजगार प्राप्त हुआ है।

(ii) भारत में जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी हुई है।

(iii) पारंपरिक संस्कृति प्रभावित हुई।

(iv) स्थानीय बाजार और छोटे दुकानदार भी प्रभावित हुए हैं।

(v) भारत में विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है।

(vi) सकल घरेलू उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।

9. (i) वस्तु, पूंजी, श्रम और विचारों का मुक्त प्रवाह होता है।

(ii) व्यापार में वृद्धि होती है।

(iii) पूंजीवादी और खुलेपन की व्यवस्था में वृद्धि।

(iv) वैश्विक सहयोग में वृद्धि।

(v) देशों के बीच आपसी जुड़ाव एवं अंतःनिर्भरता।

10. (i) विश्व भर में आर्थिक असमानता में वृद्धि।

(ii) पश्चिमी संस्कृति का अधिरोपण।

(iii) श्रम का मुक्त प्रवाह ना होना।

(iv) बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बाजारों पर कब्जा।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) (c) बहु-आयामी

(ii) (b) 1991

(iii) (d) उपरोक्त सभी

(iv) (d) उपरोक्त सभी

**कार्टून आधारित प्रश्नों के उत्तर**

1. सांस्कृतिक प्रभाव।
2. अमेरिका।
3. वेश्वीकरण का विरोध, निम्नलिखित आधारों पर किया जाता हे, आर्थिक असमानता में वृद्धि, बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कब्जा, संस्कृति की मोलिकता पर बुरा असर इत्यादि।

# राजनीति विज्ञान

कक्षा – बारहवीं

# स्वतंत्र भारत में राजनीति

द्वितीय पुस्तक

# भाग - 2

## अध्याय - 1

# राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ

★ लगभग 200 वर्ष की अंग्रेजों की गुलामी के बाद 14-15 अगस्त सन 1947 की मध्यरात्रि को हिन्दुस्तान आजाद हुआ। लेकिन इस आजादी के साथ देश की जनता को देश के विभाजन का सामना करना पड़ा। संविधान सभा के विशेष सत्र में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 'भाग्यवधु से चिर-प्रतीक्षित भेंट या 'ट्रिस्ट विद् डेस्टिनी' के नाम से भाषण दिया।

★ आजादी की लड़ाई के समय दो बातों पर सबकी सहमति थी।

1)आजादी के बाद देश का शासन लोकतांत्रिक पद्धति से चलाया जायेगा।

2)सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करेगी।

★ नए राष्ट्र की चुनौतियाँ :-

मुख्य तौर पर भारत के सामने तीन तरह की चुनौतियाँ थी।

1. **एकता एवं अखंडता की चुनौती -**

भारत अपने आकार और विविधता में किसी महादेश के बराबर था। यहाँ विभिन्न भाषा, संस्कृति और धर्मो के अनुयायी रहते थे, इन सभी को एकजुट करने की चुनोती थी।

2. **लोकतंत्र की स्थापना -**

भारत ने संसदीय शासन पर आधारित प्रतिनिधित्वमूलक लोकतंत्र को अपनाया है। और भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को मोलिक अधिकार तथा मतदान का अधिकार दिया गया है।

3. **समानता पर आधारित विकास -**

ऐसा विकास जिससे सम्पूर्ण समाज का कल्याण हो, न कि किसी एक वर्ग का अर्थात् सभी के साथ समानता का व्यवहार किया जाए और सामाजिक रूप से

वंचित वर्गों तथा धार्मिक सांस्कृतिक अल्पसंख्यक समुदायों को विशेष सुरक्षा दी जाए।

**भारत विभाजन, विस्थापन और परिणाम :-**

मुस्लिम लीग ने 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' को अपनाने के लिए तर्क दिया कि भारत किसी एक कोम का नहीं, अपितु 'हिन्दू और मुसलमान' नाम की दो कोमों का देश है। और इसी कारण मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिए एक अलग देश यानी पाकिस्तान की माँग की।

-- भारत के विभाजन का आधार धार्मिक बहुसंख्या को बनाया गया।

जिसके कारण कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई जिनका विवरण निम्नलिखित है।

1. मुसलमानों की जनसंख्या के आधार पर पाकिस्तान में दो इलाके शामिल होंगे पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान और इनके मध्य में भारतीय भू-भाग का बड़ा विस्तार रहेगा।
2. मुस्लिम-बहुल प्रत्येक इलाका पाकिस्तान में जाने को राजी नहीं था। पश्चिमोत्तर सीमाप्रांत के नेता खान-अब्दुल गफ्फार खाँ जिन्हें 'सीमांत गांधी' के नाम से जाना जाता है, वह 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' के एकदम खिलाफ थे।
3. 'ब्रिटिश इंडिया' के मुस्लिम-बहुल प्रान्त पंजाब और बंगाल में अनेक हिस्से बहुसंख्यक गैर-मुस्लिम आबादी वाले थे। ऐसे में इन प्रान्तों का बँटवारा धार्मिक बहुसंख्या के आधार पर जिले या उससे निचले स्तर के प्रशासनिक हलके को आधार बनाकर किया गया।
4. भारत विभाजन केवल धर्म के आधार पर हुआ था। इसलिए दोनों ओर के अल्पसंख्यक वर्ग बड़े असमंजस में थे, कि उनका क्या होगा। वह कल से भारत के नागरिक होगें या पाकिस्तान के।

**विभाजन की समस्या :-**

भारत-विभाजन की योजना में यह नहीं कहा गया कि दोनों भागों से अल्पसंख्यकों का विस्थापन भी होगा। विभाजन से पहले ही दोनों देशों के बँटने वाले इलाकों में हिन्दू-मुस्लिम दंगे भड़क उठे। पश्चिमी पंजाब में रहने वाले

अल्पसंख्यक गेर मुस्लिम लोगों को अपना घर-बार, जमीन-जायदाद छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए वहाँ से भारत आना पड़ा। और इसी प्रकार कुछ मुसलमानों को पाकिस्तान जाना पड़ा।

(a) विभाजन की प्रक्रिया में भारत की भूमि का ही बँटवारा नहीं हुआ बल्कि भारत की सम्पदा का भी बँटवारा हुआ।

(b) आजादी एवं विभाजन के कारण भारत को विरासत के रूप में शरणार्थियों के पुनर्वास की समस्या मिली। लोगों के पुनर्वास को वड़े ही संयम ढंग से व्यावहारिक रूप प्रदान किया। शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए सर्वप्रथम एक पुनर्वास मंत्रालय बनाया गया।

**रजवाड़ो का विलय :-**

* स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले भारत दो भागों में बँटा हुआ था- ब्रिटिश भारत एवं देशी रियासतें। इन देशी रियासतों की संख्या लगभग 565 थी।
* रियासतों के शासकों को मनाने-समझाने में सरदार पटेल (गृहमंत्री) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और अधिकतर रजवाड़ो को उन्होंने भारतीय संघ में शामिल होने के लिए राजी किया था।
* **सरकार का दृष्टिकोण।**

  1) अधिकतर रजवाड़ो के लोग भारतीय संघ में शामिल होना चाहते थे।

  2) भारत सरकार कुछ इलाकों को थोड़ी स्वायत्तता देने के लिए तैयार थी।

  3) विभाजन की पृष्ठभूमि में विभिन्न इलाकों के सीमांकन के सवाल पर खींचतान जोर पकड़ रही थी और ऐसे में देश की क्षेत्रीय एकता और अखण्डता का प्रश्न सवसे महत्वपूर्ण हो गया था। अधिकतर रजवाड़ों के शासकों ने भारतीय संघ में अपने विलय के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये थे इस सहमति पत्र को 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' कहा जाता है।

* जूनागढ़, हेदराबाद, कश्मीर और मणिपुर की रियासतों का विलय बाकी रियासतों की तुलना में थोड़ा कठिन साबित हुआ।

**1) हैदराबाद का विलय :-**

हैदराबाद के शासक को 'निज़ाम' कहा जाता था। उन्होंने भारत सरकार के साथ नवंबर 1947 में एक साल के लिए यथास्थिति बहाल रहने का समझोता किया। कम्युनिस्ट पार्टी और हैदराबाद कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों और महिलाओं ने निजाम के खिलाफ आंदोलन शुरू किया। इस आंदोलन को कुचलने के लिए निजाम ने एक अर्द्ध-सैनिकबल (रजाकार) को लगाया। इसके जबाव में भारत सरकार ने सितंबर 1948 को सैनिक कार्यवाही के द्वारा निज़ाम को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। इस प्रकार हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ।

**2) मणिपुर रियासत का विलय :-**

मणिपुर की आंतरिक स्वायत्तता बनी रहे, इसको लेकर महाराजा बोधचंद्र सिंह व भारत सरकार के बीच विलय के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। जनता के दबाव में जून 1948 में निर्वाचन करवाया गया इस निर्वाचन के फलस्वरूप संवैधानिक राजतंत्र कायम हुआ। मणिपुर भारत का पहला भाग है जहाँ सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को अपनाकर जून 1948 में चुनाव हुए। अंततः भारत सरकार, मणिपुर को भारतीय संघ में विलय कराने में सफल हुई।

**राज्यों का पुनर्गठन :-**

★ औपनिवेशिक शासन के समय प्रांतो का गठन प्रशासनिक सुविधा के अनुसार किया गया था, लेकिन स्वतंत्र भारत में भाषाई और सांस्कृतिक बहुलता के आधार पर राज्यों के गठन की माँग हुई।

★ भाषा के आधार पर प्रांतो के गठन का राजनीतिक मुद्दा कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन (1920) में पहली बार शामिल किया गया था।

★ तेलगुभाषी, लोगों ने माँग की कि मद्रास प्रांत के तेलुगुभाषी इलाकों को अलग करके एक नया राज्य आंध्र प्रदेश बनाया जाए।

★ आंदोलन के दौरान कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पोट्टी श्री रामुलू की लगभग 56 दिनों की भूख-हड़ताल के बाद मृत्यु हो गई।

★ इसके कारण सरकार को दिसम्बर 1952 में आंध्र प्रदेश नाम से अलग राज्य बनाने की घोषणा करनी पड़ी। इस प्रकार आंध्रप्रदेश भाषा के आधार पर गठित पहला राज्य बना।

**राज्य पुनर्गठन आयोग (SRC) :-**

★ 1953 में केन्द्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश फजल अली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। आयोग की प्रमुख सिफारिशे :-

1) त्रिस्तरीय (भाग A,B,C) राज्य प्रणाली को समाप्त किया जाए।

2) केवल 3 केन्द्रशासित क्षेत्रों (अंडमान और निकोबार, दिल्ली, मणिपुर) को छोड़कर बाकी के केन्द्रशासित क्षेत्रों को उनके नजदीकी राज्यों में मिला दिया जाए।

3) राज्यों की सीमा का निर्धारण वहाँ पर बोली जाने वाली भाषा होनी चाहिए। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1955 में प्रस्तुत की तथा इसके आधार पर संसद में राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 पारित किया गया और देश को 14 राज्यों एवं 6 संघ शासित क्षेत्रों में बाँटा गया।

| क्र.स. | मूल राज्य | नए राज्य बने | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | बम्बई | महाराष्ट्र, गुजरात | 1960 |
| 2. | असम | नागालेंड | 1963 |
| 3. | वृहत्तर पंजाब | हरियाणा, पंजाब | 1966 |
| 4. | वृहत्तर पंजाब | हिमाचल प्रदेश | 1966 |
| 5. | असम | मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा | 1972 |
| 6. | असम | मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश | 1987 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | उत्तराखण्ड | 2000 |
| 8. | बिहार | झारखंड | 2000 |
| 9. | मध्य प्रदेश | छत्तीसगढ़ | 2000 |
| 10. | आंध्र प्रदेश | तेलंगाना | 2014 |

★ संघ शासित क्षेत्र जो बाद में राज्य बने -
मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और गोवा आदि।

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. 'भाग्यवधू से चिर-प्रतीक्षित भेंट' संविधान सभा का विशेष सत्र किसने संबोधित किया ?

(a) महात्मा गांधी (b) मौलाना आजाद
(c) पंडित जवाहर लाल नेहरू (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

2. औपनिवेशिक भारत में मुस्लिमों के हितों की रक्षा के लिए कौन सी राजनीतिक संस्था बनाई गई?
(a) मुस्लिम लीग (b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(c) फ्रंटियर लीग (d) इनमें से कोई भी नहीं

3. सबसे पहले किस रियासत ने स्वतंत्र बने रहने की घोषणा की?
(a) मैसूर (b) अजमेर
(c) ग्वालियर (d) त्रावणकोर

4. निम्नलिखित में से किस समूह के रजवाड़ो ने भारत के साथ अपने विलय का विरोध किया-
(a) हैदराबाद, भोपाल, जम्मू-कश्मीर
(b) जूनागढ़, त्रावणकोर, हैदराबाद
(c) ग्वालियर, भोपाल, हैदराबाद
(d) भोपाल, ग्वालियर, जम्मू-कश्मीर

5. निम्नलिखित में से कौन सा सन् 1947 में ब्रिटिश भारत के विभाजन का एक कारण था-
(a) द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त
(b) कांग्रेस के राजनीतिक उद्देश्य
(c) मुस्लिम लीग का भारत में एकीकरण
(d) ब्रिटिश सरकार द्वारा 1935 का घोषणा पत्र

6. निम्नलिखित में से कौन सा परिणाम, सन् 1947 में भारत विभाजन का परिणाम है-
(a) सांप्रदायिक सदभाव
(b) सरकार की अध्यक्षात्मक व्यवस्था
(c) भारत और पाकिस्तान, दो नए देशों का उदय
(d) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का आगमन

7. निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए-

(a) राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन - 1950 में हुआ।

(b) भारत का विभाजन 1946 में हुआ।

(c) देशी रियासतों की संख्या - 565 थी।

(d) भारत को स्वतंत्रता - 1948 में मिली।

8. निम्नलिखित में से कोन सा कथन सही है-

(a) जम्मू-कश्मीर के महाराजा हरिसिंह 'इंस्ट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन' पर हस्ताक्षर करने के लिए पहले से ही तैयार थें।

(b) त्रावणकोर भारतीय संध में विलय होने वाली पहली रियासत थी।

(c) जूनागढ़ की समस्या को, सैन्य कार्यवाही के द्वारा सुलझा लिया गया।

(d) हेदराबाद के निजाम, हैदराबाद का विलय भारतीय संघ में कराने के इच्छुक थें।

9. सन् 1920 में हुए, कांग्रेस के नागपुर में राज्यों के पुर्नगठन के भाषायी आधार को स्वीकार कर लिया गया। इसके बावजूद भी कुछ नेता, इसके विरुद्ध थे, क्योंकि-

(a) विभाजन ओर स्वतंत्रता के बाद, देशव्यापी हिंसा का होना।

(b) मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाने के कारण।

(c) नियोजित अर्थव्यवस्था को अपनाने के कारण।

(d) यह विघटनकारी तत्वों को और बढ़ावा देता।

10. निजाम की सेना को जाना जाता था-

(a) रज़ाकर (b) खुदाई खिदमतगार

(c) संसदीय सेना (d) विश्राम-सेना

11. भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का एक नकारात्मक प्रभाव है-

(a) शक्ति-विभाजन की धारणा को साकार किया गया।

(b) विभिन्नता के सिद्धांत को स्वीकार कर लिया गया।

(c) राज्यों की सीमाओं का निर्धारण एकरूपता के आधार पर किया गया।

(d) देश के कई इलाकों में, अलग व छोटे राज्य बनाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू हो गए।

12. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के सुझावों के अनुसार कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों का गठन किया गया-

(a) 14 राज्य व 6 केन्द्रशासित प्रदेश

(b) 14 राज्य व 8 केन्द्रशासित प्रदेश

(c) 22 राज्य व 6 केन्द्रशासित प्रदेश

(d) 22 राज्य व 8 केन्द्रशासित प्रदेश

**प्रश्न संख्या 13, 14 और 15 में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए-**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

13. **अभिकथन (A):** भारत सरकार ने मणिपुर के महाराजा पर दबाव, से सितम्बर 1949 में विलय समझौते पर हस्ताक्षर करवायें।

**कारण (R):** सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव करवाने वाला, मणिपुर भारत का सबसे पहला क्षेत्र था।

14. **अभिकथन (A):** अलग मुस्लिम राज्य का निर्माण करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना ने द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत दिया।

**कारण (R):** कांग्रेस के प्रभुत्व ने भारतीय राजनीति के लोकतांत्रिक स्वरूप को प्रभावित किया।

15. **अभिकथन (A):** बंगाल और पंजाब के मुस्लिम बहुल इलाकों में विशाल क्षेत्र भी थें, जहाँ गैर-मुस्लिम आबादी बहुमत में थी।

**कारण (R):** बंगाल तथा पंजाब दोनों प्रान्तों को विभाजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें जिला या निचले स्तर पर बड़े क्षेत्र भी शामिल थे। यह कार्य शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

16. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार विभाजित कीजिए-

(i) कांग्रेस का नागपुर अधिवेशन

(ii) राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना

(iii) पोट्टी श्रीरामुलू की भूख हड़ताल

(iv) तेलुगुभाषी लोगों के लिए अलग राज्य के गठन की घोषणा

(a) (i), (ii), (iii), (iv)

(b) (iv), (iii), (ii), (i)

(c) (i), (iii), (ii), (iv)

(d) (i), (iii), (iv), (ii)

**द्वि अंकीय प्रश्न :-**

1. द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत क्या था?
2. सहमति का विलय पत्र से आप क्या समझते है?
3. महाराजा बोध चन्द्र सिंह और निज़ाम किन राज्यों से संबंधित है?
4. आजादी की लड़ाई के समय किन दो बातों पर सभी सहमत थे?
5. महात्मा गाँधी के अनुसार 15 अगस्त 1947 खुशी और गर्मी दोनों का दिन क्यों था?

**चार अंकीय प्रश्न-**

1. भारत विभाजन के उत्तरदायी कारण लिखिए।
2. सन् 1947 में हुए भारत विभाजन के परिणाम लिखिए।
3. स्वतन्त्रता के बाद लोकतंत्र की स्थापना हेतु किये गए किये भारतीय सरकार/संविधान के दो तरीके बताइयें।
4. 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना क्यों की गई? कोई दो कारण लिखिए।
5. महात्मा गांधी के अनुसार 15 अगस्त 1947 खुशी और गम दोनों का दिन क्यों था?

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए–**

1. छोटे-छोटे विभिन्न आकार के देशों में बाँटे जाने की इस संभावना के विरूद्ध अंतरिम सरकार ने कड़ा रूख अपनाया। मुस्लिम लीग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस कदम का विरोध किया। लोगों का मानना था कि रजवाडों को अपनी मनमर्जी का रास्ता चुनने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। रजवाड़ों के राजाओं को मनाने-समझाने में सरदार पटेल ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और अधिकतर रजवाड़ों को उन्होंने भारतीय संघ मे शामिल होने के लिए राजी कर लिया।

**गद्यांश पर आधारित प्रश्न :–**

1. अंतरिम सरकार में प्रधान मंत्री कौन थे ?
   a) पंडित जवाहर लाल नेहरू
   b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
   c) डा. भीम राव अम्बेड़कर
   d) लाल बहादुर शास्त्री
2. अंतरिम सरकार में गृह मंत्री कौन थे ?
   a) पंडित जवाहर लाल नेहरू
   b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
   c) सी राज गोपालाचारी
   d) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
3. रजवाड़ों के भारतीय संघ में विलय में सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक भूमिका किसने निभाई ?
   a) पंडित जवाहर लाल नेहरू
   b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
   c) बाबू जगजीवन राम
   d) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
4. अंतरिम सरकार कब बनी।
   a) सितम्बर-1946
   b) अगस्त-1947
   c) अप्रेल-1950
   d) अप्रेल-1952

**कार्टून आधारित प्रश्न**




साभार: आर.के. लक्ष्मण, टाइम्स ऑफ इंडिया

(i) 'इंस्ट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन' (सहमति का विलय पत्र) क्या था ?

(ii) स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री कौन थे ?

(iii) भारत सरकार द्वारा राजा से किन मामलों के हस्तांतरण की मांग की जा रही है।

**मानचित्र आधारित प्रश्नः-**

दिये गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र में, चार राज्यों को A, B, C, D द्वारा चिह्नित किया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उनकी पहचान कीजिए और उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम उनकी क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित लिखिए।




| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |

1. वह राज्य जिसे मध्य प्रदेश से अलग कर बनाया गया है।
2. स्वतंत्र भारत में साम्यवादी सरकार द्वारा शासित पहला राज्य
3. पोट्टी श्री रामुलु से संबधित राज्य।
4. भारत का वह भाग जहाँ सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार पर सबसे पहले चुनाव हुआ।

**छः अंकीय प्रश्न :-**

1. राज्य पुनर्गठन आयोग क्या था? इसकी महत्वपूर्ण सिफारिशें क्या थी?
2. रजवाड़ों को भारतीय संघ में शामिल करने के मूल आधार क्या थे? इस कार्य में किसने भूमिका निभाई?

3. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष आई किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।

4. 1947 में भारत के विभाजन के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। विभाजन के किन्हीं चार प्रमुख परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

5. रजवाड़ों के संदर्भ में "इंस्ट्रमेंट ऑफ एकसेशन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। हैदराबाद का भारत में विलय किस प्रकार हुआ ?"

**उत्तर एक अंकीय :-**

1. (c) पंडित जवाहर लाल नेहरू
2. (a) मुस्लिम लीग
3. (d) त्रावणकोर
4. (b) जूनागढ़, त्रावणकोर, हैदराबाद
5. (a) द्वि-राष्ट्र का सिद्धान्त
6. (c) भारत और पाकिस्तान दो नए देशों का उदय
7. (c) देशी रियासतो की संख्या - 565 थी।
8. (b) त्रावणकोर, भारतीय संघ में विलय होने वाली पहली रियासत थी।
9. (d) यह विघटनकारी तत्वों को और बढ़ावा देता।
10. (a) रजाकर
11. (d) देश के कई इलाकों में अलग व छोटे राज्य बनाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू हुए।
12. (a) 14 राज्य व 6 केन्द्र शासित प्रदेश
13. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
14. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
15. (c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।
16. (d) (i), (iii), (iv), (ii)

**द्वि अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. द्वि-राष्ट्र सिद्धांत के अनुसार दो राष्ट्रों का निर्माण भारत विभाजन के द्वारा किया जाना चाहिए-मुस्लिमों के लिए (पाकिस्तान) एक नए राष्ट्र का निर्माण होना चाहिए।
2. एक वेद्य पत्र- भारत में रजवाड़ो / रियासतों के भारतीय संघ में विलय हेतु सहमति
3. मणिपुर के महाराजा बोध चन्द्र सिंह और हेदराबाद के शासक-निज़ाम
4. (i) सरकार लोकतान्त्रिक तरीके से कार्य करेगी।

   (ii) सरकार सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य करेगी।
5. 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली और साथ ही भारत का विभाजन भी हुआ। इसलिए यह दिन भारत के लिए खुशी ओर गम दोनों का था।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (i) ब्रिटिश सरकार की फूट डालो राज करों की नीति।

   (ii) मुस्लिम लीग की भूमिका।

   (iii) पाकिस्तान निर्माण की मांग

   (iv) तात्कालिक कारण
2. भारत विभाजन के परिणाम-

   (i) जनसंख्या का स्थानांतरण

   (ii) दोनो ओर के अल्पसंख्यकों की समस्या

   (iii) ओरतों ओर बच्चों का शोषण

   (iv) सम्पत्तियों (सरकारी) का बँटवारा
3. (i) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार की स्थापना

   (ii) बहुदलीय शासन पद्धति को अपनाना
4. (i) स्वतंत्रता पूर्व कांग्रेस पार्टी व प्रमुख नेताओं द्वारा भाषायी आधार पर राज्यों के निर्माण पर सहमति

   (ii) तेलुगू भाषी राज्य की मांग को लेकर पोट्टी श्री रामुलु की मृत्यु

5. 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतन्त्र हुआ था इसलिए यह खुशी का दिन था लेकिन इस दिन भारत का दो राष्ट्रों में विभाजन हुआ-भारत और पाकिस्तान इसलिए यह गम का दिन था।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) (a) पं. जवाहर लाल नेहरू

(ii) (b) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(iii) (b) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(iv) (c) सितम्बर 1946

**कार्टून चित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) देशी रियासतों के भारतीय संघ में विलय हेतु सहमति पत्र

(ii) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(iii) विदेशी मामले, प्रतिरक्षा और संचार जैसे मामले, जो राष्ट्रीय महत्व के है, इन विषयों की मांग मणिपुर के राजा से सरकार को सौंपने की मांग की गई।

**मानचित्र आधारित प्रश्न के उत्तर**

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| 1 | A | छत्तीसगढ |
| 2 | B | केरल |
| 3 | C | आंध्रप्रदेश |
| 4 | D | मणिपुर |

**छः अंकीय उत्तर**

1. न्यायमूर्ति फजल अली की अध्यक्षता में सन् 1953 में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनगर्ठन करने के लिए बनाया गया आयोग मुख्य सिफारिशे/सुझावः-

   (i) त्रि-स्तरीय राज्य प्रणाली (A, B, C) को समाप्त किया गया।

   (ii) राज्यों की सीमा का निर्धारण वहाँ बोली जाने वाली भाषा के आधार पर किया जाए।

2. (i) रजवाड़ों के निवासी भारतीय संघ में शामिल होना चाहते थे।

(ii) भारत सरकार का दृष्टिकाण लचीला था। वह कुछ क्षेत्रों को थोड़ी स्वायत्तता देने को भी राजी थी।

(iii) राष्ट्र विभाजन की पृष्ठभूमि में, राष्ट्र की अखंडता तथा उसकी क्षेत्रीय सीमाओं के एकीकरण का सवाल सबसे अहम था। सरदार पटेल जिन्हें 'लोह पुरूष'' कहा जाता है, ने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

3. (i) एकता और अखंडता स्थापित करना।

(ii) लोकतन्त्र की स्थापना

(iii) समानता पर आधारित विकास (विस्तारपूर्वक लिखिए)

4. भारत विभाजन के कारणः

(i) मुस्लिम लीग का द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त

(ii) ब्रिटिश सरकार की फूट डालो शासन करों की नीति

**भारत विभाजन के परिणाम**

(i) दो नए देशों भारत व पाकिस्तान का उदय

(ii) सांप्रदायिक हिंसा

(iii) शरणार्थियों की समस्या

(iv) प्रशासनिक सम्पत्ति का बटँवारा

5. "इंस्ट्रमेंट ऑफ एक्सेशन"-देशी रियासतों द्वारा भारतीय संघ में विलय हेतु सहमति पत्र था।

हैदराबाद का विलय-हैदराबाद के शासक को निजाम कहा जाता था। उन्होनें भारत सरकार के साथ नवंबर 1947 में एक साल के लिए यथास्थिति बहाल करने का समझोता किया था। निजाम के अत्याचारी शासन के विरूद्ध जनता ने आंदोलन शुरू किया। निजाम ने इदस आंदोलन को कुचलने के लिए अपने अर्द्ध सैनिक बल रजाकर को लगाया। अंततः भारत सरकार की जवाबी कार्यवाही के बाद 1948 में हैदराबाद का विलय भारत में हुआ।

अध्याय – 2

# एक दल के प्रभुत्व का दौर

* 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के समय देश में अंतरिम सरकार थी। अब संविधान के अनुसार नयी सरकार के लिए चुनाव करवाने थे। जनवरी 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया गया। सुकुमार सेन पहले चुनाव आयुक्त बने। वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार हैं।
* भारतीय नेताओं की स्वतन्त्रता आंदोलन के समय से ही लोकतंत्र में गहरी प्रतिबद्धता (आस्था) थी। इसलिए भारत ने स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र का मार्ग और संसदीय प्रणाली का मार्ग अपनाया जबकि लगभग उसी समय स्वतंत्र हुए कई देशों में अलोकतांत्रिक शासन व्यवस्था कायम हुई।
* **चुनाव आयोग की चुनौतियाँ :–**

  -- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना।

  -- चुनाव क्षेत्रों का सीमांकन।

  -- मतदाता सुची बनाना।

  -- अधिकारियों और चुनावकर्मियों को प्रशिक्षित करना।

  -- कम साक्षरता के चलते मतदान की विशेष पद्धति के बारे में सोचना। (भारत ने सर्वाधिक वोट से जीत प्रणाली अपनाई)
* अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952 तक प्रथम आम चुनाव हुए।
* **पहले तीन आम चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व रहा।**
* भारत में एक दल का प्रभुत्व दुनिया के अन्य देशों में एक पार्टी के प्रभुत्व से इस प्रकार भिन्न रहा।

  -- मेक्सिको में PRI की स्थापना 1929 में हुई, जिसने मेक्सिको में 60 वर्षो तक शासन किया। परन्तु इसका रूप तानाशाही का था।

  -- बाकी देशों में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र की कीमत पर कायम हुआ।

-- चीन, क्यूबा और सीरिया जैसे देशों में संविधान सिर्फ एक ही पार्टी को अनुमति देता है।

-- म्यांमार, बेलारूस और इरीट्रिया जैसे देशों में एक पार्टी का प्रभुत्व कानूनी और सैन्य उपायों से कायम हुआ।

-- भारत में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र एवं स्वतंत्र निष्पक्ष चुनावों के होते हुए रहा है।

**कांग्रेस के प्रभुत्व के कारण**

* प्रथम तीन आम चुनावों में कांग्रेस का (एक दल का) प्रभुत्व रहा :-
  -- स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका
  -- सुसंगठित पार्टी
  -- सबसे पुराना राजनीतिक दल
  -- पार्टी का राष्ट्र व्यापी नेटवर्क
  -- प्रसिद्ध नेता
  -- सबको समेटकर मेलजोल के साथ चलने की प्रकृति।
  -- भारत की चुनाव प्रणाली।
* कांग्रेस की प्रकृति एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन की है। कांग्रेस में किसान और उद्योगपति, शहर के बाशिंदे (रहने वाले) और गाँव के निवासी, मज़दूर और मालिक एवं मध्य, निम्न और उच्च वर्ग तथा जाति सबको जगह मिली।
* कांग्रेस ने अपने अंदर गरमपंथी और नरमपंथी, दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गियों विचार धाराओं को समाहित किया।
* कांग्रेस के गठबंधनी स्वभाव ने विपक्षी दलों के सामने समस्या खड़ी की और कांग्रेस को असाधारण शक्ति दी। चुनावी प्रतिस्पर्धा के पहले दशक में कांग्रेस ने शासक-दल की भूमिका निभायी और विपक्ष की भी।
* इसी कारण भारतीय राजनीति के इस कालखंड को कांग्रेस-प्रणाली कहा जाता है।

**विपक्षी पार्टियों का उद्भव**

* 1950 के दशक में विपक्षी दलों को लोकसभा अथवा विधानसभा में बहुत कम प्रतिनिधित्व मिला।

★ विपक्षी दलों ने शासक दल (कांग्रेस) पर अंकुश रखा।

★ लोकतांत्रिक राजनीति में विकल्प की संभावना को जीवित रखा।

★ विपक्षी दलों की मौजूदगी ने शासन व्यवस्था के लोकतांत्रिक चरित्र को बनाये रखा।

**प्रमुख विपक्षी दल**

| | दल का नाम | स्थापना | प्रमुख नेता | प्रमुख नीतियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समाजवादी दल (सोशलिस्ट पार्टी) | ★ 1934 में कांग्रेस में एक गुट तथा<br>★ 1948 में कांग्रेस से अलग नया दल बना | जय प्रकाश नारायण, अशोक मेहता, एस. एम. जोशी राम मनोहर जोशी लोहिया | लोकतांत्रिक समाजवाद |
| 2. | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया | ★ 1935-कांग्रेस में एक समूह।<br>★ 1941 में कांग्रेस से अलग<br>★ 1964 में विभाजन | ए. के. गोपालन, पी.सी. जोशी अजय घोष | उत्पादन के साधनों पर सरकार का नियन्त्रण, मजदूर हितों का समर्थन |
| 3. | भारतीय जनसंघ | 1951 में गठन | श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलराज मधोक, दीन दयाल उपाध्याय | एक देश, एक संस्कृति एक राष्ट्र की विचारधारा पर जोर<br>देश, भारतीय संस्कृति और परंपरा पर ताकतवर व प्रगतिशील बन सकता है। |
| 4. | स्वतन्त्र पार्टी | 1959 | सी. राजागोपालाचारी, के. एम. मुंशी, मीनू मसानी | मुक्त अर्थव्यवस्था, मुक्त बाजार, सरकार का कम हस्तक्षेप |

## एक अंकीय प्रश्न

1. स्वतंत्रता के बाद भारत में शासन की कोन सी व्यवस्था को अपनाया गया?

(a) अध्यक्षात्मक व्यवस्था

(b) अर्द्धअध्यक्षात्मक व्यवस्था

(c) लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था

(d) राजतंत्र शासन व्यवस्था

2. 1967 के चुनाव में दूसरी बड़ी पार्टी कौन सी थी?

(a) जनता पार्टी

(b) सी पी आई

(c) स्वतंत्र पार्टी

(d) जन संघ

3. किस राजनीतिक पार्टी को स्वाधीनता संग्राम की विरासत हासिल थी?

(a) स्वराज पार्टी (b) कम्युनिस्ट पार्टी

(c) कांग्रेस पार्टी (d) स्वतंत्र पार्टी

4. ई. एम. एस नम्बूदरीपाद किस राज्स से संबंधित हैं?

(a) केरल (b) पंजाब

(c) तमिलनाडु (d) असम

5. लोकसभा का तीसरा आम चुनाव किस वर्ष में करवाया गया?

(a) 1951 (b) 1962

(c) 1967 (d) 1957

6. 2004 में चुनाव आयोग ने पूरे देश में किस मशीन का उपयोग शुरू किया?

(a) ई वी एम (b) सी वी एम

(c) पोस्टल बेलट (d) वी वी पेट

7. चीन और सोवियत संघ के बीच विचारधारात्मक अंतर आने के बाद भारत के किस राजनीतिक दल में बड़ी टूट हो गई?

(a) स्वराज पार्टी (b) कम्युनिस्ट पार्टी

(c) सोशलिस्ट पार्टी (d) जनसंघ

8. मिलान कीजिए / निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| | कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|---|
| (A) | दीन दयाल उपाध्याय | (I) | केरल के कम्युनिस्ट नेता |
| (B) | ए. के. गोपालन | (II) | भारतीय जनसंघ |
| (C) | रफी अहमद किदवई | (III) | इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी के संस्थापक |
| (D) | बी. आर. अम्बेडकर | (IV) | स्वतंत्र भारत के पहले खाद्य एवं कृषि मंत्री |

(a) A-I, B-II, C-III, D-IV (b) A-II, B-I, D-III, C-IV

(c) C-II, A-I, B-III, D-IV (d) B-I, C-IV, C-IV, A-II

9. किन देशों के संविधान में केवल एक ही पार्टी को देश के शासन की अनुमति दी गई हैं।

(a) म्यांमार - चीन (b) चीन - पोलेंड

(c) चीन - लातवीया (d) म्यांमार - मलेशिया

10. अपने .............. स्वभाव के कारण कांग्रेस विभिन्न गुटों के प्रति सहनशील थी।

(a) विचारात्मक (b) गठबंधनी

(c) गुटबाजी (d) स्वर्थी

11. जय प्रकाश नारायण एक ............... नेता थे।

(a) पूंजीवादी (b) वामपंथी

(c) समाजवादी (d) नरमपंथी

12. पहले तीन आम चुनावों में किस पार्टी का प्रभुत्व रहा ?

(a) कांग्रेस (b) स्वराज पार्टी

(c) जनसंघ (d) सोशलिस्ट पार्टी

**दो अंकीय प्रश्न**

1. भारत में पहली बार वामपंथी सरकार किस राज्य में और कब बनी ?
2. लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का वर्णन कीजिए।

3. पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व किस प्रकार भारत में लोकतंत्र स्थापित करने में सहायक रहा?

4. भारतीय जनसंघ की विचारधारा की किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

5. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का विभाजन किस कारण से हुआ?

**चार अंकीय प्रश्न**

1. भारत में एक दल की प्रधानता के कारणों का वर्णन कीजिए।

2. भारत में प्रथम आम चुनाव कराने में चुनाव आयोग को किन चुनोतियों का सामना करना पड़ा।

3. कांग्रेस किन अर्थों में एक विचारधारात्मक गठबंधन थी?

4. भारत में राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा को सशक्त बनाने वाले कारणों की विवेचना कीजिए।

5. भारत और मैक्सिकों दोनों ही देशों में एक खास समय तक एक पार्टी का प्रभुत्व रहा। मैक्सिको में स्थापित एक पार्टी का प्रभुत्व कैसे भारत के एक पार्टी के प्रभुत्व से अलग था?

**गद्यांश आधारित प्रश्न :-**

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर चुनिए

चुनावों को दो बार स्थगित करना पड़ा। चुनाव अभियान, मतदान और मतगणना में कुल 6 महीने लगे।

चुनावों के परिणाम घोषित हुए तो हारने वाले उम्मीदवारों ने भी इन परिणामों को निष्पक्ष बताया।

सार्वभोमिक मताधिकार के इस प्रयोग ने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। हिंदुस्तान टाइम्स ने लिखा ''यह बात हर जगह मानी जा रही है कि भारतीय जनता ने विश्व के इतिहास में लोकतंत्रा के सबसे बड़े प्रयोग को बखूबी अंजाम दिया'' 1952 का आम चुनाव पूरी दुनिया में लोकतंत्र के इतिहास के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ।

1. प्रथम आम चुनाव की प्रक्रिया में 6 महीनों का वक्त क्यों लगा?

a) चुनाव हेतु संसाधनों की कमी नही थी

b) प्रशिक्षित चुनाव कर्मियों का अभाव नही थी

c) बहुत कम मतदाता थे

d) स्वतंत्र भारत में चुनाव हेतु संसाधन की कमी थी

2. सार्वभोमिक मताधिकार क्या है?

a) जाति के आधार पर मत देने का अधिकार

b) धर्म के आधार पर मत देने का अधिकार

c) सभी पुरूष व्यस्कों को मत देने का अधिकार

d) सभी व्यस्कों को बिना भेदभाव के मत देने का अधिकार

3. प्रथम आम चुनाव में कोन सी पार्टी विजयी रही?

a) कांग्रेस

b) स्वतंत्रा पार्टी

c) जनसंघ

d) कम्युनिस्ट पार्टी

4. हिंदुस्तान टाइम्स द्वारा की गई टिप्पणी का क्या आशय है?

a) मतदाताओं की विशाल संख्या

b) केवल 15 प्रतिशत साक्षर मतदाता

c) गरीबी के माहोल में चुनाव

d) उपरोक्त सभी

**कार्टून आधारित प्रश्न-**

1. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए एवं इस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन कीजिए। (1 + 1 + 2 = 4)




1. भारत में चुनाव आयोग का गठन किस वर्ष हुआ?
2. भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे?
3. कार्टून में भारी भीड़ क्या दर्शाती हैं? चुनाव समिति के मंच पर बैठे किसी एक नेता को चिन्हित कीजिए।

**मानचित्र पर आधारित प्रश्न :-**

1. दिये गये भारत के राजनैतिक मानचित्र (1952-1967 के विधानसभा चुनाव) में चार राज्य A, B, C, तथा D द्वारा चिन्हित किये गये है। दी गयी जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम, प्रयोग की जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित निम्नलिखित तालिका के रूप में उत्तर दीजिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |




i) वो राज्य जहाँ नेशनल कांफ्रेस को जीत हासिल हुई!

ii) वो राज्य जहाँ कम्यूनिस्ट पार्टी की सरकार बनी।

iii) वो राज्य जहाँ विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

iv) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री इस राज्य से थे।

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (c) लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था

2. (b) सी. पी. आई

3. (c) कांग्रेस पार्टी

4. (a) केरल

5. (b) 1962

6. (a) ई वी एम (EVM)

7. (b) कम्युनिस्ट पार्टी

8. (d) A-II, B-I, C-IV, D-III

9. (a) म्यांमार - चीन

10. (b) गठबंधनी

11. (c) समाजवादी

12. (a) कांग्रेस

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. 1957 में भारत के केरल राज्य में विधान सभा चुनावों में।

2. (i) विपक्ष सरकार की नीतियों की आलोचना करता हैं।

   (ii) सरकार की निरंकुशता पर अंकुश लगाता है।

   (iii) जनता को विकल्प देता हैं।

   (iv) लोकतंत्र को मजबूत बनता हैं।

3. (i) भारत में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व की प्रकृति क्यूबा और चीन जेसे देशों में एक पार्टी के प्रभुत्व से अलग थी।

   (ii) भारत को एक मजबूत शासन दिया।

   (iii) कांग्रेस के नेता अनुभवी व शासन करना जानते थे।

   (iv) कांग्रेस पार्टी निष्पक्ष एवम् स्वतंत्र लोकतांत्रिक रूप से जनता के द्वारा चुनी गई थी एवम् चुनाव में कई जगह हार के बावजूद सत्ता का लालच नहीं दिखाया।

4. (i) भारतीय जनसंध के संस्थापक-अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे।

   (ii) इसका मानना था कि देश भारतीय संस्कृति और परंपरा के आधार पर आधुनिक प्रगतिशील और ताकतवर बन सकता है।

   (iii) यह भारत को आण्विक ब्परमाणुऋ शक्ति के रूप में तेयार करना चाहते थे।

5. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का विभाजन 1964 में हुआ। चीन और सोवियत संघ के बीच विचारधारात्मक अंतर आ गया था। 1961 युब्द भारत-चीन में हुआ,

CPI(M) ने चीन के आक्रमण का समर्थन किया था जिस कारण एक घटक अलग हो गया।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (i) कांग्रेस को सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व प्राप्त था।

   (ii) कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क था, वह एक सुसंगठित पार्टी थी।

   (iii) भारत का सबसे पुराना दल एवं इस पार्टी को स्वाधीनता संग्राम की विरासत हासिल थी।

   (iv) भारतीय राजनीति के सबसे करिश्माई और लोकप्रिय नेता थे।

2. (i) चुनाव आयोग का गठन 1950 में हुआ।

   (ii) भारत का बड़ा आकार जहाँ पर पहली बार चुनाव होना था।

   (iii) चुनाव क्षेत्रों का सीमांकन, मतदाता सुची तेयार करना।

   (iv) चुनावकर्मियों का प्रशिक्षण, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराना।

3. (i) कांग्रेस में अनेक विचारधाराओं को मानने वाले लोग शामिल थे। शान्तिवादी चरमपंथी, नरमपंथी, क्रांतिकारी आदि।

   (ii) कांग्रेस में समाजवादी, पूंजीवादी दोनो विचारधारा के नेता मोजूद थे। सभी धर्मों, जाति व सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व प्राप्त था।

   (iii) कांग्रेस एक मंच की तरह पार्टी थी। जिस पर अनेक समूह, हित और राजनीतिक दल जुटे थे।

   (iv) कांग्रेस के गठबंधनी स्वभाव ने उसे एक असाधारण ताकत दी। वह इंद्रधनुष के समान विविध वर्ग, जाति, धर्म, भाषा प्रतिनिधि वाली पार्टी थी।

4. भारत में राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा को सशक्त बनाने के कारण-

   (i) बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था

   (ii) स्वतंत्र चुनाव आयोग

5. (i) मेक्सिकों में पी.आर.आई पार्टी ही हमेशा विजयी रही बाकी पार्टियों केवल नाममात्र की थी ताकि शासक दल को ही वेधता मिलती रहें।

(ii) चुनाव के नियम शासक दल के अनुरूप तय किए गये।

(iii) शासक दल ने चुनावों में अक्सर हेराफेरी व गलत फायदे दिए जाते।

(iv) भारत में एक दल के प्रमुख के पीछे कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय आंदोलन की विरासत मिलना था। विपक्षी दलों का संगठन कमजोर था। आम जनता ने निष्पक्ष रूप से कांग्रेस को चुना। कांग्रेस को 'अव्वल और इकलौता' होने का फायदा मिला।

**गद्यांश आधारित प्रश्नोत्तर**

1. (d) स्वतंत्रत भारत में चुनाव हेतु संसाधन कम थे।
2. (d) सभी व्यस्कों को बिना भेदभाव के मत देने का अधिकार
3. (a) कांग्रेस
4. (a) मतदाताओं की विशाल संख्या

**मानचित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) (A) – जम्मू और कश्मीर

(ii) (D) – केरल

(iii) (C) – मध्य प्रदेश

(iv) (B) – उत्तर प्रदेश

**कार्टून पर आधारित प्रश्नों के उत्तर**

1. 1950
2. सुकुमार सेन
3. कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार
4. जवाहरलाल नेहरू/मोरारजी देसाई/जगजीवन राम

अध्याय – 3

# नियोजित विकास की राजनीति

नियोजन का आशय है उपलब्ध संसाधनों के श्रेष्ठतम प्रयोग के लिए भविष्य की योजना बनाना/ नियोजन के माध्यम से उत्पादन में वृद्धि, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और आर्थिक स्थिरता आदि लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है।

स्मरणीय बिन्दु :-

- ★ आजादी के बाद लगभग सभी इस बात पर सहमत थे कि भारत के विकास का अर्थ आर्थिक संवृद्धि और आर्थिक समाजिक न्याय दोनो ही है।
- ★ इस बात पर भी सहमति थी कि आर्थिक विकास और सामाजिक-आर्थिक न्याय को केवल व्यवसायी, उद्योगपति व किसानों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सरकार को प्रमुख भूमिका निभानी होगी।
- ★ आजादी के वक्त 'विकास' का पैमाना पश्चिमी देशों को माना जाता था। आधुनिक होने का अर्थ था पश्चिमी औद्योगिक देशों की तरह होना।
- ★ विकास के दो मॉडल थे पहला-उदारवादी - पूँजीवादी मॉडल तथा दूसरा-समाजवादी मॉडल। भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल, जिसमें सार्वजनिक व निजी क्षेत्र दोनों के गुणों का समावेश था, अपनाया।
- ★ आजादी के आन्दोलन के दौरान नेताओं में सहमति बन गयी थी कि गरीबी मिटाने और सामाजिक-आर्थिक पुर्नवितरण के काम का मुख्य जिम्मा आजाद भारत की सरकार का होगा।
- ★ बाम्बे प्लान :- 1944 में उद्योगपतियों के एक समूह ने देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने का प्रस्ताव दिया जिसमें सरकार औद्योगिक तथा अन्य आर्थिक क्षेत्रों में निवेश के बड़े कदम उठाये।
- ★ योजना आयोग की स्थापना मार्च, 1950 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा की गई। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष बने।
- ★ 01 जनवरी 2015 से योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग अस्तित्व में आया है। जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं एवं वर्तमान उपाध्यक्ष

डॉ सुमन बेरी है। नीति शब्द का विस्तार है National Institution For Transforming India.

- ★ पंचवर्षीय योजना से तात्पर्य था कि अगले पाँच सालों के लिए सरकार की आमदनी और खर्च की योजना होगी।
- ★ योजनाकारों का बुनियादी लक्ष्य राष्ट्रीय आय के स्तर को नियोजित करना था।
- ★ भारत के योजनाकारों को उद्योग और कृषि के बीच संतुलन साधना था।
- ★ **बामपंथी विचारधारा–** उन लोगों की तरफ संकेत किया जाता है जो गरीब और पिछड़े सामाजिक समूह की तरफदारी करते हैं और इन तबकों को फायदा पहुँचाने वाली सरकारी नीतियों का समर्थन करते हैं।
- ★ **दक्षिणपंथी विचारधारा–** खुली प्रतिस्पर्धा और बाजारमूलक अर्थव्यवस्था के जरिये ही प्रगति का समर्थन करते है। सरकार को अर्थव्यवस्था में गैर जरूरी हस्तेक्षप नही करना।
- ★ राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना 6 August 1952 में प्रथम पंचवर्षीय योजना के तहत एक सलाहकारी निकाय (भारत सरकार के प्रस्ताव) द्वारा की गई।
- ★ **प्रथम पंचवर्षीय योजना** (1951-56) में ज्यादा जोर कृषिक्षेत्र पर था। इसी योजना के अन्तर्गत बाँध और सिंचाई के क्षेत्र में निवेश किया गया। भागड़ा-नांगल परियोजना इनमे से एक थी।
- ★ **द्वितीय पंचवर्षीय योजना** (1956-61) में उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया। सरकार ने देसी उद्योगों को संरक्षण देने के लिए आयात पर भारी शुल्क लगाया। इस योजना के योजनाकार पी.सी. महालनोबीस थे।
- ★ जे.सी. कुमारप्पा जेसे गाँधीवादी अर्थशास्त्रीयों ने विकास की वेकल्पिक योजना प्रस्तुत की, जिसमें ग्रामीण औद्योगीकरण पर ज्यादा जोर था।
- ★ चोधरी चरण सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के नियोजन में कृषि को केन्द्र में रखने की बात प्रभावशाली तरीके से उठायी।

**योजना आयोगः–**

योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को एक प्रस्ताव के द्वारा की गयी थी। 1 जनवरी 2015 से इसका स्थान नीति आयोग ने ले लिया है। यह एक

संविधानेत्तर निकाय था जो परामर्शदात्री अथवा सलाहकारी संस्था के रूप में कार्य करता था। इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते थे।

**योजना आयोग के उद्देश्य :–**

1. देश के संसाधनों का अनुमान लगाना।
2. देश के विकास के लिए योजना बनाना।
3. विभिन्न कार्यक्रमों के बीच प्राथमिकता का निर्धारण करना।
4. योजनाकाल के दौरान हुई प्रगति का आकलन करना।
5. 1 जनवरी 2015 से योजना आयोग का नीति आयोग द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

**योजना आयोग 1950**

* योजना आयोग के पास राज्यों पर और योजना आयोग द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के लिए नीतियां लागू करने की शक्ति थी।
* योजना आयोग आर्थिक विकास के लिए उपयुक्त नीतियों को डिजाइन और निष्पादित करने में मदद करेगा।
* योजना आयोग का मुख्य उद्देश्य भारत के आर्थिक विकास के लिए उपयुक्त नीतियां बनाना, योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना था।
* पंचवर्षीय योजनाएँ :–

| **पंचवर्षीय योजनाएं** | **अवधि** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| प्रथम | 1951–56 | कृषि विकास |
| द्वितीय | 1956–61 | औद्योगिक विकास |
| तृतीय | 1961–66 | खाद्यान्न आत्मनिर्भरता, बेरोजगारी उन्मूलन |
| चौथी | 1969–74 | उत्पादन वृद्धि, आर्थिक स्थिरता |
| पांचवी | 1974–79 | आत्मनिर्भरता, निर्धनता दूर करना। |
| छठी | 1980–85 | उर्जा संसाधन विकास, कमजोर वर्ग की हित पूर्ति |

| | | |
|---|---|---|
| सातवीं | 1985-90 | खाद्य उत्पादन, आधुनिकीकरण, ग्रामीण विकास |
| आठवीं | 1992-97 | रोजगार, स्वास्थ्य, साक्षरता |
| नौवीं | 1997-2002 | सामाजिक न्याय, 6.5 प्रतिशत आर्थिक विकास |
| दसवीं तथा | 2002-2007 | सामाजिक-औद्योगिक विकास 7 प्रतिशत आर्थिक विकास |
| ग्यारहवीं | 2007-2012 | उर्जा, रोजगार, 9 प्रतिशत विकास |
| बारहवीं | 2012-2017 | 8 प्रतिशत आर्थिक विकास |

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. आज़ाद हिंदुस्तान के सामने विकास के कितने मॉडल थे?

   (a) दो (b) तीन

   (c) चार (d) एक

2. गरीबी मिटाने और सामाजिक-आर्थिक पुनर्वितरण का मुख्य जिम्मा इनके पास होगा-

   (a) उद्योगपति (b) भारत सरकार

   (c) सहकारी विभाग (d) राज्य सरकार

3. 'नव लोकतांत्रिक' पहल नामक विकास अभियान किस प्रदेश में चलाया गया?

   (a) बिहार (b) तमिलनाडु

   (c) केरल (d) असम

4. पंचवर्षीय योजना का मॉडल भारत ने किस देश से प्रेरित होकर अपनाया?

   (a) जर्मनी (b) सोवियत संघ

   (c) जापान (d) ब्रिटेन

5. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-

   (i) भारत आजाद हुआ (ii) बाम्बे प्लान

   (iii) योजना आयोग का गठन (iv) प्रथम पंचवर्षीय योजना

(a) (i), (iii), (ii), (iv) (b) (ii), (iv), (iii), (i)

(c) (ii), (i), (iii), (iv) (d) (ii), (i), (iv), (iii)

6. योजना आयोग का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा हुआ था?

(a) भारत के संविधान द्वारा

(b) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(c) भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा

(d) संविधान सभा द्वारा

7. भारतीय उद्योगपतियों द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया गया था इस वर्ष में-

(a) 1944 (b) 1945

(c) 1942 (d) 1946

8. भारत में शुरूआती दौर में विकास की जो नीति अपनायी उसमें निम्नलिखित में से कोन सा विचार शामिल नहीं था।

(a) नियोजन (b) उदारीकरण

(c) सहकारी खेती (d) आत्म निर्भरता

9. पोस्को प्लांट का विरोध इस राज्य में हुआ था-

(a) पंजाब (b) राजस्थान

(c) नागालेंड (d) उड़ीसा

10. भारत सरकार ने देसी उद्योगों को संरक्षण देने के लिए ............ पर भारी शुल्क लगाया।

(a) निर्यात (b) भूमि

(c) आयात (d) वाहन

11. दूसरी पंचवर्षीय योजना के एक योजनाकार

(a) जे.सी. कुमारप्पा (b) पी.सी. महालनोबिस

(c) जवाहर लाल नेहरू (d) सरदार पटेल

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. बाम्बे प्लान क्या था?
2. द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस प्रकार से प्रथम पंचवर्षीय योजना से भिन्न थी?
3. भारत की अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था क्यों कहते हैं?
4. विकेंद्रित नियोजन से आप क्या अभिप्राय हैं?
5. योजनाकारों का बुनियादी लक्ष्य क्या था?

## एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर

1. (a) दो
2. (b) भारत सरकार
3. (c) केरल
4. (b) सोवियत संघ
5. (c) ii, i, iii, iv
6. (c) भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा
7. (a) 1944
8. (c) सहकारी खेती
9. (d) उड़ीसा
10. (c) आयात
11. (a) पी.सी. महालनोबिस

## दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर

1. 1944 में उद्योगपतियों के समूह द्वारा देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने हेतु तैयार किया गया प्रस्ताव।
2. प्रथम पंचवर्षीय योजना कृषि आधारित, जबकि द्वितीय उद्योग आधारित थी। दूसरी पंचवर्षीय योजना तीव्र औद्योगिकरण और सार्वजनिक क्षेत्र की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया।
3. भारत में पूँजीवादी व समाजवादी मॉडल दोनों के मिले-जुले मॉडल के गुण है। इसलिए मिश्रित अर्थव्यवस्था कहलाती हैं।

4. नियोजन को केन्द्र से स्थानीय स्तर की ओर अग्रसर किया जाना। शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि सुधार, कारगर खाद्य-वितरण आदि को पंचायत, प्रखड और जिला स्तर तक पहुँचाना शामिल है।

5. योजनाकारों का बुनियादी लक्ष्य राष्ट्रीय आय के स्तर को ऊँचा करने का था। मोजूदा पूँजी-भंडार को बढ़ाना व आर्थिक विकास में बढ़ोत्तरी करना था।

# अध्याय - 4

# भारत के विदेश संबंध

भारत बहुत चुनोतीपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में आजाद हुआ था। उस समय लगभग संपूर्ण विश्व दो ध्रुवों मे बँट चुका था। ऐसे में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने बड़ी दूरदर्शिता के साथ भारत की विदेश नीति तय की।

**भारत की विदेश नीति पर नेहरू जी का प्रभाव :-**

1) कठिन संघर्ष से प्राप्त सम्प्रभुता को बचाए रखना।

2) क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना।

3) तेज गति से आर्थिक विकास करना।

नेहरू इन उद्देश्यों को गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाकर हासिल करना चाहते थे।




**पंचशील :-** 29 अप्रेल 1954 को भारत के प्रधानमंत्री पं नेहरू और चीन के प्रमुख चाऊ एन लाई ने शांतिपूर्ण सह अस्तितव के पाँच सिद्धांतों की घोषणा की।

## गुट निरपेक्षता की नीति (विदेश नीति का एक प्रमुख तत्व)

अथक प्रयासों से मिली स्वतन्त्रता के पश्चात भारत के समक्ष एक बड़ी चुनोती अपनी संप्रभुता को बचाए रखने की थी। इसके अतिरिक्त भारत को तीव्र आर्थिक व

सामाजिक विकास के लक्ष्य को भी प्राप्त करना था। अतः इन दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भारत ने गुट निरपेक्षता की नीति को अपनी विदेश नीति के एक प्रमुख तत्व के रूप में अंगीकार किया।

इस नीति के द्वारा भारत जहाँ शीत युद्ध के परस्पर विरोधी खेमों तथा उनके द्वारा संचालित सैन्य संगठनों जेसे- नाटो, वारसा पेक्ट आदि से अपने को दूर रख सका। वहीं आवश्यकता पड़ने पर दोनों ही खेमों से आर्थिक व सामरिक सहायता भी प्राप्त कर सका।

एशिया तथा अफ्रीका के नव.स्वतन्त्र देशों के मध्य भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण व विशिष्ट स्थिति की संभावना को भाँपते हुए भारत ने वि-औपनिवेशिकरण की प्रक्रिया का प्रवल समर्थन किया। इसी कड़ी में 1955 में इंडोनेशिया के शहर बांडुंग में एफ्रो-एशियाई सम्मेलन हुआ, जिसमें गुट निरपेक्ष आंदोलन की नींव पड़ी। सितंबर 1961 में बेलग्रेड में प्रथम गुट निरपेक्ष सम्मेलन के साथ इस आंदोलन का औपचारिक प्रारम्भ हुआ।

## चीन के साथ शांति और संघर्ष

* 1949 में चीनी क्रांति के बाद चीन की कम्यूनिस्ट सरकार को मान्यता देने वाला भारत पहले देशों में एक था।
* 1950 में चीन ने तिब्बत पर अपना नियंत्रण जमा लिया।
* इससे भारत और चीन के बीच मध्यवर्ती राज्य तिब्बत समाप्त हो गया।
* चीन ओर भारत के मध्य विवाद का दूसरा बड़ा कारण सीमा-विवाद था। चीन, जम्मू-कश्मीर के लद्दाख वाले हिस्से के अक्साई-चीन और अरूणाचल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों पर अपना अधिकार जताता है।
* पहली बार नेहरू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और लोकसभा में इस पर बहस हुई।

## चीन का आक्रमण 1962

* तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा ने भारत से शरण माँगी और 1959 में भारत ने उनहें शरण दे दी।
* चीन ने आरोप लगाया कि भारत सरकार अंदरूनी तौर पर चीन विरोधी गतिविधियों को हवा दे रही है।

- इससे कुछ समय पहले भारत और चीन के बीच सीमा विवाद उठ खड़ा हुआ।
- चीन ने भारतीय भूक्षेत्र में पड़ने वाले दो इलाकों-लद्दाख के अक्साई चिन और अरूणाचलप्रदेश के अधिकांश हिस्सों पर अधिकार जताया। अरूणाचल प्रदेश को उस समय नेफा था उत्तर-पूर्वी सीमांत कहा जाता था।
- चीन ने अक्टूबर 1962 में दोनो विवादित क्षेत्रों पर बड़ी तेजी से तथा व्यापक स्तर पर हमला किया।
- चीन ने एकतरफा युद्ध विराम घोषित किया और चीन की सेनाएं उस मुकाम पर लौट गई जहाँ वह हमले से पहले थी।

**भारत चीन युद्ध के प्रभाव**

- चीन-युद्ध से भारत की छवि को देश और विदेश में धक्का लगा।
- इस संकट से उबरने के लिए भारत को अमेरिका और ब्रिटेन से मदद की गुहार लगानी पड़ी।
- सोवियत संघ इस संकट की घड़ी में तटस्थ रहा।
- भारतीय राष्ट्रीय स्वाभिमान को चोट पहुँची साथ ही राष्ट्र भावना बलवती हुई।
- कुछ प्रमुख सैन्य-कमांडरो ने या तो इस्तीफा दे दिया या अवकाश ग्रहण कर लिया।
- तत्कालीन रक्षामंत्री वी. के. कृष्णमेनन को मंत्रिमंडल छोड़ना पड़ा।

**भारत चीन सम्बन्ध सहयोग के क्षेत्रः-**

- 1962 के बाद भारत-चीन संबंधों को 1976 में राजनयिक संबंध बहाल कर शुरू किया गया।
- 1970 के दशक में चीनी नेतृत्व बदलने से अब वैचारिक मुद्दों की जगह व्यापारिक मुद्दे प्रमुख हो रहे है।
- 1979 में श्री अटल बिहारी वाजपेयी (विदेश मंत्री) तथा श्री राजीव गांधी ने 1988 में प्रधानमंत्री के तौर पर चीन की यात्रा की परन्तु चीन के साथ व्यापारिक संबंधों पर ही ज्यादा चर्चा हुई।

* 1981 में सीमा विवादों को दूर करने के लिए वार्ताओं की श्रृंखला भी शुरू की गई।
* 1988 में प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने चीन की यात्रा की जिसके बाद सीमा विवाद पर यथास्थिति बनाए रखने की पहल की गई।
* दोनो देशों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और व्यापार के लिए सीमा पर चार पोस्ट खोलने हेतु समझोते किए है।
* 1999 से द्विपक्षीय व्यापार 30 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है।

**पाकिस्तान के साथ युद्ध और शांति**

* कश्मीर मसले को लेकर पाकिस्तान के साथ बँटवारे के तुरंत बाद युद्ध छिड़ गया था।
* यह मसला संयुक्त राष्ट्र के हवाले कर दिया गया।
* कश्मीर के सवाल पर हुए संघर्ष के बावजूद भारत-पाकिस्तान सरकारों के बीच सहयोग संबंध कायम हुए।
* बँटवारे के समय जो महिलाएँ अपहृत हुई थी उन्हें उनके परिवारों के पास पहुँचाने का कार्य दोनो देशों की सरकारों ने मिलजुल कर किया।
* विश्व बैंक की मध्यस्थता से सिंधु नदी जल संधि पर सन् 1960 में नेहरू और जनरल अयूब खान ने हस्ताक्षर किए।
* 1965 के अप्रैल में पाकिस्तान ने गुजरात के कच्छ इलाके के रन में सैनिक हमला बोला।
* इसके बाद जम्मू-कश्मीर में अगस्त और सितम्बर के महीने में पाकिस्तान ने बड़ा हमला बोला।
* तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने पंजाब की सीमा की तरफ से जवाबी हमला करनके के आदेश दिए।
* घनघोर लड़ाई हुई और भारतीय सेना आगे बढ़ेत हुए लाहौर तक पहुँच गई।
* संयुक्त राष्ट्र संघ के हस्तक्षेप से इस लड़ाई का अंत हुआ।

* भारतीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान ने 1966 में ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसमें सोवियत संघ ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

**बांग्लादेश युद्ध 1971**

* 1970 में पाकिस्तान के सामने एक गहरा अंदरूनी संकट आ खड़ा हुआ।
* पाकिस्तान के पहले आम चुनाव में खंडित जनादेश आया। जुल्फिकार अली भुट्टो की पार्टी पश्चिमी पाकिस्तान में विजयी रही जबकि मुजीबुर्रहमान की पार्टी आवामी लीग ने पूर्वी पाकिस्तान में जोरदार कामयाबी हासिल की।
* पाकिस्तानी सेना ने 1971 में शेख मुजीब को गिरफ्तार कर लिया और पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर जुल्म ढाने शुरू किए।
* जबाव में जनता ने अपने इलाके यानि मौजूदा बांग्लादेश को पाकिस्तान से मुक्त कराने का संघर्ष छेड़ दिया।
* 1971 में पूरे वर्ष भारत को 80 लाख शरणार्थियों का बोझ वहन करना पड़ा जो पूर्वी पाकिस्तान से भागरकर भारत के नजदीकी इलाकों में आ गए थे।
* पाकिस्तान ने भारत पर आरोप लगाया कि वह उसे तोड़ने की कोशिश कर रहा है।
* अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निकसन के सलाहकार हेनरी किंसिजर ने 1971 के जुलाई में पाकिस्तान होते हुए गुपचुप चीन का दौरा किया।
* अमेरिका-पाकिस्तान-चीन की धुरी बनते देख भारत ने इसके जवाब में सोवियत संघ के साथ शांति और मित्रता की 20 वर्षीय संधि की।
* संधि में इस बात का आश्वासन मिला कि हमला होने की सूरत में सोवियत संघ भारत की मदद करेगा।
* 1971 के दिसंबर में भारत-पाकिस्तान के बीच पूर्णव्यापी युद्ध छिड़ गया।
* 10 दिनों के अंदर भारतीय सेना ने ढाका को तीन तरफ से घेरा और 90000 सैनिकों के साथ पाकिस्तान की सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा।
* बांग्लादेश के रूप में स्वतंत्र राष्ट्र का उदय हुआ और भारत ने एक तरफा युद्ध विराम घोषित किया।

* 3 जुलाई 1972 को इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला समझोते पर हस्ताक्षर हुए और इससे अमन की बहाली हुई।

— **भारत का परमाणु कार्यक्रम**

* भारत के परमाणु कार्यक्रमों की शुरूआत 1940 के दशक के अंतिम सालों में होमी जहाँगीर भाभा के निर्देशन मे हो चुकी थी।
* मई 1974 में पोखरण में भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण किया। फिर मई 1998 में पोखरण में ही भारत ने पाँच परमाणु परीक्षण कर स्वयं को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण कर स्वयं को परमाणु शक्ति घोषित कर दिया।

**भारत का परमाणु नीतिः-**

भारत की परमाणु नीति सदैव ही शांति उन्मुख रही है, जिसका स्पष्ट प्रभाव 'प्रथम प्रयोग नहीं' (No First Use) की नीति में स्पष्ट होता है। परंतु समकालीन क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के कारण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की क्षेत्रीय व राष्ट्रीय सुरक्षा के अनुरूप 'प्रथम प्रयोग नहीं' नीति की समीक्षा की जा सकती है तथा इसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है। इसके साथ ही भारत परमाणु आपूर्ति कर्ता समूह में स्वयं की सदस्यता प्राप्त करने के लिए भी प्रतिबद्ध है तथा व्यापक परमाणु प्रतिबंध संधि (CTBT) व परमाणु अप्रसार संधि (NPT) जेसी भेदभाव पूर्ण तथा अन्याय पूर्ण नाभिकीय संधियों का भी विरोध करता है।




**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'अंतर्राष्ट्रीय शांति' और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य के कुछ नीति निर्देशक तत्वों को निर्धारित करता है?

   (a) अनुच्छेद 351 (b) अनुच्छेद 51

   (c) अनुच्छेद 368 (d) अनुच्छेद 68

2. रिक्त स्थान भरिए-

   भारत के परमाणु कार्यक्रम की शुरूआत ............. के निर्देशन में हुई।

(a) डॉ. अब्दुल कलाम (b) डॉ. विक्रम साराभाई

(c) सी.वी. रमन (d) होमी जहाँगीर भाभा

3. ताशकंद समझोता निम्नलिखित में से किन दो देशों के मध्य हुआ?

(a) पाकिस्तान और भारत

(b) चीन और भारत

(c) भारत और सोवियत संघ

(d) भारत और अमेरिका

4. किस राज्य को नेफा कहा जाता है?

(a) असम (b) अरूणाचल प्रदेश

(c) आंध्र प्रदेश (d) सिक्किम

5. रिक्त स्थान भरिए-

गुट निरपेक्षता का अर्थ है ............

(a) तटस्थता

(b) अहस्तक्षेप

(c) पृथक्तावाद

(d) किसी शक्ति गुट से न जुड़ना

6. **नीचे दो कथन दिए गए हैं- जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए-** (CBSE 2023)

**अभिकथन (A):** भारत ने महाशक्तियों पर व्यापक परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए जोर दिया, लेकिन फिर भी भारत ने एन.पी.टी. के अनिश्चितकालीन विस्तार का विरोध किया और सी.टी.बी.टी. पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।

**कारण (R):** ये संधियाँ विशेष रूप से गैर-परमाणु शक्तियों पर लागू होती थी और परमाणु शक्ति संपन्न पाँच शक्तियों के एकाधिकार के वेध बनाती थी।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

7. **नीचे दो कथन दिए गए हैं- जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए-** (CBSE 2023)

**अभिकथन (A):** भारत ने इंडोनेशिया की आजादी के लिए भरपूर प्रयास किया।

**कारण (R):** भारत अनौपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का प्रबल समर्थक था और उसने पूरी दृढ़ता से नस्लवाद का खासकर दक्षिण अफ्रीका में जारी रंगभेद का विरोध किया।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

8. **सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (A) अमेरिका | (I) मध्यवर्ती राज्य |
| (B) सोवियत संघ | (II) तेल के लिए हाहाकार |
| (C) तिब्बत | (III) शांति और मित्रता की 20 वर्षीय संधि |
| (D) अरब-इज़रायल युद्ध | (IV) हेनरी किसिंजर |

**सही विकल्प का चुनाव कीजिए।**

(a) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)

(b) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)

(c) A-(iii), B-(i), C-(iii), D-(iv)

(d) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)

9. निम्नलिखित में से कोन सा कथन सत्य हें ?

   (a) भारतीय जनसंघ ओर स्वतंत्र पार्टी चाहती थी कि भारत अपनी विदेश नीति अमेरिका के पक्ष में न बनाए।

   (b) डॉ. भीमराव अम्बेडकर चाहते थे कि अमेरिकी खेमे के साथ भारत को नजदीकी नहीं बढ़ानी चाहिए।

   (c) कठिन संधर्ष से प्राप्त संप्रभुता को बचाए रखने के लिए नेहरू गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाना चाहते थे।

   (d) भारत के प्रथम विदेश मंत्री सरदार पटेल थे।

10. चीन के साथ भारत के संबंधो के बारे में सही कथन का चयन कीजिए।

   (a) भारतीय ओर चीनी नेताओं ने एक दूसरे के देश का दोरा किया ओर वहाँ की जनता ने मेत्रीपूर्ण तरीके से उसका स्वागत किया।

   (b) 1949 में भारत व चीन के बीच सीमा विवाद उत्पन्न हो गया।

   (c) चीन ने भारत के अधिकृत क्षेत्रों से अपना अधिकार वापस ले लिया।

   (d) शीर्ष नेताओं के बीच हुए लंबे पत्राचार ओर बातचीत के बाद, इन मतभेदो को सुलझा लिया गया।

11. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-

   (i) गुट निरपेक्ष आंदोलन का पहला शिखर सम्मेलन

   (ii) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा इंडियन नेशनल आर्मी (आई एन ए) का गठन

   (iii) ब्रिटेन का स्विज नहर के मामले को लेकर मिस्त्र पर आक्रमण

   (iv) भारत ने एशियाई संबंध सम्मेलन (एशियन रिलेशंस कांफ्रेंस) का आयोजन किया।

   **सही विकल्प का चुनाव करिए-**

   (a) (ii), (iii), (iv), (i)

   (b) (ii), (iv), (iii), (i)

   (c) (i), (iii), (ii), (iv)

   (d) (iii), (ii), (i), (iv)

12. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय विदेश नीति का उद्देश्य है?
   (a) अपने हितों की रक्षा करना
   (b) लोकतंत्र का संरक्षण
   (c) अपनी सशस्त्र सेनाओं को मजबूत करना
   (d) महाशक्ति बनना

**दो अंकीय प्रश्न :–**

1. भारत ने सी.टी.बी.टी (व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि) तथा एन.पी.टी. (परमाणु अप्रसार संधि) पर हस्ताक्षर क्यो नहीं किए? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।) (CBSE 2023)
2. तिब्वती शरणर्थियो को बसाने में भारत द्वारा निभाई भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (CBSE 2023)
3. 1950 के दशक के दौरान भारत-अमेरिका संबधों मे खटास के कोई दो लिखिए।
4. भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति का विश्लेषण कीजिए। (CBSE 2023)

**चार अंकीय प्रश्न**

1. भारत ने दोनो शक्ति गुटों से दूरी कयों बनाएं रखी? कोई दो कारण दीजिए।
2. 'विदेश नीति की भूमिका पार्टी की राजनीति में बड़ी ही सीमित रही है?' कोई एक उदाहरण देकर उपर्युक्त कथन का समर्थन कीजिए।
3. 1971 के दौरान पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हुए लोकप्रिय संघर्ष के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए।
4. '1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के समय भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति का त्याग कर दिया।' इस कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

**छः अंकीय प्रश्न**

1. 1962, 1965, 1971 के युद्धों का भारत पर पड़े प्रभावों को विस्तारपूर्वक लिखिए।

2. 'भारत अनौपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का प्रबल समर्थक था और उसने पूरी दृढ़ता से नस्लवाद का खासकर दक्षिण अफ्रीका में जारी रंगभेद का विरोध किया।' किसी एक उदाहरण द्वारा कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए।

**गद्यांश आधारित प्रश्न :**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1+1+1+1)**

1999 के शुरुआती महीनों में भारतीय इलाके के नियंत्रण सीमा रेखा के कई ठिकानों जैसे द्रास, माशकोह, काकसर और बतालिक पर अपने को मुजाहिदीन बताने वालों ने कब्जा कर लिया था। पाकिस्तानी सेना की इसमें मिलीभगत भापकर भारतीय सेना इस कब्जे के खिलाफ हरकत में आई। इससे दोनों देशों के बीच संघर्ष छिड़ गया। इसे करगिल की लड़ाई के नाम से जाना जाता है। 1999 के मई-जून में यह लड़ाई जारी रही। 26 जुलाई 1999 तक भारत अपने अधिकतर ठिकानों पर पुनः अधिकार कर चुका था। करगिल की लड़ाई ने पूरे विश्व का ध्यान खींचा था क्योंकि इससे ठीक एक साल पहले दोनों देश परमाणु हथियार बनाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुके थे। बहरहाल, यह लड़ाई सिर्फ करगिल के इलाके तक ही सीमित रही। पाकिस्तान में इस लड़ाई को लेकर बहुत विवाद मचा। कहा गया कि सेना के प्रमुख ने प्रधानमंत्री को इस मामले में अंधेरे में रखा। इस लड़ाई के तुरंत बाद पाकिस्तान की हुकूमत पर जनरल परवेज मुशर्रफ की अगुवाई में पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण कर लिया।

1. कारगिल संघर्ष से एक पूर्व वर्ष कौन से दो देश परमाणु हथियार बनाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुके थे?

   (a) श्रीलंका, नेपाल (b) भूटान, म्यामार

   (c) मालदीव, अफगास्तिान (d) भारत, पाकिस्तान

2. कारगिल संघर्ष के तुरंत बाद पाकिस्तान की हुकूमत पर किसने नियंत्रण कर लिया था?

   (a) पाकिस्तानी सेना ने (b) विपक्षी दलों ने

   (c) धर्मगुरुओं ने (d) अभिजात्य वर्ग ने

3. 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत के प्रधानमंत्री कौन थे?

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) लाल बहादुर शास्त्री

(c) इंदिरा गाँधी (d) अटलबिहारी बाजपेयी

4. .................. तक भारत ने अपने अधिकतर ठिकानों पर पुनः अधिकार कर लिया था।

(a) 26 जुलाई 1999 (b) 26 मई 1999

(c) 26 अगस्त 1999 (d) 26 सितंबर 1999

**चित्र/कार्टून वाला प्रश्न**

नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(i) भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सन् 1965 के युद्ध का अंत किसके हस्तक्षेप से हुआ?

(ii) अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के सलाहकार हेनरी किसिंजर ने जुलाई 1971 में किस देश का दौरा किया?

(iii) 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान भारत ने किन दो देशों से सैनिक सहायता की मांग की?

**मानचित्र पर आधारित प्रश्न :-**

1. दिए गए मानचित्र में 4 देशों A,B,C और D को दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और इनकी सही नाम प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |




(i) कारगिल संघर्ष के बाद सता पर सेना का कब्जा हुआ

(ii) दलाई लामा को 1959 में राजनीतिक शरण देने वाला देश

(iii) 1971 में एक स्वंतत्र राष्ट्र के रूप में उभरा

(iv) अक्तुबर 1964 में परमाणु परीक्षण करने वाला देश

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (b)  2. (d)  3. (a)  4. (b)  5. (d)  6. (a)
7. (a)  8. (d)  9. (c)  10. (a)  11. (b)  12. (a)

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (i) ये संधियां उन देशों पर लागू की गई जो परमाणु शक्ति से हीन थे।
   (ii) भारत इन संधियों को भेदभावपूर्ण मानता है।
2. (i) बड़ी संख्या में तिब्बतियों ने भारत में शरण ली।
   (ii) बड़ी संख्या में तिब्बतियों की बस्तियाँ बनने लगी।
3. (i) भारत विकासशील देशों को गुटनिरपेक्षता की नीति के बारे में आश्वस्त कर रहा था।
   (ii) सोवियत संघ से भारत की बढ़ती दोस्ती।
4. (i) भारत, अमेरिका और सोवियत संघ के नेतृत्व वाले गठजोड़ से अपने को दूर रखना चाहता था। यह संतुलन साधने का एक कठिन प्रयास था।
   (ii) विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर स्वतंत्र रूख अपनाया।

**चार अंकीय प्रश्नों के सांकेतिक उत्तर**

1. (i) भारत ने दोनों शक्ति गुटों से दूरी बनाए रखी क्योंकि भारत अंतर्राष्ट्रीय फेसलों में ऐसा पक्ष ले सके जिसमें भारत का हित सधता हो न कि महाशक्तियों या उनके गुट के देशों का कठिनाई से प्राप्त अपनी संप्रभुता को सुरक्षित रख सके।
   (ii) भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर स्वतंत्र रवैया अपनाया। उसे दोनों खेमों के देशों में सहायता और अनुदान दिए।
2. राजनीतिक दलों के बीच छोटे-मोटे मतभेद जरूर हैं लेकिन भारतीय राजनीति में विभिन्न दलों के बीच राष्ट्रीय अखंडता, अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हित के मसलों पर व्यापक सहमति है।

   उदाहरण के लिए 1962-1971 के बीच जब भारत ने तीन युद्धों का सामना किया और उसके बाद के समय में भी जब समय-समय पर कई पार्टियों ने सरकार बनाई-विदेश नीति की भूमिका पार्टी की राजनीति में बड़ी सीमित रही।

3. (i) 1970 में पहले आम चुनाव में पाकिस्तान में खंडित जनादेश आया। शेख मुजीब की पार्टी आवामी लीग को पूर्वी पाकिस्तान में जोरदार सफलता मिली। आवामी लीग ने एक परिसंघ बनाने की मांग की लेकिन इस मांग को भी नहीं स्वीकारा गया। पाकिस्तानी सेना ने शेख मुजीब के चुनाव जीतने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

(ii) पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं के हाथो पूर्वी पाकिस्तान के लोगों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता था। पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर जुल्म करने शुरू किए।

4. 1971 के अगस्त में भारत को सोवियत संघ से इस बात का आश्वासन मिला कि हमला होने की सूरत में सोवियत संघ भारत की मदद करेगा। इससे पूर्व जुलाई के महीने में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के सलाहकार हेनरी किसिंजर ने 1971 में पाकिस्तान होते हुए गुपचुप चीन का दौरा किया। अमेरिका-पाकिस्तान-चीन की धुरी बनते देख भारत ने इसके जवाब में सोवियत संघ के साथ संधि पर हस्ताक्षर किए।

विदेशी पर्यवेक्षकों ने इसे भारत का सोवियत संघ खेमे में शामिल होना माना। भारत सरकार का दृष्टिकोण यह था कि बांग्लादेश संकट के समय उसे राजनयिक और सैनिक सहायता की आवश्यकता थी और यह संधि उसे अमेरिका सहित अन्य देशों से अच्छे संबंध बनाने से नहीं रोकती।

**छः अंकीय प्रश्नों के सांकेतिक उत्तर**

**1962 के युद्ध का प्रभाव–**

(i) राष्ट्रीय स्वाभिमान को चोट।

(ii) भारत की छवि को देश और विदेश में धक्का लगा।

(iii) राष्ट्र भावना बलवती हुई।

(iv) प्रमुख सैन्य कमांडरों ने इस्तीफा दिया था अवकाश ग्रहण किया।

(v) तत्कालीन रक्षामंत्री वी. के. कृष्णमेनन को मंत्री पद छोड़ना पड़ा।

(vi) पहली बार नेहरू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया और उस पर लोकसभा में बहस हुई।

(vii) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी दो धड़ों में बँट गई।

(viii) भारत के नेताओं को पूर्वोत्तर की डाँवाडोल स्थिति के बारे में सचेत किया।

(ix) 1962 में रक्षा उत्पाद विभाग की स्थापना हुई।

(x) तीसरी पंचवर्षीय योजना पर असर पड़ा।

**1965 के युद्ध के प्रभाव**

(i) 1965 में रक्षा आपूर्ति विभाग की स्थापना हुई।

(ii) युद्ध के बाद भारत का रक्षा व्यय बहुत बढ़ गया।

(iii) युद्ध से भारत की कठिन आर्थिक स्थिति पर बोझ पड़ा।

**1971 के युद्ध के प्रभाव**

(i) देश में उत्साह की लहर दौड़ गई।

(ii) भारत का सैन्य पराक्रम प्रबल हुआ।

(iii) युद्ध के बाद अधिकतर राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए और कांग्रेस पार्टी अनेक राज्यों में बड़े बहुमत से जीती।

(iv) युद्ध के बाद रक्षा व्यय बढ़ गया।

2. भारत ने इंडोनेशिया की आजादी के लिए भरपूर प्रयास किए। भारत चाहता था कि इंडोनेशिया डच औपनिवेशिक शासन से यथासंभव शीघ्र मुक्त हो जाए। इसके लिए भारत ने 1949 में इंडोनेशिया के स्वतंत्रता संग्राम के समर्थन में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया। भारत अनोपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का प्रबल समर्थक था और उसने पूरी दृढ़ता से नस्लवाद का, खासकर दक्षिण अफ्रीका में जारी रंगभेद का विरोध किया। इंडोनेशिया के शहर बांडुग में 1955 में एफ्रो-एशियाई सम्मेलन हुआ जिसे बाडुंग सम्मेलन कहा जाता है। अफ्रीका और एशिया के देशों के साथ भारत के बढ़ते संपर्क का यह चरम बिंदु था।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर**

1. (d) 2. (a) 3. (b) 4. (a)

**चित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ

(ii) चीन

(iii) अमेरिका और ब्रिटेन

**मानचित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर**

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | C | पाकिस्तान |
| ii | A | भारत |
| iii | D | बांग्लादेश |
| iv | B | चीन |

अध्याय – 5

# कांग्रेस प्रणाली– चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना

## ★ राजनीतिक उत्तराधिकार की चुनौती

मई 1964 में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री वर्ष 1966 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। शास्त्री जी का 10 जनवरी 1966 को ताशकंद में निधन हो गया। शास्त्री जी की मृत्यु के बाद मोरारजी देसाई और इंदिरा गांधी के मध्य राजनीतिक उत्तराधिकार के लिए संघर्ष हुआ तथा इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया। सिंडिकेट ने इंदिरा गांधी को अनुभवहीन होने के बावजूद प्रधानमंत्री बनाने में समर्थन दिया इसके पीछे सिंडिकेट की सोच यह थी कि इंदिरा गांधी सिंडिकेट के दिशा निर्देशन में कार्य करेंगी। नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा के बावजूद पार्टी में सत्ता का हस्तांतरण बहुत शांतिपूर्ण तरीके से हो गया।

## ★ चौथा आम चुनाव 1967: राजनीतिक भूकंप–

मानसून की असफलता, व्यापक सूखा, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी, निर्यात में गिरावट तथा सैन्य खर्चे में बढ़ोत्तरी से देश में आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हुई।

विपक्षी दलों ने जनता को लामबंद करना शुरू कर दिया और ऐसी स्थिति में अनुभवहीन प्रधानमंत्री का चुनावों का सामना करना भी एक बड़ी चुनोती थी।

1967 के चुनावों को राजनीतिक भूंकप की संज्ञा दी गई क्योंकि कांग्रेस पहली बार 9 राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मद्रास और केरल) में सरकार नहीं बना सकी। ये राज्य भारत के किसी एक भाग में स्थित नहीं थे।

## ★ कांग्रेस का विभाजन

सिंडिकेट और इंदिरा गांधी के मध्य बढ़ते मतभेद तथा राष्ट्रपति चुनाव 1969 में इंदिरा गांधी द्वारा समर्थित उम्मीदवार वी.वी. गिरी के राष्ट्रपति चुनाव में जीतने से कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी को पराजय का सामना करना पड़ा और इस घटना के कारण वर्ष 1969 में कांग्रेस का विभाजन हो गया। कांग्रेस दो दलों में विभाजित हो गई जिसे कांग्रेस-आर्गेनाइजेशन और कांग्रेस-रिक्विजिनिस्ट के नाम से जाना जाता है।

वर्ष 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने अपने जनाधार की खोई हुई जमीन को पुनः प्राप्त कर लिया और गरीबी हटाओ के नारे से कांग्रेस को एक बार पुनः स्थापित कर दिया।

लाल बहादुर शास्त्री 1964 से 1966 तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहे और इस अवधि में देश ने दो चुनोतियों का सामना किया जिनमें 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध ओर खाद्यान्न संकट (मानसून की असपफलता) प्रमुख है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया।

1965 के युद्ध की समाप्ति के बाद वर्ष 1966 में सोवियत संघ के गणराज्य उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में भारत-पाकिस्तन के मध्य ताशकंद समझौता हुआ। इस समझौते पर भारतीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति मोहम्मद अयूब खान ने हस्ताक्षर किए।

- **1960 का दशकः खतरनाक दशक**

यह दशक, खतरनाक दशक इसलिए कहलाता है। क्योंकि इस दौरान भारत को 2 युद्धों का सामना करना पड़ा- 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध और 1962 का भारत-चीन युद्ध। मानसून की असफलता से देश में खाद्यान्न संकट उत्पन्न हो गया था। देश की आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब थी, बेरोजगारी में वृद्धि हो रही थी और इसके साथ ही महंगाई भी तेजी से बढ़ रही थी। जन विरोध धीरे-धीरे उग्र रूप धारण करने लगा था।

गेर-कांग्रेसवाद-जो दल अपने कार्यक्रम और विचारधाराओं के धरातल पर एक-दूसरे से अलग थे वे सभी एकजुट हुए तथा उन्होंने सीटों के संदर्भ में चुनावी तालमेल करते हुए एक कांग्रेस विरोधी मोर्चा तैयार किया। समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने इस रणनीति को गेर-कांग्रेस वालों का नाम दिया।

वर्ष 1967 के चुनाव से राज्यों में गठबंधन की परिघटना सामने आई। गेर-कांग्रेसी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर संयुक्त विधायक दल (SVD) बनाया। पंजाब राज्य में बनी SVD की सरकार को 'पॉपुलर यूनाइटेड फ्रंट' कहा गया।

दल बदल - दलबदल का अर्थ है जब कोई जनप्रतिनिधि किसी विशेष दल के चुनाव चिन्ह पर चुनाव जीत जाए लेकिन चुनाव जीतने के बाद उस दल को छोड़कर किसी दूसरे दल में अपने निजी स्वार्थ से शामिल हो जाए।

वर्ष 1967 के चुनावों के बाद कांग्रेस के एक विधायक गया लाल (हरियाणा) ने एक पखवाड़े में तीन बार पार्टी बदली जो दलबदल का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। उनके नाम पर ही आयाराम-गयाराम का जुमला बन गया। यह जुमला राजनीति में दलबदल की अवधारणा को दर्शाता है।

सिंडिकेट – कांग्रेस के अंदर कुछ प्रभावशाली एवं ताकतवर नेताओं के समूह को अनौपचारिक तौर पर सिंडिकेट कहा जाता था। यह प्रभावशाली समूह कांग्रेस की नीतियों को संचालित और निर्देशित करता था और इस समूह का कांग्रेस पर पूरी तरह से नियंत्रण था।

| सिंडिकेट नेता | राज्य |
|---|---|
| के. कामराज | मद्रास |
| एस. के. पाटिल | बंबई (मुंबई) |
| के. एस. निजलिंगप्पा | मैसूर (कर्नाटक) |
| नीलम संजीव रेड्डी | आंध्र प्रदेश |
| अतुल्य घोष | पश्चिम बंगाल |

## ★ वर्ष 1969 का राष्ट्रपति चुनाव

डॉ. जाकिर हुसैन की मृत्यु के बाद सिंडिकेट ने तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष नीलम संजीव रेड्डी को राष्ट्रपति पद का आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया। इंदिरा गाँधी ने तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरी को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करवा दिया। इंदिरा गांधी ने अंतरात्मा की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव में मत देने के लिए कहा जिसके कारण नीलम संजीव रेड्डी चुनाव हार गए और वी.वी. गिरी चुनाव जीत गए।

## ★ कांग्रेस विभाजन

वी.वी. गिरी के चुनाव जीतने के बाद ही सिंडिकेट ने इंदिरा गांधी को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया जिसके बाद इंदिरा गांधी ने कांग्रेस (रिक्विजिनिस्ट) की स्थापना कर दी और इस पार्टी को ही असली कांग्रेस का नाम दिया। वहीं दूसरी तरफ सिंडिकेट ने तत्कालीन कांग्रेस को कांग्रेस (ऑर्गेनाइजेशन) का नाम दिया।

प्रिवी पर्स- देसी रियासतों का विलय भारतीय संघ में करने से पहले सरकार ने रियासतों के तत्कालीन शासक परिवार को निश्चित मात्रा में निजी संपदा रखने का

अधिकार दिया था तथा सरकार की तरफ से कुछ विशेष भत्ते देने का भी आवश्वासन दिया था। यह दोनों (निजी संपदा और भत्ते) इस बात को आधार मानकर तय किए जाएंगे कि उस रियासत का विस्तार, राजस्व और क्षमता कितनी है। इस व्यवस्था को ही प्रिवी पर्स कहा जाता है।

इंदिरा गांधी ने वर्ष 1967 के चुनावों की खोई हुई जमीन प्राप्त करने के लिए 10 सूत्री कार्यक्रम अपनाया, इसमें बैंको का राष्ट्रीयकरण, खाद्यान्नों का सरकारी वितरण, भूमि सुधार आदि बातें शामिल थी।

वर्ष 1971 के चुनावें में इंदिरा गांधी को हराने के लिए गैर-साम्यवादी तथा गैर-कांग्रेसी विपक्षी पर्टियों ने चुनावी गठबंधन 'ग्रेंड अलांयस' बनाया।

इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के चुनावों में सकारात्मक कार्यक्रम रखा और गरीबी हटाओ का नारा दिया जबकि ग्रेंड अलायंस ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इंदिरा गांधी ने प्रिवी पर्स की समाप्ति और चुनाव अभियान पर जोर दिया।

★ **वर्ष 1971 के चुनाव परिणाम**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस (R) व CPI गठबंधन | 375 सीट (352 कांग्रेस (R) + 23 CPI) |
| कांग्रेस 'O' | 16 सीट |
| ग्रेंड अलायंस | 40 से कम सीट |

**कांग्रेस प्रणाली पुनर्स्थापन और परिणाम**

अब कांग्रेस पार्टी पूर्णतया अपने सर्वोच्च नेता की लोकप्रियता पर आधारित थी।

★ कांग्रेस अब विभिन्न मतों और हितों को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी नहीं थी।

★ यह पार्टी कुछ सामाजिक वर्गों जैसे गरीब, महिला, दलित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों पर निर्भर थी।

★ इंदिरा गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्स्थापित तो किया लेकिन कांग्रेस प्रणाली की प्रकृति को बदल दिया।

★ पार्टी का सांगठनिक ढांचा भी अपेक्षाकृत कमजोर था। गरीबी हटाओं का नारा तथा इससे जुड़ा कार्यक्रम इंदिरा गांधी की राजनीतिक रणनीति थी। इस

कार्यक्रम के माध्यम से इंदिरा गांधी देश भर में अपने राजनीतिक समर्थन की बुनियाद तैयार करना चाहती थी।

★ इस रणनीति के माध्यम से इंदिरा गांधी ने वंचित वर्गों खासकर भूमिहीन किसान, दलित और आदिवासी , अल्पसंख्यक, महिला और बेरोजगार नोजवानों के बीच अपने समर्थन का आधार मजबूत करने का प्रयास किया।

★ इन सब के परिणाम स्वरूप वर्ष 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया।

**एक अंकीय प्रश्न**

1. 1960 के दशक को खतरनाक दशक इनमें से किन कारकों के कारण कहा जाता है?

   (a) शास्त्री का प्रधानमंत्री बनना

   (b) भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन युद्ध

   (c) हरति क्रान्ति

   (d) इन्दिरा गाँधी का राजनीति में प्रवेश

2. निम्नलिखित घटनाओं को उनके काल क्रमानुसार सजाइए।

   (i) ताशकंद समझोता

   (ii) चोथा आम चुनाव

   (iii) प्रिवी पर्स की समाप्ति

   (iv) कांग्रेस का विभाजन

   **विकल्प-**

   (a) (i), (ii), (iv), (iii) (b) (iii), (ii), (iv), (i)

   (c) (ii), (i), (iv), (iii) (d) (iii), (iv), (ii), (प)

3. 1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के लिए निम्नलिखित में से कोन सा कारक जिम्मेदार है?

   (a) सिंडिकेट और इंदिरा गांधी के मध्य सहयोग

   (b) प्रिवी पर्स ओर भूमि सुधार कार्यक्रम पर सहमति

(c) इंदिरा गांधी का कांग्रेस से निष्कासन

(d) इंदिरा गांधी और मोरारजी के बीच सहयोग

4. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | सिंडिकेट | (i) | राम मनोहर लोहिया |
| (B) | इंदिरा हटाओ | (ii) | इंदिरा गांधी |
| (C) | गैर-कांग्रेसवाद | (iii) | ग्रैंड अलायंस |
| (D) | गरीबी हटाओ | (iv) | कांग्रेस के अंदर ताकतवर और प्रभावशाली नेताओं का समूह |

**विकल्प–**

(a) (A)–(i), (B)–(ii), (C)–(iii), (D)–(i)

(b) (A)–(iv), (B)–(iii), (C)–(i), (D)–(ii)

(c) (A)–(ii), (B)–(iv), (C)–(i), (D)–(iii)

(d) (A)–(iii), (B)–(iv), (C)–(i), (D)–(ii)

5. 1967 के चौथे आम चुनाव के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) कांग्रेस को प्राप्त वोटों के प्रतिशत में वृद्धि।

(b) कांग्रेस सभी राज्यों में सरकार बनाने में सफल।

(c) इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल के आधे मंत्री चुनाव हार गए।

(d) कांग्रेस को प्राप्त सीटों की संख्या में वृद्धि।

6. निम्नलिखित में से किस विचारक ने गैर-कांग्रेसवाद का नाम दिया ?

(a) जयप्रकाश नारायण (b) राम मनोहर लोहिया

(c) दीन दयाल उपाध्याय (d) कर्पूरी ठाकुर

7. "आयाराम-गयाराम" का जुमला निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(a) सिंडिकेट (b) दलबदल

(c) गठबंधन (d) गैर-कांग्रेसवाद

8. निम्नलिखित में से कौन-सा नेता सिंडिकेट में शामिल नहीं था?

(a) के. कामराज (b) अतुल्य घोष

(c) वी.वी. गिरी (d) नीलम संजीव रेड्डी

**प्रश्न संख्या 9 और 10 के लिए निर्देश–**

नीचे दिये गये प्रश्न में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए-

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

9. अभिकथन (A): 1967 के चुनाव में कांग्रेस को 9 राज्यों में पराजय का सामना करना पड़ा।

कारण (R): इस चुनाव में कांग्रेस को प्राप्त वोटों के प्रतिशत और सीटों की संख्या में भी कमी हुई।

10. अभिकथन (A): 1969 में कांग्रेस पार्टी का विभाजन हो गया।

कारण (R): इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच विवाद और संघर्ष की स्थिति चल रही थी।

**दो अंकीय प्रश्न**

1. प्रिवी पर्स से आप क्या समझते हैं और इसे किसने समाप्त किया?
2. गैर-कांग्रेसवाद की अवधारणा से आपका क्या अभिप्राय है?
3. दलबदल से आप क्या क्या समझते हैं?
4. इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच मतभेद के दो बिंदु बताइए।
5. गठबंधन से आप क्या समझते हैं, भारत में गठबंधन की शुरुआत कब हुई?

6. वर्ष 1967 के चुनाव को राजनीतिक भूकंप की संज्ञा क्यों दी जाती है?
7. "आयाराम-गयाराम" जुमले का क्या अर्थ है?
8. 'सिंडीकेट' शब्द का क्या अर्थ है और कांग्रेस में यह क्यों इतना महत्त्वपूर्ण था?
9. वर्ष 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी की जीत के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिए।
10. कांग्रेस प्रणाली के पुनर्स्थापन से आप क्या समझते हैं?

**चार अंकीय प्रश्न**

1. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है? कोई चार तर्क दीजिए।
2. कांग्रेस पार्टी के वर्ष 1967 के चुनाव हारने के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए।
3. कोई चार कारण उजागर कीजिए जिन्हें आप 1969 में हुए कांग्रेस पार्टी के विभाजन के लिए उत्तरदायी मानते हैं।
4. भारतीय राजनीति में दलबदल की भूमिका का आकलन कीजिए।
5. 1971 में चुनाव में कांग्रेस पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले किन्हीं चार कारकों का विश्लेषण कीजिए।
6. 1964 से 1971 के काल में कांग्रेस के समक्ष उपस्थित किन्हीं दो चुनौतियों का विश्लेषण कीजिए।
7. 1967 में भारत में हुए चौथे आम चुनावों के किन्हीं चार परिणामों का उल्लेख कीजिए।
8. कोई ऐसे तीन उपाय सुझाइए जो 1969 में कांग्रेस पार्टी को विभाजन से बचा सकते थे।
9. 1967 के आम चुनावों से पूर्व, भारत की आर्थिक स्थिति का आकलन कीजिए।
10. 1970 के दशक के प्रारंभ में इंदिरा गांधी सरकार को, आपके विचार से, लोकप्रिय बनाने वाले किन्हीं चार कारकों का परीक्षण कीजिए।

**गद्यांश आधारित प्रश्न**

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए-

**गद्यांश**

चुनावों के परिणामों से कांग्रेस को राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर धक्का लगा। तत्कालीन राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने चुनाव परिणामों को 'राजनीतिक भूकंप' की संज्ञा दी। कांग्रेस को जैसे-तैसे लोकसभा में बहुमत तो मिल गया था, लेकिन उसको प्राप्त मतों के प्रतिशत तथा सीटों की संख्या में भारी गिरावट आई थी। अब से पहले कांग्रेस को कभी ना तो इतने कम वोट मिले थे और ना ही इतनी कम सीटें मिली थीं। इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल के आधे मंत्री चुनाव हार गए थे।

(i) उपरोक्त गद्यांश किस चुनाव से संबंधित है?
  (a) तीसरा आम चुनाव, 1962
  (b) चौथा आम चुनाव, 1967
  (c) छठा आम चुनाव, 1977
  (d) पांचवा आम चुनाव, 1971

(ii) इस चुनाव को राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने किस नाम से संबोधित किया है?
  (a) राजनीतिक तुफान
  (b) राजनीतिक हलचल
  (c) राजनीतिक भूकम्प
  (d) राजनीतिक विस्फोट

(iii) इस चुनाव में कांग्रेस के निम्नलिखित में से कौन से बड़े नेता चुनाव हार गए थे?
  (a) के. कामराज
  (b) राम मनोहर लोहिया
  (c) नीलम संजीव रेड्डी
  (d) मोरारजी देसाई

(iv) कांग्रेस यह चुनाव निम्नलिखित में से किन कारणों से हारी थी?

(a) महंगाई पर नियंत्रण का अभाव

(b) कांग्रेस के भीतर बेहतर तालतेल

(c) इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच सहयोग

(d) भूमि सुधार कार्यक्रम

**कार्टून आधारित प्रश्न**

**कार्टून-1**




1. उपरोक्त कार्टून में क्या दर्शाया गया है?
2. यह कार्टून किस विधायक से संबंधित हैं?
3. दल बदल के दो दोष बताइए।

**कार्टून-2**



1. उपरोक्त कार्टून में क्या दर्शाया गया है?
2. इस चुनाव में कांग्रेस के आधिकाधिक उम्मीदवार कौन थे?
3. इस चुनाव के क्या परिणाम देखने को मिले?

**मानचित्र आधारित प्रश्न**

1. भारत के दिए गए रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिन्हित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान करें और अपनी उत्तर पुस्तिका में उपयोग की गई जानकारी के संबंधित क्रमांक और संबंधित अक्षरों के साथ उनके सही नाम नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखें-

   (i) एक राज्य जहां पर कांग्रेस को 1967 के चुनाव में बहुमत नहीं मिला।

   (ii) संयुक्त विधायक दल या पॉपुलर युनाइटेड फ्रंट की सरकार से संबंधित राज्य।

   (iii) कर्पूरी ठाकुर जिस राज्य से संबंधित थे।

   (iv) राज्य जिसका संबंध दोपहर के भोजन (मिड डे मील) के नेता से है।



| उपयोग की गई जानकारी के लिए | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (b) भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन युद्ध।
2. (a) (i), (ii), (iv), (iii)
3. (c) इंदिरा गांधी का कांग्रेस से निष्कासन
4. (b) (A)–(iv), (B)–(iii), (C)–(i), (D)–(ii)
5. (c) इंदिरा गाँधी के मंत्रिमंडल के आधे मंत्री चुनाव हार गए।
6. (b) राम मनोहर लोहिया
7. (b) दलबदल
8. (c) वी. वी. गिरी
9. (b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
10. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. देसी रियासतों का विलय भारतीय संघ में करने से पहले सरकार ने रियासतों के तत्कालीन शासक परिवार को निश्चित मात्रा में निजी संपदा रखने का अधिकार दिया तथा सरकार की तरफ से कुछ विशेष भत्ते देने का भी आश्वासन दिया। इस व्यवस्था को ही प्रिवी पर्स का नाम दिया गया। इंदिरा गांधी की सरकार ने प्रिवी पर्स को समाप्त कर दिया।
2. विभिन्न राजनीतिक दलों ने कांग्रेस के विरोध में एक मोर्चा तेयार किया तथा सभी कांग्रेस को पराजित करने के लिए एकजुट हो गए। समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने इस रणनीति को गेर-कांग्रेसवाद का नाम दिया।

3. दलबदलः जब कोई जनप्रतिनिधि अपने मतभेदों और स्वार्थों के कारण अपने राजनीतिक दल को छोड़कर किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है तो इसे दलबदल कहा जाता है।

4. (i) सिंडिकेट इंदिरा गांधी को अपने अनुसार चलाना चाहती थी।

   (ii) जबकि इंदिरा गांधी स्वतंत्र रूप से बिना किसी दबाव के कार्य करना चाहती थी।

   (iii) भूमि सुधार और प्रिवी पर्स जैसे मुद्दों पर दोनों के बीच में गंभरी मतभेद थे।

5. चुनाव के बाद जब किसी राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त नहीं होता है तो दो या दो से अधिक राजनीतिक दल मिलकर जिस सरकार का निर्माण करते हैं उसे गठबंधन सरकार कहा जाता है। भारत में गठबंधन की शुरूआत 1967 के चुनावों से मानी जाती है।

6. (i) पहली बार कांग्रेस लगभग 9 राज्यों में चुनाव में पराजित हुई थी।

   (ii) कांग्रेस को प्राप्त वोटों के प्रतिशत और सीटों की संख्या में कमी आई थी।

7. भारतीय राजनीति में दल बदल की प्रथा को आयाराम-गयाराम से संबंधित किया जाता है क्योंकि 1967 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा के विधायक गयालाल ने एक पखवाड़े में तीन बार अपनी पार्टी बदली। यह भारतीय राजनीति में दल बदल के दोष को व्यक्त करता है।

8. कांग्रेस के अंदर कुछ प्रभावशाली और ताकतवर नेताओं का समूह कार्य कर रहा था जिसे सिंडिकेट के नाम से जाना जाता है। इस समूह के नेताओं का पार्टी के संगठन और निर्णय प्रक्रिया पर नियंत्रण था। इनमें के. कामराज, एस. के. पाटिल, नीलम संजीव रेड्डी, अतुल्य घोष के नाम प्रमुख है।

9. (i) इंदिरा गांधी का प्रभावशाली और चमत्कारिक नेतृत्व।

   (ii) गरीबी हटाओ का कारगर नारा।

10. पुनर्स्थापन का अर्थ होता है पुनः स्थापित करना या जीवित करना। इंदिरा गांधी ने पुरानी कांग्रेस को जीवित नहीं किया बल्कि उन्होंने एक नए आधार पर नई कांग्रेस का गठन किया। यह पार्टी लोकप्रिय अवश्य थी लेकिन इसमें ढांचागत कमजोरी भी थी। इस पार्टी में किसी प्रकार का कोई गुट नही था

और यह पार्टी गरीब, महिला, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों पर निर्भर थी। इंदिरा गांधी ने कांग्रेस प्रणाली को पुनर्स्थापित तो किया लेकिन उन्होंने कांग्रेस प्रणाली की प्रकृति को बदल दिया।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर**

1. (i) देश को दो युद्धों का सामना करना पड़ा जिनमें 1962 का चीन का युद्ध और 1965 का पाकिस्तान का युद्ध शामिल है।

   (ii) मानसून की असफलता।

   (iii) खाद्यान्न संकट।

   (iv) जवाहरलाल नेहरू और शास्त्री के रूप में प्रधानमंत्री की मृत्यु।

   (v) व्यापक सूखा और विदेशी मुद्रा भंडार में कमी।

2. (i) महंगाई में वृद्धि।

   (ii) इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच विवाद।

   (iii) गंभीर आर्थिक संकट।

   (iv) खाद्यान्नों में कमी।

3. (i) इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच वर्चस्व की लड़ाई।

   (ii) भूमि सुधार और प्रिवी पर्स पर मतभेद।

   (iii) 1969 के राष्ट्रपति चुनाव।

   (iv) इंदिरा गांधी का कांग्रेस से निष्कासन।

   (v) इंदिरा गांधी की समाजवादी नीतियां।

4. दल बदल-जब कोई जनप्रतिनिधि अपने मतभेदों और स्वार्थों के कारण अपने राजनीतिक दल को छोड़कर किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है तो इस प्रक्रिया को दलबदल कहा जाता है।

   भारतीय राजनीति में दलबदल की भूमिका-

   (i) दल बदल के कारण भारतीय राजनीति में व्यापक बदलाव आए हैं।

   (ii) अवसरवादी और अनैतिक राजनीति का जन्म।

(iii) राजनीतिक अस्थिरता में वृद्धि।

(iv) राजनीतिक भ्रष्टाचार में वृद्धि।

5. (i) इंदिरा गांधी का चमत्कारिक नेतृत्व।

(ii) गरीबी हटाओं का नारा।

(iii) भूमि सुधार और बैंकों का राष्ट्रीयकरण।

(iv) प्रिवी पर्स की समाप्ति की घोषणा।

(v) 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्त्वपूर्ण भूमिका।

6. (i) 1964 में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद कांग्रेस पार्टी को बहुत परेशान किया।

(ii) 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध की वजह से देश की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ गया और 1966 में ताशकंद में लाल बहादूर शास्त्री की मृत्यु के बाद राजनीतिक संकट और गहरा गया।

(iii) 1967 के आम चुनाव में कांग्रेस को 9 राज्यों में पराजय का सामना करना पड़ा क्योंकि उस दौरान देश में आर्थिक संकट, खाद्यान्न संकट जैसी समस्याएं विद्यमान थी।

(iv) 1967 के चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी में सिंडिकेट और इंदिरा गांधी के बीच वर्चस्व की लड़ाई प्रारंभ हो चुकी थी जो अंत में कांग्रेस के विभाजन के रूप में परिलक्षित हुई।

7. (i) इस चुनाव को राजनीतिक भूकंप की संज्ञा दी गई क्योंकि पहली बार कांग्रेस पार्टी 9 राज्यों में चुनाव हार गई थी।

(ii) कांग्रेस पार्टी के प्राप्त वोटों के प्रतिशत और सीटों की संख्या में भी कमी आई थी।

(iii) गठबंधन की राजनीति का उदय।

(iv) दलबदल की राजनीति का जन्म।

(v) कांग्रेस पार्टी के वर्चस्व को चुनोती।

8. (i) इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच आपसी तालमेल और सामंजस्य का होना।

(ii) विभिन्न नीतियों और योजनाओं में सभी की राय लेना।

(iii) 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में इंदिरा गांधी के द्वारा वी.वी.गिरी को समर्थन ना देना।

(iv) इंदिरा गांधी की समाजवादी नीतियों का समर्थन।

9. (i) मानसून की असफलता से कृषि पैदावार में कमी।

(ii) आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि।

(iii) विदेशी मुद्रा भंडार में कमी।

(iv) औद्योगिक उत्पादन में गिरावट।

(v) बेरोजगारी में वृद्धि।

(vi) गंभीर खाद्यान्न संकट।

10. (i) जवाहर लाल नेहरू की पुत्री होने के राजनीतिक लाभ।

(ii) इंदिरा गांधी का चमत्कारिक और कुशल नेतृत्व।

(iii) प्रिवी पर्स की समाप्ति की घोषणा।

(iv) भूमि सुधार जैसे कार्यक्रमों की नीतियां।

(v) 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में निर्णायक भूमिका।

**गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(i) (b) चौथा आम चुनाव, 1967

(ii) (c) राजनीतिक भूकम्प

(iii) (a) के. कामराज

(iv) (c) महंगाई पर नियंत्रण का अभाव

**कार्टून आधारित प्रश्नों के उत्तर**

**कार्टून-1**

1. दलबदल

2. गया लाल

3. (i) राजनीतिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

(ii) राजनीतिक अस्थिरता में वृद्धि होती है।

**कार्टून-2**

1. राष्ट्रपति चुनाव, 1969
2. नीलम संजीव रेड्डी
3. (i) वी.वी. गिरी राष्ट्रपति चुने गए।

(ii) इंदिरा गांधी का कांग्रेस पार्टी से निष्कासन और कांग्रेस का विभाजन।

**मानचित्र आधारित प्रश्नों के उत्तर**

| उपयोग की गई जानकारी के लिए क्रम संख्या। | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) एक राज्य जहां पर कांग्रेस को 1967 के चुनाव में बहुमत नहीं मिला। | D | उत्तर प्रदेश |
| (ii) संयुक्त विधायक दल या पॅपुलर यूनाइटेड फ्रंट की सरकार से संबंधित राज्य। | C | पंजाब |
| (iii) कर्पूरी ठाकुर जिस राज्य से संबंधित थे। | B | बिहार |
| (iv) राज्य जिसका संबंध दोपहर के भोजन (मिड डे मील) के नेता से है। | A | तमिलनाडु (मद्रास) |

# अध्याय - 6

## लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

### राष्ट्रीय आपातकाल–

आपातकाल में देश की अखंडता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रखते हुए समस्त शक्तियाँ केंद्रीय सरकार को प्राप्त हो जाती है। संविधान के भाग 18 में अनुच्छेद 352–360 तक आपातकाल संबंधी प्रावधान दिये गये है।

भारत का राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सलाह पर आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

25 जून 1975 से 18 माह तक अनुच्छेद 352 के प्रावधान आंतरिक अशांति के तहत भारत में तीसरी बार राष्ट्रीय आपातकाल लागू रहा।

### आपातकाल की पृष्ठ भूमि–

1) **आर्थिक कारकः–**

* गरीबी हटाओं का नारा कुछ खास नहीं कर पाया था।
* बांग्लादेश के संकट से भारत की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव था।
* अमेरिका ने भारत को हर तरह की सहायता देनी बंद कर दी थी।
* अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों के बढ़ने से विभिन्न चीजों की कीमतें बहुत बढ़ गई थी।
* ओद्योगिक विकास की दर बहुत कम हो गयी थी।
* शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बहुत बढ़ गई थी।
* सरकार ने खर्चे कम करने के लिए सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया था।

(2) **गुजरात और बिहार आंदोलन–**

* गुजरात के छात्रों ने खाद्यान्न, खाद्य तेल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतें तथा उच्च पदों पर व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनवरी 1974 में आंदोलन शुरू किया।

* मार्च 1974 में बढ़ती हुई कीमतों, खाद्यान्न के अभाव, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार में छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया।
* जय प्रकाश नारायण (जेपी) ने इस आंदोलन का नेतृत्व दो शर्तो पर स्वीकार किया।

(क) आंदोलन अहिंसक रहेगा।

(ख) यह बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, अपितु राष्ट्रव्यापी होगा।

* जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति द्वारा सच्चे लोकतंत्र की स्थापना की बात की थी।
* जेपी ने भारतीय जनसंघ, कांग्रेस (ओ), भारतीय लोकदल, सोशलिस्ट पार्टी जैसे गैर-कांग्रेसी दलों के समर्थन से 'संसद-मार्च' का नेतृत्व किया था।
* इंदिरा गांधी ने इस आंदोलन को अपने प्रति व्यक्तिगत विरोध से प्रेरित बताया था।

**3. न्यायपालिका के साथ संघर्षः-**

* सरकार के मौलिक अधिकारों में कटौती, संपत्ति के अधिकार में कांट-छांट और नीति-निर्देशक सिद्धांतो को मौलिक अधिकारों पर ज्यादा शक्ति देना जैसे प्रावधानों को सर्वोच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया।
* सरकार ने जे.एम. शेलट, के.एस. हेगड़े तथा ए.एन. ग्रोवर की वरिष्ठता की अनदेखी करके ए.एन.रे. को सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करवाया।
* सरकार के इन कार्यो से 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' तथा 'प्रतिबद्ध नोकरशाही' की बातें होने लगी थी।

**4. रेल हड़तालः-**

* जार्ज फर्नांडिज़ के नेतृत्व में बनी राष्ट्रीय समिति ने रेलवे कर्मचारियों की सेवा तथा बोनस आदि से जुड़ी माँगो को लेकर 1974 में हड़ताल की थी।
* सरकार ने हड़ताल को असंवेधानिक घोषित किया और उनकी माँगे स्वीकार नहीं की।
* इससे मजदूरों, रेलवे कर्मचारियों, आम आदमी और व्यापारियों में सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा हुआ।

**आपातकाल की घोषणाः-**

**संकट और प्रतिकिया तथा परिणाम**

- ★ 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के 1971 के लोकसभा चुनाव को असंवेधानिक घोषित कर दिया।
- ★ 24 जून 1975 को सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फेसले पर स्थगनादेश सुनाते हुए, कहा कि अपील का निर्णय आने तक इंदिरा गांधी सांसद बनी रहेगी परन्तु मंत्रिमंडल की बैठकों में भाग नहीं लेगी।
- ★ 25 जून 1975 को जेपी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की माँग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की। इंदिरा गांधी के इस्तीफे की माँग की।
- ★ जेपी ने सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे सरकार के अनैतिक और अवैधानिक आदेशों का पालन न करें।
- ★ 25 जून 1975 की मध्यरात्रि में प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 352 (आंतरिक गडबडी होने पर) के तहत राष्ट्रपति से आपातकाल लागू करने की सिफारिश की।
- ★ परिणामस्वरूप तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने 25 जून, 1975 की मध्यरात्रि को आपातकाल की उद्घोषणा की।

**आपातकाल के परिणामः-**

- ★ सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता को निलम्बित कर दिया।
- ★ समाचार पत्र, सरकार की पूर्व-अनुमति के बिना कुछ भी प्रकाशित नहीं कर सकते थे, इसे "प्रेस सेन्सरशिप" "प्रेस सेन्सरशिप" कहा गया।
- ★ शक्तियों का केन्द्रीयकरण- आपातकाल के दौरान सभी विधायिका और कार्यपालिका शक्तियाँ संघ सरकार में निहित हो जाती हैं।
- ★ नागरिकों के मौलिक अधिकार निलम्बित कर दिये गए।
- ★ इंडियन एक्प्रेस और स्टेट्स मेन अखबारों को जिन समाचारों को छापने से रोका जाता था, वे उनकी खाली जगह में छोड़ देते थे।

- ★ 'सेमिनार' और 'मेनस्ट्रीम' जैसी पत्रिकाओं ने प्रकाशन बंद कर दिया था।
- ★ कन्नड़ लेखक शिवराम कारंत तथा हिन्दी लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने आपातकाल के विरोध में अपनी पदवी सरकार को लोटा दी।
- ★ बड़ी संख्या में विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। बहुत से नेता भूमिगत हो गए। सरकार ने ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और जमात ए इस्लामी'' पर प्रतिबंध लगा दिया।
- ★ धरना, प्रदर्शन और हड़ताल पर रोक लगा दी गई।
- ★ "निवारक नजरबंदी" अधिनियम का प्रयोग व्यापक स्तर पर किया गया।
- ★ 42 वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा अनेक परिवर्तन किए गये:- (a) प्रधानमंत्री, राष्टपति और उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन को अदालत में चुनोती न दे पाना (b) विधायिका के कार्यकाल को 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर देना आदि।

**आपातकाल के दौरान किए गए कार्य :-**

-- बीस सुत्री कार्यक्रम में भूमि सुधार, भू-पुनर्वितरण, खेतिहर मजदूरों के पारिश्रमिक पर पुनः विचार, प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी, बंधुआ मजदूरी की समाप्ति आदि जनता की भलाई के कार्य शामिल थे।

-- विरोधियों को निवारक नज़रबंदी कानून के तहत बंदी बनाया गया।

-- मोखिक आदेश से अखबारों के दफतरों की बिजली काट दी गई।

-- दिल्ली में झुग्गी बस्तियों को हटाने तथा जबरन नसबंदी जेसे कार्य किये गये।

**आपातकाल के सबक :-**

1) भारत में लोकतन्त्र मजबूत हुआ हे।

2) आपातकाल की समाप्ति के बाद अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाई हे तथा इन अधिकारों की रक्षा के लिए कई संगठन अस्तित्व में आये हे।

2) 44 वें संविधान संशोधन 1978, के द्वारा संविधान के आपातकालीन प्रावधानों में संशोधन किये गये–

   (a) संविधान के आपातकाल के प्रावधान में 'आंतरिक अशान्ति' शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को जोड़ा गया है।

   (b) इसके साथ ही आपातकाल की घोषणा की सलाह मंत्रिपरिषद् राष्ट्रपति को लिखित में देगी।

   (c) अनुच्छेद 20 और 21 में दिए गये स्वतन्त्रता संबंधी मौलिक अधिकारों को आपातकाल के दौरान भी निलम्बित नहीं किया जा सकता।

3) आपातकाल में शासक दल ने पुलिस तथा प्रशासन को अपना राजनीतिक औजार बनाकर इस्तेमाल किया था। ये संस्थाएँ स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर पाई थी। नागरिक अधिकारी की रक्षा के लिए कई नागरिक संगठन अस्तित्व में आये है।

**आपातकाल के बाद की राजनीति**

-- जनवरी 1977 में विपक्षी पार्टियों ने मिलकर जनता पार्टी का गठन किया।

-- कांग्रेसी नेता बाबू जगजीवन राम ने ''कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' दल का गठन किया, जो बाद में जनता पार्टी में शामिल हो गया।

-- विपक्ष ने "लोकतन्त्र बचाओ" के नारे पर चुनाव लड़ा।

-- 1977 के चुनाव में कांग्रेस को लोकसभा में 154 सीटें तथा जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 330 सीटे मिली।

-- पहली बाद कांग्रेस पार्टी को 35% से कम मत प्राप्त हुए।

-- आपातकाल का प्रभाव उत्तर भारत में अधिक होने के कारण 1977 के चुनाव में कांग्रेस को उत्तर भारत में ना के बराबर सीटें प्राप्त हुई।

-- जनता पार्टी की सरकार में मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री तथा चरण सिंह व जगजीवनराम दो उपप्रधानमंत्री बने।

-- जनता पार्टी के पास किसी दिशा, नेतृत्व व एक साझे कार्यक्रम के अभाव में यह सरकार जल्दी ही गिर गई।

-- 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 353 सीटें हासिल करके विरोधियों को करारी शिकस्त दी।

## विरासत

* यह केवल 1977 और 1980 के चुनावों के बीच इंदिरा गांधी की वापसी का मामला नहीं था। पार्टी प्रणाली नाटकीय रूप से बदल गई थी।
* 1969 के बाद से, कांग्रेस पार्टी ने एक छाता दल के रूप में अपना चरित्र छोड़ना शुरू कर दिया था जिसमें विभिन्न विचारधाराओं और दृष्टिकोणों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया था।
* पाटी ने अब खुद को एक विशेष विचारधारा के साथ पहचाना और एकमात्र समाजवादी और गरीब- समर्थक पार्टी होने का दावा किया।
* अन्य विपक्षी दलों ने अधिक से अधिक भरोसा किया, जिसे भारतीय राजनीति में "गैर-कांग्रेसवाद" के रूप में जाना जाता है।
* उन्होंने यह भी महसूस किया कि चुनाव में गैर-कांग्रेसी मतों के विभाजन से बचने की आवश्यकता है ।
* इस कारक ने 1977 के चुनावों में एक प्रमुख भूमिका निभाई ।
* परोक्ष रूप से पिछड़ी जातियों के कल्याण का मुद्दा भी 1977 से राजनीति में हावी होने लगा।
* 1977 के चुनावों के परिणाम कम से कम आंशिक रूप से उत्तर भारत की पिछड़ी जातियों के बीच बदलाव के कारण थे।
* 1977 में लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हुए ।
* उत्तर भारत के राज्यों ने गैर-कांग्रेसी सरकार चुनी जिनमें पिछड़ी जातियों के नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
* बिहार में और उसके बाद 'अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण' का मुद्दा बहुत विवादास्पद हो गया।
* मंडल आयोग की नियुक्ति जनता पार्टी ने OBC को आरक्षण देने के बारे में सुझाव देने हेतु की।

## एक अंकीय प्रश्न

1. राजनीति में "सम्पूर्ण क्रान्ति" का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

   (a) जय प्रकाश नारायण  (b) दीन दयाल उपाध्याय

   (c) राम मनोहर लोहिया  (d) योगेन्द्र यादव

2. उस नेता का नाम लिखिए, जिसने 1971 का चुनाव श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध लड़ा?

(a) जय प्रकाश नारायण

(b) मोरार जी देसाई

(c) राजनारायण

(d) बाबू जगजीवनराम

3. किस संविधान संशोधन को "लघु संविधान" के नाम से जाना जाता है?

(a) 39वां संविधान संशोधन

(b) 40वां संविधान संशोधन

(c) 41वां संविधान संशोधन

(d) 42वां संविधान संशोधन

4. 25 जून 1975 को घोषित "राष्ट्रीय आपाकाल" का आधार क्या था?

(a) आंतरिक गड़बड़ी

(b) चीन का भारत पर आक्रमण

(c) भारत-पाकिस्तान युद्ध

(d) 1974 की रेलवे हड़ताल

5. सन् 1977 में बनी "जनता पार्टी" की सरकार में प्रधानमंत्री कौन बने?

(a) चौ. चरण सिंह

(b) मोरार जी देसाई

(c) बाबू जगजीवन राम

(d) श्री जे. पी. नारायण

6. "केशवानन्द भारती" विवाद (1973) प्रसिद्ध है-

(a) संसद, मौलिक अधिकारों में काँट-छाँट नहीं कर सकती।

(b) संसद, मौलिक-अधिकारों को राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों से अधिक महत्व नहीं दे सकती।

(c) संविधान के मूल ढाँचे का सिद्धांत इसमें बताया गया।

(d) संविधान की प्रस्तावना में, संसद संशोधन नहीं कर सकती।

7. जून 1975 में आपातकाल की घोषणा के समय राष्ट्रपति कौन थे?

(a) डॉ. जाकिर हुसैन (b) मोरार जी देसाई

(c) फखरुद्दीन अली अहमद (d) एन. संजीव रेड्डी

8. मिलान कीजिए-

| सूची I | | सूची II |
|---|---|---|
| (A) | आपातकाल की घोषणा | (i) जय प्रकाश नारायण |
| (B) | लोकतंत्र बचाओ | (ii) चारू मजूमदार |
| (C) | CPI (ML) | (iii) मोरार जी देसाई |
| (D) | जनता पार्टी | (iv) फखरुद्दीन अली अहमद |

(a) (A)–(i), B–(ii), C–(iii), (D)–(iv)

(b) (A)–(iv), B–(i), C–(ii), (D)–(iii)

(c) (A)–(iv), B–(iii), C–(ii), (D)–(i)

(d) (A)–(iv), B–(ii), C–(iii), (D)–(i)

**नीचे दिये गये प्रश्नों में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। इन कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए–**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

9. **अभिकथन (A):** आपातकाल (1975) और आसपास के समय में सत्तारूढ़ दल और न्यायपालिका के मध्य मतभेद थे।

**कारण (R):** प्रधानमंत्री के नजदीकी लोगों ने 'प्रतिबद्ध नौकरशाही' और 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' के विषय में बात करना शुरू कर दिया था जो व्यवस्थापिका और कार्यपालिका का ही रूप हो।

10. **अभिकथन (A):** आपातकाल के दौरान असहमति और प्रतिरोध के कई कार्य हुए।

**कारण (R):** बहुत से राजनीतिक नेताओं ने जेल के अन्दर रहकर भी व्यवस्थित तरीके से सरकार विरोधी आंदोलन चलाए।

11. **अभिकथन (A):** आपातकाल के दौरान, वास्तविक रूप से शक्तियों का प्रयोग पुलिस और प्रशासन ने प्रशासनिक शक्तियों का दुरुप्रयोग किया।

**कारण (R):** सत्तारूढ़ दल के लिए ये संस्थाएँ राजनीतिक हथियार बन गई थी। यह समस्या आपातकाल के साथ ही समाप्त हो गई।

12. **अभिकथन (A):** 1977 के आम चुनाव के दौरान सभी बड़ी विपक्षी पार्टियाँ (दल) एक साथ आए और एक नई पार्टी 'जनता पार्टी' बनाई।

**कारण (R):** यह स्पष्ट था कि इस बार आम चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए मुश्किल होने वाला है।

**दो अंकीय प्रश्न**

1. 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में किए गए किन्हीं दो परिवर्तनों (संशोधनों) का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
2. आपातकाल क्या है और यह काल संवैधानिक संकट का काल क्यों कहा जाता है?
3. रेलवे हड़ताल कब और क्यों बुलाई गई?
4. "निवारक नजरबंदी" क्या है?
5. 25 जून 1975 को लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल का तात्कालिक कारण क्या था?

**चार अंकीय प्रश्न–**

1. 1970 के दशक के प्रारंभ में न्यायपालिका और विधायिका के बीच किस प्रकार का संघर्ष रहा? वर्णन कीजिए।
2. आपातकाल के पश्चात विपक्ष की भूमिका का अवलोकन कीजिए।
3. सरकार द्वारा 1975 में आपातकाल लागू करने के पक्ष में क्या तर्क दिए गए?
4. राष्ट्रीय आपातकाल ने भारतीय लोकतन्त्र को कैसे मजबूत किया?
5. आपातकाल लगाने के पीछे मुख्य कारण क्या थें?

**गद्यांश पर आधरित प्रश्नः-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-

आपातकाल की घोषणा के साथ ही शक्तियों के बँटवारे का संघीय ढाँचा व्यवहारिक तौर पर निष्प्रभावी हो जाता है और सारी शक्तियाँ केन्द्र सरकार के हाथ में चली आती है। दूसरे, सरकार चाहे तो ऐसी स्थिति में किसी एक अथवा सभी मौलिक अधिकारों पर रोक लगा सकती है अथवा उस में कटौती कर सकती है। संविधान के प्रावधान में आए शब्दों से यह स्पष्ट हो जाता है कि आपातकाल को वहां एक असाधारण स्थिति के रूप में देखा गया है जब सामान्य लोकतांत्रिक राजनीति के कामकाज नहीं किए जा सकते हैं। इसी कारण सरकार को आपातकाल की स्थिति में विशेष शक्तियाँ प्रदान की गई है। 25 जून 1975 की रात में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने की सिफारिश की।

राष्ट्रपति ने तुरन्त उद्घोषणा कर दी। आधी रात के बाद सभी बड़े अखबारों के दफ्तरों की बिजली काट दी गई। तड़के सवेरे बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई। 26 जून की सुबह 6:00 बजे एक विशेष बैठक में मंत्रीमंडल को इन बातों की सूचना दी गई, लेकिन तब तक बहुत कुछ हो चुका था।

1. किस अनुच्छेद के तहत 25 जून 1975 को आपातकाल घोषित किया गया था?
   (a) अनुच्छेद 350 (b) अनुच्छेद 352
   (c) अनुच्छेद 356 (d) अनुच्छेद 360

2. आपातकाल की उद्घोषणा किसने जारी की?
   (a) राष्ट्रपति फकरूद्दीन अली अहमद
   (b) प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी
   (c) जय प्रकाश नारायण
   (d) मोरारजी देसाई

3. राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि में निम्नलिखित में कौन सा कथन सत्य है?
   (a) शक्तियों के बँटवारे का संघीय ढाँचा प्रभावी हो जाता है
   (b) सारी शक्तियाँ केन्द्र सरकार के हाथ में चली जाती है।
   (c) सरकार चाहे तो मौलिक अधिकारों पर रोक नही लगा सकती है।
   (d) सरकार अनुच्छेद 20 में दिए गए मौलिक अधिकारों को आपातकाल के दौरान भी निलम्बित कर सकती है।

4. इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय आपातकाल किस आधार पर लगाया था?

(a) संवैधनिक गड़बड़ी की आशंका में

(b) बाहरी गड़बड़ी की आशंका में

(c) अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका में

(d) पाकिस्तान के साथ युद्ध टालने हेतु

**कार्टून पर अधारित प्रश्न –**

नीचे दिए गये कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्यन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1+1+2 =4)




(i) उस व्यक्ति का नाम लिखित, जिसने 'लोकतंत्र बचाओ' का बोर्ड पकड़ा हुआ है?

(ii) जे पी को किस नेता के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया?

(iii) कार्टून चित्र में दिखाये गए नेताओं के विचार से बैठे हुए व्यक्ति का क्या उददेश्य है?

**मानचित्र पर आधारित प्रश्न :-**

1. दिये गये भारत के राजनैतिक मानचित्र में चार राज्य A, B, C तथा D द्वारा चिन्हित किये गये है। दी गयी जानकारी के अधार पर उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम, प्रयोग की जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित निम्नलिखित तालिका के रूप में उत्तर दीजिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |



i) वह राज्य जहाँ जनवरी 1974 में छात्रों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। 8126261309

ii) 1977 के चुनावों में इस राज्य में अकाली दल की सरकार बनी।

iii) चौधरी चरण सिंह से संबंधित राज्य

iv) वह राज्य जहाँ लम्बे समय तक कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार रही ?

**छः अंकीय प्रश्न**

1. वर्णन कीजिए कि किस तरह से आपातकाल ने देश में लोकतान्त्रिक संकट पैदा किया ?

2. "इंदिरा गाँधी के नेतुत्व मे, 1971 के चुनावों में कांगेस पार्टी को बडी सफलता मिली।"

3. 25 जून, 1975 को भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा क्यों की गई ? इस आपातकाल के किन्हीं तीन परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

4. आपातकाल के तीन सबक बताइये।

5. 1980 के मध्यावधि चुनावों के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए।

**उत्तर (एक अंकीय)**

1. (a) जय प्रकाश नारायण
2. (c) राजनारायण
3. (d) 42 वॉ संविधान संशोधन
4. (a) आंतरिक गड़बडी
5. (b) मोरार जी देसाई
6. (c) संविधान के मूल ढॉचे (Basic features) का सिद्धान्त इसमें बताया गया।
7. (c) फखरूद्दीन अली अहमद।
8. (b) (A)–(iv), B–(i), C–(ii), D–(iii)
9. (a) अभिकथन (A) और कारण (A) दोनों सही है तथा कारण (R) अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।
10. (c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

11. (c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

12. (a) कारण (R) अभिकथन का सही स्पष्टीकरण है। और अभिकथन और कारण दोनो सही है

## दो अंकीय उत्तर

1. (i) प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

   (ii) विधायिका का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष किया गया।

2. (i) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत यदि भारत अथवा उसके किसी क्षेत्र को सुरक्षा को युद्ध, बाहरी आक्रमण अथवा सशस्त्र विद्रोह से खतरा हो तो 'राष्ट्रीय आपातकाल' की घोषणा की जा सकती है।

3. मई 1974 में , बोनस और सेवा से जुड़ी शर्तों को लेकर की गई।

4. निवारक -नजरबंदी -

   मुख्यतया किसी अपराध में संलग्न व्यक्ति को ही गिरफ्तार किया जाता है परंतु कभी जब किसी व्यक्ति के स्वतंत्र रहने पर उसके द्वारा अपराध किए जाने की आशंका होती है तो उसे बंदी बना लिया जाता है। इसी को निवारक नजरबंदी कहते है।

5. (i) इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा श्रीमती इंदिरा गाँधि के निर्वाचन को अवेध घोषित करना

   (ii) जे. पी द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में संसद मार्च का आहवान

## चार अंकीय

1. सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के कई कार्यों को संविधान के विरूद्ध माना। कांग्रेस न्यायालय के इस रवेये को लोकतंत्र के सिद्धांतो और संसद की सर्वोच्चता के विरूद्ध मानने लगी। इस दल का आरोप था कि न्यायालय एक यथास्थिति वाली संस्था है, और यह गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं को लागू होने से रोक रही है।

2. i) विपक्षी नेताओं ने एकजुट होकर जनता पार्टी बनाई।

   ii) 1977 में स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव हुए तथा इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को जनता ने हार का मुँह दिखाया।

iii) आपातकाल के दौरान किए गये अनुचित संवैधानिक संशोधन बदल दिए गए।

iv) विपक्ष अब आलोचना करने के लिए स्वतंत्र था।

3. i) सरकार को विपक्षी दल उसकी नीतियों के अनुसार शासन नहीं चलाने दे रहे था वे बार-बार धरना प्रदर्शन, सामूहिक कार्यवाही, राष्ट्रव्यापी आंदोलन की धमकियाँ देकर देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे थे।

ii) सारी ताकत कानून-व्यवस्था की बहाली पर लगानी पड़ती थी। षड़यंत्रकारी ताकतें सरकार के प्रगतिशील कार्यक्रमों में अंड़गे डाल रही थी।

iii) विपक्षी दल सेना, पुलिस कर्मचारियों तथा लोगों को सरकार के विरूद्ध भड़का रहे थे। इसलिए सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की।

4. (i) भारत की जनता अपने नागरिक अधिकारों और स्वतन्त्रता के लिए सजग हुई।

(ii) विपक्ष अब सरकार की आलोचना करने लगा।

(iii) संविधान में संशोधन हुए।

(iv) 1977 के आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की हार हुई।

5. (i) गुजरात और बिहार के छात्र आंदोलन।

(ii) रेलवे हड़ताल।

(iii) न्यायपालिका और विधायिका के मध्य संघर्ष।

(iv) जय प्रकाश नारायण द्वारा संसद मार्च का आह्वान।

**गद्यांश पर आधरित प्रश्नों के उत्तर।**

**गद्यांश I**

1 (b) 352

2. (a) राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद

3. (b) सारी शक्तियाँ केन्द्र सरकार के हाथ में चली जाती है।

4. (c) अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका

**कार्टून आधारित प्रश्न के उत्तर-**

(i) जय प्रकाश नारायण

(ii) इंदिरा गाँधी

(ii) सत्ता हासिल करना

**मानचित्र आधारित प्रश्न के उत्तर-**

(i) (A) गुजरात

(ii) (C) पंजाब

(iii) (B) उत्तर प्रदेश

(iv) (D) केरल

**छः अंकीय उत्तर**

1. ★ लोकतान्त्रिक संस्थाओं का अपंग होना

   ★ आपातकाल के प्रावधानों में अस्पष्टता

   ★ पुलिस व प्रशासन का दुरूपयोग

   ★ प्रेस सेन्सरशिप ओर निवारक नजरबंदी अधिनियक का प्रयोग

2. गरीबी हटाओं का नारा

   ★ इंदिरा गांधी की समाजवादी नीतियाँ।

   ★ श्रीमती इंदिरा गांधी का करिश्माई व्यक्तित्व।

   ★ कमजोर विपक्ष।

   ★ 1967 के चुनावों के बाद कई राज्यों में अस्थिर सरकार।

3. भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा निम्न कारणों से की गई थी।

   (i) इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के 1971 के लोकसभा चुनाव को अवेध घोषित कर देना।

   (ii) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उच्च-न्यायालय के फेसले पर स्थगनादेश देना।

   (iii) जे पी द्वारा राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत करना।

   आपातकाल के निम्न परिणाम हुए।

   (i) मोलिक अधिकारों का स्थगन।

   (ii) राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी।

   (iii) प्रेस की आजादी पर रोक।

(iv) हड़तालों पर प्रतिबन्ध।

(v) पुलिस और प्रशासन का दुरूपयोग।

4. आपातकाल से निम्नलिखित तीन सबक मिले -

(i) संविधान के विवादपूर्ण अनुच्छेदों में संशोधन।

(ii) भारत में लोकतंत्र की नींव का और मजबूत होना।

(iii) आपातकाल के बाद न्यायालय व नागरिकों का अधिकारों के प्रति ज्यादा सचेत होना।

(iv) पुलिस और प्रशासन का निष्पक्ष रूप से काम करना।

5. (i) 1977 के आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री पद के लिए तीन नेताओं के मध्य कड़ा संघर्ष था।

(ii) जनता पार्टी को सरकार में एक दिशा, नेतृत्व और साझे कार्यक्रम का अभाव था।

(iii) जनता पार्टी की सरकार, कांग्रेस द्वारा संचालित नीतियों में कोई मूलभूत बदलाव नहीं ला सकी।

(iv) जनता पार्टी की सरकार टूट गई, मोरार जी देसाई ने 18 महीनों से भी कम समय में बहुमत खो दिया।

अध्याय – 7

# क्षेत्रीय आकांक्षाएँ

**क्षेत्रीय दलों का उदयः–**

★ भारत ने भाषा, धर्म, क्षेत्र, जातीय और भोगोलिक विविधता को बनाये रखने के लिए एक लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाया।

★ एक क्षेत्र विशेष के लोगों द्वारा अपनी विशिष्ट भाषा, धर्म, संस्कृति, भोगोलिक विशिष्टताओं आदि के आधार पर की जाने वाली विशिष्ट मांगों को क्षेत्रीय आकांक्षाओं के रूप में समझा जा सकता है।

★ यूरोप के देशों में सांस्कृतिक विभिन्नता को राष्ट्र के लिए खतरा माना जाता है परन्तु भारत में विविधता की चुनोती से निपटने के लिए देश की आन्तरिक सीमाओं का पुनः निर्धारण किया गया है और सभी समुह के व्यक्तियों को अपनी संस्कृति बनाये रखने की अधिकार है।

★ भारत में सन् 1980 के दशक को स्वायत्तता के दशक के रूप में देखा जाता हैं कई बार संकीर्ण स्वार्थो, विदेशी प्रोत्साहन आदि के कारण क्षेत्रीयता की भावना जब अलगाव का रास्ता पकड़ लेती है तो यह राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के लिए गम्भीर चुनोती बन जाती है।

★ क्षेत्रीयता के प्रमुख कारण :-



* लोकतंत्र क्षेत्रीय आकांक्षाओं की राजनीतिक अभिव्यक्ति की अनुमति देता है।
* लोकतांत्रिक, राजनीति पार्टियों और समूहों को उनकी क्षेत्रीय पहचान, आकांक्षा और विशिष्ट क्षेत्रीय समस्याओं के आधार पर लोगों को संबोधित करने की अनुमति देती है।
* क्षेत्रीय दलों का उदय लोकतंत्र को मजबूत करता है
* लोकतांत्रिक राजनीति का अर्थ यह भी है कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में क्षेत्रीय मुद्दों और समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान दिया जाएगा और समायोजन किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था कभी-कभी तनाव और समस्याओं का कारण बन सकती है।
* कभी-कभी, राष्ट्रीय एकता की चिंता क्षेत्रीय आवश्यकताओं और आकांक्षाओं पर भारी पड़ सकती है। इसलिए, क्षेत्रों की शक्ति, उनके अधिकारों और उनके अलग अस्तित्व के मुद्दों पर राजनीतिक संघर्ष उन राष्ट्रों के लिए आम हैं जो एकता बनाने और बनाए रखने की कोशिश करते हुए विविधता का सम्मान करना चाहते हैं।

'**कश्मीर विषयः–** भारतीय संघ में एकीकरण के साथ ही, कश्मीर स्वातंत्रयोत्तर भारत का एक ज्वलंत विषय बना रहा है। समस्या तब और जटिल हो गई जब इसे अनुच्छेद 370 तथा अनुच्छेद 35-ए के माध्यम से संविधन में एक विशेष स्थान दिया गया-

अनुच्छेद 370 ने इसे पृथक संविधान/संविधान सभा/ध्वज, मुख्यमंत्री का प्रधानमंत्री के रूप में तथा राज्यपाल का सदर - ए- रियासत के रूप में नव नामांकन, राज्य में अधिकांश संघीय नियमों का गैर-प्रवर्तन जैसे विशेष अधिकार प्रदान किए, जबकि राज्य में संपत्ति-क्रय को वर्जित करता है। जम्मू और कश्मीर राज्य की विशेष स्थिति के एक निशान, एक प्रधान का प्रसार करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में अनुच्छेद 370 तथा 35-ए को निरस्त करने का आह्वाहन किया गया।

इस पृष्ठिभूमि में वर्तमान सरकार ने 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 तथा 35-ए के उन्मूलन हेतु राज्यसभा में जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक प्रस्तुत किया। लोक सभा में इस विध्येयक को 6 अगस्त 2019 को पारित किया गया।

9 अगस्त 2019 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के पश्चात, धारा 370 तथा 35-ए को निरस्त कर दिया गया तथा जम्मू और कश्मीर दो केन्द्र-शासित प्रदेशों- लद्दाख तथा जम्मू और कश्मीर में विभक्त हो गया।

**स्वतंत्रता के बाद तनाव के क्षेत्र**

स्वतंत्रता के बाद हमारे देश को विभाजन, विस्थापन, शरणार्थियों की आमद, रियासतों का एकीकरण, राज्यों का पुनर्गठन, भाषाई राज्यों के गठन के लिए कई हिस्सों में जन आंदोलन आदि जैसे कई कठिन मुद्दों का सामना करना पड़ा।

**पंजाब संकट – राजनीतिक संदर्भ, हिंसा का चक्र, शांति का मार्ग**

1920 के दशक में गठित अकाली दल ने पंजाबी भाषी क्षेत्रों के गठन के लिए आन्दोलन चलाया जिसके परिणाम स्वरूप पंजाब प्रान्त से अलग करके सन् 1966 में हिन्दी भाषी क्षेत्र हरियाणा तथा पहाड़ी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश बनाये गये।

★ 1970's में अकालियों के एक तबके ने पंजाब के लिए स्वाथत्तता की माँग उठाई।

★ अकाली दल से सन् 1973 के आनन्दपुर साहिब सम्मेलन में पंजाब के लिए अधिक स्वायत्तता की मांग उठी। कुछ धार्मिक नेताओं ने स्वायत्त सिक्ख पहचान की मांग की और कुछ चरमपन्थियों ने भारत से अलग होकर खालिस्तान बनाने की मांग की।

★ **ऑपरेशन ब्लू स्टार –** सन् 1980 के बाद अकाली दल पर उग्रपन्थी लोगों का नियन्त्रण हो गया और इन्होंने अमृतसर के स्वर्ण मन्दिर में अपना मुख्यालय बनाया। सरकार ने जून 1984 में उग्रवादियों को स्वर्ग मन्दिर से निकालने के लिए सैन्य कार्यवाही (ऑपरेशन ब्लू स्टार) की।

★ **पंजाब समझौता –** जुलाई 1985 में अकाली दल के अध्यक्ष हरचन्द सिंह लोंगोवाल तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समझौते ने पंजाब में शान्ति स्थापना के प्रयास किये।

**पूर्वोत्तर भारत –** इस क्षेत्र में सात राज्य है भारत की 04 प्रतिशत आबादी रहती है। यहाँ की सीमायें चीन, म्यांमार, बांग्लादेश और भूटान से लगती है। यह क्षेत्र भारत के लिए दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है। संचार व्यवस्था एवं लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा आदि समस्याये यहां की राजनीति

को संवेदनशील बनाती है। पूर्वोत्तर भारत की राजनीति में स्वायत्तता की मांग, अलगाववादी आंदोलन तथा बाहरी लोगों का विरोध मुद्दे प्रभावी रहे है।

* पूर्वोत्तर के राज्यों में राजनीति पर तीन मुद्दे हावी है।–
   1. स्वायत्त्ता की माँग
   2. अलगाववादी आंदोलन
   3. बाहरी लोगो का विरोध

(A) **स्वायत्तता के लिए आंदोलन –** आजादी के समय मणिपुर एवं त्रिपुरा को छोड़कर पूरा क्षेत्र असम कहलाता था जिसमें अनेक भाषायी जनजातिय समुदाय रहते थे इन समुदायों ने अपनी विशिष्टता को सुरक्षित रखने के लिए अलग-अलग राज्यों की मांग की।

(B) **अलगाववादी आन्दोलन –** 1) **मिजोरम** - सन् 1959 में असम के मिजो पर्वतीय क्षेत्र में आये अकाल का असम सरकार द्वारा उचित प्रबन्ध न करने पर यहाँ अलगाववादी आन्दोलन उभरे।

* सन् 1966 मिजो नेशनल फ्रंट (M.N.F.) ने लाल डेंगा के नेतृत्व में आजादी की मांग करते हुए सशस्त्र अभियान चलाया। 1986 में राजीव गांधी तथा लाल डेगा के बीच शान्ति समझौता हुआ और मिजोरम पूर्ण राज्य बना।

2) **नागालैण्ड** - नागा नेशनल कांउसिल (N.N.C) ने अंगमी जापू फिजो के नेतृत्व में सन् 1951 से भारत से अलग होने और वृहत नागालेंण्ड की मांग के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाया हुआ है। कुछ समय बाद N.N.C में दो गुट एक इशाक मुइवा (M) तथा दूसरा खापलांग (K) बन गये। भारत सरकार ने सन् 2015 में N.N.C - M गुट से शान्ति स्थापना के लिए समझोता किया परन्तु स्थाई शान्ति अभी बाकी है।

(C) **बाहरी लोगों का विरोध –** पूर्वोत्तर के क्षेत्र में बंगलादेशी घुसपेठ तथा भारत के दूसरे प्रान्तो से आये लोगों को यहां की जनता अपने रोजगार और संस्कृति के लिए खतरा मानती है।

* आंदोलनकारी नेताओ ने माँग की, कि 1951 के बाद राज्य में प्रवेश करने वाले सभी बाहरी लोगों को वापस भेजा जाना चाहिए

* असम आन्दोलन अवेध आप्रवासी बंगाली दबदबे तथा मतदाता सूची में लाखों आप्रवासियों के नाम दर्ज कर लेने के खिलाफ था।

* 1979 से असम के छात्र संगठन आसू (AASU) ने बाहरी लोगों के विरोध में ये आन्दोलन चलाया जिसके परिणाम स्वरूप आसू और राजीव गांधी के बीच 1985 में शान्ति समझोता हुआ। सन् 2016 के असम विधान सभा चुनावों में भी बांग्लादेशी घुसपेठ का प्रमुख मुद्दा था।
* 'बाहरी' का मसला अब भी असम और पूर्वोतर राज्यों में एक जीवंत मसला है।

**द्रविड आन्दोलन –** दक्षिण भारत के इस आन्दोलन का नेतृत्व तमिल समाज सुधारक ई.वी. रामास्वामी नायकर 'पेरियार' ने किया। इस आन्दोलन ने उत्तर भारत के राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक प्रभुत्व, ब्राहमणवाद व हिन्दी भाषा का विरोध तथा क्षेत्रीय गोरव बढ़ाने पर जोर दिया। इसे दूसरे दक्षिणी राज्यों में समर्थन न मिलने पर यह तमिलनाडु तक सिमट कर रह गया। इस आन्दोलन के कारण एक नये राजनीतिक दल - ''द्रविड कषगम'' का उदय हुआ यह दल कुछ वर्षों के बाद दो भागो (D.M.K. एवं A.I.A.D.M.K.) में बंट गया ये दोनों दल अब तमिलनाडु की राजनीति में प्रभावी है।

**सिक्किम का विलय :–** आजादी के बाद भारत सरकार ने सिक्किम के रक्षा व विदेश मामले अपने पास रखे और राजा चोग्याल को आन्तरिक प्रशासन के अधिकार दिये। परन्तु राजा जनता की लोकतान्त्रिक भावनाओं को नहीं संभाल सका और अप्रेल 1975 में सिक्किम विधान सभा ने सिक्किम का भारत में विलय का प्रस्ताव पास करके जनमत संग्रह कराया जिसे जनता ने सहमती प्रदान की। भारत सरकार ने प्रस्ताव को स्वीकार कर सिक्किम को भारत का 22वाँ राज्य बनाया।

**गोवा मुक्ति :–** गोवा, दमन और दीव सोलहवीं सदी से पुर्तगाल के अधीन थे और 1947 में भारत की आजादी के बाद भी पुर्तगाल के अधीन रहे। महाराष्ट्र के समाजवादी सत्याग्रहियों के सहयोग से गोवा में आजादी का आन्दोलन चला दिसम्बर 1961 में भारत सरकार ने गोवा में सेना भेजकर आजाद कराया और गोवा दमन, दीव को संघ शासित क्षेत्र बनाया।

* गोवा को महाराष्ट्र में शामिल होने या अलग बने रहने के लिए जनमत संग्रह जनवरी 1967 में कराया गया और सन् 1987 में गोवा को राज्य बनाया गया।

**आजादी के बाद से अब तक उभरी क्षेत्रीय आकांक्षाओं के सबक-**

-- क्षेत्रीय आकांक्षाये लोकतान्त्रिक राजनीति की अभिन्न अंग है।

-- क्षेत्रीय आकाक्षाओं को दबाने की बजाय लोकतान्त्रिक बातचीत को अपनाना अच्छा होता है।

-- सत्ता की साझेदारी के महत्व को समझना।

-- क्षेत्रीय असन्तुलन पर नियन्त्रण रखना।

-- भारत द्वारा अपनाई गई संघीय प्रणाली एक लचीली व्यवस्था है। भारत की राजनीति क्षेत्रवाद को लोकतंत्र के अंग के रूप में स्वीकार करने में सफल रही है।

**एक अंकीय प्रश्न –**

1. पंजाब समझौते के मुख्य नेता चुनिए-
   (a) राजीव गांधी - प्रफुल मेहता
   (b) राजीव गांधी - संत हरचंद सिंह लोगोवाल
   (c) राजीव गांधी - मास्टर तारा सिंह
   (d) राजीव गांधी - लालडेंगा

2. निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-
   (i) आनंदपुर साहेब प्रस्ताव
   (ii) अकाली दल का गठन
   (iii) मिजो पर्वतीय इलाके में अकाल
   (iv) सिक्किम का भारत में विलय
   (a) i, ii, iii, iv (b) iv, iii, ii, i
   (c) ii, iii, i, iv (d) i, iv, iii, ii

3. अलगाववादी आंदोलन से कोन सा सबक सटीक हें ?

(a) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग है।

(b) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ केवल भारत में ही हैं।

(c) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ हमेशा हिंसक होती है।

(d) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ केवल एक राज्य तक सीमित है।

4. लालडेंगा इस प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं-

(a) मिजोरम (b) असम

(c) नागालेंड (d) मणिपुर

5. धारा 370 कौन से राज्य से संबंधित था।

(a) पंजाब (b) गोवा

(c) जम्मू कश्मीर (d) त्रिपुरा

6. अलगाववादी आंदोलन किन राज्यों में चलाया गया-

(a) मिजोरम, नागालेंड (b) मणिपुर, त्रिपुरा

(c) असम, मिजोरम (d) मिजोरम, मणिपुर

7. एम. एन. एफ. का संबंध किस राज्य से है-

(a) नागालेंड (b) मिजोरम

(c) मणिपुर (d) मेघालय

8. 1947 के बाद भी गोआ किस के अधीन रहा-

(a) डच (b) अंग्रेज

(c) पुर्तगाली (d) फ्रांसीसी

9. अकाली दल किस राज्य का क्षेत्रीय दल है-

(a) हरियाणा (b) हिमाचल प्रदेश

(b) उत्तर प्रदेश (d) पंजाब

10. आजादी के समय जम्मू कश्मीर का शासक कौन था

(a) हरि चंद (b) हरि सिंह

(c) हरि राम (d) हरि लाल

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. पंजाब समझोता कब ओर किनके बीच हुआ?
2. उन चार देशों के नाम लिखिए जिनकी सीमाये भारत के पूर्वोतर राज्यों से लगी हे।
3. कश्मीर और लद्‌दाख में किस-किस धर्म के लोगों की बहुलता है।
4. असम का क्षेत्रीय राजनीतिक दल 'असमगण परिषद्' किन दलों को मिलाकर बनाया गया।
5. वृहत्तर पंजाब का विभाजन कब हुआ तथा कोन से नये राज्य बनाये गये।
6. पूर्वोत्तर भारत का क्षेत्र संवेदनशील मानने के कोई दो कारण लिखिये।
7. बोडो, करबी और दिमसा किस राज्य से संबधित है।
8. आसू क्या था? इसकी प्रमुख माँगों का उल्लेख कीजिए।

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. क्षेत्रवाद एवं पृथकतावाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. पंजाब समझोते के प्रमुख प्रावधानों का वर्णन कीजिए।
3. भारत में क्षेत्रीय असन्तोष को नियन्त्रित करने के सुझाव दीजिए।
4. द्रविड़ आंदोलन केवल तमिलनाडू तक ही क्यो सिमट कर रह गया?
5. विधिता को सवाल पर भारत जेसे बड़े देश को एकजुट करने पर लोकतांत्रिाक दृष्टिकोण के लाभ का वर्णन कीजिए।

**गद्यांश पर आधरित प्रश्नः-**

''छः साल की सतत् अस्थिरता के बाद राजीव गांधी के नेतुत्व वाली सरकार ने 'आसू' के नेताओं के साथ बातचीत शुरू की। जिसके परिणामस्वरूप एक समझोता हुआ''

1. आसू (AASU) किस राज्य का संगठन है?

(a) मणिपुर (b) मिजोरम

(c) मेघालय (d) असम

2. (AASU) का शब्द विस्तार बताइए

(a) ऑल एशिया स्टूडेंट यूनियन

(b) ऑल असम स्टूडेंट यूनियन

(c) ऑल असम स्टूडेंट यूनिवर्सल

(d) ऑल असम स्कॉलर यूनियन

3. राजीव गांधी और आसु (AASU) के नेताओं के बीच समझोता कब हुआ ?

a) 1980 b) 1982

c) 1985 d) 1986

4. (AASU) की एक प्रमुख मांग को लिखिए।

(a) बाहरी लोगों का विरोध

(b) अपनी संस्कृति की रक्षा

(c) गरीबी दूर करना

(d) उपरोक्त सभी

**मानचित्र पर आधारित प्रश्न :-**

1. दिये गये भारत के मानचित्र में चार राज्यों को A, B, C तथा D द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के अधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम, प्रयोग की जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर तालिका के रूप में उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |




i) वर्ष 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ समझोते पर हस्ताक्षर किए एवं नए बने राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बने।

ii) वह राज्य जिसमें 1979 से 1985 तक 'बाहरी लोगों' के विरोध में आन्दोलन चलाया।

iii) भारत संघ का यह 22वीं राज्य बना।

iv) वह राज्य जो 1961 में पुर्तगाल शासन से भारतीय सेना द्वारा मुक्त करवाया गया और भारतीय संघ का एक भाग बना।

**छः अंकीय प्रश्न :-**

1. स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से जम्मू कश्मीर की राजनीति सदेव विवादग्रस्त एवं संघर्ष युक्त रही है क्यों? वर्णन कीजिए। (IMP)

2. किन कारणो से भारतीय लोकतंन्त्र की सफलता के लिए क्षेत्रवाद पर नियन्त्रण लगाना आवश्यक है?

3. असम का आन्दोलन सांस्कृतिक स्वाभिमान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली जुली अभिव्यक्ति था इस कथन पर अपने मत प्रकट करे। (IMP)

4. "क्षेत्रीय मांगो का मानना और भाषा के आधार पर नये राज्यों का गठन करना एक लोकतांत्रिक कदम के रूप में देखा जाता है।" कथन को न्यायोचित सिद्ध करने के लिए तीन उपयुक्त तर्क दीजिए।

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (b) राजीव गाँधी -संत हरचंद सिंह लोगोंवाल
2. (c) ii, iii, i, iv
3. (a) क्षेत्रीय आकांक्षा लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग था।
4. (a) मिजोरम
5. (c) जम्मू कश्मीर
6. (a) मिजोरम, नागालैंड
7. (b) मिजोरम
8. (c) पुर्तगाली
9. (d) पंजाब
10. (b) हरि सिंह

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. जुलाई 1985, अकाली दल अध्यक्ष हर चन्द्र सिंह लोगोवाला व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी।
2. चीन, म्यामार, बांग्लादेश भूटान
3. कश्मीर में इस्लाम तथा लद्दाख में बौद्ध लोगों की बहुलता है।
4. असमगण संग्राम परिषद ओर ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन।
5. 1966 में (हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश)
6. पूरे भारत में अलग-थलग, जटिल सामाजिक संरचना, आर्थिक पिछड़ापन तथा लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा- (कोई दो)
7. असम
8. आसु (ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन) एक छात्र संगठन था। इसकी प्रमुख मांग थी कि 1951 के बाद जितने भी लोग असम में आकर बसे हैं उन्हें असम से बाहर भेजा जाये।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. क्षेत्रवाद - क्षेत्रीय आधार पर राजनीतिक, आर्थिक एवं विकास सम्बन्धी मांग उठाना। पृथकतावाद - किसी क्षेत्र का देश से अलग होने की भावना होना या मांग उठाना।

2. -- चण्डीगढ पंजाब को दिया जायेगा।
   -- पंजाब हरियाणा सीमा विवाद सुलझाने के लिए आयोग की नियुक्ति होगी।
   -- पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के बीच राबी व्यास के पानी बंटवारे हेतु न्यायाधिकरण गठित किया जायेगा।
   -- पंजाब में उग्रवाद प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जायेगा।
   -- पंजाब से विशेष सुरक्षा बल अधिनियम।

3. -- सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास
   -- भाषावाद की समस्या का समाधान
   -- राष्ट्रीय एकता का महत्व बताना
   -- क्षेत्रिय हितो के स्थान पर राष्ट्रीय हितों को प्राथामिकता देना

4. -- द्रविड आंदोलन भारत के क्षेत्रिए आंदोलनों में सबसे प्रबल अभिव्यक्ति थी।
   -- यह उत्तरी भारत के राजनीतिक, आर्थिक ओर सांस्कृतिक प्रभुत्व के खिलाफ था।
   -- लेकिन अन्य दक्षिणी राज्यों से समर्थन नही मिला। इस आंदोलन के कुछ नेतृवर्ग द्वारा स्वतंत्र द्राविड राष्ट्र की माँग को अन्य दक्षिणी राज्यों ने पूरी तरह नकार दिया। यह केवल तमिलनाडु राज्य एक ही सिमट कर रह गया।

5. -- लोकतंत्र क्षेत्रीय आकांक्षाओं की मुक्त अभिव्यक्ति की अनुमति देता है।
   -- वह समूहों को उनकी क्षेत्रीय पहचान के आधर पर संबोधित करने में सक्षम है।
   -- लोकतंत्र क्षेत्रीय आकांक्षाओं को मजबूत करता है।
   -- क्षेत्रीय समस्याओं, मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान मिलता है।

**गद्यांश पर आधरित प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (a) असम
2. (b) ऑल असम स्टूडेंट यूनियन
3. (c) 1985
4. (d) उपरोक्त सभी

**मानचित्र पर आधारित उत्तर**

1.

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | B | मिजोरम |
| ii | C | असम |
| iii | D | सिक्किम |
| iv | A | गोवा |

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. -- i) कश्मीर के तीन सामाजिक आर्थिक क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर-लद्दाख)
   -- ii) पाकिस्तानी सेना द्वारा कबाइलियो के रूप में आक्रमण
   -- iii) अनुच्छेद 370 द्वारा विशेष राज्य
   -- iv) अक्साई चीन का मामला
   -- v) अलगाव वादियों के दृष्टिकोण
   -- vi) पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को बढ़ावा।
2. i) राष्ट्र की एकता में बाधा
   ii) देश के सन्तुलित विकास में बाधा
   iii) केन्द्र व राज्य सरकारो के सम्बन्ध कटु
   iv) राज्यों के आपसी सम्बन्धों में दरार
   v) हिंसात्मक आन्दोलन को बढ़ावा।

iv) आर्थिक प्रगति में बाधा

vii) राष्ट्रीय हितो की अनदेखी

3. A) देश की मुख्य भूमि से भौगोलिक पृथकता तथा सांस्कृतिक पहचान का अहसास।

B) आर्थिक पिछड़ापन।

C) बाहरी लोगो एवम अवैध बंगलादेशी घुसपेठ की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोगों में अनेक आशंकायें (डर) पैदा हो गई है जैसे-

i) संस्कृति को खतरा

ii) राजनीतिक महत्व घटना

iii) बेरोजगारी बढ़ना

iv) व्यापार एवं व्यवसाय के अवसर कम होना

4. कथन के पक्ष में तर्क -

i) 60 वर्षो में भाषायी आधार पर बनने वाले राज्यों ने लोकतान्त्रिक राजनीति की प्रकृति को सकारात्मक और रचनात्मक बना दिया है।

ii) भाषायी आधार पर राज्यों के निर्माण से राज्यों की सीमाये निर्धारित करने में भाषा सभी के लिए एक समान आधार बन गई है।

iii) इससे देश विघटन होने के बजाय एकीकरण हुआ।

iv) लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाये पूरी हुई है लोगों को ताकत मिली है और लोकतंत्र सफल हुआ है लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अनेक क्षेत्रीय अपेक्षाओं को स्थान दिया जा रहा है (किन्ही तीन की व्याख्या करें)

5. i) भाषायी आधार पर बनने वाले राज्यों ने लोकतांत्रिक राजनीति की प्रकृति को सकारात्मक और रचनात्मक और रचनात्मक बना दिया है।

ii) भाषायी आधार पर राज्यों के निर्माण से राज्यों की सीमायें निर्धारित करने में भाषा सभी के लिए एक समान आधार बन गई है?

iii) इससे देश विघटन होने के बजाये एकीकरण हुआ है।

iv) लोकतंत्र मजबूत व और अधिक सफल हुआ है।

## अध्याय – 8

# भारतीय राजनीतिः नए बदलाव

★ **1990 का संदर्भ**

जब 1980 का दशक समाप्त हुआ तो देश ने 5 घटनाएं ऐसी देखी जिनका भारतीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ा–

1. 1989 में हुए चुनावों में कांग्रेस पार्टी की हार– 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 415 सीटें मिली और 1989 में 197 सीटें मिली। अतः 1989 के चुनावों को राजनीतिक वैज्ञानिकों के द्वारा, कांग्रेस प्रणाली का समापन कहा गया।

   कांग्रेस ने इसके बाद अपने प्रदर्शन में सुधार किया और 1991 में हुए मध्यावधि चुनाव के बाद तुरंत सत्ता में वापिस आ गई।

2. राष्ट्रीय राजनीति में मंडल मुद्‌दे का उदय– राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने सन् 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया और अन्य पिछड़े वर्गों (ओ बी सी) के लिए केन्द्र सरकार ने, नौकरियाँ आरक्षित कर दी।

3. मई 1991 में, राजीव गांधी की हत्या के कारण कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में परिवर्तन हुआ।

4. विभिन्न सरकारों द्वारा अपनाई गई नीति, पहले से भिन्न थी, इसे नए आर्थिक सुधारों के संरचनात्मक सुधार के रूप में भी जाना जाता है।

5. गठबंधन सरकारों का युग हो गया और क्षेत्रीय दलों की राष्ट्रीय स्तर पर सरकार बनाने में भूमिका बढ़ गई।

**5. गठबन्धन सरकार का युग (राष्ट्रीय स्तर पर)**

★ 1989 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की हार हुई लेकिन किसी अन्य दल को भी बहुमत नहीं मिला।

★ राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को दो विरोधी राजनीतिक दलों (बी जे पी और वाममोर्चा) से समर्थन मिला और इसके एक गठबंधन सरकार बनाई, लेकिन बीजेपी और वाम दल इस सरकार में शामिल नही हुए।

## गठबन्धन की राजनीति

- ★ वर्ष 1989 के बाद क्षेत्रीय दलों ने, शासित गठबंधन को बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- ★ वर्ष 1996 में 'संयुक्त मोर्चा' की सरकार सत्ता में आई।
- ★ सुंयक्त मोर्चा (1996 की), सरकार वर्ष 1989 में बनी 'राष्ट्रीय मोर्चा' सरकार के समान थी।
- ★ संयुक्त मोर्चा की सरकार को कांग्रेस और वामदलों से समर्थन मिला क्योंकि 1996 में ये दल, बीजेपी को सत्ता से दूर रखना चाहते थे।
- ★ 1996 के चुनाव में, बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और इसे सरकार बनाने के लिए बुलाया गया लेकिन बीजेपी, लोकसभा में बहुमत सिद्ध नहीं कर पायी।
- ★ मई 1998 से जून 1999 तक बीजेपी नीत गठबंधन सरकार (NDA-I) सत्ता में आई और अक्टूबर 1999 में पुनः निर्वाचित हुई।
- ★ अटल बिहारी बाजपेयी दोनो एन डी ए गठबंधन (नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस/राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में प्रधानमंत्री बने और 1999 में पूरा कार्यकाल किया।
- ★ पहली गठबंधन सरकार जिसने अपना कार्यकाल पूरा किया, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी एन डी ए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार थी।
- ★ दूसरा गठबंधन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए/सप्रंसग) सरकार कांग्रेसी नेता डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दो कार्यकाल (2004-2009 और 2009-2014) पूरे किए।



## अन्य पिछड़ा वर्ग का राजनीति उदय और मंडल आयोग

* इस काल का एक महत्त्वपूर्ण विकास, राजनीतिक शक्ति के रूप में 'अन्य पिछड़ा वर्ग' का उदय था। ओ बी सी (अन्य पिछड़ा वर्ग), एस सी (अनुसुचित जाति) ओर ओर एस टी (अनुसुचित जनजाति) के अतिरिक्त अन्य समुदाय है जो शेक्षिक ओर सामाजिक रूप से पिछड़े है, इसलिए इन्हें 'पिछड़ी जाति' भी कहा जाता है।
* 1978 में केंद्र सरकार (जनता दल) ने पिछड़े वर्गों की स्थितियों में सुधार हेतु एक आयोग नियुक्त किया। आजादी के बाद यह दूसरी बार था जब सरकार ने इस तरह का आयोग नियुक्त किया था। इसलिए इस आयोग को आधिकारिक तोर पर द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के रूप में जाना जाता है। इसके अध्यक्ष बिदेश्वरी प्रसाद मंडल के नाम पर मंडल आयोग भी कहा गया हें।
* भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों के बीच शेक्षिक ओर सामाजिक पिछड़ेपन की सीमा की जांच करने ओर इन पिछड़े वर्गों की पहचान करने के तरीकों की सिफारिश करने के लिए मंडल आयोग की स्थापना की गई थी।
* इसकी सिफारिशें हें-
* इन समूहों के लिए शिक्षण संस्थानों ओर सरकारी नोकरियों में 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना।
* ओबीसी की स्थिति में सुधार के लिए मंडल आयोग ने भूमि सुधार जेसी कई अन्य सिफारिशें भी कीं।
* अगस्त 1990 में, राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने केंद्र सरकार ओर उसके उपक्रमों में नोकरियों में ओबीसी के लिए आरक्षण से संबंधित मंडल आयोग की सिफारिशों में से एक को लागू करने का फेसला किया।
* इस फेसले ने उत्तर भारत के कई शहरों में आंदोलन ओर हिंसक विरोध को भड़का दिया। फेसले को अदालत में भी चुनोती दी गई थी। इसे नवम्बर 1992 के 'इन्दिरा साहनी' मामले के रूप में भी जाना जाता है।
* इस फेसले को लागू करने के तरीके को लेकर राजनीतिक दलों के बीच कुछ मतभेद हें, लेकिन अब ओबीसी आईएस के लिए आरक्षण की नीति को देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है।

## साम्प्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र

* इस अवधि के दौरान अन्य दीर्घकालिक विकास धार्मिक पहचान के आधार पर राजनीति धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के बारे में एक बहस शुरू हुई। 1980 में जनसंघ ने भारतीय जनता पार्टी का गठन किया।
* इसने गांधीवादी समाजवाद को अपनी विचारधारा के रूप में अपनाया, लेकिन 1980 और 1984 में हुए चुनावों में इसे ज्यादा सफलता नहीं मिली। 1986 के बाद पार्टी ने अपनी विचारधारा में हिंदू राष्ट्रवादी तत्व पर जोर देना शुरू किया।
* फरवरी 1986 में फैजाबाद जिला न्यायालय ने आदेश दिया कि बाबरी मस्जिद परिसर को खोल दिया जाए ताकि हिंदू उस स्थान पर प्रार्थना कर सकें जिसे वे मंदिर मानते हैं।
* बाबरी मस्जिद के ताले खुलते ही हिंदुओं और मुसलमानों दोनों तरफ लामबंदी शुरू हो गई। अचानक यह विवाद एक प्रमुख राष्ट्रीय प्रश्न बन गया और साम्प्रदायिकता तनाव का कारण बना। जनसमर्थन उत्पन्न करने के लिए, भाजपा ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक रथ-यात्रा नामक एक विशाल मार्च निकाला और मंदिर के निर्माण का समर्थन किया।
* सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को यह ध्यान रखने का आदेश दिया था कि विवादित स्थल खतरे में न पड़े, हालांकि 6 दिसंबर 1992 को देश भर से हजारों लोग अयोध्या में एकत्र हुए और मस्जिद को गिरा दिया। केंद्र सरकार ने मस्जिद के विध्वंस की परिस्थितियों की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त किया, कई राजनीतिक दलों ने विध्वंस की निंदा की और घोषणा की कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है।
* फरवरी-मार्च 2002 में गुजरात में मुसलमानों के खिलाफ इसी तरह की हिंसा हुई। दो समुदायों के बीच इस तरह की हिंसा लोकतंत्र के लिए खतरा है।

## लोकसभा चुनाव 2004

* 2004 के चुनाव कांग्रेस पार्टी ने खुद एक बड़ी गठबंधन सरकार बनाई जिसे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के रूप में जाना जाता है।
* 1991 के बाद से कांग्रेस पार्टी के लिए यह पहली बार था कि वह लोकसभा में अपनी सीटों की संख्या बढ़ा सकी।

* 1990 के दशक को क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार के रूप में जाना जाता है जो

चार व्यापक समूहों में विभाजित हैं-

1. कांग्रेस और उसके सहयोगी
2. भाजपा और उसके सहयोगी
3. वाम मोर्चा और
4. अन्य दल

17वीं लोकसभा का आम चुनाव 2019 में हुआ था, भाजपा 303 सीटों के साथ लोकसभा में सबसे बड़ी बहुमत वाली पार्टी के रूप में उभरी और कांग्रेस को लोकसभा में केवल 52 सीटें मिली।

**नई सहमति का उदय**

* 1989 के बाद काल, कांग्रेस के पतन और बीजेपी के उदय के रूप में भी देखा जाता है।
* नब्बे के दशक का मुकाबला बीजेपी-नीत-गठबंधन और कांग्रेस-नीत-गठबंधन के मध्य चला।

**बढ़ती सहमतिः**

कड़ी प्रतिस्पर्धा और संघर्षो के मध्य भी, अधिकांश दलों के मध्य भी चार बिन्दुओं पर सहमति हैं-

1. नई आर्थिक नीति पर सहमति
2. पिछड़े वर्गों के राजनीतिक और सामाजिक दावों की स्वीकृति
3. देश के शासन में राज्य स्तरीय दलों की भूमिका पर स्वीकृति
4. विचारधारा के स्थान पर कार्यसिद्धि पर जोर और विचारधारागत सहमति के बगैर राजनीतिक गठजोड़

आज राजनीतिक दल इस सहमति के दायरे में सक्रिय है तो जन आंदोलन और विकास के इस नए रूप, स्वप्न और तरीकों की पहचान कर रहे है। गरीबी, न्यूनतम मजदूरी, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा के मसले जन आंदोलनों के जरिए राजनीतिक एजेंडे के रूप में सामने आ रहे हैं।

सभी राजनीतिक दलों के लिए विभिन्न हितों का समायोजन और साथ में लेकर चलना जरूरी हो गया है।

**एक अंक प्रश्न :-**

1. समान नागरिक संहित का संबंध किस अनुच्छेद से हैं?
   (a) अनुच्छेद 40 (b) अनुच्छेद 42
   (c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 51
2. भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन राजनीति का प्रारम्भ शुरू हुआ-
   (a) 1977 (b) 1984
   (c) 1989 (d) 1991
3. 1984 के आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में कितनी सीटें मिली?
   (a) 415 (b) 315
   (c) 515 (d) 350
4. बहुजन समाजवादी पार्टी के संस्थापक-
   (a) मायावती (b) काशीराम
   (c) मुलायम सिंह (d) चन्द्रशेखर
5. 1989 में केन्द्र में गठबंधन सरकार के प्रादुर्भाव के लिए उत्तरदायी कारण था:-
   (a) कांग्रेस पार्टी का केन्द्र और राज्यों में मजबूत स्थिति में होना
   (b) कांग्रेस पार्टी में चमत्कारी नेताओं का होना
   (c) श्री अटल बिहारी वाजपेयी का प्रभावशाली नेता के रूप में उभरना
   (d) किसी भी दल को बहुमत न मिलना
6. सन् 1978 में गठित 'द्वितीय पिछड़ा वर्ग' आयोग के अध्यक्ष
   (a) कर्पूरी ठाकुर (b) बाबा साहेब अम्बेडकर
   (c) काशीराम (d) बी.पी. मंडल

7. किस दल की सरकार ने 'मंडल आयोग' की संस्तुतियों को लागू किया-

(a) राष्ट्रीय मोर्चा

(b) संयुक्त मोर्चा

(c) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन

(d) समाजवादी पार्टी

8. सन् 1991 में लागू "नई आर्थिक नीति" किसके प्रधानमंत्रित्व काल में लागू की गई?

(a) डॉ. मनमोहन सिंह (b) अटल बिहारी वाजपेयी

(c) पी.वी. नरसिम्हाराव (d) वी.पी. सिंह

9. NDA का पूर्ण रूप है-

(a) नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस

(b) नेशनल डेवलपमेंट अलायंस

(iii) सोवियत संघ प्रशासनिक और राजनीतिक रूप से गतिरुद्ध हो चुका था। सोवियत संघ पर कम्यूनिस्ट पार्टी ने 70 सालों तक शासन किया था और वह पार्टी अब जनता के प्रति जवाबदेह नहीं थी। गतिरुद्ध प्रशासन, भारी भ्रष्टाचार और शासन में ज्यादा खुलापन लाने के प्रति अनिच्छा व्यवस्था के पतन का कारण बनी।

(iv) गोर्बाचेव की अज्ञानता और उनका उदारवादी दृष्टिकोण, पूर्वी यूरोप में साम्यवादी विरोधी ताकतों को मजबूत किया। नतीजन चेकोस्लोवाकिया,

रोमानिया, हंगरी, पोलैंड, बुल्गारिया और पूर्वी जर्मनी में साम्यवादी शासकों की सरकारें गिर गई। इस अचानक हुए घटनाक्रम ने सोवियत संघ के विघटन के मार्ग को प्रशस्त किया।

(या अन्य कोई सार्थक बिंदु)

21. 1983 से जातीय संघर्ष की चपेट में होने के बावजूद श्रीलंका ने अच्छी आर्थिक वृद्धि और विकास के उच्च स्तर को हासिल किया है जो निम्नलिखित तथ्यों से स्पष्ट होता है-

(i) जनसंख्या की वृद्धि-दर पर सफलतापूर्वक नियंत्रण करने वाले विकासशील देशों में श्रीलंका प्रथम है।

(ii) दक्षिण एशिया के देशों में सबसे पहले श्रीलंका ने अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया।

(iii) इस देश का प्रति व्यक्ति GDP दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है।

(iv) अंदरूनी संघर्षो को झेलकर भी श्रीलंका ने लोकतांत्रिक राजव्यवस्था कायम रखी है।

या

पाकिस्तान में लोकतंत्र के स्थायी न रह पाने के निम्नलिखित कारण हैं-

(i) पाकिस्तान में लोकतांत्रिक शासन चले इसके लिए कोई खास अंतर्राष्ट्रीय समर्थन नहीं मिलता। इस वजह से सेना को अपना प्रभुत्व कायम करने के लिए बढ़ावा मिलता है। अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों ने अपने-अपने स्वार्थों से गुजरे वक्त में पाकिस्तान में सैनिक शासन को बढ़ावा दिया।

(ii) पाकिस्तान की भारत के साथ तनातनी रहती है। इस वजह से सेना समर्थक समूह ज्यादा मजबूत है। और अक्सर ये समूह दलील देते हैं कि पाकिस्तान के राजनीतिक दलों और लोकतंत्र में खोट है। पाकिस्तान की सुरक्षा खतरें में पड़ जाएगी। इस तरह ये ताकतें सैनिक शासन को जायज ठहराती है।

(iii) यहां सेना, धर्मगुरूओं और भूस्वामी अभिजनों का सामाजिक दबदबा है।इसकी वजह से कई बार निर्वाचित सरकारों को गिराकर सेनकि शासन कायम हुआ।

(iv) 'विश्वव्यापी आतंकवाद' और यह आशंका कि कही हथियार (पाकिस्तान के) इन आतंकवादी समूहों के हाथ न लग जाए सैनिक शासन को पाकिस्तान में ये देश पश्चिम तथा दक्षिण एशिया में पश्चिमी हितों का रखवाला मानते हैं।

(या अन्य कोई सार्थक बिंदु)

22. (i) कभी कभी बाहरी प्रभावों से हमारी पसंद नापसंद का दायरा बढ़ता है। तो कभी इनसे परंपरागत सांस्कृतिक मूल्यों को छोड़े बिना संस्कृति का परिष्कार होता है।

(ii) उदाहरण के लिए बर्गर मसाला डोसा का विकल्प नहीं है। इसलिए बर्गर से वस्तुतः कोई खतरा नहीं है। इसी तरह नीली जींस भी हथकरघा पर बुने खादी के कुर्ते के साथ खूब चलती है।

(iii) वैश्वीकरण हमारे सांस्कृतिक दृष्टिकोण को व्यापक बनात है। और सांस्कृतिक समरूपता को उत्पन्न करता है जो कि संस्कृतियों को अधिक विशिष्ट और अलग करता है।

(iv) यह केवल गरीब देशों के लिए ही नहीं समूची मानवता के लिए खतरनाक है क्योंकि इससे पूरे विश्व की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर धीरे-धीरे खत्म होती है।

या

(i) वैश्वीकरण ने पूरी दुनिया में वस्तुओं के व्यापार में वृद्धि की है। अलग-अलग देशों द्वारा आयात पर लगने वाले प्रतिबंध कम हो गए हैं।

(ii) इसी प्रकार पूँजी की आवाजाही पर भी कम प्रतिबंध हैं। धनी देश के निवेशकर्ता अपना धन अपने देश की जगह कहीं और निवेश कर सकते हैं खासकर विकासशील देशो में।

(iii) वैश्वीकरण ने कंप्यूटर तथा इंटरनेट से जुड़ी सेवाओं का विस्तार किया है।

(iv) वैश्वीकरण से लोगों की आवाजाही भी बढ़ी है। उदाहरण के लिए लगभग 300,000 भारतीय संयुक्त राज्य अमेरिका की 'सिलीकॉन वेली' में काम कर रहे हैं।

(या अन्य कोई सार्थक बिंदु)

23. हाँ, मैं निम्नलिखित कारणों से सहमत हूँ-

(i) क्षेत्रीय आकांक्षाएं लोकतांत्रिक राजनीति का एक अभिन्न अंग हैं। क्षेत्रीय आंकाक्षाओं को लोकतांत्रिक तरीके से निपटाना होगा।

(ii) जब हम क्षेत्रीय आकांक्षाओं को दबाते है, तब ये प्रतिरोध और अलगाववाद को बढ़ाता है। ग्रेट ब्रिटेन जैसे छोटे देश में भी स्कॉटलेंड, वेल्स और उत्तरी आयरलेंड में क्षेत्रीय आकांक्षाएं उभरी हैं। क्षेत्रीय आकांक्षाओं को दबाने के स्थान पर लोकतांत्रिक बातचीत का तरीका सबसे अच्छा होता है।

(iii) सत्ता की साझेदारी- विभिन्न क्षेत्रों के दलों और समूहों को केंद्रीय निर्माताओं की दूरदृष्टि-संधीय प्रणाली अपनाई है जो लचीली है संविधान की छठी अनुसूची विभिन्न जनजातियों को अपने आचार व्यवहार और पारंपरिक नियमों को संरक्षित रखने की पूर्ण स्वायत्तता दे दी गई है। इस तरह क्षेत्रीय आंकाक्षाओं को अलगाववाद की राह पर जाने का मौका नहीं मिलता। भारत की राजनीति ने यह स्वीकार किया है कि क्षेत्रीयता, लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग है।

(या अन्य कोई सार्थक बिंदु)

## खण्ड-घ (12 अंक)

24. 1(a) समुद्री सतह 2. (b) रियो-डी-जेनेरियो 3. (c) UNEP 4. (b) सर्वमान्य पर्यावरणीय एजेंडे पर सहमति की कमी। (I– 84-85)

25.

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबंधित अक्षर | राज्य का नाम (II) |
|---|---|---|
| (i) | D | उत्तर प्रदेश |
| (ii) | C | तमिलनाडु |
| (iii) | A | बिहार |
| (iv) | B | आंध्र प्रदेश |

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए दिए गए प्रश्नों के उत्तर

(i) हिमाचल प्रदेश (ii) गुजरात

(iii) सिक्किम (iv) अरूणाचल प्रदेश

26. 1. मोरारजी देसाई, अटल बिहारी बाजपेयी, जगजीवन राम, चरणसिंह, राज नारायण (कोई 2) (II–104)

2. आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम (मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट)

3. आपातकाल के कारण, 42वां संविधान संशोधन, प्रेस सेंसरशिप, निवारक नजरबंदी कानून का दुरुपयोग

दृष्टिबाधित प्रश्नों के उत्तर

1. जय प्रकाश नारायण
2. 1974 में गुजरात के छात्रों ने खाद्य पदार्थों के बढ़ते दामो, खाद्य तेल, और जरूरत के अन्य सामान के बढ़ते दामों व भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन किया।
3. मूल संविधन के अनुसार अनुच्छेद 352 के तहत देश में युद्ध, बाहरी आक्रमण या आंतरिक अशांति के आधार पर आपातकाल लगाया जा सकता है। परंतु आपातकाल के बाद इसमें आंतरिक अशांति के स्थान पर सशस्त्र विद्रोह होने पर ही आपातकाल लगाया जा सकता है।
4. जनता पार्टी आपसी कलह के कारण बिखर गई और इसलिए अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई।

## खण्ड–ङ (24 अंक)

27. 1. आर्थिक कारक– (I–17-18)

(a) विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से तीन गुनी ज्यादा।

(b) इसकी मुद्रा यूरो अमेरिकी डालर के प्रभुत्व के लिए खतरा बन सकती है।

(c) यह विश्वव्यापार संगठन जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठनों के अंदर एक महत्त्वपूर्ण समूह के रूप में काम करता है।

2. राजनीतिक कारक–

(a) इसका एक सदस्य देश फ्रांस सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

(b) यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य है।

(c) यूरोपीय संघ कूटनीति और वार्ता में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उदाहरण के लिए चीन के साथ मानवाधिकारों के उल्लंघन और पर्यावरण विनाश के मसलों पर।

3. सैनिक कारक-

(a) सैनिक ताकत के हिसाब से यूरोपीय संध के पास दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है।

(b) इसका कुल रक्षा बजट अमेरिका के बाद सबसे अधिक है।

(c) यूरोपीय संघ के सदस्य देश फ्रांस के पास परमाणु हथियार है। इसके जखीरे में करीब 335 परमाणु हथियार हैं।

(d) अंतरिक्ष विज्ञान और संचार प्रौद्योगिकी के मामले में भी यूरोपीय संघ का दुनिया में दूसरा स्थान है।

या

उत्तर— 'आसियान' एशिया का एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय संगठन है जो एशियाई देशों और विश्व शक्तियों को राजनैतिक और सुरक्षा मामलों पर चर्चा के लिए राजनैतिक मंच उपलब्ध कराता है।

आसियान का उद्देश्य मुख्य रूप से आर्थिक विकास को तेज करना और उसके माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हासिल करना था। कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र के कायदों पर आधारित क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना भी इसका उद्देश्य था। दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से आर्थिक तरक्की करने वाले सदस्य देशों के समूह आसियान ने अब अपने उद्देश्यों को आर्थिक और सामाजिक दायरे से ज्यदा व्यापक बनाया है।

अनौपचारिक, टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल मिलाप का नया उदहरण पेश करके आसियान ने काफी यश कमाया है और इसको 'आसियान शैली' ही कहा जाने लगा है।

आसियान के तीन प्रमुख स्तंभ-

1. आसियान सुरक्षा समुदाय
2. आसियान आर्थिक समुदाय
3. सामाजिक, सांस्कृतिक समुदाय

आसियान आर्थिक समुदाय का उद्देश्य

(i) आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना।

(ii) इस क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करना।

(iii) यह संगठन इस क्षेत्र के देशों के आर्थिक विवादों को निबटाने के लिए बनी मोजूदा व्यवस्था को भी सुधारना होगा।

आसियान सुरक्षा समुदाय का उद्देश्य- विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर आधारित है।

आसियान सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय का उद्देश्य- आसियान देशों के बीच टकराव की जगह बातचीत और सहयोग को बढ़ावा दिया जाए।

आसियान विजन 2020 के घटक- (i) बर्हिमुखी भूमिका

(ii) बातचीत को प्रोत्साहन

28. आज के परिदृश्य में सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के कामकाज में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, सोवियत संघ के विघटन के साथ शक्ति समीकरण बदल गए हैं और कई नए देश संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश ले रहे हैं। (I–52-55)

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने स्थायी सदस्यों को पूरे विश्व में स्थिरता लाने के लिए कए विशेषाधिकार प्राप्त स्थिति दी है। इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और अन्य किसी देश को भी प्रवेश करने की अनुमति नहीं हैं।
2. वीटो शक्ति से स्थाई सदस्यों को विशेष स्थान मिलता है।
3. स्थाई सदस्य विकसित औद्योगिक देश हैं, जिसे विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने से संयुक्त राष्ट्र संतुलित होना चाहिए।
4. इस कारण सुरक्षा परिषद सुधार अति आवश्यक है ताकि वह अधिक कारगर बने एवम् नये सदस्यों का प्रवेश उनके शान्ति बहाली योगदान अथवा प्रयासों पर आधारित हो।

या

1. परस्पर निर्भरता और वैश्वीकरण बिना अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के बिना संभव नही हैं। (I– 46-47)
2. गरीबी, बेरोजगारी, पर्यावरणीय गिरावट के मुद्दे पर सहयोग को लागू करने के लिये।
3. विकासशील देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए।

4. संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शान्तिपूर्ण तरीके से निवारण करने में सहयोग करता हैं।

5. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शान्ति व विश्वास बहाल करने में समर्थ हैं।

संयुक्त राष्ट्र को बदलते संदर्भ में प्रासंगिक बनाने के लिए उठाए गए कदम

(a) शांति निर्माण आयोग का गठन।

(b) राष्ट्रों द्वारा अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकारों की विफलताओं के मामले में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी स्वीकार करना।

(c) आतंकवाद की निंदा।

29. 1. राष्ट्र निर्माण की चुनोती- स्वतंत्रता के समय भारत अनेक प्रांतो में बँटा हुआ था। अतः देश के एकीकरण और एकता के सूत्र में बांधने की थी। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वयं इन प्रांतों को एकता के सूत्र में बांधने का बीड़ा उठाया। सरदार पटेले ने इन प्रांतो को स्वेच्छा से अथवा कूटनीति से एकता के सूत्र में बाँधा। (I–4-5)

2. लोकतंत्र को कायम करने की चुनोती- भारत में संसदीय शासन पर आध ारित प्रतिनिधित्वमूलक लोकतंत्र को अपनाया। चुनोती यह भी थी कि संविधान से मेल खाते लोकतांत्रिक व्यवहार बर्ताव चलन में आएं।

3. आर्थिक विकास की चुनोती- ऐसे विकास की जिसमें समूचे समाज का भला होता हो न कि कुछ एक तबको का। असली चुनोती आर्थिक विकास तथा गरीबी के खात्मे के लिए कारगर नीतियों को तैयार करने की थी।

29. (b) 1947 में भारत के विभाजन के किन्हीं छह परिणामों का विश्लेषण कीजिए। (II–9-11)

1947 में भारत के विभाजन के छह परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर— 1. विभाजन का पहला परिणाम जनसंख्या का सबसे बड़ा अनियोजित और दुखद स्थानांतरण था जिसे मानव इतिहास ने जाना है। सीमा के दोनों ओर बड़े पैमाने पर हत्याएं और अत्याचार हुए। धर्म के नाम पर एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों को मार डाला।

2. अल्पसंख्यकों को अपना घर छोड़कर सीमा पार जाने के लिए मजबूर किया गया। उनकी यात्रा के दौरान भी, उन पर अक्सर हमला किया गया, उन्हें मार डाला गया और लूट लिया गया।दोनों पक्षों ने हजारों महिलाओं का बलात्कार किया, उनका अपहरण किया और उन्हें मार डाला। विभाजनने लगीाग ४० लाख लोगों को नई सीमा पार करने के लिए मजबूर किया। विभाजन के कारण पाँच लाख से अधिक लोग मारे गए।

3. विभाजन का एक अन्य परिणाम 'शरणार्थियों की समस्या' थी। सीमा पार करने वाले लोगों ने पाया कि उनके पास घर नहीं था। लाखों लोगों के लिए स्वतंत्रता का अर्थ 'शरणार्थी शिविरों' में जीवन था। भारतीय नेतृत्व और भारत सरकार को इस तात्कालिक और अप्रत्याशित समस्या का सामना करना पड़ा।

4. संपत्तियों और वित्तिय संपत्तियों का विभाजन। विभाजन का अर्थ संपत्तियों, देनदारियों और वित्तीय संपत्तियों का विभाजन भी था।

5. सरकार और रेलवे के कर्मचारियों में भी बंटवारा हो गया।

6. अल्पसंख्यकों की समस्याएंः पाकिस्तान में मुसलमानों के बड़े पैमाने पर पलायन के बाद भी, भारत की कुल आबादी का लगभग 12 प्रतिशत मुसलमान थे। भारत सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यह थी कि मुस्लिम अल्पसंख्यकों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों से कैसे निपटा जाएं।

7. विभाजन के कारण बंगाल को पूर्वी बंगाल ब्दअब बांग्लादेशक्र और पश्चिम बंगाल में विभाजित किया गया था। इसी तरह, पंजाब को पश्चिमी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारतीय राज्य पंजाब में विभाजित किया गया था।

30. (a) 1989 में भारतीय राजनीति में आए तीन प्रमुख बदलाव का वर्णन कीजिए। (II–137-139)

उत्तर- अस्सी के दशक में, देश ने पाँच मुख्य घटनाक्रम देखे जिनका राजनीति पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ाः

1. कांग्रेस प्रणाली का अंत।

2. मंडल मुद्दे

3. नए आर्थिक सुधार

5. 1989 के चुनावों परिणामों में कांग्रेस की हार हुई और 1989 के बाद से लोकसभा चुनावों में किसी एक पार्टी को बहुमत हासिल नहीं होने पर 'बहुदलीय व्यवस्था' के युग का उदय हुआ। इसने गठबंधन सरकार के युग का भी नेतृत्व किया जब क्षेत्रीय दलों ने सत्ताधारी गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

   1989 के बाद से, केंद्र में नौ सरकारें या तो गठबंधन सरकार या अन्य दलों द्वारा समर्थित अल्पमत सरकार रही है। इस चरण में अनेक क्षेत्रीय दलों की भागीदारी से ही सरकार का गठन किया जा सका।

   नब्बे के दशक में दलितों और पिछड़े वर्गों और क्षेत्रीय दावों का प्रतिनिधित्व करने के लिए शक्तिशाली पार्टियों का उदय भी हुआ।?

   (कोई 3 की व्याख्या की जाए)

30. (b) 'कड़ी प्रतिस्पर्धा और कई संघर्षों के बीच, ऐसा लगता है कि अधिकांश राजनीतिक दलों के बीच एक सर्वसम्मति बन गई हैं।' किन्हीं तीन का विस्तार से वर्णन कीजिए।

उत्तर: 1. अधिकांश राजनीतिक दल देश को समृद्धि और विश्व में आर्थिक शक्ति की स्थिति की ओर ले जाने के लिए नई आर्थिक नीतियों के समर्थन में थे।

2. सभी राजनीतिक दलों ने शिक्षा और रोजगार में पिछड़े वर्गों के लिए सीटों के आरक्षण और यहां तक कि ओबीसी को सत्ता में पर्याप्त हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए समर्थन किया।

3. देश के शासन में राज्य स्तरीय दलों की भूमिका को स्वीकार किया गया।

4. गठबंधन की राजनीति ने राजनीतिक दलों का ध्यान वैचारिक मतभेदों से हटाकर सत्ता की साझेदारी व्यवस्था पर केंद्रित कर दिया है। इसलिए अधिकांश राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी भाजपा की हिंदुत्व विचारधारा से सहमत नहीं थे, फिर भी वे सरकार बनाने के लिए एक साथ आए और पूरे कार्यकाल के लिए सत्ता में रहे।

   (कोई 3 की व्याख्या की जाए)

## अभ्यास प्रश्न पत्र-1 (हल सहित)

### खंड-क (12 अंक)

**निर्देशः सी.बी. एस. है के आदर्श प्रश्न-पत्र के अनुसार।**

1. आपातकाल के बाद 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने राज्यों में जीतने में सफल रही? (1)
   (a) उत्तर प्रदेश और जम्मू और कश्मीर
   (b) गुजरात और कर्नाटक
   (c) उड़ीसा और असम
   (d) कर्नाटक और तमिलनाडु

2. निम्नलिखित में से कोन सा कथन आसियान शैली को दर्शाता है? (1)
   (a) अपने सदस्य-राज्यों के बीच समान आर्थिक लाभ वितरित करने के लिए
   (b) सदस्य-राज्यों की आंतरिक नीतियों में हस्तक्षेप
   (c) एक अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण दुनिया की स्थापना के लिए
   (d) विवाद रहित, मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक तरीके से विवादों का समाधान करना।

3. किस प्रधानमंत्री ने भारत में नए आर्थिक सुधारों की शुरुआत की? (1)
   (a) राजीव गांधी (b) मनमोहन सिंह
   (c) वी.पी. सिंह (d) एच.डी. देवेगौडा

4. निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करे- (1)
   (i) सार्क की स्थापना (ii) यूरोपीय संध की स्थापना
   (iii) आसियान की स्थापना (iv) चीन में कृषि का निजीकरण
   (a) (iii), (i), (iv), (ii) (b) (iii), (iv), (i), (ii)
   (c) (i), (iv), (i), (iii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)

5. **नीचे दो कथन दिए गए हैं- जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में चयन करें-**

**अभिकथन (A):** दक्षिण एशिया हर दृष्टि से विविधता विद्यमान परन्तु इसके विभिन्न देशों में एक ही तरह की राजनीतिक व्यवस्था है।

**कारण (R):** कई समस्याओं और सीमाओं के बावजूद, सभी दक्षिण एशियाई देश लोकतंत्र की आकांक्षाओं को साझा करते हैं।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

6. **नीचे दो कथन दिए गए हैं- जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में चयन करें-**

**अभिकथन (A):** भारत ने व्यापक परमाणु निरस्त्रीकरण से सम्बन्धित सन्धि सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने से भी इन्कार कर दिया।

**कारण (R):** यह संधि गैर-परमाणु शक्तियों पर चुनिंदा रूप से लागू थीं और पांच परमाणु हथियार शक्तियों के एकाधिकार को वैध बनाती थी।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

7. उस देश की पहचान करें जो अधिकांश दक्षिण एशियाई देशों के साथ अपनी सीमाएँ साझा करता हैं। (1)

(a) अफगानिस्तान (b) भारत

(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

8. निम्नलिखित में से कौन सा राजनीतिक दल 1975 में जयप्रकाश नारायण (जेपी) के नेतृत्व वाले लोगों के संसद तक मार्च का हिस्सा नहीं था? (1)

(a) भारतीय जनसंध (b) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (एम)

(c) भारतीय लोक दल (d) सोशलिस्ट पार्टी

9. जुलाई 1985 में, पंजाब में सामान्य स्थिति लाने के लिए ............... के बीच "पंजाब समझौते" पर हस्ताक्षर किए गए थे।

(a) राजीव गांधी और सुरजीत सिंह लोंगोवाल

(b) राजीव गांधी और संत सिंह लोंगोवाल

(c) राजीव गांधी और तारा सिंह लोंगोवाल

(d) राजीव गांधी और हरचंद सिंह लोंगोवाल

10. चीन के साथ भारत के संबंधों के बारे में सत्य कथन का चयन करें।

(a) भारतीय और चीनी नेताओं ने एक-दूसरे के देशों का दौरा किया और बड़ी और मैत्रीपूर्ण भीड़ ने उनका स्वागत किया।

(b) 1949 में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सामने आया था।

(c) चीन ने भारतीय क्षेत्र अधिकृत किये गये क्षेत्रों से अपना अधिकार वापस ले लिया।

(d) शीर्ष नेताओं के बीच बहुत लंबे पत्र-व्यवहार और चर्चा के बाद इन मतभेदों को सुलझा लिया गया।

11. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना आयोग की विशेषता है?

(a) यह एक गैर-सवैंधानिक निकाय था।

(b) इसने केंद्रशासित प्रदेशों और राज्यों के बीच धन के आवंटन की सिफारिश की।

(c) इसके उपाध्यक्ष प्रधानमंत्री थे।

(d) इसके पास धन आवंटित करने की शक्ति नहीं थी।

12. निम्नलिखित में से किस रियासत ने शुरू में भारत में शामिल होने का विरोध किया था?

(a) बड़ोदा (b) हैदराबाद

(c) मैसूर (d) ग्वालियर

## खंड-ख (12 अंक)

13. गठबंधन सरकारें किस प्रकार अधिक लोकतांत्रिक होती हैं? आंकलन कीजिए। (2)

14. भारत के पहले परमाणु परीक्षण का काल उसकी घरेलू राजनीति में एक कठिन काल क्यों था? व्याख्या कीजिए। (2)

15. योजना आयोग के किन्हीं दो मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिए। (2×1=2)

16. 1975 के आपातकाल के आसपास की अवधि को संवैधानिक संकट का काल क्यों कहा जाता है। कोई दो कारण लिखिए। (1+1=2)

17. तत्कालीन सोवियत संघ के किन्हीं चार गणराज्यों के नाम लिखिए। (4×½=2)

18. 1967 के आम चुनावों के बाद भारत की राजनीति में उभरने वाली किन्हीं दो नई प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। (2×1=2)

## खंड-ग (20 अंक)

19. सुरक्षा की पारंपरिक और गैर-पारंपरिक धारणाओं के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। (4)

या

परम्परागत सुरक्षा के कोई चार घटक बताइए। (4×1=4)

20. मिजोरम में अलगाववादी आंदोलन के उभरने के कोई दो कारण कौन से थे? (2×2=4)

21. दक्षिण एशिया के छोटे देशों और भारत के पारम्परिक सम्बंधों का विश्लेषण कीजिए। (4)

या

दक्षिण एशियाई राजनीति में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका किस प्रकार प्रमुख खिलाड़ी हैं? स्पष्ट कीजिए। (4)

22. 1989 के बाद भारतीय राजनीति में घटित हुये किन्हीं चार परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। (4×1=4)

23. भारत की संस्कृति पर वैश्वीकरण के किन्हीं चार प्रभावों को उजागर कीजिए। (4×1=4)

## खंड-घ (12 अंक)

24. निम्नलिखित गद्यांश की ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत ने पहले प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह विदेशमंत्री भी थे और उन्होंने भारत की विदेश नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में गहरा प्रभाव डाला। उनकी विदेश नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में गहरा प्रभाव डाला। उनकी विदेश नीति के तीन प्रमुख उद्देश्य कड़ी मेहनत से अर्जित संप्रभुता को बनाए रखना, क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना ओर तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था। वह गुटनिरपेक्षता की रणनीति के माध्यम से इन उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहता था। देश में ऐसे दल ओर समूह थे जो मानते थे कि भारत को अमेरिका के नेतृत्व वाले ब्लॉक के साथि अधिक मित्रतापूर्ण व्यवहाकर करना चाहिए क्योंकि उस ब्लॉक ने लोकतंत्र समर्थक होने का दावा किया था। (4×1=4)

(i) भारत की विदेश नीति के प्रमुख निर्माता किन्हें माना जाता है? (1)

(a) बी. आर. अम्बेडकर (b) महात्मा गांधी

(c) जवाहरलाल नेहरू (d) सरदार पटेल

(ii) निम्नलिखित में से कोन सा भारत की विदेश नीति का उद्देश्य है? (1)

(a) अपने राष्ट्रीय हितों को रक्षा करना

(b) लोकतंत्र को संरक्षित करने के लिए

(c) अपने सशस्त्र बलों को मजबूत करने के लिए

(d) भारत को महाशक्ति बनने के लिये

(iii) गुटनिरपेक्षता का अर्थ है ............... (1)

(a) तटस्थ रहना

(b) विश्व में अहस्तक्षेप की नीति अपनाना

(c) गुटों में संलग्न रहना

(d) किसी शक्ति गुट में शामिल नहीं होना

(iv) निम्नलिखित में किसका मानना था कि भारत की अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट के साथ अधिक मित्रवत व्यवहार करना चाहिए।

(a) कांग्रेस पार्टी

(b) स्वतंत्र पार्टी

(c) जनता पार्टी

(d) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

25. **भारत के दिए गए राजनीततिक रूपरेखा मानचित्र में चार राज्यों को A, B, C और D के रूप में चिन्हित किया गया है। इन राज्यों को नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम के साथ उपयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या और दिए गए संबंधित अक्षर के रूप में प्रारूप के अनुसार लिखिए–**

| क्रमांक | संबंधित अक्षर | संबंधित राज्य/जगह |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) स्वतंत्रता के समय जिस राज्य को मद्रास नाम से जाना जाता था।

(ii) असंतुलित विकास के आधार पर जिस राज्य का गठन हुआ।

(iii) वह राज्य जिसका 1947 में विभाजन हुआ।

(iv) वह पहला राज्य जिसकी 1952 में गठन की घोषणा की गयी।




26. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1+1+2=4)

(a) दिया गया कार्टून किस क्षेत्रीय संगठन से संबंधित है ?

(b) उपरोक्त कार्टून क्या दर्शाता है।

(c) इस क्षेत्रीय संगठन कोई दो सामान्य विशेषताएँ लिखिए।



## खंड-ई (24 अंक)

27. किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए जो पूर्व सोवियत गणराज्यों के अधिकांश संघर्षों और खतरों के लिए जिम्मेदार थी। (3×2=6)

या

मिखाइल गोर्बाचेव को सोवियत संघ में सुधार शुरू करने के लिए मजबूर करने वाले किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। (3×2=6)

28. (a) वैश्विक राजनीति में महत्त्वपूर्ण बन चुके किन्हीं चार पर्यावरणीय सरोकारों को स्पष्ट कीजिए। (4×1½=6)

(b) मूलवासियों की सुरक्षा के लिये किये गये प्रयासों का वर्णन कीजिए।

(4×1½=6)

29. (a) भारत में 'एक दलीय प्रमुख' अन्य देशों की 'एक दलीय प्रभुत्व व्यवस्था' से किस प्रकार भिन्न है? उदाहरणों की सहायता से विश्लेषण कीजिए। (6)

या

(b) आजादी के बाद भारत में स्थापित एक दलीय वर्चस्व भारत के लिए किस प्रकार लाभप्रद रहा। वर्णन कीजिए।

30. (a) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नए सदस्यों के लिए प्रस्तावित किन्हीं चार मानदंडों की व्याख्या कीजिए। (4×1½ = 6)

या

(b) बदलते संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए सदस्य देशों के प्रमुखों द्वारा 2005 में सुझाए गए किन्हीं चार कदमों का विश्लेषण कीजिए। (4×1½ = 6)

# अभ्यास प्रश्न पत्र-1 (हल)

## खंड-क (12 अंक)

| खंड-क (12 अंक) | |
|---|---|
| 1. (d) कर्नाटक और तमिलनाडु | 1 |
| 2. (d) विवाद रहित, मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक तरीके से विवादों तरीके से विवादों | 1 |
| 3. (a) राजीव गांधी | 1 |
| 4. (b) (iii), (iv), (i), (ii) | 1 |
| 5. (d) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है। | 1 |
| 6. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| 7. (b) भारत | 1 |
| 8. (b) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (M) | 1 |
| 9. (d) राजीव गांधी और हरचंद सिंह लोंगोवाल | 1 |
| 10. (a) | 1 |
| 11. (a) यह एक गैर-संवैधानिक निकाय हैं | 1 |
| 12. (b) हैदराबाद | 1 |
| **खंड-ख (12 अंक)** | |
| 13. गठबंधन सरकारें कई मायनों में अधिक लोकतांत्रिक होती हैं-<br>(i) यह एक दल के प्रभुत्व के भय को समाप्त करती हैं।<br>(ii) विभिन्न समूहों और क्षेत्रों को सरकार में उचित प्रतिनिधित्व मिलता है।<br>(iii) कई पार्टियां अलग-अलग मुद्दों पर एक साथ आती है।<br>(iv) यह क्षेत्रीय आकांक्षाओं और हितों को ध्यान में रखती हैं। | 2 |
| 14. भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में यह एक कठिन दौर था क्योंकि-<br>(i) 1973 के अरब-इजरायल युद्ध के कारण कीमतें बढ़ रही थी।<br>(ii) तेल की कीमतों में वृद्धि हुई थी।<br>(iii) भारत आर्थिक मोर्चे पर कठिनाइयों का सामना कर रहा था।<br>(iv) देश में कई आंदोलन चल रहे थे।<br>(v) भारत में मई 1974 में देशव्यापी रेल हड़ताल भी हुई थी। | 2 |
| 15. योजना आयोग के कार्य-<br>(i) यह नीति निर्माण के संबंध में केंद्र सरकार को आवश्यक और तकनीकी सलाह प्रदान करता है।<br>(ii) यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक नीति के हित में सामंजस्य स्थापित करता है।<br>(iii) सामरिक क्षेत्र में नीतिसंगत कार्यक्रमों का दीर्घकालिक ढाँचा तैयार करता है।<br>(iv) यह केंद्र सरकार के 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करता है। (कोई दो) | 2×1=2 |

| | |
|---|---|
| 16. विधायिका और न्यायपालिका के बीच संवैधानिक संकट निम्नलिखित पर केंद्रित था-<br>(i) क्या संसद मौलिक अधिकारों को कम कर सकती हैं?<br>(ii) क्या संसद संपत्ति के अधिकार को कम कर सकती हैं?<br>(iii) संसद ने यह कहते हुए संविधान में संशोधन किया कि वह नीति निर्देशक सिद्धांतों को लागू करने के लिए मौलिक अधिकारों को कम कर सकती है लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया।<br>(iv) जून 1975 में, इंदिरा गांधी के सासंद के रूप में चुनाव को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अमान्य घोषित कर दिया गया था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में उनकी अपील के बाद, वह सांसद बनी रह सकी, लेकिन लोकसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकी।<br>(v) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच कोई समन्वय नहीं था। (कोई दो कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु) | 2 |
| 17. भूतपूर्व सोवियत संघ के गणराज्य-<br>अर्मेनिया, अजरबैजान बेलारूस, एस्टोनिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, किरगिझस्तान लातविया, लिथुआनिया, मोल्दोवा, रूस, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, यूक्रेन, उज्बेकिस्तान। (कोई चार) | 4×½=2 |
| 18. 1967 के आम चुनावों के बाद भारतीय राजनीति में दिखाई देने वाली दो प्रवृत्तियाँ<br>(i) दल-बदल की राजनीति, जिसे आयाराम-गयाराम भी कहा जाता है।<br>(ii) गठबंधन सरकार<br>(iii) राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की बढ़ती भूमिका | |
| खंड-ग (20 अंक) | |
| 19. सुरक्षा की पारंपरिक और गैर-पारंपरिक धारणा में अंतर-<br>**सुरक्षा की पारम्परिक धारणा-**<br>(i) देश के लिए सबसे बड़ा खतरा सीमा के बाहर से है।<br>(ii) यह संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के केंद्रीय मूल्यों को खतरे में डाल सकता है।<br>(iii) सैन्य कार्रवाइयाँ आम नागरिकों के जीवन को भी खतरें में डालती हैं।<br>(iv) यह आंतरिक सुरक्षा से भी संबंधित है। इसे गृहयुद्ध और आंतरिक अलगाववादी आंदोलनों से खतरा हो सकता है।<br>**सुरक्षा की गैर-पारंपरिक धारणा-**<br>(i) इसमें मानवीय अस्तित्व पर चोट करने वाले खतरों और आशंकाओं को शामिल किया जाता है।<br>(ii) गैर-पारंपरिक सुरक्षा की अवधारणा में सरुक्षा का संदर्भों ना केवल राज्य होता है बल्कि व्यक्ति, समुदाय या कहे समूची मानवता को माना जाता है।<br>(iii) इस अवधारणा में खतरे आतंकवाद, मानवाधिकार, वैश्विक गरीबी और अप्रवासी आदि जैसे हो सकते हैं।<br>(iv) इसे 'मानव सुरक्षा' या 'वैश्विक सुरक्षा' भी कहा जाता है। (कोई दो) | 2×2=4 |

| | |
|---|---|
| 20. मिजोरम में अलगाववादी आंदोलन के कारण-<br>(i) मिजो लोगों का मानना था कि वे कभी भी ब्रिटिश इंडिया का अंग नहीं रहे।<br>(ii) असम सरकार 1959 के मिजो पर्वतीय इलाके के अकाल का समुचित प्रबंधन करने में नाकाम रही। इसलिए, मिजो लोगों ने गुस्से में आकर मिजो नेशनल फ्रंट बनाया।<br>(iii) लालडेंगा के नेतृत्व मिजो नेशनल फ्रंट ने 1966 में एक अलग राज्य की मांग के लिए एक सशस्त्र अभियान शुरू किया। (कोई दोया कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु) | 2×2=4 |
| 21. **दक्षिण एशिया के छोटे देशों और भारत के आपसी संबंध हैं-**<br>(i) दक्षिण एशिया में भारत के आकार और शक्ति के कारण, छोटे देशों को भारत के इरादों पर संदेह होना तय है। दूसरी ओर भारत सरकार अक्सर अपने पड़ोसियों द्वारा शोषित महसूस करती है।<br>(ii) छोटे देश मानते हैं कि भारत साष्टा की ओट लेकर उनके बाजार में सेंध मारना चाहता है।<br>(iii) भारत नहीं चाहता कि इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो क्योंकि उसे डर है कि इससे बाहरी शक्तियों को क्षेत्र मं प्रभाव जमाने में मदद मिलेगी।<br>(iv) कई बार भारत ने छोटे देशों को उनकी समस्याओं को हल करने में मदद की है।<br>(v) इन दोनों के बीच आर्थिक संबंध भी सुधर रहे हैं।<br>(vi) दोनों के बीच सहयोग भी देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए भारत और नेपाल को वीजा और पासपोर्ट के बिना एक दूसरे के देश में यात्रा करने और काम करने की अनुमति है।<br>(vii) विकास और आपसी सहयोग के लिए दक्षिण एशियाई देशों ने सार्क नामक एक क्षेत्रीय संगठन की स्थापना की है। (या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई दो)<br>अथवा<br>21. दक्षिण एशियाई राजनीति मे चीन और अमेरिका प्रमुख खिलाड़ी बने हुए है, इसके कारण इस प्रकार है-<br>(i) चीन भारत के संबंधों में पिछले 20 वर्षों में काफी सुधार हुआ है लेकिन पाकिस्तान के साथ चीन के रणनीतिक संबंध एक बड़ी बाधा बने हुए हैं।<br>(ii) शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से अमेरिका के भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अच्छे संबंध है और यह दोनों के बीच एक मध्यस्थ के रूप में तेजी से काम कर रहा है।<br>(iii) इस कारण आर्थिक सुधारों और उदार नीतियों के कारण में अमेरिकी भागीदारी की गहराई को बहुत बढ़ा दिया है।<br>(iv) संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़े दक्षिण एशियाई डायस्पोरा और जनसंख्या के विशाल आकार और बाजारों ने भी हमें और चीन को दिया है और क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति के भविष्य में अतिरिक्त योगदान दिया है। | 2×2=4 |

| | |
|---|---|
| 22. **2014 के बाद भारतीय राजनीति में बदलाव-**<br>(i) कांग्रेस पार्टी के नेतृत्त्व वाली गठबंधन सरकार (यूपीए) का अंत।<br>(ii) लोकसभा में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा का उदय।<br>(iii) पूर्ण बहुमत के बावजूद क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन (एनडीए) को जारी रखना।<br>(iv) विविधता का सम्मान करने के लिए क्षेत्रीय दलों को समायोजित किया जा रहा है।<br>(v) चुनाव पूर्व गठबंधन भारतीय राजनीति में एक नया चलन है।<br>(vi) विकास और शासन आधारित राजनीति बढ़ रही है।<br>(या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु) (कोई चार) | 4×1=4 |
| 23. वैश्वीकरण का भारत की संस्कृति पर प्रभाव-<br>(i) वेलेंटाइन डे, का क्रिसमस और हैलोवीन आदि जैसे कई नए उत्सव भारतीय संस्कृति में शामिल हुए हैं।<br>(ii) नई ड्रेसिंग सेंस और स्टाइल जैसे जींस, टॉप, टी-शर्ट आदि ने हमारे पारंपरिक परिधानों जैसे कुर्ता, पायजामा और धोती के साथ शामिल हुए हैं।<br>(iii) वैश्वीकरण में सिनेमा, संगीत और नृत्य भी प्रभावित हुए हैं।<br>(iv) भारत में भोजन की पसंदे और वस्तुएं बदल गई हैं। पिज्जा, बर्गर, नूडल्स अब लोकप्रिय हैं।<br>(v) मॉल संस्कृति/ऑनलाइन शॉपिंग ने बाज़ारों में प्रवेश किया है और ये बहुत लोकप्रिय भी हैं। | 4×1=4 |
| **खंड-घ (12 अंक)** | |
| 24. (i) (c) जवाहरलाल नेहरू<br>(ii) (a) अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना<br>(iii) (d) किसी शक्ति गुट में शामिल नहीं होना<br>(iv) (b) स्वतंत्र पार्टी | 4×1=4 |

| 25. | प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | मानचित्र मे सम्बधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|---|
| | (i) | B | तमिलनाडु |
| | (ii) | A | छत्तीसगढ़ |
| | (iii) | D | पंजाब |
| | (iv) | C | आंध्र प्रदेश |

| | |
|---|---|
| 26. नीचे दिये गये कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>साझा संविधान बनाने के प्रयास में असफलता<br>(i) इसकी एकल मुद्रा यूरो का मूल्य अमेरिकी डॉलर से कहीं अधिक है।<br>(ii) USA के बाद इसकी सेना दूसरे स्थान पर है।<br>(iii) इसका सदस्य देश फ्रांस, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है।<br>(कोई दो) | 4×1=4 |

| खंड-ङ (24 अंक) | |
|---|---|
| 27. (a) कारक-<br>(i) सोवियत प्रणाली लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही।<br>(ii) कई वर्षों तक अर्थव्यवस्था गतिरूद्ध रही।<br>(iii) सोवियत संघ ने अपने अधिकांश संसाधनों का उपयोग परमाणु हथियारों और सैन्य साज़ो सामान को बनाए रखने में किया।<br>(iv) यह प्रशासनतिक और राजनीतिक रूप से गतिरूद्ध हो चुका था।<br>(v) विभिन्न गणराज्यों मे राष्ट्रवाद और संप्रभुता की इच्छा को उदय।<br>(vi) सोवियत संघ के पूरे इतिहास में राष्ट्रीयता की भावना और तड़प इस समय बहुत अधिक थी।<br>(vii) मध्य एशियाई गणराज्यों के भीतर आर्थिक पिछड़ेपन के साति जीतय और धार्मिक अंतर। (या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु) (कोई चार)<br>या<br>(b) **कारण-**<br>(i) सोवियत संघ को पश्चिम में हो रही सूचना और प्रौद्योगिकी क्रांतियों के कारण उनके बराबर रखने के लिए सुधार आवश्यक थे।<br>(ii) मिखाइल गोरबाचेव ने भी अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की आवश्यकता महसूस की।<br>(iii) पश्चिम के देशों में सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति हो रही थी और सोवियत संघ को इसकी बराबरी में लाने के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार के लाने लिए गोर्बाचेव को मजबूर किया।<br>(iv) सोवियत संघ को कठोर प्रशासनिक व्यवस्था से मुक्त करने के लिए सुधारों को आवश्यक माना गया।<br>(v) गोर्बाचेव ने महसूस किया कि सोवियत अर्थव्यवस्था गतिरूद्ध हो गई थी।<br>(vi) कम्युनिस्ट पार्टी जनता के प्रति जवाबदेह नहीं थी, इसने आगे नाराजगी पैदा की।<br>(vii) पूर्वी यूरोपीय देशों के जो देश जो सोवियत ब्लॉक का हिस्सा थे उनकी जनता ने, अपनी ही सरकारों और सोवियत नियंत्रण का विरोध करना शुरू कर दिया। (कोई तीन) | 3×2=6<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>3×2=6 |
| 28. (a)<br>(i) कृषि योग्य भूमि में कमी।<br>(ii) स्वच्छ पेयजल उपलब्ध ना होने के कारण हर साल 30 लाख से अधिक बच्चों की मौत हो जाती है।<br>(iii) तेजी से वनों की कटाई और प्राकृतिक वनों का उन्मूलन।<br>(iv) पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल में ओजोन गैस की मात्रा में लगातार कमी।<br>(v) समुद्र तटीय प्रदूषण में वृद्धि।<br>(vi) ग्लोबल वार्मिंग<br>(बिंदुओं की व्याख्या की जानी है)(या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु)(कोई चार)<br>(b)<br>(i) ससंद व पंचायतों में सीटों का आरक्षण<br>(ii) सरकारी नौकरियों में आरक्षण<br>(iii) राष्ट्रीय आयोग की स्थापना व्याख्या सहित (या कोई अन्य) | 4×1½=6 |

| | |
|---|---|
| 29. (a) भारत अकेला देश नहीं है जिसने एक पार्टी के प्रभुत्व का अनुभव किया है। एक पार्टी के प्रभुत्व के कई अन्य उदाहरण हैं। लेकिन इनमें और भारतीय अनुभव के बीच एक महत्त्वपूर्ण अंतर है। अन्य देशों में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र की कीमत पर कायम हुआ।<br>(i) चीन, क्यूबा, सीरिया जैसे कुछ देशों के संविधान में केवल एक ही पार्टी को देश के शासन की अनुमति दी गई है। लेकिन भारत में संविधान में एकदलीय प्रणाली के संबंध में किसी प्रावधान का उल्लेख नहीं है।<br>(ii) म्यांमार, बेलारूस, मिस्त्र और इरिट्रिया जैसे कुछ देशों में कानूनी और सैन्य उपायों के कारण प्रभावी रूप से एक पार्टी का प्रभुत्व है। लेकिन भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां बहुदलीय व्यवस्था है।<br>(iii) कुछ साल पहले तक मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और ताइवान भी एक पार्टी के प्रभुत्व वाले देश थे। लेकिन भारत में लोकतांत्रिक परिस्थितियों में एक दल का प्रभुत्व है। भारत में, कई पार्टियों ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की स्थिति में चुनाव लड़ा है और तब भी कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव जीतने में कामयाब रही है। (दिए जाने वाले उदाहरण)<br>या<br>(b)<br>1. भारतीय राजनीति को स्थिरता प्राप्त हुयी।<br>2. राष्ट्रीय एकता व अखंडता के बल मिला।<br>3. समाज का विकास हुआ।<br>4. विदेश नीति की आधाशिला रखी गयी। (व्याख्या सहित या कोई अन्य) | 3×2=6<br><br>2×3=6 |
| 30. (a) नया सदस्य राष्ट्र को होना चाहिए-<br>(i) एक बड़ी सैन्य शक्ति<br>(ii) एक बड़ी आर्थिक शक्ति<br>(iii) संयुक्त राष्ट्र के बजट में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता<br>(iv) आबादी की दृष्टि से एक बड़ा देश<br>(v) एक राष्ट्र जो लोकतंत्र और मानवाधिकारों का सम्मान करता है।<br>(vi) एक देश जो दुनिया की विविधताओं का प्रतिनिधित्व करता हो। (कारणों का उचित परीक्षण)(कोई चार)<br>या<br>(b) सुझाव-<br>(i) एक शांति संस्थापक आयोग का गठन<br>(ii) लोकतंत्र-कोष का गठन<br>(iii) मानवाधिकार परिषद की स्थापना<br>(iv) सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने पर सहमति<br>(v) आतंकवाद की निंदा।<br>(सुझावों का विश्लेषण)<br>(या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु) (कोई चार) | 4×1½=6<br><br>4×1½=6 |

## अभ्यास प्रश्न पत्र-2

**निर्देशः सी.बी.एस. के आदर्श प्रश्न-पत्र के अनुसार।**

### खंड-क (12 अंक)

1. अन्य पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की नीति को सबसे पहले निम्नलिखित में से किसने लागू किया था? (1)

   (a) कर्पूरी ठाकुर (b) वी. पी. मंडल

   (c) इन्दिरा गांधी (d) मायावती

2. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए- (1)

   (i) मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करना।

   (ii) मनमोहन सिंह का पहली बार प्रधानमंत्री बनना।

   (iii) लोंगोवाल के साथ पंजाब समझौता पर हस्ताक्षर।

   (iv) राजीव गांधी का प्रधानमंत्री बनना।

   सही विकल्प चुनिए-

   (a) (i), (iii), (iv) तथा (iv) (b) (iv), (iii), (i) तथा (ii)

   (c) (iii), (iv), (i) तथा (ii) (d) (iv), (i), (ii) तथा (iii)

3. 25 जून, 1975 को, निम्नलिखित में से किस नेता ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के त्यागपत्र के लिए राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की थी? (1)

   (a) मोराजी देसाई (b) जय प्रकाश नारायण

   (c) जॉर्ज फर्नान्डिस (d) अटल बिहारी बाजपेयी

4. **नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथनों को क्रमशः अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। इन कथनों ध्यान से पढ़िए और अधोलिखित विकल्पों में से एक को सही उत्तर के रूप में चुनिए-** (1)

   **अभिकथन (A):** 1969 में कांग्रेस पार्टी का विभाजन हो गया।

   **कारण (R):** कांग्रेस सिंडीकेट और इंदिरा गांधी के बीच गुटबाजी थी।

   विकल्पः

   (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है।

5. योजना आयोग का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा हुआ था? (1)

(a) भारत के संविधान द्वारा।

(b) भारत के राष्ट्रपति द्वारा।

(c) भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा।

(d) संविधान सभा द्वारा।

6. 'द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत' किसने प्रस्तुत किया था, जिसके कारण ब्रिटिश भारत का विभाजन हुआ? (1)

(a) अब्दुल गफ्फार खाँ (b) मुस्लिम लीग

(c) ब्रिटिश सरकार (d) कांग्रेस पार्टी

7. निम्नलिखित में से कौन सा कथन "वैश्वीकरण" के बारें में सही हैं? (1)

(a) वैश्वीकरण पश्चिमीकरण है।

(b) वैश्वीकरण औद्योगीकरण है।

(c) वैश्वीकरण आर्थिक वृद्धि है।

(d) वैश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है।

8. इनमें से कौन सी साझी संपदा नहीं हैं? (1)

(a) अंटार्कटिका (b) समुद्री सतह

(c) अंतरिक्ष (d) वन

9. इनमें से कौन सा परम्परागत सुरक्षा से संबंधित हैं:- (1)

(a) पड़ोसी देश के द्वारा आक्रमण

(b) किसी महामारी का फैसला

(c) वैश्विक तापन

(d) आतंकवाद का प्रसार

10. संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य (1)

(a) विनाशकारी हथियारों का निर्माण रोकना

(b) अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों को रोकना

(c) ओद्योगीकरण को रोकना

(d) शरणार्थियों की आवाजाही को रोकना

11. नगरनों कराबाख किन दो देशों के मध्य विवाद का क्षेत्र हैं- (1)

(a) अजरबज़ान - रूस (b) अजरबैज़ान - अर्मेनिया

(c) अर्मेनिया - मालडोवा (d) अर्मेनिया - रूस

12. निम्नलिखित में से कोन सा देश सोवियत संघ का भाग था? (1)

(a) फ्रांस (b) लक्ज़मबर्ग

(c) इटली (d) एस्टोनिया

## खंड-ख (12 अंक)

13. सुरक्षा का अर्थ एवं इसकी दोनों अवधारणाओं के नाम लिखिए। (1+1=2)

14. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के कोई दो कार्यो का वर्णन कीजिए। (2)

15. भारत के ऐसे दो प्रधानमंत्रियों की पहचान कीजिए जो एक वर्ष से कम समय के लिए सत्ता में रहें। (2×1=2)

16. भारत के ऐसे दो राज्यों की पहचान कीजिए जहाँ केन्द्र सरकार को अलगाववादी आन्दोलनों का सामना करना पड़ा। इन आन्दोलनों का नेतृत्व करने वाले नेताओं के नाम भी लिखिए। (1+1=2)

17. भारत ओर नेपाल के बीच सम्बन्धों की विशिष्टता को उजागर कीजिए। (2)

18. कोन से दो मुद्दों पर भारत के सभी राजनीतिक दलों पर आम सहमति हैं। (2×1=2)

## खंड-ग (20 अंक)

19. भारतीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए किस किस्म की सुरक्षा को वरीयता दी जानी चाहिए - पारम्परिक अथवा अपारम्परिक अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क दीजिए। (2+2=4)

20. "विकास की प्रक्रिया प्रायः पर्यावरण को हानि पहुँचाती है।" किन्हीं दो पर्यावरणीय आन्दोलनों के संदर्भ से कथन को न्यायसंगत ठहराइए। (2×2=4)

21. भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों का मूल्यांकन उदाहरणों की सहायता से कीजिए। (4)

अथवा

दक्षिण एशिया में संघर्ष और तनाव के लिए उत्तरदायी (किन्हीं दो) कारकों का विश्लेषण कीजिए।

22. "वैश्वीकरण उन्नत प्रोद्योगिकी का ही एक परिणाम है।" दो उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए।

अथवा

वैश्वीकरण के कोई दो सांस्कृतिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। (2×2=4)

23. इंदिरा गांधी द्वारा गरीबी हटाने के लिए उठाए गए किन्हीं चार कदमों का वर्णन कीजिए। (4×1=4)

## खंड-घ (12 अंक)

24. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िये और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4×1 =4)

"भारत ने कई परमाणु परीक्षण किए और यह जताया कि उसके पास सैन्य उद्देश्यों के लिए अणुशक्ति प्रयोग करने की क्षमता है। इसके तुरन्त बाद पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण किए। अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी ने दोनों पर कुछ प्रतिबंध लगाए जिन्हें बाद में हटा लिया गया। भारत ने परमाणु अप्रसार की सन्धियों का विरोध किया।"

24.1 भारत ने किस वर्ष परमाणु परीक्षण किए?

(a) 1971 (b) 1985

(c) 1992 (d) 1998

24.2 निम्नलिखित में से उस सन्धि को चुनिए जिस पर भारत ने हस्ताक्षर करने से इंकार किया-

(a) व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध सन्धि

(b) शिमला समझोता

(c) पंचशील समझोता

(d) सिंधु जल सन्धि

24.3 प्रारम्भ में भारत परमाणु ऊर्जा को बनाना चाहता था ..................

(a) शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए

(b) परमाणु बम बनाने के लिए

(c) महाशक्तियों से मुकाबला करने के लिए

(d) अपनी सुरक्षा के लिए

24.4 भारत ने किसके मार्गदर्शन में अपने परमाणु कार्यक्रम को शुरू किया था?

(a) सी. वी. रमन (b) होमी जे. भाभा

(c) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (d) के. कस्तूरीरंगन

25. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) में दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम, प्रयुक्त की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में अंकित सम्बंधित अक्षर को अपनी उत्तर-पुस्तिका में नीचे दिए गए प्रारूप में लिखिए।

| क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जिसे अब दो केन्द्र शासित क्षेत्रों में विभक्त किया गया है।

(ii) जहाँ ''राजीव गांधी - हरचंद सिंह लोंगोवाल समझोते'' से सम्बन्धित राज्य।

(iii) वह राज्य जिससे लाल डेंगा का सम्बंध था।

(iv) वह राज्य जहाँ से द्रविड़ आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था।



26. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1+1+2=4)




(i) इन दोनों कार्टूनों का सम्बंध निम्नलिखित में से किस देश में हैं?

(ii) 'लाल किताब' का सम्बन्ध किस विचारधारा से है?

(iii) पूँजीपरस्त टाई का क्या अभिप्राय है एवम् किस देश में साम्यवाद अभी भी सक्रिय है?

## खंड-ङ (24 अंक)

27. (a) सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। (3×2=6)

अथवा

शॉक थेरेपी से क्या अभिप्राय हैं? इसका सोवियत संघ पर क्या प्रभाव पड़ा?

28. (a) चीनी नेतुत्व द्वारा चीन के आर्थिक विकास के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का मूल्यांकन कीजिए। (3×2=6)

अथवा

(b) क्षेत्रीय संगठनों के उभार ने विश्व में महाशक्तियों के वर्चस्व को किस प्रकार चुनौती दी है? तर्क सहित उत्तर लिखिए। (3×2=6)

29. (a) 1967 के आम चुनावों को राजनीतिक भूकंप की संज्ञा देने के कारणों का विश्लेषण कीजिए। (3×2=6)

अथवा

(b) 1971 के लोक सभा चुनावों के किन्हीं तीन परिणामों का मूल्यांकन कीजिए। (3×2=6)

30. (a) राज्य पुनगर्ठन आयोग की स्थापना क्यों की गयी? इसकी प्रमुख सिफारिशों का वर्णन कीजिए। (3×2=6)

अथवा

(b) स्वतंत्रता के तुरन्त बाद भारत सरकार के समक्ष विस्थापित लोगों से सम्बन्धित किन्हीं तीन समस्याओं को उजागर कीजिए। (3×2=6)

# नोट्स